दैनिक सच्चाई की जंग
लोकमित्र
वर्ष : 30 | अंक :291
प्रतापगढ़ | शुक्रवार, 22 अगस्त-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये
प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित
R.N.I. No. : 71870/94
संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन
प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

67 परीक्षा केन्द्रों पर नौ लाख से ज्यादा अभ्यर्थी आज देंगे परीक्षा

दो पालियों में होगी परीक्षा, सुरक्षा के लिए 10 हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात

सिपाही भर्ती

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के 67 जिलों में 1174 परीक्षा केंद्रों पर करीब नौ लाख 60 हजार अभ्यर्थी शुक्रवार को सिपाही भर्ती परीक्षा देंगे। इसी साल फरवरी में हुई यह परीक्षा पर्चा लीक होने की वजह से रद्द कर दी गई थी। इसके बाद ही अब पांच चरणों में यह परीक्षा 23 अगस्त से शुरू हो रही है। यही वजह है कि इस बार सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम किए गए हैं। प्रदेश में 10 हजार से अधिक पुलिस कर्मी सुरक्षा व्यवस्था में लगाए गए हैं। परीक्षा केन्द्रों पर भी अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया है।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने परीक्षा से जुड़े कई बिन्दुओं पर पुलिस भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष डीजी राजीव कृष्ण से परीक्षा को लेकर कई बिन्दुओं पर चर्चा की। सभी जिलों के कप्तानों को सुरक्षा से जुड़े कई निर्देश दिए गए। अब तक की जांच में करीब 20 हजार अभ्यर्थियों के आधार कार्ड संदिग्ध लगे हैं।

पूरे प्रदेश में परीक्षा पर एक नजर

- 67 जिलों में परीक्षा के लिए 1174 केंद्र
- 27 प्रदेशों और आठ केन्द्र शासित प्रदेशों के 48 लाख 17हजार 441 अभ्यर्थी शामिल होंगे
- पांच दिन (23,24,25,30,31) में दो पालियों में होगी परीक्षा
- 48 लाख 17 हजार 441 अभ्यर्थी शामिल होंगे परीक्षा में
- हर जिले में दो नोडल अधिकारी, एडीएम-एएसपी स्तर के अधिकारी शामिल
- बोर्ड की ओर से हर जिले में ऑब्जर्वर भी नियुक्त। एसपी, एएसपी-डिप्टी एसपी स्तर के अफसर
- सबसे अधिक परीक्षा केन्द्र लखनऊ (81)और वाराणसी (80) में
- सभी केंद्र सीसीटीवी से लैस किये गए हैं, रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी जाएगी

हेल्पलाइन शुरू

अभ्यर्थियों के लिए पुलिस भर्ती बोर्ड ने हेल्पलाइन नम्बर जारी किए हैं। अभ्यर्थी को कोई दिक्कत होती है तो वह 8867786192 और 9773790762 पर फोन कर सकता है।

ये ले जा सकेंगे

अभ्यर्थी सिर्फ प्रवेश पत्र, पहचान पत्र और पेन ही परीक्षा केंद्र के अंदर ले जा सकेंगे। साथ ही अगर सामान जमा करने के लिये लॉकर की रसीद दी गई है तो उसे भी ले जाने की छूट रहेगी।

ये सामान नहीं ले जा सकेंगे केन्द्र पर

कोई भी पाठ्य सामग्री, कागज के टुकड़े, पेंसिल बाक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, स्केल, कॉपी, पेन ड्राइव, रबर,लॉग टेबुल,स्कैनर, डिजिटल पेन, मोबाइल फोन, चाभी, कैमरा, घड़ी,ज्वैलरी, ब्लूटूथ डिवाइस, इयरफोन, माइक्रो फोन, पर्स, काला चश्मा, हैण्डबैग, टोपी, खुला-पैक किया खाने का सामान, सिगरेट, लाइटर, माचिस, गुटखा।

ओह! ये तो अमानवीय है

डॉक्टरों की 36 घंटे की शिफ्ट पर सुप्रीम कोर्ट चिंतित

कोलकाता रेप एंड मर्डर कांड

एजेंसी

नई दिल्ली। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने गुरुवार को कोलकाता रेप एंड मर्डर कांड की सुनवाई के दौरान कुछ डॉक्टरों के 36 घंटे की ड्यूटी पर गहरी चिंता जताई है और इसे अमानवीय करार दिया है। पीठ ने डॉक्टरों के काम के घंटों को सुव्यवस्थित करने के लिए 10 सदस्यीय नेशनल टास्क फोर्स को निर्देश दिए हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, हम देश भर में रेजिडेंट डॉक्टरों के अमानवीय काम के घंटों को लेकर बेहद चिंतित हैं। कुछ डॉक्टर 36 घंटे की शिफ्ट में काम करते हैं।

कुछ दिनों पहले कोलकाता मामले में बनाए गए नेशनल टास्क फोर्स को निर्देश देते हुए चीफ जस्टिस ने कहा कि 36 या 48 घंटे की शिफ्ट बिल्कुल अमानवीय है! इसलिए टास्क फोर्स सभी डॉक्टरों के ऑन-ड्यूटी घंटों को सुव्यवस्थित करने पर विचार करे। इसके अलावा कोर्ट ने स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव को स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्यों के मुख्य सचिवों, डीजीपी के साथ संवाद करने का भी निर्देश दिया। खंडपीठ में छ्छ्ढ्ढ चंद्रचूड़ के अलावा जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल हैं।

कोर्ट ने मामले में आगे की सुनवाई के लिए 5 सितंबर की तारीख निर्धारित की और सीबीआई, पश्चिम बंगाल सरकार की स्थिति रिपोर्ट को फिर से सील करने का आदेश दिया। कोर्ट ने मामले में जुड़े पक्षकारों (केंद्र और बंगाल सरकार) को इस मसले का राजनीतिकरण नहीं करने की भी सलाह दी है।

> *36 या 48 घंटे की शिफ्ट बिल्कुल अमानवीय है! इसलिए टास्क फोर्स सभी डॉक्टरों के ऑन-ड्यूटी घंटों को सुव्यवस्थित करने पर विचार करे। स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्यों के मुख्य सचिवों, डीजीपी के साथ संवाद करें।*
>
> **चीफ जस्टिस**

11 दिन बाद काम पर लौटे एम्स रेजिडेंट डॉक्टर

दिल्ली एम्स के रेजिडेंट डॉक्टरों ने सुप्रीम कोर्ट की अपील के बाद गुरुवार को अपनी हड़ताल खत्म कर दी। कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुई रेप व मर्डर की वारदात के विरोध में डॉक्टर्स पिछले 11 दिनों से हड़ताल पर थे। इससे पहले दिन में सुप्रीम कोर्ट ने प्रदर्शनकारी डॉक्टरों से काम शुरू करने को कहा था और उन्हें आश्वासन दिया था कि काम पर लौटने के बाद उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी, साथ ही कोर्ट ने सरकारों को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया था।

बच्चियों को भी नहीं बख्शा जा रहा

बदलापुर रेप कांड

एजेंसी

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने बदलापुर में एक स्कूल में नाबालिग लड़कियों के साथ यौन उत्पीड़न के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। मामले की सुनवाई गुरुवार को हुई। जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने मामले में सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि अब चार साल की मासूम बच्चियां भी सुरक्षित नहीं हैं। उन्हें भी नहीं बख्शा जा रहा। यह कैसे हालात हैं। अगर स्कूल ही सुरक्षित नहीं हैं तो शिक्षा के अधिकार और बाकी चीजों का क्या मतलब। हाईकोर्ट ने मामले की जानकारी छिपाने के आरोप में स्कूल प्रशासन के खिलाफ पॉक्सो के तहत केस दर्ज करने को कहा है। कोर्ट ने सरकार से केस डायरी और प्राथमिकी की कॉपी भी मांगी है। मामले की अगली सुनवाई 27 अगस्त को होगी।कोर्ट ने सरकार से पूछा कि क्या बच्चियों ने स्कूल प्रशासन से यौन शोषण की शिकायत की थी। सरकार ने इसका जवाब हां कहकर दिया। कोर्ट ने पूछा कि क्या पुलिस ने स्कूल के खिलाफ केस दर्ज किया। पॉक्सो के तहत घटना की जानकारी छिपाने पर स्कूल प्रशासन को भी आरोपी बनाने का प्रावधान है। सरकार ने कहा कि स्ढ्ढञ्ज का गठन किया गया है। अब केस दर्ज किया जाएगा। कोर्ट ने पुलिस को फटकार लगाते हुए कहा कि बच्ची के परिजन ने जैसे ही एफआईआर दर्ज कराई, स्कूल अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाना चाहिए था।कोर्ट ने कहा कि हम यह जानकर भी हैरान हैं कि पुलिस ने दूसरी बच्ची के परिजन का बयान भी दर्ज नहीं किया था। हमने संज्ञान लिया, तब पुलिस ने ऐसा किया।

आपने आधी रात के बाद बयान दर्ज किया। आप ऐसा कैसे कर सकते हैं? इतनी देरी क्यों? बताइए। बच्चियों ने खुद घटना जानकारी दी है।

नवाब सिंह के खिलाफ एक्शन में प्रशासन

रिश्तेदार के कोल्ड स्टोर पर गरजा बुलडोजर

लोकमित्र ब्यूरो

कन्नौज।कन्नौज जिले में दुष्कर्म के आरोप में जेल में बंद पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह के प्रकरण में प्रशासन ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख की संपत्ति के साथ रिश्तेदारों को भी घेरे में ले लिया है। इसी क्रम में नवाब सिंह के छोटे भाई नीलू यादव के साले के कोल्ड स्टोर पर बुलडोजर चलाया गया है।

जानकारी के अनुसार, ठठिया थाना क्षेत्र के बलनापुर गांव में नवाब सिंह के छोटे भाई नीलू यादव के साले कानपुर जनपद के बिठूर गांव निवासी अरविंद कुमार का कोल्ड स्टोर है। मामले के बाद तहसील प्रशासन ने कोल्ड स्टोर के निर्माण को लेकर जमीन की जांच की, तो पता चला कि कोल्ड स्टोर की बाउंड्रीवाल का निर्माण ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जा कर बनाया गया है।इस अवैध कब्जे को हटाने के लिए कई बार कहा गया था, लेकिन अभी तक उसे नहीं हटाया गया। एसडीएम ने अरविंद को सात दिन के अंदर अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम अशोक कुमार ने बताया कि नोटिस के बाद भी यदि कोल्ड स्टोर की बाउंड्री नहीं गिराई गई, तो उसे प्रशासन हटवा देगा और उसमें आने वाला खर्चा शीतगृह स्वामी से वसूल किया जाएगा।प्रशासन तैयार कर रहा नवाब सिंह की संपत्तियों का खाका किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में फंसे पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव और उनके परिवारीजनों की संपत्तियों का खाका प्रशासन तैयार कर रहा है।

मुख्य आरोपी मोईद खान पर दूसरी बड़ी कार्रवाई

संवाददाता

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या के भदरसा में किशोरी के साथ हुए गैंग रेप के मामले में मुख्य आरोपी सपा नेता मोईद खान पर गुरुवार को दूसरी बड़ी कार्रवाई की गई।

मोईद खान से जुड़ी अवैध कब्जे की जमीन पर बने शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पर योगी का बुलडोजर चल गया।

प्रशासन ने कार्रवाई से पहले शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की दुकानों और बैंक को खाली करा लिया है। मोईद खान का परिवार इस मामले को लेकर हाईकोर्ट भी गया है जिसमें शुक्रवार को सुनवाई होनी है। लेकिन, उसके पहले ही प्रशासन ने यह बड़ी कार्रवाई कर दी। बताया जा रहा है कि इस परिसर का एक तिहाई हिस्सा तालाब की जमीन पर अतिक्रमण करके बनाया गया है। इसी अतिक्रमण पर बुलडोजर चला है।

पुलिस भर्ती में गड़बड़ी करने वालों की संपत्ति कुर्क कर गरीबों में बांट देंगे

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पुलिस भर्ती में किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नौजवानों की योग्यता पर सवाल और परीक्षा से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। यदि किसी ने नौजवानों के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश की उसकी संपत्ति कुर्क कर गरीबों में बांट दी जाएगी। ऐसे लोगों की संपत्ति पर बुलडोजर भी चलेगा। मुजफ्फरनगर में वृह्द रोजगार मेले में मुख्यमंत्री ने कहाकि अगले दो वर्षों में दो लाख युवाओं को नौकरी दी जाएगी। इसकी शुरुआत 60 हजार पुलिस भर्ती से हो रही है।

गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने एक दिवसीय दौरे पर सहारनपुर और मुजफ्फरनगर में थे। सुबह सहारनपुर पहुंचे मुख्यमंत्री ने सबसे पहले पुलिस लाइन सभागार में जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की फिर सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अफसरों को महिला अपराधों पर शत-प्रतिशत अंकुश लगाने और कोर्ट में बेहतर पैरवी से कठोर सजा दिलाने के आदेश दिए। उन्होंने कहाकि भीड़ भाड़ वाले इलाकों में सादी वर्दी में भी फोर्स लगाएं। मुजफ्फरनगर के जानसठ क्षेत्र में स्थित बीईटी परिसर में में रोजगार मेले को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहाकि उत्तर प्रदेश में अब पलायन नही, उद्योग लगते हैं।

तमिल सुपरस्टार थलपति विजय ने लॉन्च किया पार्टी का झंडा

एजेंसी

चेन्नई। तमिल सुपरस्टार थलपति विजय ने गुरुवार को चेन्नई के पनियूर में पार्टी मुख्यालय में अपनी नव स्थापित राजनीतिक पार्टी, तमिलगा वेट्री कज़गम (टीवीके) के झंडे का अनावरण किया।विजय ने पीले और लाल झंडे का अनावरण करने के बाद एक संक्षिप्त भाषण दिया। झंडे में दो हाथी दांत और सितारों से घिरे एक वागाई फूल का चिह्न है।संगम काल के दौरान, तमिल राजा जीत के प्रतीक के रूप में वागाई फूलों से बनी मालाएं पहनते थे।अपने भाषण में विजय ने कहा, हमारा झंडा हमारे राज्य का प्रतीक बनेगा। झंडे के साथ हम अपना पार्टी गान भी पेश कर रहे हैं. हमारा

झंडा पूरे देश में लहराएगा और तमिलनाडु अब से बेहतर होगा।पार्टी के महासचिव और पुडुचेरी के पूर्व विधायक, बुस्सी आनंद ने उपस्थित जनों का स्वागत किया।विजय के राजनीति में आने से निश्चित रूप से तमिलनाडु के मौजूदा राजनीतिक समीकरण बदल जाएंगे।विजय अपने आप में एक स्टार हैं और उनके फैन क्लब विजय मक्कल अय्यकम में दस लाख सदस्य हैं।

पीसीएफ के क्षेत्रीय प्रबंधक समेत पांच अधिकारी सस्पेंड

लोकमित्र ब्यूरो

बस्ती। यूपी में खरीद एजेंसियों द्वारा धान की खरीद कर उसे मिल को न देने के मामले में योगी सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। धान गबन में प्रबंध निदेशक संजय कुमार ने पीसीएफ के क्षेत्रीय प्रबंधक समेत पांच अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। बस्ती मंडल में करीब 20 करोड़ का धान गबन पाया गया। हालांकि, अधिकारियों के प्रयास से लगभग 17 करोड़ रुपये की रिकवरी हो चुकी है।

शासन के निर्देश पर खरीदा गया धान 30 जून तक सभी समितियों को अनुबंधित मिलों तक पहुंचाना था। बस्ती की 17 समितियों ने धान समय से नहीं पहुंचाया। इसी दौरान एफसीआई ने धान जमा करने की तिथि 31 जुलाई तक बढ़ा दी। शर्त रखी कि वही धान जमा किया जाएगा, जो मौके पर होगा। साथ ही एफसीआई ने सत्यापन के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित की। इसमें एफसीआई, खाद्य विभाग और पीसीएम के एक-एक अधिकारी शामिल किए गए। सत्यापन टीम ने रिपोर्ट दी कि जांच के दौरान सभी समितियां बंद मिलीं। इनमें बीपैक्स की आठ, क्रय-विक्रय सहकारी और डीसीएफ की दो-दो, केंद्रीय उपभोक्ता समिति की चार और सहकारी संघ की एक समिति समेत बस्ती की 17 समितियां शामिल रहीं।

दिल्ली में 6 तो झारखंड में 7 आतंकी गिरफ्तार

अलकायदा के 6 पकड़े गए

एजेंसी

नई दिल्ली। अलवर के भिवाड़ी में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने चोपानकी थाना क्षेत्र में अलकायदा संगठन से जुड़े 6 संदिग्ध आतंकियों को हिरासत में लिया गया है। दिल्ली पुलिस इन्हें अपने साथ ले गई है। छापेमारी के बाद अलकायदा के मॉड्यूल का खुलासा होने से इलाके में सनसनी फैल गई है। भिवाड़ी में पकड़े गए संदिग्धों की सूचना के आधार पर उत्तर प्रदेश और झारखंड में भी छापेमारी की गई है।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने भिवाड़ी पुलिस के साथ मिलकर यहां चोपानकी के जंगलों में छापेमारी की थी। हथियार चलाने की ट्रेनिंग ले रहे संदिग्ध आतंकियों को मौके से दबोच लिया गया। सूत्रों के मुताबिक शुरुआती जांच में पता चला है कि अलकायदा के इस मॉड्यूल ने यहां अपना ट्रेनिंग सेंटर खोल लिया था। संगठन में शामिल लड़कों को यहां लाकर हथियार चलाने की ट्रेनिंग दी जाती थी। पकड़े गए लोगों की पहचान उजागर नहीं की गई है।

जिस जगह से संदिग्ध पकड़े गए हैं वह बेहद घने जंगल वाला पहाड़ी इलाका है दुर्गम इलाका होने की वजह से आम लोगों की यहां आवाजाही नहीं होती। यह इलाका हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली से सटा हुआ है।

एक्यूआईएस के सात गिरफ्तार

एजेंसी

रांची। झारखंड पुलिस के एटीएस (एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड) ने हजारीबाग, लोहरदगा सहित कई अन्य जिलों में एक दर्जन से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान एटीएस आतंकी संगठन अलकायदा इंडियन सब कॉन्टिनेन्ट (एक्यूआईएस) से जुड़े सात लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक एके-47 सहित कुछ अन्य हथियारों की बरामदगी की भी सूचना है।

झारखंड एटीएस ने आधिकारिक तौर पर इन गिरफ्तारियों के बारे में खुलासा नहीं किया है। सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार किए गए संदिग्ध आतंकियों के पास से कई दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी जब्त किए गए हैं। इन दस्तावेजों और उपकरणों की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि ये लोग अलकायदा इंडियन सब कॉन्टिनेन्ट का विस्तार कर इससे युवाओं को जोड़ने, उन्हें कट्टरपंथी बनाने, भारत में शरिया कानून स्थापित करने और बांग्लादेश के खिलाफ युद्ध छेड़ने जैसे विषयों पर काम कर रह थे।

एक्यूआईएस अफगानिस्तान, पाकिस्तान, भारत, बर्मा और बांग्लादेश में सक्रिय है यह पहली बार नहीं है, जब झारखंड में आतंकी संगठनों से जुड़े लोग पकड़े गए हैं।

अपर मुख्य सचिव गृह ने मंडलायुक्त, पुलिस कमिश्नर, डीएम, एसएसपी को दिये कई निर्देश

महिलाओं से दफ्तरों में तय समय से ज्यादा काम न ले अधिकारी

उनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे, आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जाए महिलाओं को

महिला रात्रि एस्कोर्ट रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक मांगने पर यूपी-112 द्वारा सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाने की व्यवस्था करें

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। कोलकाता में महिला डाक्टर के साथ हुई दरिंदगी के बाद अब यूपी पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गई है। प्रदेश के गृह विभाग ने निर्देश दिए हैं कि सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों में महिला कर्मचारियों से संस्थान में तय समय से ज्यादा काम न लिया जाए। दफ़तरों में उनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। संस्थान सीसी कैमरों से लैस रहे। महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न होने पर सख्त कार्रवाई की जाए। रात में घर आने वाली महिला कर्मचारियों को इमरजेंसी पड़ने पर पुलिस वाहन (पीआरवी) से घर पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार ने ऐसे ही कई जरूरी निर्देशों के साथ सभी मण्डलायुक्तों, पुलिस कमिश्नर, डीएम और एसपी को पत्र लिखकर सख्त निर्देश दिए हैं।

अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार ने निर्देश दिए हैं कि मिशन शक्ति के तहत महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए अभियान पहले से चल रहा है। इसी कड़ी में अफसरों को निर्देश दिए गए हैं कि रात में आने-जाने वाले रास्तों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हो। महिला हेल्पलाइन-112, 1090 का प्रसार हो। सुरक्षा के अन्य इंतजाम जरूर किए जाए। महिलाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की जाए। अपर मुख्य सचिव ने मातहतों से कहा है कि परिवहन सेवाओं को सुरक्षित रखना जरूरी है। कैब व अन्य शटल सेवाओं की अच्छी व्यवस्था हो ताकि महिला कर्मचारी बिना किसी डर के काम पर आ-जा सकें।

महिला अस्पताल कर्मियों से हिंसा पर हो सख्त कार्रवाई

अपर मुख्य सचिव ने कहा है कि कई प्रदेशों में महिलाओं के स्वास्थ्य का ध्यान रखा जाता है। ऐसी व्यवस्था यहां भी होनी चाहिए। पत्र के जरिये यह भी बताया गया कि किस-किस तरह की हरकत यौन उत्पीड़न में आती है। अस्पतालों में काम करने वाली महिलाओं के साथ हिंसा पर सख्त कार्रवाई हो। यह भी निर्देश दिए कि विपरीत परिस्थितियों में गर्भपात करने वाले डॉक्टरों को जरूरत पड़ने पर उनकी सुरक्षा के भी इंतजाम किए जाएं। कार्यालय में इनके लिये अल्प विश्राम कक्ष की व्यवस्था होनी चाहिए।

परिवहन निगम की बसों व निजी टैक्सियों के लिए सुरक्षित स्टापेज चिन्हित किए जाएं । यहां पर जरूरी प्रकाश व्यवस्था और सीसी कैमरे लगे हों। होटलों, कॉल सेंटर, मॉल, सिनेमा हॉल, रेलवे और बस स्टेशनों पर भी महिलाओं की सुरक्षा के जरूरी इंतजाम होने चाहिएं। जहां महिलाओं की सुरक्षा को खतरा हो, उन्हें हॉट स्पॉट चिन्हित किया जाए। इन स्थानों पर रात में यूपी-112 और संबंधित थानों की पुलिस की नियमित गश्त जरूर करे। इमरजेंसी नम्बर सब जगह पर प्रसारित किए जाएं।

मोदी सरकार के आलोचक रहे दिलीप मंडल बने सूचना प्रसारण मंत्रालय के मीडिया सलाहकार

एजेंसी

नई दिल्ली। पूर्व पत्रकार दिलीप मंडल को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में मीडिया सलाहकार नियुक्त किया गया है। दिलीप मंडल का करीब दो दशक से ज्यादा का पत्रकारिता करियर रहा है।

इस दौरान वह कई बड़े संस्थानों में कार्यरत रहे और कुछ अखबारों एवं पत्रिकाओं के लिए संपादक के तौर पर भी काम किया था। लंबे समय से दिलीप मंडल ओबीसी, एससी और एसटी समुदाय के मुद्दे उठाते रहे हैं। वह हिंदुत्व की राजनीति के आलोचकों में से एक माने जाते थे, लेकिन बीते लोकसभा चुनाव के दौरान उनका रुख बदला नजर आया था। उन्होंने मोदी सरकार के कई फैसलों की तारीफ की थी। यही नहीं हाल ही में लेटरल एंट्री से भर्ती वाले विज्ञापन को वापस लिए जाने के लिए भी उन्होंने मोदी सरकार को सराहा था।

पत्रकारिता के साथ ही दिलीप मंडल एक लेखक भी रहे हैं। खासतौर पर मीडिया को लेकर उनकी कई किताबें प्रकाशित हुई हैं। मीडिया का अंडरवर्ल्ड, दलाल स्ट्रीट, चौथा खम्भा प्राइवेट लिमिटेड और अनसोशल नेटवर्क जैसी पुस्तकें शामिल हैं। देश के 10 से अधिक मीडिया संस्थानों में काम कर चुके दिलीप मंडल लंबे समय से आरक्षण और सामाजिक सरोकार के मुद्दे उठाते रहे हैं। मंडल ने टीवी न्यूज़ चैनल 'आज तक', 'ज़ी न्यूज़' और 'स्टार न्यूज़' काम किया।

प्रयागराज में 63 परीक्षा केंद्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा आज

मंडल में 624 रोडवेज बसें दे रही हैं अभ्यर्थियों को नि:शुल्क परिवहन की सेवा

योगी सरकार के निर्देश पर परीक्षा की शुचिता और अभ्यर्थियों की सहूलियत पर प्रशासन मुस्तैद

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। आज से शुरू हो रही उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सहूलियत को देखते हुए योगी सरकार के निर्देश पर परीक्षा केंद्र के लिए चयनित शहरों में चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था की गई है । अभ्यर्थियों के परीक्षा केंद्र पहुंचने और वापसी से तक यूपी रोडवेज और रेल प्रशासन से पूरी व्यवस्था की है।योगी सरकार की निर्देश पर पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों का बस किराया नहीं लगेगा । परीक्षार्थी को इसके लिए यात्रा के दौरान एडमिट कार्ड की एक प्रति कंडक्टर को देना होगा। दरअसल, प्रयागराज के परीक्षार्थियों का सेंटर दूसरे जनपद मे है। ऐसे में परीक्षार्थियों को आवागमन में किसी तरह की असुविधा न होने पाए इसके लिए बसों की संख्या भी बढ़ाई गई है। यूपी रोडवेज के प्रयागराज परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक एम के त्रिवेदी के मुताबिक मंडल में 624 रोडवेज बसों को परीक्षार्थियों की निशुल्क यात्रा के लिए लगाया गया है। मंडल के सभी जिलों में ये बसें उपलब्ध हैं और अभ्यर्थियों को उनके गंतव्य तक आने जाने की सुविधाएं दे रही हैं। क्षेत्र के सभी बस स्टैंड पर 24 घंटे कर्मचारियों की तैनाती है । क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में कंट्रोल रूम बनाया गया है। आवश्यकता पड़ने पर सभी स्थानों तक अभ्यर्थियों को पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है।रोडवेज ने मंडल में रूट वार बसों के संचालन की योजना भी बनाई है । इसके मुताबिक गाजीपुर, जौनपुर और वाराणसी के लिए सिविल लाइन्स बस स्टैंड और बादशाहपुर से रोडवेज बसें उपलब्ध हैं। इसी तरह कौशाम्बी, फतेहपुर, चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, मिर्जापुर, रायबरेली, चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर और वाराणसी के लिए लीडर रोड प्रयागराज और मंझनपुर से बसें उपलब्ध हैं। जीरो रोड प्रयागराज से मिर्जापुर, चित्रकूट, बांदा, महोबा और हमीरपुर के लिए बसें उपलब्ध हैं।

प्रतापगढ़ एवं लालगंज से प्रयागराज, कौशाम्बी, फतेहपुर, मिर्जापुर, चंदौली, चित्रकूट, बांदा, रायबरेली, गाजीपुर, जौनपुर और वाराणसी के लिए रोडवेज बस सेवा का उपयोग अभ्यर्थी कर सकते हैं। इसी तरह मिर्जापुर से प्रयागराज, फतेहपुर, भदोही, सोनभद्र, चंदौली, वाराणसी, जौनपुर और गाजीपुर के लिए बसें उपलब्ध हैं।

परीक्षार्थियों के लिए चलाई गई 8 स्पेशल ट्रेन

प्रयागराज। रोडवेज के अलावा रेलवे ने भी पुलिस भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों की सुविधा का पूरा ख्याल रखा है। सीपीआर उत्तर मध्य रेलवे शशिकांत त्रिपाठी बताते हैं कि प्रयागराज मंडल ने आठ स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही हैं। प्रयागराज से 23, 24, 25, 30 और 31 अगस्त को चोपन के लिए चुनार के रास्ते ट्रेन चलाई जाएगी।जिसका संचालन दोपहर तीन बजे होगा। सूबेदारगंज-पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के लिए मेमू स्पेशल परीक्षा के दिन शाम 6:30 बजे चलाई जाएगी। इसी तरह प्रयागराज से बांदा/ललितपुर वाया मानिकपुर, चित्रकूट धाम के लिए 23, 24, 25, 30 एवं 31 अगस्त को स्पेशल ट्रेन रात 8:30 बजे रवाना होगी। इसके अलावा कानपुर फर्रुखाबाद, कानपुर- गाजियाबाद, कानपुर- ललितपुर के बीच भी स्पेशल ट्रेन चलेंगी।

उत्तर मध्य रेलवे ने 21 अगस्त को किया समय पालनता का उच्चतम प्रदर्शन

प्रयागराज। महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे उपेंद्र चंद्र जोशी के नेतृत्व में उत्तर मध्य रेलवे ने 21 अगस्त को समय पालनता का उच्चतम प्रदर्शन करते हुए 89.97 प्रतिशत समय पालन को प्राप्त किया जो कि भारतीय रेलवे में 5वीं रैंक पर रहा। इसके पूर्व का बेहतर प्रदर्शन 15 जुलाई को रहा जो कि 88.47 प्रतिशत था। 21 अगस्त को उत्तर मध्य से गुजरने वाली 390 गाड़ियों में से केवल 43 गाड़ियां विलम्बित हुईं। उत्तर मध्य रेलवे की इस उपलब्धि में प्रयागराज मंडल का प्रतिशत 88.26, झांसी मंडल का 89.54 एवं आगरा मंडल का 90.64 प्रतिशत सहयोग रहा। विभाग के मुताबिक उत्तर मध्य रेलवे के परिचालन विभाग के समन्वयन में सभी विभागों के समन्वित प्रयास से यह उपलब्धि हासिल की गई है। इसके लिए कुशल परिचालन योजना निर्माण और मंडलों के स्तर पर बेहतरीन नियंत्रण तथा पूर्ण निष्ठा से योजना का क्रियान्वयन किया गया। महाप्रबंधक ने इस सफलता के लिए परिचालन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी तथा मंडलों को इस प्रदर्शन को और बेहतर करते हुए आगे भी बनाए रखने की बात कही।

कांग्रेस ने ईडी कार्यालय पर किया प्रदर्शन, पुलिस से तीखी नोंकझोंक

प्रयागराज। प्रयागराज में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे प्रदेश कांग्रेस के नेताओं को पुलिस ने सिविल लाइंस थाने पर रोक लिया। कांग्रेसी नेता ईडी कार्यालय का घेराव करने जा रहे थे। इस दौरान बैरिकेड पर चढ़ने का प्रयास कर रहे कांग्रेसी नेताओं और पुलिस के बीच जमकर धक्का मुक्की हुई इससे पहले कांग्रेस कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कांग्रेस कार्यालय से निकले और सिविल लाइंस पत्थर गिरजाघर चौराहे पर स्थित धरना स्थल पर पहुंचे। यहां सभा हुई। सभा को प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया।ईडी दफ्तर में धरना देने आगे बढ़ रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने ईडी दफ्तर के रास्ते पर भारी फोर्स और बेरीकेट लगा कर रोक लिया। पुलिस की कार्यवाही से कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने नाराज होकर जमकर सरकार और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की इस बीच पुलिस और कांग्रेसी नेताओं के बीच जमकर धक्का मुक्की और तू तू मैं मै होती रही। पुलिस लेके कांग्रेसियों को हटाने के लिए हल्का बल पूर्वक लाठी चार्ज की उसके बाद नाराज कांग्रेसी नेताओं ने धरना स्थल पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए धरना स्थल पर भारी फोर्स तैनात कर दी गई। प्रदर्शन के दौरान नेताओं ने कहा कि बीजेपी पर पहले संकट आता था तो आरएएस पीछे से मदद के लिए आ जाती थी। अब वो रोल ईडी अदा कर रही है। अब जब भी बीजेपी संकट में होती है तो ईडी तुरंत आगे आ जाती है। अब ईडी को एक पॉलिटिकल विंग घोषित कर देना चाहिए।शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन ने कहा कि लेटरल इंट्री के माध्यम से माधवी बुच को सेबी का चीफ बनाकर अवैध रुप से बीजेपी सरकार के मुखिया नरेंद्र मोदी और गौतम अडानी ने धन कमाया जो जनता का पैसा था। हम लोग बीजेपी सरकार से जेपीसी गठन कर निष्पक्ष जांच की मांग करते हैं। यदि जेपीसी का गठन नहीं किया जाता है तो आगे जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए ईडी व सीबीआई के दफ्तरों तालाबंदी की जायेगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मोदी सरकार की होगी।

इस विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से मक़सूद खान, राघवेंद्र सिंह, इमरान खान, अरुण तिवारी, रघुनाथ द्विवेदी, सुभाष पांडेय, प्रवीण सिंह भोले, इस्तियाक अहमद, विवेक पांडेय, आशीष पांडेय, उज्ज्वल शुक्ला, निशांत रस्तोगी, विनय पांडेय,सौरभ चौधरी आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बहत्तर ताबूत जुलूस का 37वां दौर 29 अगस्त को

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। अंजुमन खुद्दामे मोजिज़नुमा रजिस्टर्ड के तत्वावधान में इमामबाड़ा करबला-ए-हिन्द मोजिज़नुमा यानी जद्दन मीर साहब दरियाबाद से हज़रत इमाम हुसैन अ.स. द्वारा दी गई कुर्बानी में शहीद बहत्तर जांबाज़ों की याद में ÷बहत्तर ताबूत जुलूस÷ आगामी 29 अगस्त को प्रातः 8 बजे से निकाला जायेगा। इमामबाड़ा से एक-एक करके करबला के बहत्तर शहीदों की याद में 72 ताबूत निकाले जायेंगे। मौलाना इन्तेज़ार आब्दी जौनपुरी प्रत्येक शहीद का संक्षिप्त जीवन परिचय प्रस्तुत करेंगे। सीतापुर के महमूदाबाद स्टेट से जुलूस में शामिल होने वाली अंजुमन हैदरी, ÷काफिला-ए-बनी असद÷ का मंज़र पेश करेगी। अंजुमन नकविया रजिस्टर्ड दरियाबाद ÷यादे सकीना÷ मनाते हुए दरियाबाद कब्रिस्तान में दो मख्सूस नौहे पढ़ेगी व जंजीर का मातम करेगी। कैदखाना-ए-शाम की मंज़रकशी भी होगी। इन 72 में से कुछ विशेष ताबूत व विजय का प्रतीक ÷हज़रत अब्बास का अलम÷ लेकर अंजुमन गुलजार-ए-कासिमा आदि सैयदवाड़ा पीपल चौराहा होकर दरियाबाद कब्रिस्तान पहुंचेगी, जहां दरगाह इमाम हुसैन के पश्चिम में बनाये गये गड्ढे में ताबूत जनाबे अब्बास को दफन किया जायेगा। यह जानकारी आज प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान अंजुमन खुद्दामे मोजिज़नुमा रजिस्टर्ड के अध्यक्ष रज़ा हसनैन एडवोकेट तथा उपाध्यक्ष एवं मीडिया निदेशक सैयद अज़ादार हुसैन ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि इस मौके पर दिल्ली से आ रहे मौलाना नज़र मोहम्मद जैनबी दर्द भरी तकरीर फरमायेंगे। गैर हिन्दी भाषी क्षेत्रों की महिलाओं द्वारा पेश किये जाने वाले नौहा व मातम के साथ बहत्तर ताबूत का समापन होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन शायर नजीब इलाहाबादी करेंगे। संस्था के उपाध्यक्ष एवं मीडिया निदेशक सैयद अज़ादार हुसैन ने बताया कि इलाहाबाद मण्डल में 67 दिवसीय मुहर्रम व अज़ादारी में शोक का सूर्योदय से सूर्यास्त तक निकलने वाला यह सबसे बड़ा जुलूस है। इसकी ज़ियारत के लिए देश भर से ज़ायरीन आते हैं।

इमामबाड़े के सामने का विशाल मैदान व दरियाबाद कब्रिस्तान औरत, मर्द व बच्चों के काले कपड़ों में शोकमय दिखायी देता है।

कौंधियारा से करछना सड़क गड्ढे में तब्दील, बारिश से सड़कों पर भरा पानी

लोकमित्र ब्यूरो

कौंधियारा (प्रयागराज)। बीते तीन दिनों में हुई बारिश एक तरफ जहां किसानों के लिए वरदान रहा ,वहीं दूसरी ओर आबादी वाले इलाकों में आम जन-जीवन को काफी प्रभावित किया है।पिछले तीन दिनों के भीतर हुई अच्छी बारिश ने आम जन-जीवन को काफी प्रभावित किया है। क्षेत्र मे जगह जगह नाली नहीं होने की वजह से सड़कों में पानी भर गया। अकोढ़ा बाजार, पुराना जारी बाजार, पिपरहटा, कौंधियारा बाजार, सिकटहिया लहबरा मार्ग सहित कई जगहों में जल भराव की स्थिति बन गई। वर्षा थमने तक लोग परेशान रहे। निचली बस्तियों के घरों में पानी भर जाने की वजह से लोगों को बाल्टी, डिब्बा आद से उड़ेल कर घर से पानी निकालना पड़ा। कौंधियारा गाँव से घटवा तक जाने वाली सड़क की दशा बद से बदतर हो गई है। इस पर बड़े-बड़े गढ्डो में जल भराव के कारण लोगों का पैदल चलना दुश्वार हो गया है।और विभागीय अधिकारी बेखबर बने हुए हैं । बताया जाता है कि कौंधियारा ब्लाक मुख्यालय के नजदीक राम भवन तिराहा पर सड़क तालाब में तब्दील हो गई है।डामर का तो कहीं नामोनिशान तक नहीं है। सड़क पर की गिट्टियां बह गई है।जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण यहां हर समय यह समस्या बनी रहती है।दो पहिया वाहन व साइकिल सवार आये दिन गिर कर चोटहिल हो रहे हैं। यही नहीं पूरे दिन आस पास के लोगों का कॉलेज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं कौंधियारा थाना आवागमन बराबर बना रहता है।इसकी जानकारी विभागीय अधिकारियों को होने के बावजूद भी उनके द्वारा इस सड़क की अपेक्षा की जा रही है।

बांग्लादेश के खिलाफ सड़क पर उतरे हिंदू संगठन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। गुरुवार को सिविल लाइंस में बांग्लादेश के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार, मारपीट, लूटपाट के विरोध में हिंदूवादी संगठन एकजुट होकर सड़क पर उतर आए। केपी कॉलेज मैदान में जमा हुए सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी की।महिलाओं ने भी बांग्लादेश मुर्दाबाद, होश में आओ, अत्याचार के खिलाफ एक्शन हो आदि नारे लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। आक्रोशित लोगों ने बांग्लादेश का पुतला फूंक गुस्सा जताया।विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों ने मार्च निकाल प्रधानमंत्री मोदी से मांग किया कि बंगलादेश के मामले में एक्शन लें। कई संगठन भगवा के साथ तिरंगा लेकर प्रदर्शन करते नजर आए। पैदल मार्च, विरोध प्रदर्शन कर अपनी आवाज बुलंद की। आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद के साथ ही बजरंग दल और अन्य दूसरे संगठनों के लोग एकसाथ प्रदर्शन में शामिल हुए। व्यापारी संगठनों के नेता भी पहुंचे।श्री राम वाटिका कटरा में हिंदू रक्षा समिति कई दिन पहले विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन, अधिवक्ता संघ, शिक्षक संघ, सिविल लाइंस व्यापार मंडल, इस्कॉन मंदिर गुरुद्वारा, जैन मंदिर समेत अन्य संगठन, पदाधिकारी शामिल हुए।

प्रतियोगी छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

नहीं मिला कोई सुसाइट नोट

प्रयागराज। कर्नलगंज थानान्तर्गत नेतराम चौराहे के पास रहने वाली एक छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। उसका शव कमरे में फंदे से लटकता मिला। वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचकर छानबीन की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गाजीपुर जिले के मरदा थाना क्षेत्र के पठानपुर गांव की रहने वाली अशीफा (24) कटरा के नेतराम चौराहे के पास किराए पर कमरा लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य संकलित किया। कमरे में मिले बैग से कुछ पैसे और की पैड का मोबाइल मिला। कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी परिवार के लोगों को दे दी गई है। छात्रा ने आत्महत्या क्यों किया इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

छत के चुल्हे के सहारे फंदे पर लटक कर विवाहिता ने दी जान

कोरांव(प्रयागराज)। कोरांव के कपासी गांव में बीती बुधवार की देर शाम एक विवाहिता का शव फंदे के सहारे लटकते देखे जाने पर घर परिवार में मातम छा गया और लोग अवाक रह गए। जानकारी के अनुसार कपासी गांव निवासी मान सिंह पुत्र गुलाब सिंह की शादी तीन साल पहले गांव तिलई जोपा थाना विंध्याचल मिर्जापुर निवासी संजना सिंह (22 वर्ष) पुत्री सुनील सिंह के साथ हुई थी। पति मान सिंह बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित परिषदीय स्कूल गोबरी हलिया मिर्जापुर में कार्यरत होने से घर परिवार में शादी के बाद से ही सब कुछ ठीक चल रहा था। संजना सिंह ने भी अभी हाल ही में एक नवजात बालक को जन्म दिया जो महज 28 दिन का बताया जा रहा है। बीती बुधवार की देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में संजना सिंह अपने घर में छत के चुल्हे के सहारे फंदे पर झूल खुदकुशी कर ली। घर परिवार के लोगों ने जब संजना की लटकती लाश को देखा तो कोहराम मच गया। ग्रामीणों की चर्चाओं पर गौर करें तो बीते बुधवार को घटना के पूर्व संजना का किसी बात को लेकर पति मान सिंह से कहा सुनी हुई थी। शाम को ही संजना की बात उसके पिता सुनील सिंह से भी हुई किन्तु संजना ने अपने पिता को किसी भी प्रकार का ससुरालियों द्वारा उत्पीड़न की बात नहीं बताई गई। घटना के बाद मामले की जानकारी पर मायका पक्ष बेटी के ससुराल कपासी गांव पहुंचा। गुरुवार को इलाकाई पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस मौके पर पहुंच पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। मृतका संजना सिंह के पिता सुनील सिंह ने कहा कि मेरी बेटी द्वारा पूर्व में कभी भी ससुरालियों की कोई शिकायत नहीं की गई थी इसलिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कार्यवाही तय होगी। फिलहाल घटना के बाद एक ओर जहां नवजात बालक को देख लोगों की आंखें डबडबा जा रही थी वहीं दूसरी ओर तरह तरह की चर्चाएं भी सुनने को मिल रही थीं।

मुक्त विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 11 सितंबर को, पंजीकरण प्रारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज का 19वां दीक्षांत समारोह आगामी 11 सितंबर 2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे आयोजित किया जाएगा। दीक्षांत समारोह में दिसंबर 2023 तथा जून 2024 सत्र में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएगी । राज्यपाल तथा कुलाधिपति की स्वीकृति मिलने के बाद विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह की गतिविधियां तेज हो गई हैं। दीक्षांत समारोह के सफल संचालन के लिए कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने 17 समितियों का गठन किया है। कुलपति ने सभी समितियों के समन्वयकों के साथ बैठक करके समयबद्ध ढंग से सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया। पंजीयन एवं वेबसाइट समिति की समन्वयक प्रोफेसर श्रुति ने बताया कि दीक्षांत समारोह में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं के लिए पंजीकरण प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सत्रांत परीक्षा दिसम्बर 2023 एवं जून 2024 की परीक्षा के सापेक्ष उत्तीर्ण शिक्षार्थियों तथा सभी अध्ययन केन्द्रों को एसएमएस के द्वारा सूचना प्रेषित की जा रही है कि वह पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करवायें। उन्होंने बताया कि पंजीकरण की विंडो अभी खुली रहेगी।विश्वविद्यालय के जन संपर्क अधिकारी डॉ प्रभात चन्द्र मिश्र ने बताया कि प्रदेश के प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, अयोध्या, झांसी, कानपुर, आगरा, मेरठ, बरेली, आजमगढ़, गाजियाबाद तथा लखनऊ क्षेत्रीय केन्द्र के समन्वयकों को कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने निर्देशित किया है कि वह अपने-अपने क्षेत्र से अधिकाधिक छात्रों का पंजीकरण सुनिश्चित करायें, जिससे वह अपने विश्वविद्यालय को देख सकें एवं दीक्षांत समारोह में उपस्थित रहकर उपाधि प्राप्त कर सकें। उधर कुलपति के निर्देश के बाद विश्वविद्यालय के अटल प्रेक्षागृह को चमकाने का कार्य तेजी से प्रारंभ कर दिया गया है।

लेड़ियारी मंडी में लगा गंदगी का अंबार, किसानों ने की शिकायत

लेड़ियारी। (प्रयागराज)। क्षेत्र में गल्ला मंडी के लिए लेड़ियारी मंडी स्थल सबसे बड़ी मंडी मानी जाती है। लेकिन संबंधित अधिकारियों की उदासीनता के कारण मंडी स्थल पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। वहीं छावनी व समुचित व्यवस्था न होने से किसानों का अनाज भीग रहा है। जगह-जगह गड्ढों में पानी भरा हुआ है। तथा जलनिकासी न होने से जलभराव और कीचड़ फैला हुआ है। जिससे यहां आने वाले व्यापारियों व किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिला पंचायत सदस्य कुसुम देवी से किसानों ने इसकी शिकायत भी की है। रविवार को लगभग सुबह 9:00 बजे की बारिश के बाद मंडी स्थल पर बनी सड़कों पर बने गड्ढों में पानी भर गया। साथ ही मंडी स्थल के परिसर में कीचड़ का अंबार लग गया। स्थानीय व्यापारियों ने जिला पंचायत सदस्य कुसुम देवी से मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि मंडी स्थल पर नाली की व्यवस्था न होने से हल्की बारिश से भी पूरे मंडी में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। मंडी परिसर तक जाने वाली मार्ग छह वर्ष में पुलिया ध्वस्त हो जाने से पकड़डियों होकर गुज़रते हैं। वह भी पुरानी होने के कारण बड़े - बड़े गढ्ढों में तब्दील हो गई है। जिससे आएं दिन किसान अनाज लेकर आते हैं। तो इन गड्ढों में वाहनों के पलटने से चोटिल हो जातें हैं। लोगों ने बताया कि यहां सबसे बड़ी समस्या पेयजल की भी है मात्र एक हैंडपंप के सहारे सैकड़ों की संख्या में व्यापारियों व किसानों की प्यास बुझ रही है। जबकि अन्य हैंडपंप खराब है। मंडी सचिव दिलीप सिंह ने बताया कि पुरानी सड़क न्यायलय में विचाराधीन है। छावनी और ध्वस्त नाली एवं टूटी चहारदीवारी के लिए प्रस्ताव भेजा गया है।

फैल रहा डायरिया, करें बचाव, रहें सावधान- डा. आरके कुशवाहा

कोरांव(प्रयागराज)। कोरांव क्षेत्र के रात्योरा, करेपिया, देवीबांध सहित विभिन्न इलाकों में फैल रहे डायरिया के प्रकोप से लोग परेशान हैं स्वास्थ्य विभाग की टीम दौरा कर दवा वितरण आदि का प्रयास कर रही हैं। कोरांव क्षेत्र के जानें माने चिकित्सक डॉ. आर. के. कुशवाहा डायरिया के कारण, लक्षण और बचाव के तरीके पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि डायरिया यानी दस्त होना एक आम समस्या है, जिसमें मल त्यागने की अधिक बार आवश्यकता होती है और मल पतला और पानी जैसा होता है। उन्होंने कहा कि डायरिया के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें से कुछ प्रमुख कारण वायरल संक्रमण: वायरस जैसे रोटावायरस, नोरोवायरस और एडेनोवायरस डायरिया का कारण बन सकते हैं। दूसरे बैक्टीरिया जैसे ई. कोली, साल्मोनेला, शिगेला और कैम्पिलोबैक्टर डायरिया का कारण बन सकते हैं। तीसरे खाद्य विषाक्तता: दूषित भोजन या पेय पदार्थों का सेवन करने से डायरिया हो सकता है।

डाक्टर कुशवाहा ने कहा की बीमारी की प्रगति के दौरान शुरुआत में ही दवा शुरू कर दिया जाए तो बीमारी बहुत जल्दी नियंत्रण में आ जाती है। डायरिया के साथ यदि बुखार आए अथवा चक्कर, कमजोरी रहे तो सावधान हो जाना चाहिए। शरीर को आवश्यक भोजन एवं पानी नहीं मिलने एवं कीटाणुओं की वजह से खून भी कम होने लगता है। एक बार डायरिया जब पानी की तरह होने लगे अथवा खून मिला हुआ डायरिया हो तो अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता पड़ जाती है। बुखार, चक्कर, कमजोरी आना दर्शाता है कि आपकी समस्या बढ़ रही है। यदि साथ में उल्टी भी होने लगे तो स्थिति और गंभीर हो जाती है। उचित इलाज नहीं करने पर धीरे-धीरे ब्लड प्रेशर कम होने लगता है एवं गुर्दे को नुकसान पहुंचाने लगता है। फल स्वरुप गुर्दा काम करना बंद करने लगता है। ऐसी स्थिति में जीवन पर खतरा उत्पन्न होने लगता है। सही समय पर उचित इलाज नहीं करने पर गुर्दा हमेशा के लिए खराब हो जाता है। यदि पेशाब बहुत कम हो रही है अथवा 6 घंटे से पेशाब नहीं हुई हो तो स्थिति गंभीर मान लेनी चाहिए। लापरवाही की वजह से अक्सर मरीज काफी गंभीर स्थिति में आते हैं। इस वजह से चिकित्सक को इलाज करने में काफी समस्या होती है एवं इलाज का खर्च बढ़ाने के साथ मरीज के जीवन पर खतरा भी रहता है। इससे बचाव के उपाय में खाना खाने के पहले एवं शौच से आने के बाद हाथों को साबुन से बढ़िया अवश्य साफ करें। घर में खाना एवं पानी को ढंक कर रखें, मक्खियों के संपर्क में ना आए। नाखून छोटा रखें। पानी फिल्टर का ही पीएं, विशेष कर बारिश के समय में।दूषित या खराब हो चुके भोजन का सेवन न करें।खाना पकाने से पहले हाथों को धोएं और खाने की सामग्री को साफ और स्वच्छ रखें।

ताजे फल और सब्जियों का सेवन करें, लेकिन उन्हें पहले अच्छी तरह से धो लें। खाने की चीजों को सुरक्षित और स्वच्छ स्थान पर रखें। उन्होंने बताया कि डायरिया होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें, पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थो का सेवन करें। यदि जरूरत हो तो भर्ती होकर इलाज कराना ठीक रहता है। उल्टी होने की स्थिति में कभी भी घर पर इलाज न कराएं।

तालाब में शौचालय का मलबा बहाने से लोगों में आक्रोश

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी (प्रयागराज)। बाजार से सटे स्टेट राजमार्ग तालाब में कुछ शरारती तत्वों द्वारा शौचालय का मालवा बहाया जा रहा है इसकी दुर्गंध से आसपास के लोग परेशान हैं । लोगों ने बीडीओ कोरांव से तालाब के पानी को गंदा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।तालाब बस्ती के चारों तरफ से घिरा होने के कारण लोगों के घरों का पानी तालाब में सीधा बहाया जाता है । दर्जनों ऐसे शरारती तत्व भी है। जिनके शौचालयों का मलवा तालाब में बहाया जा रहा है । बार-बार शिकायत करने के बावजूद भी कार्यवाही नहीं की जा रही है । वही स्थानीय लोगों ने बीडीओ कोरांव से शरारती तत्वों को शौचालय का टैक बनवाने के लिए सलाह दी जाने की मांग की है । साथ ही यह भी कहा गया कि यदि शरारती तत्व मानने को तैयार ना हो तो शौचालय का मालवा तालाब में गिरने से रोका जाए साथ ही उक्त शरारती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए।गांव के सामाजिक कार्यकर्ता विष्णु प्रताप सिंह, सुनील कुमार कुशवाहा, सुरेश कुमार सिंह, देवराज सिंह आदि लोगों का कहना है कि इस तालाब में आस्था से जुड़ा काली धाम मंदिर भी है। लोग शादी व्याह के इस स्थान पर पूजा अर्चना भी लोगों का आना-जाना होता है। वहीं बिहार से आए हुए लोग इस तालाब में षष्ठी मइया का पूजन किया करते हैं।

वहीं घरों और शौचालयों का मलवा बहाने से पूरी तरह से प्रदूषित हो चुका है। जिससे लोगों को परेशानियों उठानी पड़ रही है।

मुख्य विकास अधिकारी ने आयोजित एक दिवसीय ए0आर0पी0 कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारम्भ

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी सुखराज बन्धु ने उदयन सभागार में आयोजित एक दिवसीय ए0आर0पी0 कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी द्वारा कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए कार्यशाला के उद्देश्य के विभिन्न बिंदुओं-बच्चों की 75 प्रतिशत उपस्थिति, शिक्षक संदर्शिका का उपयोग, निपुण लक्ष्य से आंकलन करने, रन रेट आधारित मॉनिटरिंग, स्टाफ का कार्य विभाजन एवं समय सारिणी के अनुपालन से संबंधित बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। राज्य परियोजना कार्यालय, लखनऊ में कार्यरत वैभव एवं निकिता द्वारा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत विद्यालय को निपुण बनाने के संदर्भ में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण करने, शिक्षण सामग्री का उपयोग करना, प्रिंट सामग्री का कक्षा में उपयोग करना, आदर्श कक्षा का संचालन कैसे हो, बच्चों की उपस्थिति किस प्रकार बढ़ाई जाय, शिक्षक संदर्शिका का प्रयोग करके कैसे बच्चों को निपुण बनाया जा सकता है, रन रेट आधारित मॉनिटरिंग से कैसे लक्ष्य हासिल हो, स्टाफ के बीच में कार्य विभाजन करके कैसे लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है एवं समय सारणी का अनुपालन करने संबंधित प्रेजेंटेशन किया गया। कार्यशाला में टीम बिल्डिंग गतिविधि के द्वारा एक टीम के रूप में कार्य करते हुए कौशांबी जनपद को निपुण बनाने का संकल्प किया गया। सभी आठ ब्लॉक में शिक्षक प्रशिक्षण गतिमान है, उसको गुणवत्तापूर्ण करने के लिए प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला में उपस्थित सभी ने निपुण शपथ लेकर कौशाम्बी जनपद को निपुण बनाने का संकल्प लिया।

हरछठ पूजा (हलषष्ठी) यह त्यौहार भादों कृष्ण पक्ष की को मनाया जाता है छठ

आनंद कुमार द्विवेदी

नारा (कौशाम्बी)। इसी दिन श्री कृष्ण के बड़े भाई बलराम का जन्म हुआ था। यह व्रत पुत्र अवाम पुत्रवती दोनों महिलाएं करती है इसके अलावा गर्भवती और संतान प्राप्ति की इच्छा रखने वालीं महिलाएं भी इस व्रत को करती है छत्तीसगढ़ में महिलाएं बृहद रूप में इसकी पूजा करती है. मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश मे भी महिलाएं इस पूजा को करती हैं ।यह पूजन सभी पुत्रवती महिलाएं (सौभाग्यवती और विधवा) करती हैं। यह व्रत पुत्रों की दीर्घ आयु और उनकी सम्पन्नता के लिए किया जाता है। इस व्रत में महिलाएं प्रति पुत्र के हिसाब से छह छोटे मिटटी या चीनी के वर्तनों में पांच या सात भुने हुए अनाज या मेवा भरतीं हैं। जारी (छोटी कांटेदार झाड़ी) की एक शाखा ,पलाश की एक शाखा और नारी (एक प्रकार की लता) की एक शाखा को भूमि या किसी मिटटी भरे गमले में गाड़ कर पूजन किया जाता है। महिलाएं पड़िया

वाली भैंस के दूध से बने दही और महुवा (सूखे फूल) को पलाश के पत्ते पर खा कर व्रत का समापन करतीं हैं। उत्तर प्रदेश के कुछ जगहों पर दीवार पर छट माता बना कर भी पूजा की जाती है ।पौराणिक कथाओं के मुताबिक, हरछठ पूजा से जुड़ी एक कहानी है। एक बार गर्भवती ग्वालिन को दूध-दही बेचने जाना पड़ा था. प्रसव काल नजदीक था, लेकिन दूध-दही खराब न हो जाए, इसलिए वह जल्दी जाना चाहती थी. कुछ दूर जाने पर ही उसे प्रसव पीड़ा हुई और उसने झरबेरी की ओट में एक बच्चे को जन्म दिया. उस दिन हल षष्ठी थी। ग्वालिन ने गांव वालों को ठगकर गाय-भैंस के मिश्रित दूध को भैंस का दूध बताया. इससे व्रत करने वालों का व्रत भंग हो गया। इस पाप के कारण झरबेरी के नीचे पड़े उसके बच्चे को किसान का हल लग गया। दुखी किसान ने झरबेरी के कांटों से ही बच्चे के चिरे हुए पेट में टांके लगाए और चला गया। जब ग्वालिन लौटी, तो बच्चे की ऐसी दशा देखकर उसे अपना पाप याद आ गया. उसने तुरंत प्रायश्चित किया और गांव में घूमकर अपनी ठगी की बात और उसके कारण खुद को मिली सजा के बारे में सबको बताया. गांव की महिलाओं को ग्वालिन पर रहम आ गया और उन्होंने उसे क्षमा कर दिया और आशीर्वाद दिया. जब ग्वालिन गांव से निकलकर वापस अपने बच्चे के पास पहुंची, तो उसका बच्चा जीवित हो गया था. उसने ईश्वर का बहुत धन्यवाद कहा और आगे से फिर झूठ ना बोलने का प्रण लिया'हलषष्ठी व्रत की तिथि को लेकर न हों कंफ्यूज, यहां जानें क्या है सही तिथि कब आ रही है भादो के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि हिन्दू पंचांग के अनुसार भादो के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को हल षष्ठी व्रत रखा जाता है। इस बार षष्ठी तिथि 24 अगस्त को दोपहर 12रू30 मिनट पर आ जाएगी। जो दूसरे दिन 25 अगस्त को सुबह 10:11 मिनट तक रहेगी। कब है हलषष्ठी व्रत..... चातुर्मास के जो भी व्रत होते हैं वे मध्यान्ह व्यापनी कहलाते हैं। यानी ये सभी व्रत दोपहर में किए जाते हैं। चूंकि षष्ठी तिथि सूर्योदय के हिसाब से 25 अगस्त को आएगी। इसलिए उदया तिथि के अनुसार ये व्रत 25 अगस्त को ही रखा जाएगा। ऐसे में यदि आप भी इस व्रत को करने वाले हैं तो इसे 25 अगस्त दिन रविवार को रखा जाएगा। षष्ठी तिथि षष्ठी तिथि का प्रारंभरू 24 अगस्त को दोपहर 12:30 बजे से षष्ठी तिथि की समाप्ति 25 अगस्त को सुबह 10:11 मिनट तक क्यों रखा जाता है हल षष्ठी का व्रत जिन दंपतियों के जीवन में संतान सुख नहीं है उनके लिए ये व्रत मनोकमना पूर्ति वाला साबित हो सकता है। हिन्दू धर्म ग्रंथ के अनुसार इस दिन भगवान भोलनाथ की पूजा करने से संतान सुख की प्राप्ति होती है। हल षष्ठी व्रत का महत्व.....ऐसी धार्मिक मान्यता है कि हल षष्ठी व्रत रखने से जीवन की सभी दुख-बाधाएं दूर होती हैं और बलराम जी की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं

तीन दिवसीय स्काउट और गाइड प्रथम सोपान जांच शिविर का हुआ शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

अषाढा (कौशाम्बी)। एमवी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज ओसा मंझनपुर कौशांबी में भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश कौशांबी के तत्वावधान में स्काउट गाइड तीन दिवसीय प्रथम सोपान, द्वितीय सोपान जांच शिविर का शुभारंभ हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल के प्रधानाचार्य के0डी0 सिंह रहे। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम आरंभ से पहले मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। विद्यालय के स्काउट मास्टर मनीष कुमार ने मुख्य अतिथि को स्कार्फ पहनाकर कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने बताया कि स्काउटिंग गाइडिंग से बच्चो को शैक्षिक, नैतिक, शारीरिक, मानसिक आदि का सर्वांगीण विकास होता है साथ ही स्काउट गाइड सेवा कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं स्काउट गाइड से अनुशासन भाईचारा व बाहरी जीवन जीने की एक कला है। श्याम बाबू यादव जिला संगठन कमिश्नर स्काउट कौशांबी व वैशाली सिंह गाइड कैप्टन ने स्काउट गाइड को ध्वज शिष्टाचार, नियम, प्रतिज्ञा, झंडा गीत,प्रार्थना, टोली का गठन, शैल्यूट, बायां हाथ मिलाना आदि के बारे में बताया। कार्यक्रम में गाइड कैप्टन नम्रता विश्वकर्मा, स्काउट मास्टर मनीष कुमार आदि मौजूद रहे जो बच्चों को स्काउट और गाइड के विषय जानकारी प्रदानकर उत्साहवर्धन किये। कार्यक्रम का संचालन श्याम बाबू यादव जिला संगठन कमिश्नर स्काउट के द्वारा किया गया।

महिला आरक्षियों ने महिलाओं व बालिकाओं को पढ़ाया सुरक्षा का पाठ

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कौशाम्बी थाना मय हमराह एंटीरोमियो टीम द्वारा एंटीरोमियो चेकिंग की गई तथा शक्ति दीदी ,मिशन शक्ति के तहत स्कूल के समय भ्रमणशील रहकर महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन, अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090

आगामी पुलिस परीक्षा को लेकर अपर पुलिस ने परीक्षा ड्यूटी में लगें कर्मियों के साथ बैठक कर किया ब्रीफ

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। आगामी 3 अगस्त 2024 से प्रारम्भ हो रही आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने के दृष्टिगत पुलिस लाइन्स कौशाम्बी में अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी व अपर पुलिस अधीक्षक आब्जर्वर द्वारा परीक्षा ड्यूटी में लगे पुलिस बल को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान समस्त क्षेत्राधिकारी उपस्थिति रहे।

आर्म्स एक्ट के 02 आरोपियों को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

कौशाम्बी। थाना कोखराज पर पंजीकृत आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित पप्पू निवासी महमूदपुर थाना कोखराज को न्यायालय सीजेएसडी एफ्टीसी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को जेल में बितायी गयी अवधि व 1000 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 10 दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी। थाना मंझनपुर पर पंजीकृत आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित चन्द्रभान मौर्य निवासी मलकिया थाना मंझनपुर को न्यायालय सीजेएम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को 1500 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 10

दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी।

मार-पीट व आपराधिक धमकी देने वाले आरोपी को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

कौशाम्बी। थाना सराय अकिल पर पंजीकृत एससी एसटी एक्ट से सम्बन्धित राजेश केवट निवासी केवट पुरवा थाना सराय अकिल को न्यायालय स्पेशल जज एससी एसटी कोर्ट द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को 5000 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 02 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी।

चोरी के आरोपी को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

कौशाम्बी। थाना पिपरी पर पंजीकृत विजय पासी निवासी कमालपुर बरेठी थाना पिपरी को न्यायालय जेएम जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपी को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को न्यायालय उठने तक का कारावास व 5000रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

हाइवे पर मिला रक्तरंजित शव, पुलिस जांच में जुटी

लोकमित्र ब्यूरो

भरवारी, (कौशाम्बी)। कोखराज थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाइवे के किनारे गुरुवार को एक युवक का रक्तरंजित शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटनास्थल मलाल भायल गांव के पास का है, जहां लगभग 35 वर्षीय युवक का शव सड़क के किनारे पड़ा मिला। शव की हालत देखकर आशंका जताई जा रही है कि किसी तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से उसकी मौत हुई होगी। मृतक का पैर बुरी तरह से कुचल चुका था, जिससे यह संभावना और भी प्रबल हो गई। पुलिस को स्थानीय लोगों ने इस घटना की सूचना दी, जिसके बाद तुरंत टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि, मृतक की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है और आसपास के इलाके में पूछताछ कर रही है ताकि मृतक की पहचान हो सके।

साहब आकांक्षी ब्लाक के हम ग्रामीणों की भी समस्या का समाधान कीजिए.....!

लोकमित्र ब्यूरो

विजिया चौराहा, (कौशाम्बी)। आकांक्षी विकास खण्ड कौशाम्बी के ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद के इंदारापर नर्गी में जल निकासी न होने से ग्रामीणों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है आपको बतादें कि निषाद, पटेल, सरोज मोहल्ला समेत समूचे मजरा के लोगों का आना जाना लगा रहता है। लेकिन जिम्मेदार मौन बन कर बैठे हुए है जबकि सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन जैसे महत्वाकांक्षी योजना को हवा हवाई देता आकांक्षी विकास खंड के इन ग्राम पंचायतों और माजरा में अब लोगों की समस्या जल भराव चोक नालिया,एक जीता जागता उदाहरण है लेकिन विकास खंड के अधिकारियों को इन गांवों की सुध लेने की फुर्सत नहीं इसी प्रकार मेडुआ सलेमपुर,मुलायमपुर,ग्राम पंचायत कनैली के मवई,ग्राम पंचायत कोसम खिराज,कोसम इनाम के थाना कौशाम्बी के सामने,जल जमाव होने से आने जाने वालों को घोर समस्या का सामना करना पड़ रहा है।लेकिन जिम्मेदार मौन बन कर लीपापोती कर पल्ला झाड़ रहे है कुलदीप वर्मा मुलायमपुर ने बताया की कई बार आई जी आरएस किया ब्लाक के सबंधित सचिव, एडीओ पंचायत से शिकयत किया समस्या कई वर्षो से है लेकिन समधन करने कोई नही आए ।इसी प्रकार से कोसम खिराज के अरुण कुमार ने बताया कि जल निकासी न होने से जल जमाव की समस्या कई वर्षो से है समाधान नहीं हुआ।लोगो ने यहीं कहा साहब हमारी समस्या का समाधान कब होगा।

लोक जनशक्ति के नए जिला कार्यवाहक बने

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिले में लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजीव पासवान ने जिला कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त दिये आजाद पासी को जब कार्यकर्ताओं को पता चला तो लोगो ने सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई देने लगे और पासी सेना संगठन के जिलाध्यक्ष अवधेश पासी ने समाजवादी पार्टी छोड़कर सदस्यता लिए और कहा की हम माननीय चिराग पासवान को हाथों को तन मन धन से पार्टी को मजबूत करेंगे प्रदेश अध्यक्ष जी ने कहा की 2027 विधानसभा चुनाव लोक जनशक्ति पार्टी लगभग 100 सीटों में पूरे उत्तर प्रदेश में चुनाव लड़ेगी अभी कार्यकर्ताओं को बूत और सेक्टर मजबूत करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने उ0प्र0 पुलिस भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत परीक्षा केन्द्रों यथा-नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी, हुबलाल इंटर कॉलेज भरवारी एवं कस्तूरबा गॉधी कन्या इंटर कॉलेज भरवारी का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने परीक्षा केन्द्रो के निरीक्षण के दौरान की गई तैयारियों, व्यवस्थाओ की जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने प्रत्येक परीक्षा कक्ष एवं सीसीटीवी निगरानी कक्ष का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए परीक्षा सुचितापूर्ण एवं सकुशल संपन्न करायी जाय।

जिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मूरतगंज का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मूरतगंज का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने प्रयोगशाला कक्ष के निरीक्षण के दौरान उपलब्ध जॉच की जानकारी प्राप्त किया तथा मौके पर जॉच किट प्राप्त करने आये सीएचओ द्वारा प्रस्तुत मॉग पत्र का

अवलोकन करते हए एल0टी0 को अविलम्ब आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश। उन्होने टेलीमेडिसीन कक्ष का निरीक्षण कर मरीजों की जानकारी प्राप्त की। उन्होने एएनसी कक्ष का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी को दिशा-निर्देश दियें।

उन्होंने फार्मासिस्ट से आवश्यक दवाओं की उपलब्धता की जानकारी तथा स्टॉक रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होंने प्रसव कक्ष के निरीक्षण के दौरान उपस्थित स्टॉफ से माह अगस्त में कुल की गई एएनसी तथा उच्च संस्थान को संदर्भित की गई गर्भवती महिलाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि प्रसव पश्चात प्रसूता को 48 घण्टे तक रोका जाय।

जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालयों एवं ऑगनबाड़ी केन्द्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण

भरवारी (कौशाम्बी)। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आज प्राथमिक विद्यालय जलालपुर बोरियों, प्राथमिक विद्यालय कसिया पूर्व प्रथम एवं द्वितीय तथा ऑगनबाड़ी केन्द्र जलालपुर बोरियों एवं ऑगनबाड़ी केन्द्र कसिया पूर्व का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान डिजिटल उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया, सभी अध्यापक उपस्थित पाये गये। उन्होंने प्रधानाध्यापक से छात्र-छात्राओं की संख्या की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं के निपुणता पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने छात्र-छात्राओं से सवाल कर शिक्षा की गुणवत्ता को भी परखा। उन्होंने रसोई घर के निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया कि बच्चों को मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण मिड्-डे-मील प्रदान किया जाय तथा छात्र-छात्राओं की और उपस्थिति बढ़ाने के लिए सकारात्मक प्रयास कियें जाय। जिलाधिकारी द्वारा ऑगनबाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान ऑगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित पायी गई। उन्होंने पोषण ट्रैकर ऐप पर लाभार्थियों के फीडिंग कार्य का भी अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दियें।

जिलाधिकारी ने राजकीय पशु चिकित्सालय मूरतगंज का किया आकस्मिक निरीक्षण

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने राजकीय पशु चिकित्सालय मूरतगंज का आकस्मिक निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान पशुधन प्रसार अधिकारी विभूति नारायण सिंह उपस्थित मिलें तथा बताया गया कि प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी गौ-आश्रय स्थल का भ्रमण करने गए हैं।

उन्होंने पंजिकाओं का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। उन्होंने मोबाइल वेटेनरी यूनिट में उपस्थित पशु चिकित्सक डॉ0 राघवेन्द्र को निर्देशित किया कि जनसामान्य को सभी सुविधायें उपलब्ध करायी जाय। उन्होंने चिकित्सालय परिसर का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दियें।

अडानी अंबानी को लेकर जे0पी0सी0 जांच के लिए ई0ड़ी0 ऑफिस का घेराव

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। आज प्रयागराज में देश के प्रधानमंत्री के अभिन्न मित्र अदानी और अंबानी के खिलाफ ई0ड़ी के द्वारा लगातार गलत कृतियों पर जांच ना करना और मोदी सरकार के द्वारा पूंजीपति मित्रों को शह देने के खिलाफ कॉंग्रेस पार्टी ने मंडली घेराव किया गया जिसमें कौशांबी जिले का नेतृत्व कौशांबी जिले के जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय जी के नेतृत्व किया। गौरव पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सरकार नरेंद्र मोदी अपने पूंजीपति मित्र अडानी अंबानी भ्रष्टाचार में लिप्त है इसमें से भी प्रमुख की संलिपिटता बताई जा रही है पर देश में इन पूजी पतियों का पूरी तरह से कब्जा हो चुका है आम नागरिक किसान ,युवा, छात्र परेशान है इस पर भाजपा सरकार का ध्यान नहीं जाता है भाजपा सरकार निरंकुश हो गई है यह अपने पूंजीपति मित्रों के खिलाफ नहीं जा सकती जो कि लोकतंत्र के खिलाफ है जिलाध्यक्ष नेतृत्व में ई0ड़ी0 ऑफिस प्रयागराज का घेराव किया गया। मंडलीय घेराव में उपस्थित - पूर्व विधायक विजय प्रकाश, चायल विधानसभा प्रत्याशी तलत अजीम,रवि पासी, नैयर रिजवी, मोहम्मद अकरम ,श्याम मूर्ति त्रिपाठी ,छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष अमित द्विवेदी श्आजादश् दीपक पाण्डेय श्बाबुश् ,राम बहादुर त्रिपाठी, रामसूरत रैदास, फौजिया, रजिया बेगम, नुरुत जमा ,फरमान अहमद, निक्की पाण्डेय, राज नारायण पासी ,सत्येंद्र प्रताप सिंह , समर कोहिलाहा ,असगर मदनी, नसीमुद्दीन ,शाहरुख ,मोहम्मद असलम, आरिज अहमद, अब्बान, राम प्रकाश पांडा, लगभग सैकड़ो की संख्या में कौशांबी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सेलरहा पश्चिम में स्थित पीएचसी में शुरू हुई डिलेवरी

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू (कौशाम्बी)। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ केंद्र सिराथू अंतर्गत सेलरहा पश्चिम में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को डिलीवरी हट की सौगात दी गई है। गुरूवार को सीएचसी अधीक्षक सिराथू डॉ0 औचित्य सिंह ने डिलीवरी हट का शुभारंभ किया। इस दौरान एक महिला की डिलेवरी भी कराई गई जिसमे जच्चा बच्चा दोनो स्वस्थ बताए जा रहे है। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉ0 औचित्य सिंह ने बताया की अब सेलरहा पश्चिम में स्थित पीएचसी से जुडे गांवों के लोगों को प्रसव के लिए दूर-दराज नहीं जाना पडेगा। पीएचसी पर ही प्रसव की पूरी सुविधा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित रहें, इसके लिए सरकार संस्थागत डिलीवरी पर पूरा जोर दे रही है, जिससे महिलाएं डिलीवरी के समय अस्पताल में ही बच्चे को जन्म द सकें। संस्थागत डिलीवरी के काफी फायदे होते हैं और इससे हर प्रकार का जोखिम कम हो जाता है। अस्पताल में महिला व बच्चे को सभी

संक्षिप्त खबरें

आकाशीय बिजली की चपेट में युवक की दर्दनाक मौत

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। नगर पंचायत हीरागंज के वजीरपुर कुड़िया गांव निवासी अनिल कुमार पटेल उम्र 30 वर्ष पुत्र मैकूलाल पटेल बृहस्पतिवार को गांव के बगल खेत में मेड को बांध रहा था। दोपहर लगभग 1.00 बजे बारिश हुई। उसके साथ बादल गर्जना के साथ बिजली कड़की। बिजली की चपेट में आने से अनिल कुमार की मौत हो गई।मृतक के तीन भाइयों में एक भाई की 10 वर्ष पहले कैंसर बीमारी से मौत हो गई थी। दो भाइयों में अनिल की मौत से घर में कोहराम मच गया। अनिल की शादी के लिए घर वाले सोच रहे थे, लेकिन ईश्वर को कुछ और मंजूर था।

हत्या के प्रयास में 2 अभियुक्त गिरफतार

लीलापुर,प्रतापगढ़। पुलिस ने मारपीट, गाली गलौज, हत्या के प्रयास व एससी एसटी एक्ट के अभियोग में 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ डॉ अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) संजय राय व क्षेत्राधिकारी लालगंज रामसूरत सोनकर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी लीलापुर नरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 किशन सिंह मय हमराह हे0का0 प्रेमपाल, का0 पवन कुमार, का0 विजय यादव, म0का0 पारूल यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 336ध्24 धारा 191(2), 191(3), 115(2), 109, 352, 351(3), 333 बी0एन0एस0 व 3(1)द,3(1)ध,3(2)5,3(2)5 ब्ब्ैज् ।ब्ज् में वांछित अभियुक्त 1- जमील पुत्र बशीर अहमद निवासी ग्राम शकूहाबाद थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़, 2- नसीम अहमद पुत्र बशीर अहमद निवासी ग्राम शकूहाबाद थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र लीलापुर के क्षेत्रान्तर्गत सरस्वती विद्यालय सगरासुन्दरपुर के पास से गिरफ्तार किया गया ।

पूर्व प्रधान पर दबंगई से परिवार की पैतृक जमीन पर कब्जा करने का लगाया आरोप

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। महेशगंज थाना क्षेत्र के गुजवर गांव निवासी फारुख अहमद पुत्र इम्तियाज अहमद ने उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र भेज कर बताया कि परिवार के ही पूर्व प्रधान शकील अहमद पैतृक जमीन पर बिना बंटवारा किए कई हिस्सों में दबंगई से दर्जनों की संख्या में मिस्त्री मजदूर लगाकर दिन-रात निर्माण कार्य करके अवैध कब्जा कर रहे हैं।

जबकि उक्त जमीन का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। निर्माण रुकवाने के लिए कई बार स्थानीय पुलिस को पीड़ित ने सूचना दिया परंतु पुलिस निर्माण कार्य को रुकवाना मुनासिब नहीं समझ रही है। जमीन के हिस्सेदार पीड़ित ने पूरे मामले को उच्च अधिकारियों को अवगत करा कर अवैध निर्माण कार्य को रूकवाने कि मांग किया है।

दुष्कर्म,अपहरण के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफतार

सांगीपुर,प्रतापगढ़। पुलिस ने दुष्कर्म,अपहरण,धमकी देने,पास्को एक्ट,एससी,एसटी एक्ट के अभियोग में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ डॉ अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) संजय राय व क्षेत्राधिकारी लालगंज, रामसूरत सोनकर के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष सांगीपुर मनीष कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में उ0नि0 रोहित कुमार मय हमराह हे0का0 कमलाशंकर दुबे द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर अन्तर्गत धारा 376ब्।,504,506 भादवि व 5(ळ)ध्6 पास्को एक्ट व 3(1)द,3(1)ध,3(2)ट,3(2)ट। एससीध्एसटी में वांछित अभियुक्त 1- शेर बहादुर वर्मा उर्फ बल्ले पुत्र कल्लू राम वर्मा निवासी ग्राम नउवन का पुरवा (पितूरा) थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र सांगीपुर के क्षेत्रान्तर्गत बीरशाहपुर तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया ।

8 व्यक्तियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही

कुण्डा,प्रतापगढ़। थाना बाघराय पुलिस द्वारा कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाले 08 व्यक्तियों के विरूद्ध की गयी शान्ति भंग में निरोधात्मक कार्यवाही की है।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ अनिल कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर अमरनाथ गुप्ता के कुशल पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार के नेतत्व में उ0नि0 प्रमोद कुमार मय हमराह उ0नि0 देवेन्द्र कुमार पाठक, का0 ओमप्रकाश तोमर, हो0गा0 चन्द्रशेखर मिश्रा, पीआरडी ऊषा देवी द्वारा ग्राम माली का पुरवा पुवांसी में मकान बनाने संबन्धित विवाद में 08 अभियुक्तगण के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही की गई ।

एमडीपीजी के मुख्य परिसर में 5 दिन बंद रहेगा प्रवेश कार्य

प्रतापगढ़। प्रदेश में आयोजित पुलिस भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत एमडीपीजी कॉलेज में 23, 24, 25, 30 एवं 31 अगस्त को मुख्य परिसर में प्रवेश कार्य बंद रहेगा।

महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ. सी एन पांडे ने बताया कि स्नातक कक्षाओं बीए, बीकॉम एवं बीएससी प्रथम सेमेस्टर में उपरोक्त तिथियों में महाविद्यालय के जोगापुर परिसर में प्रवेश कार्य संपन्न होगा।

अपहरण एवं दुराचार का आरोपी गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़।महेशगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत हीरागंज नया पुरवा निवासी रमाशंकर यादव ने महेशगंज थाना में तहरीर लेकर बताया कि नगर पंचायत के ही एक युवक ने मेरी बेटी का अपहरण कर दुराचार किया है। तहरीर मिलने पर थाना अध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह ने मुकदमा दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी। बृहस्पतिवार को महेशगंज पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि दुराचारी आरोपित युवक नायर देवी धाम कुंडा रोड पर खड़ा है। मुखबिर की सूचना पर दरोगा परमात्मा तिवारी, दरोगा प्रेम कुमार सिंह, सिपाही वीरपाल सिंह सिपाही अनिल राजपूत सिपाही हरजीत सिंह मौके पर पहुंचे तथा युवक को दबोच कर जेल भेज दिया।

जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में जिला एकीकरण समिति की बैठक सम्पन्न

जनपद में कौमी एकता और आपसी सौहार्द को बनाये रखे-जिला पंचायत अध्यक्ष

प्रतापगढ़। जिला एकीकरण समिति की महत्वपूर्ण बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष माधुरी पटेल जी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई जिसमें समिति के सभी सदस्यों ने जिले में कौमी एकता को बरकरार रखने के लिये और आपसी भाईचारा बनाने के लिये अपने-अपने विचार रखे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि आज हमारे देश को और जिले को जो सबसे बड़ी जरूरत है वह कौमी एकता और आपसी भाईचारा है। हम एक अच्छे और स्वस्थ वातावरण के माध्यम से समाज के सभी धर्म के लोगों को आपस में जोड़कर समाज को एक नई दिशा दे सकते है। जिला एकीकरण समिति का उद्देश्य जनपद में सांप्रदायिक सौहार्द को कायम रखने तथा जनपद में आपसी भाईचारा और मेल मिलाप को बढ़ावा देना है। मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने कहा कि आज हमें समाज का वातावरण अच्छा करना है, सभी धर्म का सम्मान करना है और अनेकता में एकता के साथ जनपद को एवं समाज को एक नई दिशा और दशा प्रदान करनी है। हम सभी लोग एक दूसरे के प्रति संवेदनशीलता बनाये रखे जितने भी त्योहार जनपद में हुये है उसे बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया है। उन्होने कहा कि सभी धर्मो में जब एकता दिखती है तो बहुत ही अच्छा लगता है, हम सभी लोग आपस में मिलजुलकर त्योहारों को मनाये, भेदभाव भूलकर सब गले मिले। उन्होने अधिकारियों एवं समिति के सदस्यों को आगामी जन्माष्टमी की बधाई दी और कहा कि हमें आशा और उम्मीद है कि हमेशा जनपद में सांप्रदायिक सौहार्द बना रहेगा।

मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद ने कहा कि जिला एकीकरण समिति की बैठक के माध्यम से हम समाज में एक स्वस्थ माहौल बनाते है। राष्ट्रीय एकता, भाईचारा, धर्मनिरपेक्षता एवं लोकतंत्र की भावना को इससे बढ़ावा मिलता है। स्वास्थ्य विभाग सेवा से जुड़ा हुआ है जिसमें सभी धर्म के लोगों की बिना किसी भेदभाव के सेवा की जाती है। इस अवसर पर समिति के सदस्य डा0 मोहम्मद अनीस ने कहा कि इस समिति का उद्देश्य जनपद में कौमी एकता को बढ़ावा देना, साथ ही साथ आपसी भाईचारे को भी बढ़ावा देना है, साथ ही समिति के माध्यम से प्रमुख त्योहारों एवं उत्सव जैसे रक्षाबंधन, होली, दिवाली, ईद, बकरीद, क्रिसमस, दुर्गा पूजा, नवरात्र, बसंत पंचमी आदि को समाज के सभी वर्गों के माध्यम से सामूहिक और सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाना है। रोशन लाल ऊमरवैश्य ने कहा कि जनपद प्रतापगढ़ हमेशा से कौमी एकता के लिये प्रसिद्ध रहा है, यहां पर सभी धर्म के लोग सभी धार्मिक त्योहारों को आपस में मिलजुल कर मनाते हैं, कोई भी सांप्रदायिक विवाद जनपद में आज तक नहीं उत्पन्न हुआ है। मौलाना वासिल ने कहा कि जब समाज में कौमी एकता बनी रहेगी तो हमारा मुल्क और हमारा जिला तरक्की करेगा इसके लिये हम सभी लोग प्रयास कर रहे हैं और सभी धर्म के लोगों के साथ मिलजुल कर जनपद में एक अच्छा माहौल बना हुआ है। इस अवसर पर प्रमुख वक्ताओं में सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज के प्राचार्य फादर आनन्द कुमार जॉन, गायत्री परिवार से चन्द्र नारायण शर्मा आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में जिला विकास अधिकारी कृष्ण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा, एआरपी धर्मेन्द्र ओझा, सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस ने किया।

बारिश में मिट्टी बहने से धंस गई रेलवे लाइन, खतरे की आशंका

रामलीला मैदान के निकट रेलवे ट्रैक का मामला

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। दो दिन पहले हुई मूसलाधार बारिश में रेलवे ट्रैक के नीचे की सारी मिट्टी बह गई। जिससे ट्रैक जमीन में धंस गई। जिससे दुर्घटना हो सकती है। मौके की नजाकत को देखते हुए महकमे के अफसरों ने ट्रैक की मरम्मत शुरू कर दी है। गुरुवार को ट्रैक मशीन की मदद से रेता और गिट्टी के मिश्रण की बोरियों को ट्रैक के नीचे डालने का काम किया गया। ताकि ट्रैक मजबूत हो जाए।

उस दिन की बारिश से यार्ड का ट्रैक भी पानी में डूब गया था। करीब एक घंटे की बारिश से ट्रैक के नीचे की मिट्टी बह गई। रामलीला मैदान और सई पुल के बीच एक पुलिया पड़ती हैं। बताते हैं उसी जगह प्रतापगढ़, चिलबिला रेल खण्ड पर एक जगह मिट्टी हटने से ट्रैक धंसना चालू हो गया।

जानकारी होने पर पीडब्लूआई एमपी पांडेय और जितेंद्र कर्मचारियों को लेकर पहुंचे और ट्रैक दुरूस्त करने में जुट गए। इसके लिए मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन से प्लेटफार्म एक से रेता की बोरियों को ले जाने आए पीडब्लूआई ने बताया कि लॉन्ग साइड में ट्रैक की मिट्टी बह गई है। उसी का काम चल रहा है। खतरे जैसी कोई बात नहीं है।

बेल्हा की प्रेक्षा को कथक में प्रथम स्थान, राज्यपाल ने किया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। देवकली पूरे नरसिंह भान की रहने वाली प्रेक्षा श्रीवास्तव को भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ के 14वां दीक्षांत समारोह में कथक नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उत्तर प्रदेश की राज्य पाल आनंदी बेन पटेल ने सम्मानित किया है। कला मंडपम सभागार में आयोजित इस समारोह में 2023-24 के स्नातक एवम् परास्नातक के सर्वोत्तम 22 छात्र व छात्राओं को पदक व उपाधि से राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित छात्राओं में जिले की प्रेक्षा श्रीवास्तव को कथक नृत्य (एम0पी0ए0)में प्रथम स्थान तथा नृत्य विभाग व विश्वविद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है । इन्हें उत्तर

प्रदेश द्वारा पं0 विष्णुनारायण भातखंडे पदक से सम्मानित किया गया। प्रेक्षा श्रीवास्तव रिटायर्ड ट्रेन मैनेजर बीबी श्रीवास्तव की पुत्री है। उन्होंने बताया कि प्रेक्षा वर्ष 2016 से लखनऊ में कथक नृत्य में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के सत्र 2022-24 में वह मास्टर्स ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स (कथक) की छात्रा थीं। उसके सम्मान पाने से पूरा परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

रखहा, प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कंधई के उ0नि0 दिनेश सिंह मय हमराह हे0का0 रामकुमार कुशवाहा, का0 अभिनव द्वारा देखभाल क्षेत्र,तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान, केश संख्या-1018ध्17 धारा 323,504,506 भादवि थाना कंधई, प्रतापगढ़ से संबंधित 01 वारण्टी अभियुक्त जोगा उर्फ अश्वनी तिवारी पुत्र निशाकान्त निवासी ग्राम तरदहा थाना कंधई, जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया ।

कृपालु भक्ति धाम मनगढ़ में उच्च अधिकारियों ने लिया तैयारियों का जायजा

कृष्ण जन्माष्टमी पर आठ स्थानों पर रहेगा रूट डायवर्जन

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। जगदुरु कृपालु भक्ति धाम मनगढ़ में कृष्ण जन्माष्टमी के समारोह पर भक्तों की आने वाली भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने व्यापक पैमाने पर तैयारी की है। गुरूवार को प्रयागराज जोन के अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर, आईजी प्रेम गौतम,पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार ने तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव के पर्व को देखते हुए तैयारी जोरों पर है। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। कानून व्यवस्था के दृष्टिकोण से एवं भक्तों के सुरक्षा हेतु पूरे मेला परिषद में ड्रोन कैमरा से निगरानी की जाएगी और चप्पे चप्पे पर पुलिस आम नागरिकों के सुरक्षा के लिए रहने का आवश्यक निर्देश दिया। एडिशनल एसपी संजय राय, सीओ कुंडा अजीत सिंह कुंडा कोतवाल सत्येंद्र सिंह , इंस्पेक्टर क्राइम संजय सिंह, मानगढ़ चैकी इंचार्ज, कांस्टेबल प्रेम सिंह सहित अन्य मौजूद रहे । रूट डायवर्जन के लिए आठ जगहों पर बैरिकेटिंग की जाएगी। यह स्थान तिलौरी मोड़, चकादरअली मोड़ से ताजपुर रोड, पीरानगर इटौरा मोड़, इटौरा, लाखीपुर मोड़, कुसेमर चैराहा, तिरंगा ढाबा राष्ट्रीय राजमार्ग बाई पास और मवई कुंडा बाई पास तिराहा हैं।

जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये शिकायतकर्ताओं की सुनी समस्याएं

शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करायें-जिलाधिकारी

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्टेज्ट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े। जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता मुन्ना लाल निवासी रैय्यापुर तहसील कुण्डा ने शिकायत किया कि गाटा संख्या 1581 बंजर खाते की भूमि है जिसमें लगभग 5 विस्वाक्षेत्र पर प्रेम प्रकाश यादव निवासी सिलावटपुर ने जबरन अवैध कब्जा कर लिया है। इसी प्रकार प्रेम

प्रकाश द्वारा कई अन्य स्थानों पर सिंचाई विभाग व लोक निर्माण की भूमियों पर अवैध कब्जा किये हुये है जिस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी कुण्डा को निर्देशित किया है कि बंजर की जमीन से अतिक्रमण हटवाने की कार्यवाही करें एवं आख्या उपलब्ध करायें। शिकायतकर्ता कुंवर विनय सिंह निवासी सिलावटपुर ने शिकायत किया कि प्रार्थी ने सिंचाई विभाग के नाले पर बनी पुलिया पर प्रेम प्रकाश यादव व जय सिंह यादव निवासी सिलावटपुर द्वारा दीवाल बनाकर अतिक्रमण किये जाने की शिकायत आईजीआरएस पर की थी जिसकी जांच सहायक अभियन्ता सिंचाई खण्ड द्वारा की गयी और जांच में अवैध अतिक्रमण व पुलिया पर दीवाल निर्माण पाया गया और सहायक अभियन्ता सिंचाई खण्ड प्रथम के माध्यम से अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करने हेतु तहरीर थाना कुण्डा पर दी जा चुकी है किन्तु विपक्षी के दबाव व प्रभाव के कारण थाना कुण्डा पर आज तक कोई मुकदमा नही लिखा जा सका, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने एसएचओ कुण्डा को निर्देशित किया कि जब तहरीर दी गयी है तो एफआईआर दर्ज कर उचित कार्यवाही की जाये। शिकायतकर्ता अमित मिश्र निवासी सुन्दरपुर पोस्ट परसरामपुर ने शिकायत किया कि प्रार्थी एक बेरोजगार और गरीब युवक है जिसके ऊपर असामाजिक तत्वों द्वारा 155/20 का एफआईआर कर युवक को परेशान करने के लिये ईष्या बस कराया गया था जिसकी विवेचना की गयी और एफआईआर फर्जी पाया गया, फर्जी एफआईआर कराने वाले सभी दोषियों 420 का एफआईआर कराया जाये, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने एसओ कोहड़ौर को निर्देशित किया है कि जांच कर उचित कार्यवाही की जाये। इसी प्रकार जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने अन्य प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण यथाशीघ्र किया जाये।

एक पेड़ माँ के नाम के अन्तर्गत आंवले के पौधों का रोपण

हर घर में एक आंवले का पौधा होना आवश्यक - डॉ रणजीत सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। प्रधानमंत्री के आह्वान पर ''एक पेड़ माँ के नाम'' कार्यक्रम के अन्तर्गत दिव्य ज्योति सेवा संस्थान द्वारा आज गुरूवार को अवधेषपुरम् (ऐंठू) में आंवला के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को 101 आंवला के पौधों का वितरण किया गया। पौध वितरण करते हुए संस्थान के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह ने बताया कि आंवले के वृक्ष में साक्षात भगवान विष्णु का वास होता है। इसलिए यह वृक्ष और इसका फल विष्णु जी का अतिप्रिय माना जाता है। शास्त्रों के अनुसार जिस घर में आंवले का पेड़ होता है उस घर को सुख-समृद्धि प्राप्त होती है, और धन-धान्य में बढ़ोत्तरी भी होती है।

कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ अवधेष सिंह ने बताया कि आंवला

एक महत्वपूर्ण आयुर्वेदिक फल है। यह विटामिन सी का समृद्ध श्रोत है और इसमें एन्टीआक्सीडेंट गुण होते हैं। आंवले का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है क्यों कि यह इम्यूनिटी बढ़ाने, पाचन सुधारने और त्वचा को निखारने में मदद करता है। इसका उपयोग च्यवनप्राश, तेल ओर विभिन्न आयुर्वेदिक औषधियों में भी किया जाता है। साथ ही साथ इसके फल से जूस, मुरब्बा और अचार भी बनता है।

फार्म मैनेजर प्रदीप सिंह ने बताया कि जनपद आंवले के लिए जाना जाता है। यह किसानों के लिए एक अच्छा आय का श्रोत है। इसके पौधों का रोपण जुलाई से सितम्बर के बीच किया जाता है तथा पौधे से पौधे की दूरी 5-6 मीटर की होनी चाहिए। आवले के पौधे में 3-4 वर्ष में फल आने लगता है तथा 8-10 वर्ष में पूर्ण उत्पादन प्राप्त होने लगता है। इसका औसत उत्पादन 50-70 किग्रा0 प्रति पौधा होता है। इसलिए हर किसान के पास कम से कम एक आंवले का पौधा तो होना ही चाहिए।

इस अवसर पर दिव्य ज्योति सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिह, सचिव मनीश सिंह, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ अवधेष सिंह, प्रदीप सिंह, रामचन्द्र, जुगुल किशोर तिवारी, अरूण शुक्ला, जी.आर.पटेल, रविशंकर एवं आस-पास गाँवों के जागरूक किसान रामआसरे मंत्री, हेमराज, राकेश मौर्या, इन्द्रजीत, दीपचन्द्र, महेश मौर्या, सूरज, मस्तराम सरोज, मनोज विष्वकर्मा, ओमप्रकाश तथा गीता देवी आदि लोग उपस्थित रहे।

पुलिस ने मारपीट के आरोपी को किया गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। बीते 17 जुलाई को राजकुमार तिवारी ग्राम शुक्लन का पुरवा ऐंधा निवासी ने तहरीर देकर बताया था कि उसके परिजन के आकाश उर्फ कसान पुत्र राम भूषण शुक्ल निवासी शुक्लन का पुरवा एवं अन्य लोग एकराय होकर जान लेने के नीयत से लाठी, डण्डा, कुल्हाडी, लोहे की रॉड, गहदाला से मारपीट किया था। पीड़ित के तहरीर के आधार पर महेशगज पुलिस ने धारा 191(2), 191(3),190, 115(2), 109, 352, 351(3), 324(2), 333 बी0एन0एस0 बनाम 05 नामजद अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया था। थाना प्रभारी महेशगंज श्रवण कुमार सिंह के नेतृत्व में दरोगा शिवपाल सिंह, दरोगा नवरंग वर्मा, मय हमराह हेड कांस्टेबल रामनरेश, कांस्टेबल विनय कुमार ने मुखबिर की सूचना पर आकाश उर्फ कसान पुत्र स्व0 रामभूषण शुक्ल निवाली ग्राम पूरे दीन प्रसाद शुक्लन का पुरवा मजरे ऐंधा थाना महेशगंज को लक्ष्मीगंज पुलिया के पास से गिरफ्तार करके न्यायालय के समक्ष भेज दिया।

संक्षिप्त खबरें

भुवनशुरी में आकाशीय बिजली गिरने से दो महिलाएं झुलसी

लोकमित्र ब्यूरो
पश्चिम शरीरा (कौशाम्बी)। महेवाघाट थाना क्षेत्र के भुवनशुरी गांव में बृहस्पतिवार दोपहर आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो महिलाएं गंभीर रूप से झुलस गई। पास में काम कर रहे लोगों ने एंबुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जहां झुलसी महिलाओं की हालत गंभीर बनी हुई है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक महेवा घाट थाना क्षेत्र के भुवनशुरी गांव निवासी सुनीता देवी पत्नी रमेश चंद उम्र 35 वर्ष अपनी पड़ोसी गुड़िया देवी पत्नी कमलेश कुमार (39) वर्ष के साथ गुरुवार की दोपहर खेत में काम कर रही थी अचानक आसमान से तेज बारिश के साथ बिजली कड़कने लगी तभी दोनों भाग कर पास में मौजूद महुआ के पेड़ के नीचे जाकर खड़ी हो गई। इसी बीच आकाशीय बिजली के गिरने से दोनों महिलाएं गंभीर रूप से झुलस गई पास में मौजूद लोगों ने मौके में पहुंचकर स्थानीय पुलिस को सूचना दे दी। मौके में पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के माध्यम से गंभीर रूप से झुलसी दोनों महिलाओं को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया जहां दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही उधर महिलाओं के झुलसने से दोनों परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है।

बकरी चरा रहीं दो महिलाओं में हुई मारपीट, एक महिला जख्मी , केस दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो
सिराथू (कौशाम्बी)। सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बकरी चरा रही दो महिलाओं में बकरी हांकने को लेकर विवाद हो गया जिसके बाद दोनो महिलाओं में हुई मारपीट में एक महिला जख्मी हो गई , पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के नूरपुर गांव की रहने वाली फूलकली पत्नी अमृत लाल ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की वह मंगलवार की शाम गांव के बाहर बकरी चरा रही थी , थोड़ी दूर पर पड़ोस की रहने वाली संगीता देवी भी बकरी चरा रही थी , फूलकली का आरोप है की बकरी हांकने पर संगीता गाली गलौच करने लगी जिसका विरोध करने पर दोनो महिलाओं में आपसी कहासुनी के बाद मारपीट होने लगी जिसने फूलकली का सिर फट गया , फूलकली की शिकायत पर पुलिस ने संगीता के विरुद्ध केस दर्ज कर घायल को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा।

देवर शादी का झांसा देकर भाभी से करता रहा दुराचार

लोकमित्र ब्यूरो
चरवा (कौशाम्बी)। चरवा थानाक्षेत्र के एक गांव में देवर ने शादी का झांसा देकर भाभी के साथ सालों तक शरीरिक सम्बंध बनाता रहा। महिला के गर्भवती होने के बाद कई बार उसने गर्भपात भी कराया। शादी करने का दबाव बनाने पर वह गाली गलौच कर मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित महिला ने गुरुवार को थाने जाकर आरोपी देवर के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

चरवा क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि उसके पति की तीन साल पहले मौत हो चुकी है।देवर ने दो साल पहले शादी का झांसा देकर उसके साथ जबरन दुराचार किया। इसके बाद वह बराबर उसके साथ सम्बंध बनाने लगा। इस दौरान दो बार वह गर्भवती भी हो गई। आरोप है कि देवर ने जबरन उसे दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया। महिला के अनुसार देवर ने शादी करने के लिए कई बार वादा किया। कई महीना बीत जाने के बाद अब वह शादी करने से इंकार कर रहा है। दबाव बनाने पर वह गाली गलौच कर मारने की धमकी दे रहा है। गुरुवार को महिला ने थाने जाकर आरोपी देवर के खिलाफ मामले तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है। इस सम्बंध में एसओ जगदीश कुमार का कहना है कि मामले की तहरीर मिली है। जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

युवक शादी का झांसा देकर सालों से करता रहा युवती के साथ दुराचार

लोकमित्र ब्यूरो
चरवा (कौशाम्बी)। चरवा थानाक्षेत्र के एक गांव में युवक ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ सालों तक शरीरिक सम्बंध बनाता रहा।युवती के गर्भवती होने के बाद कई बार उसने गर्भपात भी कराया। शादी करने का दबाव बनाने पर वह गाली गलौच कर मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित युवती ने गुरुवार को थाने जाकर आरोपी युवक के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

चरवा क्षेत्र के एक गांव की युवती ने बताया कि गांव के एक युवक ने दो साल पहले शादी का झांसा देकर उसके साथ जबरन दुराचार किया। इसके बाद वह बराबर उसके साथ सम्बंध बनाने लगा। इस दौरान दो बार वह गर्भवती भी हो गई। आरोप है कि युवक ने जबरन उसे दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया। युवती के अनुसार युवक ने शादी करने के लिए कई बार वादा किया। कई महीना बीत जाने के बाद अब वह शादी करने से इंकार कर रहा है। दबाव बनाने पर वह गाली गलौच कर मारने की धमकी दे रहा है। गुरुवार को युवती ने थाने जाकर आरोपी युवक के खिलाफ मामले तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है। इस सम्बंध में एसओ जगदीश कुमार का कहना है कि मामले की तहरीर मिली है। जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

महामाया राजकीय महाविद्यालय में जनपद स्तरीय रोजगार मेले का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो
कौशाम्बी। निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, उ0प्र0, लखनऊ के निर्देशानुसार शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य हेतु आज महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशांबी में एक जनपद स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीरेंद्र कुमार फौजी अध्यक्ष ,नगर पालिका परिषद मंझनपुर, कौशांबी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो0 शैलेंद्र तिवारी , प्राचार्य ,महामाया राजकीय महाविद्यालय, कौशांबी द्वारा की गई । यह कार्यक्रम जिला सेवायोजन कार्यालय कौशांबी द्वारा आयोजित कराया गया। इस रोजगार मेला में महाविद्यालय के लगभग 41 छात्र ध्छात्राओं का सफलतापूर्वक रजिस्ट्रेशन कराया गया । कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अजय कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर रोजगार प्रभारी डॉ अनिल कुमार द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर प्रो0 अनिल कुमार सोनकर ,डॉ. नीलम बाजपेई ,डॉ. भावना केसरवानी ,डॉ. रीता दयाल , डॉ पवन कुमार ,डॉ. तरित अग्रवाल ,डॉ. रमेश चंद्र , डॉ राम प्रताप यादव ,डॉ. संतोष कुमार ,डॉ. शैलेश मालवीय तथा अजय कुमार वरिष्ठ लिपिक मानवेंद्र सिंह एवं समस्त कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

कौशाम्बी में कोलकाता की डॉक्टर बिटिया के लिए प्रार्थना सभा, जलाई गई कैंडल

जिले में गुरुवार को 14 वें दिन भी जारी रहा घटना का विरोध

लोकमित्र ब्यूरो
कौशाम्बी। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर संग हुई दरिंदगी का विरोध गुरुवार को 14 वें दिन भी जारी रहा। सरायअकिल क्षेत्र के उस्मानपुर बिगहरा गांव स्थित चौधरी हाजी रहमान इंटर कॉलेज में छात्र, छात्राओं ने कैंडल जलाकर प्रार्थना सभा की। इस दौरान गुनहगारों को फांसी की सजा देने की मांग की गई।

खासकर छात्राएं हाथों में तख्ती लिए हुए नारेबाजी कर रही थीं। उनकी तख्ती पर डॉक्टर बिटिया को इंसाफ दो और दोषियों को जेल नहीं फांसी जैसे स्लोगन लिखे हुए थे। प्रार्थना सभा में शिक्षक और शिक्षिकाएं भी शामिल हुईं। कॉलेज प्रबंधक हाजी मो. इकबाल ने कहा कि यह घटना सभ्य समाज के मुंह पर तमाचा है। बलात्कार के बाद डॉक्टर बिटिया की निर्मम हत्या करने वालों को वाकई में फांसी की सजा दी जानी चाहिए। शिक्षक शहफहद इकबाल ने कहा की महिला उतपीड़न संबंधी अपराधों में सजा का प्राविधान और कड़ा किए जाने की जरूरत है। कम से कम इस तरह की घटनाओं में तो आरोपियों को विवेचना पूरी होते ही चौराहे पर मौत दी जानी चाहिए। ऐसा नहीं हुआ तो कभी निर्भया, कभी दामिनी और कभी डॉक्टर बेटी हैवानों का शिकार होती रहेंगी। इस मौके पर तेज प्रताप शर्मा, राजू सरोज, दीनानाथ पाल, कुलदीप सिंह, डीके प्रजापति, पंडित भास्कर द्विवेदी, हुसैन अली, खुर्शीद अहमद, सौरभ पाण्डेय, नंदन, शराफ्त हुसैन, प्रिंस शुक्ला, तनवीर फातिमा, सीमा सिद्दीकी, रत्ना सिंह, साक्षी सिंह, पूनम सिंह, प्राची सिंह, मरियम मेंहदी, लायबा सिद्दीकी, मोहिनी रिजवी, रश्मि सूर्यवंशी, नाजिया बेगम आदि उपास्थित रहे।

आजादी से आज तक सड़क के लिए तरस रहे दलित बस्ती के लोग

लोकमित्र ब्यूरो
हर्रायपुर (कौशाम्बी)। मूरतगंज विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत शोभना की दलित बस्ती के लोगों को आजादी से लेकर आज तक 77 वर्षों के बीच एक सड़क नहीं मिल सकी है जिससे आज भी दलित बस्ती के लोग ऊबड़खाबड़ रास्ते से आते जाते हैं मंच माइक के माध्यम से चुनाव के समय सपा बसपा भाजपा सभी पार्टी के लोकसभा विधानसभा के प्रत्याशियों ने गांव के लोगों को यह आश्वासन दिया कि चुनाव के बाद सड़क बनवा देंगे लेकिन चुनाव जीत जाने के बाद किसी भी पार्टी का नेता अपने वादे पर खरा नहीं उतरा जिससे दलित बस्ती के लोग आने जाने के लिए परेशान दिखाई पड़ रहे हैं बारिश के दिनों में दलित बस्ती से बाहर निकलना और वापस लौटना मुश्किल भरा काम है चुनाव के समय वर्तमान ग्राम प्रधान ने भी दलित बस्ती के मतदाताओं से कहा था कि मुझे वोट दे दो मैं सड़क बनवा दूंगा और अब वर्तमान प्रधान दलित बस्ती के लोगों से कह रहे हैं कि मुझे वोट नहीं दिया मैं उधर निर्माण नहीं करवाऊंगा शोभना गांव का वर्तमान प्रधान वादा खिलाफी में तो सांसद विधायक से भी आगे निकल चुका है संविधान की शपथ लेने वाले प्रधान पक्षपात करने लगे हैं सांसद विधायक और सरकारी नुमाइनों की उदासीनता के चलते गांव के लोग सड़क के बिना आने जाने को मजबूर है रास्ते में कीचड़ भर जाता है ऊबड़खाबड़ रास्ते में लोग गिरकर चोटिल भी होते हैं सवाल उठता है के योगी मोदी की सरकार उनके नेता और अधिकारी विकास की बात कर रहे हैं दलित बस्ती की एक सड़क नहीं बना सके तो सवाल उठता है कि विकास कहां हुआ है।

लूट का प्रयास करने वाले वांछित आरोपी को किया गया गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो
कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस उपनिरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित उमेश रैदास निवासी जाठी थाना को ग्राम जाठी से गिरफ्तार किया गया।

वांछित आरोपी को किया गया गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस उ0नि0 अरुण कुमार मौर्य मय हमराह पुलिस बल द्वारा वांछित रितेश कुमार निवासी रामपुर धमावा थाना सैनी को करनपुर मार्ग पर नदी के पास से गिरफ्तार किया गया।

पांच वारण्टी आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना करारी पुलिस उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा एससी एसटी एक्टसे सम्बन्धित वारंटी राम सुरेमन निवासी ग्राम गुवारा तैयबपुर थाना करारी को गिरफ्तार किया गया। थाना पिपरी पुलिस उपनिरीक्षक वीरेन्द्र प्रताप मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी विजय पासी निवासी कमालपुर बरेठी थाना पिपरी को गिरफ्तार किया गया। थाना संदीपनघाट पुलिस उ0नि0 कामता प्रसाद मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी विजय सिंह निवासी गोलकियापुर कोइलहा थाना संदीपनघाट को गिरफ्तार किया गया। थाना सैनी पुलिस उपनिरीक्षक अनिल कुमार मौर्य मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी दिन्नी निवासी नटन का डेरा मजरा मधवामई थाना सैनी को गिरफ्तार किया गया। थाना कोखराज पुलिस उपनिरीक्षक सियाकान्त चौरसिया मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी द्वारिका निवासी सहजादपुर थाना कोखराज को गिरफ्तार किया गया।

वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 85 वाहनों का ई-चालान किया गया।

निरोधात्मक कार्यवाही में चार गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में सराय अकिल से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

जिला स्तरीय बालीबाल प्रतियोगिता में चायल की टीम ने मारी बाजी

लोकमित्र ब्यूरो
कौशाम्बी। 26वीं जिला स्तरीय बालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को विकास खंड नेवादा में स्थित श्री ब्रम्हचारी इंटर कालेज में किया गया जिसमे जनपद की सिराथू , चायल व मंझनपुर तहसीलों की टीम में प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला सचिव श्यामलाल व कालेज के प्रधानाचार्य नारायन प्रसाद शुक्ला ने किया। इस दौरान जिला सचिव श्यामलाल ने खिलाड़ियों को बेहतर खेल के लिए प्रेरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। प्रतियोगिता में चायल संभाग ने अपने तीनों ग्रुपों में विजेता रहा , प्रतियोगिता में सिराथू संभाग उप विजेता रहा।

इस दौरान संभाग सचिव सतीश चौधरी , राम सूरत , विनोद यादव , गिरजेश पांडेय , बलवंत सिंह , कमल सिंह , आकाश पाल , सुमित रंजन आदि लोग मौजूद रहे।

एनपीएस व निजीकरण आने वाली पीढ़ी के लिए होगा नासूर- अटेवा

लोकमित्र ब्यूरो
कौशाम्बी। एनपीएस व निजीकरण को लेकर नेवादा ब्लाक में अटेवा पुरानी पेंशन बहाली मंच के सदस्यों ने एक ब्लाक स्तरीय गोष्ठी का आयोजन गुरुवार को किया। बैठक की शुरुवात अटेवा के शहीद स्वर्गीय रामाशीष सिंह की शहादत को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शुरू किया।

जिला कार्यवाहक संयोजक रमेश चंद्र सेन ने कहा की एनपीएस व निजीकरण आने वाले समय में हमारे भविष्य और आने वाली पीढ़ी के लिए नासूर का काम करेगा। इसके लागू होने से कंपनिया मालामाल होगी और देश कंगाल होगा। संगठन मंत्री विनोद यादव ने कहा की एनपीएस एवं निजीकरण शिक्षक व कर्मचारियों के लिए छलावा है। इस कारण आने वाले समय में युवाओं को स्थाई नौकरियों के अवसर बंद हो जाएंगे। इस मौके पर संगठन के राजेंद्र सिंह, इकबाल, राजकुमार और ब्लाक प्रभारी विकास सिंह ने अपने अपने विचारों की साझा किया। कार्यक्रम का संचालन अंशुमान सिंह हमराही ने किया। इस अवसर पर जयप्रकाश पांडेय, जितेंद्र सिंह, रामनिवास, शेष बाबू, अवधेश सिंह, संजय शुक्ला सहित कई शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहें।

अनुशासित विद्यार्थी ही बना सकेगा बेहतर भविष्य

एसएवी कालेज में अलंकरण व शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

लोकमित्र ब्यूरो
सिराथू (कौशाम्बी)। सैनी कस्बे में स्थित एसएवी इंटर कालेज में नेतृत्व व प्रतिबद्धता क्षमता विकसित करने के लिए अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया ।जिसमें छात्र छात्राओं को शिक्षा के साथ अनुशासन के बारे में बताया गया। प्रधानाचार्य संतोष कुमार मालवीय ने कहा की आज का विद्यार्थी कल का भविष्य होगा जो देश की बागडोर संभालेंगे ऐसे में उन्हें अनुशासन में रहकर शिक्षा लेनी चाहिए। बच्चों में नेतृत्व कब विकास करने की जिम्मेदारी व प्रतिबद्धता की भावना विकसित करने को लेकर गुरुवार को विद्यालय में अलंकरण व शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य संतोष कुमार मालवीय ने की। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारी ने अपनी आत्मविश्वास को व्यक्त किया और अपनी जिम्मेदारी को संभालते हुए क्षमताओं के अनुसार कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। इसके बाद सभी बच्चों के साथ मार्च निकाला गया । शिक्षकों द्वारा को बैच लगाकर सम्मानित किया गया। श्याम मिश्रा ने कहा की सभी बच्चे विद्यालय के परिवार हैं ऐसे में मिलजुल कर एक दूसरे की मदद करें। अनुशासन में रहकर शिक्षा ग्रहण करने के बाद विद्यार्थी राष्ट्र के निर्माण में अपना सहयोग देने के साथ एक अच्छे समाज की स्थापना करेगा इससे स्कूल व बच्चों के परिवार का नाम रोशन होगा। छात्र परिषद नेतृत्व करने वाले सभी पदाधिकारी को बधाई देते हुए अपेक्षाओं पर खरे उतरने को कहा और स्कूल के मिशन में तालमेल बिठाकर कम करने की अपील की। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य ने सभी को धन्यवाद देते हुए शिक्षण कार्य में एक दूसरे बच्चे की मदद करने को कहा। राष्ट्रगान के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

पांच दिन बाद भी पुलिस नही लगा सकी किशोरी का सुराग

लोकमित्र ब्यूरो
कौशाम्बी। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक किशोरी पांच दिन पहले घर से निकली थी जिसके बाद वापस घर नहीं लौटी परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद किशोरी की मां ने अनहोनी की आशंका जताते हुए मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने गुमसुदगी दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है । पांच दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस किशोरी का सुराग नहीं सकी है। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के दारानगर कस्बे के शादीपुर निवासी रेखा देवी पत्नी लालता प्रसाद यादव ने कड़ा धाम पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की उसकी 17 वर्षीय पुत्री 17 अगस्त की सुबह घर से निकली थी जिसके बाद घर वापस नहीं लौटी तो रिश्तेदारी आदि में काफी खोजबीन की लेकिन किशोरी का कही पता नही चल सका , रेखा देवी की शिकायत पर पुलिस ने गुमसुदगी दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है । पांच दिन बीत जाने के बाद किशोरी की मां ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई

गुणवत्तायुक्त कृषि उत्पादन हर किसी की जरूरत- डॉ0 मनोज

राजकीय बीज भंडार सैनी में जैव उर्वरक आधारित दिया गया किसानो को प्रशिक्षण

लोकमित्र ब्यूरो
सिराथू (कौशाम्बी)। कृषि विभाग द्वारा राजकीय बीज भंडार, सैनी मे जैव उर्वरक आधारित प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डा.मनोज कुमार सिंह ने उपस्थित अन्नदाताओ को जैव उर्वरक के विषय मे जागरूक करते हुए कहा कि वर्तमान मे गुणवत्तायुक्त कृषि उत्पादन हर किसी की जरूरत है, क्योंकि इसका सीधा असर हमारे खाने की थाली पर पड़ता है।

स्वस्थ कृषि उत्पादन मिट्टी की गुणवत्ता, पानी, उर्वरक, कुशल श्रम और अन्य जैसे कई कारकों पर निर्भर करता है। उर्वरक सबसे महत्वपूर्ण चीज है जो कृषि उत्पादन को प्रभावित करती है। उर्वरक एक तरह का रासायनिक या प्राकृतिक पदार्थ है जो फसल उत्पादन में सहायक होता है,जैव उर्वरक रासायनिक उर्वरकों के लिए सबसे अच्छे विकल्प हैं, जैव उर्वरक सूक्ष्मजीव युक्त पदार्थ होते हैं, जिन्हें मिट्टी में मिलाने पर उर्वरता बढ़ती है और पौधों की वृद्धि को बढ़ावा मिलता है। जैव उर्वरक पर्यावरण के अनुकूल उर्वरक भी होते हैं। क्योंकि वे पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुँचाते हैं और मूल मिट्टी की उर्वरता को बहाल करने में भी सहायक होते हैं। इससे मिट्टी की बनावट में सुधार होता है और पौधों की उपज बढ़ती है,ये फसलो मे रोग के संक्रमण को पनपने से रोकते हैं।जैव उर्वरक पर्यावरण-अनुकूल उर्वरक हैं।यह पौधों में रोग पैदा करने वाले हानिकारक पदार्थों को भी नष्ट कर देता है।इसलिए जैव उर्वरक का प्रयोग बढाने की आवश्यकता है।उक्त अवसर पर कृषि विभाग के बीज गोदाम प्रभारी रमेश चंद्र ने भी किसानो को जरूरी जानकारी दिया । इस मौके पर विषय वस्तु विशेषज्ञ मनमोहन , तकनीकी सहायक भगौती प्रसाद ने विभाग द्वारा कृषक हितार्थ योजनाओ मोटे अनाज के बीज,जिप्सम, कृषि यंत्र, पी एम कुसुम योजनान्तर्गत सोलर पंप आदि के राजकीय अनुदान एवं लाभ के विषय मे कृषको को जानकारी प्रदान की।

खड़ी पिकअप व डीसीएम में भिड़ी ट्रक, गोमती सहित तीनो वाहन क्षतिग्रस्त

लोकमित्र ब्यूरो
अजुहा (कौशाम्बी)। सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे में नेशनल हाईवे किनारे खड़ी पिकअप व डीसीएम में पीछे से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दिया हादसे में खड़ी डीसीएम में पिकअप से टकरा गई और पिकअप आगे रखी गोमती से भिड़ गई जिसमे गोमती सहित तीनो वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। वाहनों की टक्कर से आसपास मौजूद लोगो में हड़कंप मच गया हालाकि हादसे ने कोई जख्मी नही हुआ।

बताया जाता है की सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे में अंबर ढाबा के नजदीक नेशनल हाईवे किनारे एक डीसीएम व उसके आगे पिकअप खड़ी थी इस दौरान प्रयागराज की ओर से आ रही तेज रफ्तार एक ट्रक अनियंत्रित होकर डीसीएम में भिड़ गई जिसके बाद डीसीएम आगे खड़ी पिकअप से टकरा गई पिकअप आगे रखी गोमती में घुस गई। जिसमे गोमती सहित तीनो वाहन क्षतिग्रस्त हो गए , आसपास मौजूद लोगो ने हादसा देखा तो मौके पर भीड़ जमा हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल के बाद कार्यवाही में जुट गई है। हालाकि की हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

सम्पादकीय

दूध की सुध

यह मानवीय मूल्यों के पराभव की पराकाष्ठा है कि दूध की जगह रासायनिक पदार्थों से बना जहरीला पदार्थ धड़ल्ले से बिक रहा है। हकीकत में दूध दुनिया में सबसे ज्यादा मिलावटी खाद्य पदार्थ है, लेकिन भारत में यह संकट बड़ा है। वैसे भारत पिछले दो दशक से दुनिया का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश है। लेकिन लगातार पशुधन संख्या में गिरावट के बावजूद दूध से जुड़े आंकड़े संदेह भी पैदा करते हैं। दूध में पानी मिलाने की कथाएं तो सदियों पुरानी हैं। लेकिन हाल के दशकों में उन खबरों ने डराया है, जिनमें कहा गया कि आपराधिक मानसिकता के मुनाफाखोर दूध में डिटर्जेंट, यूरिया, ग्लुकोज और फॉर्मेलिन आदि मिला रहे हैं। विडंबना देखिये कि सदियों से कहा जाता रहा है कि दूध बलवर्धक व स्वास्थ्यवर्धक पेय पदार्थ है। आज के दौर में खाने-पीने की चीजों में तमाम रासायनिक पदार्थों की मिलावट के बाद एक दूध से उम्मीद होती है कि बच्चे दूध पीकर तंदुरुस्त बनें। लेकिन जब वे रासायनिक पदार्थों से बना दूध पीएंगे तो उनका क्या स्वास्थ्य सुधरेगा? कल्पना कीजिए कि किसी मरीज को डॉक्टर स्वस्थ होने के लिये दूध पीने को कहे और वह नकली दूध पीने से और बीमार पड़ जाए। वहीं दूसरी ओर रेलवे स्टेशनों व बस स्टैंडों पर भी लगातार नकली दूध की चाय बिकने की शिकायतें आती रही हैं। कुछ वर्ष पहले उ.प्र. के एक रेलवे स्टेशन में सफेद रंग से बने दूध की चाय बिकने की शिकायत सामने आई थी। लेकिन इसके बावजूद इस मिलावट पर अंकुश लगाने के लिये हितधारकों की तरफ से कोई गंभीर प्रयास होते नजर नहीं आते। यह दुखद ही है कि हर घर में प्रयुक्त होने वाले दूध की गुणवत्ता में भारी गिरावट के बाद भी शासन-प्रशासन की दृष्टि में यह गंभीर मुद्दा नहीं है। न ही राजनीतिक दल ही इस गंभीर मुद्दे को संबोधित करते हैं। जिसकी वजह से मिलावट करने वालों के हौसले बुलंद हैं।

कानून का खौफ होता तो नहीं होता कोलकाता कांड

प्रियंका सौरभ

> "भारत में लगभग हर दिन क्रूर बलात्कार की रिपोर्ट दर्ज होती है।हाल के वर्षों में भयावह यौन हमलों की रिपोर्ट में वृद्धि हुई है। समाजशात्री कहते हैं कि यह नया भारत है जहां कानून का शासन पूरी तरह से टूट गया है, जिसका सीधा असर महिलाओं पर पड़ रहा है, क्योंकि यह पितृसत्ता के बेधड़क अतिक्रमणों का दौर भी है। पीड़ितों के इर्द-गिर्द प्रचलित कलंक और पुलिस जांच में विश्वास की कमी के कारण बड़ी संख्या में बलात्कार की रिपोर्ट नहीं की जाती है। भारत की पंगु पड़ी आपराधिक न्याय प्रणाली में मामले सालों तक अटके रहने के कारण दोष सिद्धि दुर्लभ बनी हुई है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, भारत में औसतन प्रतिदिन लगभग 90 बलात्कार की घटनाएं होती हैं।

साल 2012 में दिल्ली के निर्भयाकांड के यौन हिंसा पर सख्त कानून बनाए गए और बलात्कार पर मौत की सजा का प्रावधान किया गया। इसके बावजूद यौन अपराध खत्म नहीं हुए । दुष्कर्म की प्रकृति अधिक आक्रामक, अधिक क्रूर हो गई है और एक हद तक सतर्कतावाद और गैंगस्टरवाद का एक रूप बन गई है। भारत में लगभग हर दिन क्रूर बलात्कार की रिपोर्ट दर्ज होती है।हाल के वर्षों में भयावह यौन हमलों की रिपोर्ट में वृद्धि हुई है। समाजशात्री कहते हैं कि यह नया भारत है जहां कानून का शासन पूरी तरह से टूट गया है, जिसका सीधा असर महिलाओं पर पड़ रहा है, क्योंकि यह पितृसत्ता के बेधड़क अतिक्रमणों का दौर भी है। पीड़ितों के इर्द-गिर्द प्रचलित कलंक और पुलिस जांच में विश्वास की कमी के कारण बड़ी संख्या में बलात्कार की रिपोर्ट नहीं की जाती है। भारत की पंगु पड़ी आपराधिक न्याय प्रणाली में मामले सालों तक अटके रहने के कारण दोष सिद्धि दुर्लभ बनी हुई है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, भारत में औसतन प्रतिदिन लगभग 90 बलात्कार की घटनाएं होती हैं। वर्ष 2022 में पुलिस ने एक युवती के साथ कथित क्रूर सामूहिक बलात्कार और यातना के बाद 11 लोगों को गिरफ्तार किया। इस युवती को दिल्ली की सड़कों पर घुमाया गया था। 2022 में ही भारत में एक पुलिस अधिकारी को भी गिरफ्तार किया गया था। उन पर एक 13 वर्षीय लड़की के साथ बलात्कार करने का आरोप है, जो अपने साथ हुए सामूहिक बलात्कार की रिपोर्ट करने के लिए उनके पुलिस स्टेशन गई थी। मार्च में, अपने पति के साथ मोटरसाइकिल यात्रा पर गई एक स्पेनिश पर्यटक के सामूहिक बलात्कार के बाद कई भारतीय पुरुषों को गिरफ्तार किया गया था। 2021 में मुंबई में एक 34 वर्षीय महिला की बलात्कार और क्रूरतापूर्वक प्रताड़ित किए जाने के बाद मृत्यु हो गई। निर्भयाकांड के बाद

कोलकाता के आरजी कर रेप और हत्याकांड ने एक बार फिर महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे को सुर्खियों में ला दिया है।

महिलाओं के खिलाफ हिंसा अब तो आम हो गई है। उदाहरण के लिए, सोशल मीडिया पर ट्रोल, जो हर मुखर महिला या उसकी बेटी को चुप कराना, गाली देना या बलात्कार करना चाहते हैं, उन्हें जवाबदेह नहीं बनाया जाता है। उल्लंघनकर्ताओं के पास बढ़ती हुई दंडमुक्ति और न्यायिक साधन भी राजनीतिक आकाओं के सामने आत्मसमर्पण करने के साथ, बलात्कार से लड़ना कठिन हो गया है। देश में महिलाओं के खिलाफ यौन अपराधों में वृद्धि, साथ ही देश की कठोर जाति व्यवस्था के सबसे निचले पायदान पर रहने वालों के साथ व्यवहार, ऊपर से नीचे तक दंडमुक्ति की संस्कृति के परिणामस्वरूप एक उत्साहजनक कारक के रूप में कार्य करता है। यह महिलाओं के अधिक सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा करने और लगभग सभी क्षेत्रों में पुरुष आधिपत्य को चुनौती देने के खिलाफ एक प्रतिक्रिया है। अधिकांश पुरुष अभिभूत हैं और नहीं जानते कि अपने आहत अहंकार को कैसे संभालें और व्यापक बेरोजगारी ने समग्र रूप से निराशा पैदा की है। भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में मामलों के वर्षों तक अटके रहने के साथ दोषसिद्धि का निम्न स्तर भी ऐसे क्रूर अपराधों का जन्मदाता है। पुरुष अकसर यौन हिंसा का इस्तेमाल दमनकारी लिंग और जाति पदानुक्रम को मजबूत करने के लिए एक हथियार के रूप में करते हैं।बलात्कार की घटनाओं की संख्या में वृद्धि और मुखालफत के लिए अधिक संख्या में महिलाओं के आगे आने के बावजूद देश में सजा की दर कम बनी हुई है। कई मामलों में, सबूतों की कमी को अकसर कम सजा दर या उच्च न्यायालयों द्वारा सजा को पलटने का कारण बताया जाता है। कुछ साल पहले स्पेनिश पर्यटक के साथ जो हुआ वह पूरी तरह से अस्वीकार्य है और देश में अराजकता के बारे में बहुत कुछ बताता है। हम जानते हैं कि यौन अपराधों की बहुत कम रिपोर्टिंग होती है और इसे बदलना होगा। अगर यह बलात्कार संस्कृति नहीं है, जिसे समाज के समझदार पुरुषों और महिलाओं, संस्थानों और सरकारी अंगों द्वारा समर्थित और बरकरार रखा जाता है, तो यह क्या है? आप सभी कानून, सभी तेज अदालतें, यहां तक कि मौत की सजा भी ला सकते हैं, लेकिन कुछ भी नहीं बदल सकता जब तक कि एक समान मानसिकता में बदलाव न हो जो लड़कियों और महिलाओं के बारे में सोचने का एक नया तरीका शुरू करे। हमने बलात्कार संस्कृति को खत्म करने का काम भी शुरू नहीं किया है। हमने पितृसत्ता को जलाने वाली माचिस भी नहीं जलाई है।

दिसंबर 2012 में सरकार ने आखिरकार हमारी बात जरूर सुनी थी। एक पल के लिए ऐसा लगा था कि हम आगे बढ़ रहे हैं। इसके बजाय आज हम रुक गए हैं या इससे भी बदतर, पीछे चले गए हैं। महिलाओं की सुरक्षा के नाम पर, अब हमारे पास ऐसे कानून हैं जो वस्तुतः अंतरधार्मिक विवाहों पर प्रतिबंध लगाते हैं और अदालतें उन जोड़ों को सुरक्षा देने से इनकार करती हैं जो अपने जीवन के लिए डरते हैं। स्वतंत्र भारत में आधुनिक समान नागरिक संहिता के लिए पहला नमूना लिव-इन रिलेशनशिप के अनिवार्य पंजीकरण की बात करता है। हर स्तर पर महिलाओं की स्वायत्तता और स्वतंत्र एजेंसी को छीना जा रहा है। ऐसा नहीं है कि घर हमेशा एक सुरक्षित जगह है। डरावनी कहानियों में अनाचार और घरेलू हिंसा शामिल हैं। भारत में, जहां अंतरंग साथी द्वारा हिंसा की दूसरी सबसे बड़ी व्यापकता है, 46त्र महिलाएं कुछ परिस्थितियों में इसे स्वीकार्य मानती हैं - ससुराल वालों का अनादर करना या बिना अनुमति के घर से बाहर जाना। जब तक हम उन विचारों को नहीं बदल सकते, तब तक हम भारत की प्रतिष्ठा के नुकसान पर विलाप करते रहेंगे।

सरोकार

बांग्लादेश में हिन्दुओं का नरसंहार सुनियोजित

डॉ. सत्या चौधरी

लोकतंत्र-जनता की, जनता द्वारा, जनता के लिए सरकार है। किंतु पांच अगस्त 2024 को जिस प्रकार से बांग्लादेश में बांग्लादेशियों द्वारा चुनी हुई शेख हसीना की सरकार का तख्तापलट हुआ वो वैश्विक परिदृश्य में एक निंदनीय कृत्य है। बांग्लादेश के पहले प्रधानमंत्री व राष्ट्रपिता की उपाधि से विभूषित बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान की प्रतिमा के साथ हुई बदसलूकी इन इस्लामिक जेहादियों की जाहिलियत और कट्टरता को दर्शाती है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना द्वारा पूरे घटनाक्रम में अमेरिका और पाकिस्तान के षड्यंत्रों की आशंका के बावजूद भारत के तथाकथित स्वघोषित बुद्धिजीवियों अथवा आन्दोलनजीवियों द्वारा इसे राजनीतिक अपरिपक्वता, छात्र आंदोलन, तानाशाही व निरंकुश शासन का परिणाम बताना आम भारतीयों के लिए चौंका देने वाला है।

बांग्लादेशी सरकार के तख्तापलट से पहले और बाद में होने वाली घटनाओं का बारीकी से अध्ययन करने पर पता चलता है कि इनका पैटर्न 16 अगस्त 1946 को मुस्लिम लीग और मुहम्मद अली जिन्ना द्वारा कारित % डायरेक्ट एक्शन % से मिलता जुलता है जिसका एकमात्र उद्देश्य हिंदुओं का नरसंहार, हिंदू महिलाओं का बलात्कार, अपहरण, हिंदुओं की सम्पत्ति का अपहरण, लूटपाट व जाति विशेष का समूल नाश है। इस बीच भारत के बंटवारे से पहले 1941 में मौलाना अबूल आला मौदूदी द्वारा लाहौर में स्थापित जमात-ए-इस्लामिक जो कि एक इस्लामिक राजनीतिक दल है, जिसका मकसद खुदा की सल्तनत स्थापित करना है और जिसकी एक शाखा जमात-ए-इस्लामिक (जेईएल) बांग्लादेश में भी सक्रिय है कि भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। पहले जेईएल बांग्लादेश अथवा जेल बांग्लादेश ने अवामी लीग की सरकार से करीबियों का फायदा उठाकर अपने जेहादी कट्टरपंथियों को ऊंचें पदों पर बैठाकर भविष्य में होने वाली हिंसा की तैयारियों को सुनिश्चित किया जिसमें हिंदू आबादी वाले क्षेत्रों में जेहादियों की भर्ती, हिंदुओं के मंदिरों व प्रतिष्ठानों की मार्किंग की गई जिससे दंगों के दौरान उग्र भीड़ की आड़ में हिन्दू नरसंहार व महिलाओं के बलात्कार को वीभत्स तरीके से अंजाम दिया जा सके। जेल बांग्लादेश ने छात्र आंदोलन को देशव्यापी बनाकर अवसर मिलते ही शेख हसीना को देश से निष्काषित कर अपने मंसूबों को अंजाम दिया

और बर्बरतापूर्ण वीभत्स तरीके से खुलेआम नरसंहार और बलात्कर की घटनाओं को अंजाम दिया जिसमें अबतक लगभग दस हजार लोगों के हताहत होने का अनुमान है।

ढाका विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अब्दुल बरकत की 2016 में प्रकाशित पुस्तक के अनुसार 1964 से 2013 के मध्य बांग्लादेश में लगभग एक करोड़ हिन्दू आबादी हत्या, अपहरण, धर्म परिवर्तन अथवा विस्थापन के कारण विलुप्त हो गई, ध्यान देने योग्य तथ्य है कि 1950 में बांग्लादेश में हिन्दू आबादी 22 प्रतिशत थी जो आज घटकर लगभग आठ प्रतिशत बची हुई है। वर्तमान में बंगलादेश के अन्तरिम सरकार के मुखिया प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस का ढाकेश्वरी मंदिर जाना अथवा हिन्दू अल्पसंख्यकों के संरक्षण व संवर्धन की बातें करना 1950 के नेहरू - लियाकत समझौते की तरह कोरी कल्पना लगती है जिसका पालन भारत ने तो किया किंतु पाकिस्तान में हिन्दू अल्पसंख्यक आज भी अपने अधिकारों व संरक्षण की बाट जोह रहे हैं। आज जरूरत है कि वसुधैव कुटुम्बकं और सर्वे भवन्तु सुखिनः के साथ -साथ भारत की सरकार व हिन्दू समाज % वीर भोग्या वसुन्धरा- के मंत्र की अनुपालना में इजराइल की सरकार व यहूदियों से सीख लेते हुए बांग्लादेशी हिंदुओं के सुरक्षा हेतु सभी मोर्चों पर मजबूती से अपनी भावाभिव्यक्ति को रखें, क्योंकि कट्टरपंथी जेहादियों के दमन का मात्र यही एक रास्ता शेष है जिसे धर्मनिरपेक्षता के दृष्टिकोण से देखना असम्भव है।

राशिफल

मेष
सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु सन्तुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में संबंधों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कठिनाइयां संभव। मधुर वाणी का प्रयोग करें। कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा।

वृष
स्वयं पर भरोसा कर योजनाओं को सुचारु रूप से क्रियान्वित करें। संबंधों में सरल व व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। आर्थिक चिंता संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार हैं। रोजगार में प्रगति संभव। कटु शब्दों का प्रयोग न करें। नए समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय सम्बनध मे प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय मे सन्तुलन बनने का प्रयत्न करें। आलस्य का त्याग करें। रोजगार के अवसर सुलभ होंगे।

मिथुन
किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध मन को हतोत्साहित करेगा। संबंधों के प्रति नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन मे उत्साह का संचार होगा। क्रोध पर नियंत्रणरखें। नए समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय सम्बनध मे प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय मे सन्तुलन बनने का प्रयत्न करें। आलस्य का त्याग करें। रोजगार के अवसर सुलभ होंगे।

कर्क
कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। पत्नी के स्वास्य का ध्यान रखें। आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार है।

सिंह
आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार है। शिक्षा क्षेत्र में जुड़े सभी छात्रों को परिश्रम करने की आवश्यकता है। किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा।

कन्या
समस्याओं के समाधान हेतु मन नए युक्तियों पर केन्द्रित होगा। महत्वपूर्ण कायरे के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा। आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार है।

तुला
मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में सन्तुलित व मधुर वाणी का प्रयोग करें। कोई आपका अपना बिगड़े हुए सम्बन्धों मे सुधार कराएगा। किसी कार्य से संपन्न होने के आसार हैं। किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध मन को हतोत्साहित करेगा। संबंधों के प्रति नयी शिकायतें संभव।

वश्चिक
आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार है। शिक्षा क्षेत्र में जुड़े सभी छात्रों को परिश्रम करने की आवश्यकता है। किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध मन को हतोत्साहित करेगा। संबंधों के प्रति नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन मे उत्साह का संचार होगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

धनु
नए समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय सम्बनध मे प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय मे सन्तुलन बनने का प्रयत्न करें। आलस्य का त्याग करें। रोजगार के अवसर सुलभ होंगे। स्वयं पर भरोसा कर योजनाओं को सुचारु रूप से क्रियान्वित करें। संबंधों में सरल व व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। आर्थिक चिंता संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार हैं। रोजगार में प्रगति संभव।

मकर
कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। कटु शब्दों का प्रयोग न करें। स्वयं पर भरोसा कर योजनाओं को सुचारु रूप से क्रियान्वित करें। संबंधों में सरल व व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। आर्थिक चिंता संभव।

कुम्भ
पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर आप उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कायरे की व्यस्तता रहेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु सन्तुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में संबंधों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कठिनाइयां संभव। मधुर वाणी का प्रयोग करें। कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी।

मीन
क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा मे लापरवाही ना करें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। जीवन साथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु सन्तुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में संबंधों का सहयोग प्राप्त होगा।

लोकमित्र का रंग कवियों के संग

बहुजन जागृति का प्रतीक है भारत बंद

आरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गये कतिपय निर्णयों के खिलाफ बुधवार को आयोजित सफल भारत बन्द इस बात का प्रतीक है कि अपने अधिकारों को लेकर दलित, ओबीसी एवं आदिवासी वर्ग फिर से जागरूक हो चले हैं। अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों में क्रीमीलेयर को मिल रहे आरक्षण तथा कोटा के भीतर कोटा बाबत शीर्ष न्यायालय के फैसलों से नाराज दलित संगठनों ने इस राष्ट्रव्यापी बन्द का ऐलान किया था। कोर्ट ने कहा था कि सरकार चाहे तो कोटे के भीतर कोटा तय कर सकती है। यह संविधान के अनुच्छेद 341 के खिलाफ नहीं है। उच्चतम न्यायालय ने यह भी कहा कि राज्य सरकारें इस बाबत मनमर्जी फैसला नहीं कर सकतीं। कोर्ट ने दो शर्तें भी लगाई हैं। उसने साफ किया है कि एससी के भीतर किसी एक ही जाति को शत-प्रतिशत आरक्षण नहीं दिया जा सकता और एससी में शामिल किसी जाति का कोटा तय करने से पहले उसकी हिस्सेदारी का पुख्ता डेटा होना चाहिये। सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्णय उन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए फैसला दिया था जिनमें कहा गया है कि आरक्षण का फायदा कुछ ही जातियों को मिल रहा है और अनेक जातियां इससे वंचित हैं। दलित संगठनों के इस बंद को बहुजन समाज पार्टी, भीम आर्मी, भारत आदिवासी पार्टी आदि ने भी समर्थन दिया था। अनेक राज्यों में यह बेहद सफल रहा है। इन संगठनों के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बंद में शामिल रहे। उनकी मांग है कि सुप्रीम कोर्ट इस फैसले को वापस ले या पुनर्विचार करे। भारत बंद के अनेक राजनीतिक निहितार्थ हैं। इसे हाल के दिनों की एक महत्वपूर्ण परिघटना मानना चाहिये क्योंकि पिछले लगभग एक दशक से जो दलित, आदिवासी और ओबीसी वर्ग सड़कों की लड़ाई छोड़ चुका था और उनके नेताओं ने अपने ही वर्गों के हितों को दरकिनार कर दिया था, वे भी साथ खड़े और उनके पक्ष में लड़ाई करते हुए दिखे। बसपा प्रमुख मायावती, जिन पर अक्सर भारतीय जनता पार्टी की श्बीश् टीम होने का आरोप लगता रहा है, किसी आंदोलन का सीधा समर्थन करती दिखीं। हालांकि यह आंदोलन सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ कहा जा रहा है परन्तु उसका एक सिरा सत्ता में भी जाकर खुलता है क्योंकि केन्द्र ने इसे समय रहते स्पष्ट नहीं किया कि इस फैसले को लेकर वह क्या करने जा रही है और किस तरह से वह आरक्षण पर आंच नहीं आने देगी। अभी उसे संघ लोक सेवा आयोग के जरिये केन्द्रीय सचिवालय में उप सचिव स्तर के अधिकारियों की सीधी भर्ती (लेटरल एंट्री) का कदम वापस लेना पड़ा था। इस भर्ती में कोई पद आरक्षित नहीं थे। जब इसका सीधा विरोध हुआ तब सरकार को इस भर्ती को रद्द करना पड़ा।ऐसे निर्णयों के कारण अब जनता के कान खड़े हो गये हैं, खासकर उनके जिन्हें आरक्षण का लाभ मिलता रहा है। सरकार करीब 45 पद लेटरल एंट्री के जरिये भरने जा रही थी। यह बात सामने आई कि अगर वह भर्ती प्रतिस्पर्धा एवं परीक्षा के जरिये होती तो उसके जरिये आधे से ज्यादा पद ओबीसी, दलितों, आदिवासियों एवं अन्य आरक्षित वर्गों को मिलते। इसके खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मायावती, अखिलेश यादव आदि ने आवाज उठाई जिसका परिणाम यह हुआ कि खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को केन्द्रीय कार्मिक मंत्रालय को आदेश देकर यह विज्ञापन रद्द कराना पड़ा। हालांकि केन्द्रीय मंत्री अर्जुन सिंह मेघवाल का कहना है कि श्सरकार कहीं से भी आरक्षण को खत्म नहीं करने जा रही, लेकिन विपक्ष लोगों को इस बात को लेकर भ्रमित कर रहा है। सवाल यह है कि सरकार इस बाबत अपना सीधा व स्पष्ट बयान क्यों अब तक जारी नहीं कर पाई और कोर्ट के सामने भी अपना पक्ष नहीं रख सकी कि आरक्षण की व्यवस्था बनी रहेगी तथा सम्बन्धित वर्गों को कोई नुकसान नहीं होने जा रहा है। इसके पीछे खुद सरकार दोषी है। जनता की यह धारणा बन गई है कि केन्द्र सरकार आरक्षण विरोधी है। यह धारणा विकसित करने में स्वयं भारतीय जनता पार्टी का हाथ है। लोकसभा चुनाव के पहले जब भाजपा ने 370 और 400 पार का नारा लगाना शुरू किया था तो उसका मकसद संविधान को बदलना बतलाया गया था। यह बात भाजपा के कई उम्मीदवार सार्वजनिक तौर पर कहते रहे। अनंत हेगड़े, अरूण गोविल, लल्लू सिंह, ज्योति मिर्धा आदि चुनावी रैलियों में ऐलान करते रहे कि भाजपा को इतना बड़ा बहुमत इसलिये चाहिये क्योंकि उसे संविधान बदलना है। कहना न होगा कि भाजपायी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोग सदा से इसी विचार के रहे हैं। भारत बंद को लेकर मायावती ने आरक्षण पर मंडराते खतरे के लिये भाजपा के साथ ही कांग्रेस को भी जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि इसके लिये कांग्रेस कैसे जिम्मेदार है, यह तो उन्होंने स्पष्ट नहीं किया पर यह इसलिये गलत है क्योंकि दलितों, ओबीसी एवं आदिवासियों के जिस आरक्षण के अधिकार को हड़पने के लिये भाजपा लालायित रही, उसका सबसे पहले मुकाबला तो कांग्रेस ने किया था, न कि मायावती ने। उत्तर प्रदेश के पिछले विधानसभा चुनावों में और पांच माह पहले हुए लोकसभा चुनावों में बसपा की जो दुर्गति हुई उसका मुख्य कारण यही था कि उसका वोट बैंक कांग्रेस तथा समाजवादी पार्टी की ओर खिसक गया। भाजपा की आरक्षण विरोधी नीति का मायावती ने कभी भी प्रखर विरोध नहीं किया। जो भी हो, भारत बंद बहुजन चेतना की जागृति ही है।

बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं के नरसंहार के विरोध में शहर से गांव तक निकली जन आक्रोश रैली

प्रतापगढ़। बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं के नरसंहार एवं माताओं-बहनों पर बीभत्स अत्याचार के विरोध में गुरुवार को नगर के तुलसी सदन हादीहाल से हिन्दू रक्षा समिति के तत्वाधान में हजारों की संख्या में आम हिन्दू जनमानस एकत्र हुए। इसके बाद हादीहाल (तुलसी सदन) से चैक घण्टाघर होते हुए अम्बेडकर चैराहा तक विरोध प्रदर्शन विशाल रैली निकालकर किया गया । इसके उपरांत जिला कलेक्ट्रेट पहुच कर डीएम के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन दिया गया। सौंपे गये ज्ञापन में भारत सरकार से बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं के नरसंहार को रोकने व हिन्दुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु माँग की गयी।

आयोजित हिंदू आक्रोश रैली में प्रमुख रूप से विश्व हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष नागेन्द्र मिश्र व कुण्डा जिलाध्यक्ष संजय उपाध्याय, संत मनोज ब्रह्मचारी महाराज, जिला मंत्री रविसेन, जिला सहमंत्री मनीष रावत, जिला संगठन मंत्री चन्दन रजनी, विभाग संघचालक रमेशचन्द्र त्रिपाठी, विभाग कार्यवाह हरीश, विभाग प्रचारक प्रवेश ,जिला कार्यवाह हेमंत, जिला प्रचारक प्रवीण,भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष, अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष मनोज, महामंत्री शिवेश शुक्ल, मंत्री विनीत, निर्वतमान अध्यक्ष महेश गुप्ता,राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष अशोक,अवधेश मिश्र, ध्रुव शर्मा,हरिओम मिश्र,अजय मिश्र,मान सिंह,प्रिया त्रिपाठी, वंदना, रुचि केसरवानी, कामिनी श्रीवास्तव, परमिला,पिंकी दयाल,जिला प्रचारक कुंडा सतीश, शिशिर खरे,पियूष कांत,राजेश त्रिपाठी,अजीत,रमेश पटेल,अनुराग सिंह,सौरभ,पूर्व विधायक लक्ष्मीकांत,राजेश सिंह,राम आसरे,राम ,मनोज सिंह,दिनेश शर्मा,पूर्व सांसद संगम लाल, राकेश सिंह,प्रिंस सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल रहे।

बांग्लादेशियों को आने वाले समय में दिया जाएगा मुंहतोड़ जवाब

बीरापुर प्रतापगढ़। विकासखंड कालाकांकर क्षेत्र के कुशवापुर ग्राम सभा में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा अखंड भारत संकल्प दिवस का कार्यक्रम संपन्न हुआ।जिसमें मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद प्रांत मंत्री श्री तरुण शुक्ला प्रांत उपाध्यक्ष मिश्रीलाल विश्वकर्मा, प्रांत मंत्री राष्ट्रीय बजरंग दल सुधीर शुक्ला, प्रतापगढ़ जिला अध्यक्ष विमल सिंह,जिला उपाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी, जिला मंत्री संगम लाल विश्वकर्मा, पदाधिकारी कार्यकर्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम मे बांग्लादेश में हिंदुओ के ऊपर हो रहे अत्याचार के खिलाफ में बाजार में रैली का आयोजन किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष विमल सिंह ने कहा कि बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इसका मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा। आने वाले समय में बांग्लादेश में तखत पलट जाएगा। उन्होंने इस दौरान सभी हिंदू भाइयों से एकजुट रहने और अत्याचारियों को मुंहतोड़ जवाब देने की बात कही।

आरक्षी भर्ती की दुबारा होने जा रही परीक्षा को लेकर प्रशासन सतक

प्रतापगढ़। आरक्षी भर्ती की दोबारा होने जा रही परीक्षा को पुलिस व जिला प्रशासन किसी चुनौती से कम नहीं ले रहा है। बैठक से लेकर निरीक्षण और जरूरत पर दिशा निर्देश दिये जा रहे हैं ताकि किसी भी सूरत में कोई कोर कसर न रह जाए। इसी क्रम में आज गुरूवार को पुलिस लाइन्स में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी)/नोडल अधिकारी परीक्षा संजय राय, एएसपी सुरेश चन्द्र रावत, एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा व अन्य अधिकारियों के साथ पुलिस भर्ती परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु परीक्षा केन्द्रों पर लगे सीसीटीवी की मॉनिटरिंग हेतु कण्ट्रोल में लगे एलईडी स्क्रीन/टीवी का गहनता से निरीक्षण किया गया। साथ ही हो रही रिकार्डिंग की गुणवत्ता आदि को गहनता से चेक कर संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये, ताकि परीक्षा में किसी प्रकार का खलल न पड़ पाए। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों, जैसे- प्रश्न पत्र लीक होना, उत्तर पुस्तिकाओं से छेड़छाड़ आदि को रोकने के लिए उ0प्र0 सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अध्यादेश 2024 01जुलाई को अधिसूचित किया गया है । जिसमें यह कृत्य अपराध की श्रेणी में आते हैं, जो इस अधिनियम के अन्तर्गत दण्डनीय है । ऐसे प्रकरणों में एक करोड़ तक का जुर्माना और आजीवन कारावास तक की सजा या फिर दोनों से ही दंडित हो सकता है।

लिखित परीक्षा के संबंध में उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा अभ्यर्थियों की सहायता के लिये हेल्पलाइन नंबर 8867786192 एवं 9773790762 जारी किये गये हैं। जिससे कोई भी अभ्यर्थी अपनी समस्या का निवारण कर सकता है। यह हेल्पलाइन नंबर विगत 16 अगस्त से चालू है।

पुलिस भर्ती परीक्षा केन्द्रों पर 01 सितम्बर तक निषेधाज्ञा -अपर जिलाधिकारी

प्रतापगढ़। अपर जिलाधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया है कि उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा दिनांक 23, 24, 25, 30 व 31 अगस्त 2024 को दो पालियों (प्रथम पाली पूर्वान्ह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 3 बजे से सायं 5 बजे तक) सम्पन्न होगी। परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण, नकलविहीन, शुचिता व निष्पक्षता से सम्पन्न कराये जाने हेतु आरक्षी नागरिक पुलिस के पदो पर लिखित परीक्षा से सम्बन्धित समस्त परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 01 सितम्बर 2024 तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दिया गया है। उन्होने बताया है कि जनपद के परीक्षा से सम्बन्धित क्षेत्र में समस्त स्टॉफ, अधिकारी, परीक्षार्थी, मजिस्टेऊट एवं सुरक्षा बल के अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति अथवा समूह परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नही करेगा। परीक्षा केन्द्र के आस-पास 200 मीटर की परिधि में फोटो कापियर एवं स्कैनर का संचालन परीक्षा अवधि में पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। परीक्षा केन्द्रों के आस-पास 200 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारण यन्त्रों, ब्लूटूथ एवं आईटी गैजेट्स सहित इसी प्रकार की अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस का प्रयोग पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा। परीक्षा केन्द्रों पर पाठ्य सामग्री (मुद्रित या लिखित), कागज के टुकड़े, ज्यामितीय-पेन्सिल बाक्स, प्लास्टिक पाउच, किसी भी प्रकार का कैलकुलेटर, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, स्केल, कॉपी, पेन ड्राइव, इरेजर, लॉग टेबुल/इलेक्ट्रानिक पेन/स्कैनर,

हाथ में पर्चा पकड़ाकर बच्चों से भीख मंगवाने वाला गैंग सक्रिय

- चाइल्ड लाइन के लोगों ने एक बच्चे को पकड़कर किया परिजनों के सुपुर्द
- शहर में घूम रहे ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस नहीं करती कोई कार्रवाई
- इससे मानव तस्करी को मिलता है बढ़ावा

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। पढ़ने लिखने की उम्र में नौनिहालों से भीख मंगवाई जा रही है। इनके पीछे एक ऐसा गिरोह सक्रिय है जो इन नन्हें हाथों में एक पर्चा थमा देता है। जिस पर उसकी बेबसी लिखी होती है। वह बच्चा उस पर्चे को लेकर शहर में दुकानों, गली कूचों में घूमता है और उसको लोगों को दिखाकर भीख मांगता है। लोग इन पर तरस खाकर पैसे दे देते हैं। खाने पीने की चीजें भी भीख में मिल जाती हैं। जिसको खाकर ये बच्चे अपनी भूख मिटाते हैं। इस तरह के बच्चे ग्रुप में चलते हैं। इनमें चोर भी होते हैं जो मौका पाते ही सामान लेकर चंपत हो जाते हैं। इसकी आड़ में मानव तस्करी जैसे अपराध भी होते हैं। लोगों की बातों पर विश्वास करें तो इनके पीछे कोई गिरोह है। जिसमें भीख मांगने वाले बच्चों के मां बाप भी शामिल हैं। जो छोटे छोटे बच्चों से भीख मंगवाते हैं। देखा जा रहा है कि भीख मांगने वाले बच्चों के साथ कोई बड़ा नहीं रहता है। इनमें किशोर अवस्था के लड़के और लड़कियां भी शामिल हैं। गुरुवार को चाइल्ड लाइन ने छह साल के एक बच्चे को रेलवे स्टेशन से पकड़ा। उसके हाथ में ऐसा ही भीख मांगने वाला पर्चा था। चाइल्ड लाइन के वर्कर उसको लेकर उसके घर की तरफ रवाना हो गए। बच्चे ने अपना घर सियाराम कालोनी में बताया था। वह उस समय बेसिक स्कूल की यूनिफॉर्म पहने हुए था। हालांकि इस मामले में जीआरपी और आरपीएफ वाले सक्रिय भूमिका में हैं। वे इस तरह के बच्चों को चाइल्ड लाइन के सुपुर्द कर देते हैं। मगर इस मामले में नागरिक पुलिस को भी सक्रिय होना पड़ेगा।

खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन राष्ट्र के युवा शक्ति के उत्साह का सशक्त माध्यम

शमशेरगंज,प्रतापगढ़। खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन युवाओं के लिए एक तरफ जज्बा जुनून और जोश को बढ़ाने का सर्वोत्तम उपाय है तो वहीं खिलाड़ियों में सफलता के सकारात्मक तत्व अनुशासन और विनम्रता की भावना पैदा करने का सशक्त माध्यम होता है।लक्ष्मणपुर ब्लॉक के सिंधौर ग्राम में गुफरान अहमद के दिशा निर्देशन में आयोजन समिति द्वारा आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में ये वक्तव्य अपने उद्बोधन में उद्घाटन अतिथि के रूप में शिक्षक एवं कवि आशुतोष गिरि दीपक ने दिया। रिबन काटकर अतिथि गण ने कबड्डी पिच में प्रवेश किया। राम केदार वर्मा, राम औतार वर्मा, मो.सईद पूर्व बीडीसी, नसीम खान, कादिर खान, बबलू, मुस्ताक खान, भुलईखान, मुनीर खान, अतुल तिवारी, अमित तिवारी, कांस्टेबल एजाज अहमद,शकील खान, मतीकर्रहमान, सोनू,के इजहार खान, शाहिद खान आदि गणमान्यजन के साथ सैकड़ों दर्शकों की उपस्थिति में रेफरी राजेश्वर गिरि व कादिर खान के साथ अतिथि गण ने प्रथम मैच के खिलाड़ियो से परिचय करते हुए शुभकामनाएँ दीं। पहला मैच सिंधौर और बादराय का पुरवा के मध्य हुआ, जिसमें सिंधौर टीम विजयी हुई। इसके बाद एक के बाद एक कई रोमांचक मुकाबले के प्रदर्शन ने दर्शकों की उत्सुकता और उनके आनंद को बढ़ाया। तालियों के पुरस्कार और उत्साहवर्धन का क्रम लगातार चलता रहा। जिससे खिलाड़ियों में और भी अधिक बढ़ता हुआ जोश दिखता रहा। अपनी टीम की जीत सुनिश्चित करने के लिए हर खिलाड़ी अपने दमखम के साथ कौशल और करतब का प्रयोग करता रहा। जो दर्शकों के कोतूहल और आनंद का केंद्र बिंदु रहा। कौतूहल के क्रम में रोमांचक फाइनल मैच शमशेरगंज और हाजीपुर के बीच हुआ।जिसमें हाजीपुर टीम ने 22-18 की बढ़त से जीत हासिल करते हुए कबड्डी प्रतियोगिता की ट्राफी अपने नाम दर्ज किया। फाइनल विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कार प्रदान करते हुए समस्त अतिथियों के साथ कार्यक्रम के संरक्षक मो. ईसा खान व व्यवस्थापक हाफिज जाहिद ने सभी खिलाड़ियों को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी।

कुशल संचालन व कमेंट्री गुफरान अहमद ने किया। समापन व पुरस्कार वितरण अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में छात्रा की मौत

कटरामेदनीगज प्रतापगढ़। कोतवाली देहात अंतर्गत श्रीनाथपुर गांव निवासी आदर्श इंटरमीडिएट कॉलेज की कक्षा 9 की छात्रा मान्या पांडे उम्र 15 वर्ष पुत्री राकेश पांडे उर्फ पिंटू पांडे दोपहर में विद्यालय से छुट्टी होने के बाद घर जा रही थी। हाईवे से श्रीनाथपुर की सड़क पर कुछ दूर चलने के बाद छात्रा गिरकर तड़प रही थी। राहगीर तड़पती छात्रा की पहचान करते हुए 108 एंबुलेंस के जरिए इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले गए।

जहां पर चिकित्सकों ने छात्रा को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। माँ सुनीता मेडिकल कॉलेज में बेसुध होकर गिर पड़ी। साथ रहे अन्य परिजनों ने ढाँढ़स बँधाते हुए घर लेकर आए।क्षेत्रीय लोग आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि कहीं जहरीले जंतु ने छात्रा को कहीं डंस तो नहीं लिया। जिससे उसकी आकस्मिक मौत हो गई।मृत छात्रा दो बहन तान्या तथा भाई सोम पांडे से बड़ी थी।

अलंकरण समारोह का आयोजन बच्चों को कर्तव्य एवं जिम्मेदारियों की दी गई सीख

प्रतापगढ। गुरुवार को सेंट जेवियर स्कूल जोगापुर में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रत्यूष मिश्रा को हेड बॉय विदिशा सिंह को हेड गर्ल बनाया गया। आजाद हाउस से शाश्वत तिवारी, रिद्धिमा पाल रमन हाउस से आदित्य, इरम टैगोर हाउस से अरशद, आसिफा सुभाष हाउस से रक्षित ,अंशिका को कैप्टन बनाया गया स्पोर्ट्स कैप्टन रकीब और सादिया को बनाया गया। इसके साथ ही सभी हाउस में वाइस कैप्टन भी बनाया गया।

अलंकरण समारोह की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर मनोज कुमार पांडे के द्वारा सरस्वती पूजन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। प्रधानाचार्य द्वारा सभी चयनित छात्र-छात्राओं को बैच एवं सैशे मेंस पहनाया गया। तत्पश्चात उन्हें शपथ दिलाई गई। प्रधानाचार्य ने सभी चयनित बच्चों को उनके कर्तव्य एवं जिम्मेदारियां के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि अपने दायित्व एवं कर्तव्य का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक, सजगता एवं नैतिक मूल्यों के साथ करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षकों के साथ छात्र एवं छात्राएं भी उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण हेतु जैविक खेती पर जोर देना जरूरी-अजय

प्रतापगढ़। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,नमामि गंगे, हर घर योजना अन्तर्गत ग्राम स्तरीय कार्यशाला का आयोजन कर लोगों जैविक खेती कर स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण की दिलाई गई शपथ।

राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,नमामि गंगे,हर घर नल योजनांतर्गत लालगंज ब्लॉक के पूरे रूप ग्राम पंचायत में स्वच्छ पेयजल एवं हर घर जल संबंधी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन कर लोगों को शुद्ध पेयजल,जैविक खेती कर पौष्टिक आहार एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक किया गया।कीर्तिपुर प्राथमिक विद्यालय में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पर्यावरण सेना प्रमुख ग्रीनमैन अजय क्रांतिकारी ने कहा कि बढ़ते वैश्विक तापमान में वृद्धि के कारण पर्यावरण संकट में है।जिसके चलते भूजल स्तर लगातार घट रहा है और जल प्रदूषण की समस्या बढ़ रही है।उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के लिए जैविक खेती पर जोर देना होगा।उन्होंने लोगों से बिगड़ते पर्यावरण को बचाने हेतु हर खेत पर मेड़, हर पेड़ पर पेड़ अभियान के तहत मेडबंदी कराकर उस पर वृक्षारोपण हेतु प्रेरित किया जिससे वर्षा जल संचयन हो और पीढ़ियों को पानी मिल सके।

जल जीवन मिशन के सुरेश मौर्य ने सभी लोगों से जल संकट की वर्तमान स्थिति अवगत कराते हुए समय रहते जल की बरबादी को रोकने की अपील की।पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने लोगों को जैविक खेती अपनाकर बेहतर स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई।

इस मौके डीपीसी शमशाद अहमद, एडीपीसी अरूण मौर्य,आंगनवाड़ी कार्यकर्ती योगिता वर्मा,नीरज यादव,साक्षी सिंह,सुरेश मौर्या,राजेश शुक्ला (मुन्नू),राम लौं यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

जहरीला जन्तु काटने से बुजुर्ग महिला की मौत

लोकमित्र ब्यूरो

बिहार,प्रतापगढ़। बाघराय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा जलालपुर बारों कन्हैया नगर निवासी फूलचंद पटेल कि पत्नी नोहरा देवी पटेल उम्र लगभग 61वर्ष को आज गुरुवार को दोपहर करीब 12 बजे पालतू जानवर को भूसा देने के लिए जैसे ही हाथ बढ़ाया उसी वक्त किसी जहरीले जंतु के डस लिया। जिसकी जानकारी होते ही घर वाले तत्काल जिला अस्पताल लेकर गए। जहां डाक्टरों ने हालत को देखते हुए तत्काल एस आर एन के लिए रिफर कर दिया। महिला के परिजन उसे एस आर एन के लिए लेकर निकले ही थे की रास्ते में ही बुजुर्ग महिला ने दम तोड़ दिया।

भ्रमित किये जाने वाले उर्वरकों की विक्री, संचलन एवं भण्डारण पर होगी कार्यवाही

प्रतापगढ़। जिला कृषि अधिकारी/उर्वरक निबन्धन प्राधिकारी अशोक कुमार ने कहा है कि उर्वरक विनिर्माता, फुटकर उर्वरक विक्रेता एवं थोक उर्वरक विक्रेता द्वारा उन्हीं उत्पादों का विनिर्माण/विक्रय/भण्डारण/परिसंचय न किया जाये जो कि उर्वरक (अकाबर्निक, काबर्निक या मिश्रित) (नियंत्रण) आदेश 1985 में वर्णित हो अथवा राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित हो। उसके अतिरिक्त ऐसे किसी भी उत्पाद का विक्रय न किया जाये जिसके उर्वरक होने का भ्रम हो अथवा उर्वरकों के स्वरूप से मिलता जुलता है। फास्फेट रिच आर्गेनिक मैन्योर के प्रकरणों में यह सुनिश्चित किया जाये कि उनके बैगो में जैविक डीएपी, बायो डीएपी, आर्गेनिक डीएपी, डीएपी का विकल्प, भारत सरकार डीएपी, डीएपी (डयूरवल एग्रीकल्चर प्रोडक्ट), डीएपी (डबल एक्शन पावर), डीएपी व पोटास इत्यादि न अंकित हो। उन्होने बताया है कि जनपद में ऐसे सभी मिलते जुलते नामों वाले आभासी उर्वरकों की विक्री, उनके द्वारा संचलन तथा भण्डारण को पूर्णरूप से प्रतिबन्धित किया जाता है।

उन्होने कहा है कि जनपद के समस्त खुदरा/थोक एवं उर्वरक विनिर्माता कम्पनियों को आदेशित किया है कि आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये, यदि किसी खुदरा/थोक एवं विनिर्माता कम्पनी द्वारा भ्रमित किये जाने वाले उर्वरकों की विक्री, संचलन एवं भण्डारण किया जाता है, साथ यह भी सभी खुदरा/थोक एवं उर्वरक विनिर्माता कम्पनी यह सुनिश्चित कर ले यदि उनके पास भ्रामक उर्वरकों का भण्डारण हो तो उसे तत्काल हटवाना सुनिश्चित करें, यदि निरीक्षण के दौरान भ्रमिक उर्वरक पाये जाते है तो सम्बन्धित के विरूद्ध उर्वरक (अकाबर्निक, काबर्निक या मिश्रित) (नियंत्रण) आदेश 1985, उर्वरक संचालन नियंत्रण आदेश 1973 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराते हुये विधिक एवं प्रशासनिक कार्यवाही की जायेगी जिसके लिये आप स्वयं उत्तरदायी होगें।

सीलन से कच्चा घर गिरा, गृहस्थी का सामान खराब

विद्या देवी व छोटे-छोटे बच्चों के

रखहा,प्रतापगढ़। पिछले दो-तीन दिनों की हुई भयंकर बरसात के बाद घर में सीलन लगने से बुधवार की रात कच्चा घर भरभरा कर गिर गया । संयोग अच्छा रहा कि घर गिरने के दौरान परिवार के सभी लोग बगल के छप्पर में सो रहे थे जिससे से सभी बाल-बाल बच गये तथा घर में रखा गृहस्थी का सारा सामान खराब हो गया ।

रानीगंज तहसील क्षेत्र के सराय नानकार निवासी राम आसरे विश्वकर्मा अपने पूरे परिवार के साथ कच्चे घर में रह रहे थे । पिछले दिनों की हुई भयंकर बरसात की बाद उनके घर में सीलन इस कदर बढ़ गई थी कि घर में नमी ही नमी हो गई थी । बुधवार को राम आसरे अपनी पत्नी साथ घर के बगल बने छप्पर में रह रहे थे इसी दौरान उनका कच्चा घर भरभरा कर गिर गया । जिससे घर के अंदर रखा कपड़ा बिस्तर व अन्य गृहस्थी का सामान खराब हो गया। सुबह ग्रामीणों ने किसी तरह मलवा हटाकर घर के अंदर के समान को बाहर निकलवाया । पता चला है कि इस परिवार के पास अभी तक कच्चा घर ही है जिसमें वह जीवन यापन कर रहा था । ग्राम प्रधान अर्चना सिंह ने घर गिरने की जानकारी क्षेत्रीय लेखपाल राजदेव यादव को दी, किन्तु घटना के बीस घंटे बाद तक वह मौके पर नहीं पहुंचे थे ।

यातायात नियमों का पालन किसी डर या भय से नहीं, बल्कि मन से करें

प्रतापगढ़। खबर यूपी के जनपद प्रतापगढ़ से है जहाँ पर जनता को सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत कराया गया ट्रैफिक पुलिस दीन दयाल ने कहा कि यातायात नियमों का पालन किसी डर या भय से नहीं, बल्कि मन से करें। सभी लोग सड़क पर यात्रा करते समय नियमों का पालन करना शुरू कर दें तो निश्चित रूप से घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लग जाएगी। बाइक चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग कत्तई न करें, इसके अलावा हेलमेट अवश्य लगाएं। जब तक लोग जागरूक होकर वाहन नहीं चलाएंगे, तब तक सड़क दुर्घटना में कमी नहीं आ

2 अभियुक्तों के विरूद्व गैगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज

उदयपुर,प्रतापगढ़। एसपी डॉ अनिल कुमार के निर्देशन में अपराध नियंत्रण पर थाना उदयपुर पुलिस की बड़ी कार्यवाही करते हुये हत्या, अपहरण, गैंगस्टर, गुंडा अधिनियम जैसे जघन्य अपराध कारित करने वाले जनपदीय गैंग सरगनाधैंग के सदस्य, कुल 02 अभियुक्तों के विरुद्ध थाना उदयपुर में गैंगस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया है।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराध एवं आपराधिक क्रियाकलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी कार्यवाहीध् अभियान के तहत जनपदवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित किये जाने एवं अपराध नियंत्रण के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी लालगंज श्री रामसूरत सोनकर के कुशल निर्देशन में थानाध्यक्ष उदयपुर श्री राधेबाबू के नेतृत्व में थाना उदयपुर पर एक आपराधिक संगठित गिरोह के गैंग सरगना व सदस्य क्रमशः (गैंग लीडर) 1- विशाल सरोज पुत्र सोहनलाल सरोज निवासी ग्राम सेमरा थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़, 2- दिलीप पासी पुत्र सरेन्द्र पासी निवासी ग्राम पूरे भट्ठी बेहटा मुर्तजा थाना जायस जनपद अमेठी के विरुद्ध नियमानुसार दिनांक 21.08.2024 को मु0अ0सं0 149ध्24 धारा 2ध्3 उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 का अभियोग पंजीकृत किया गया है ।

उपरोक्त संगठित गैंग के लीडर व गैंग सदस्यों द्वारा साथ मिलकर अपने आपराधिक कृत्यों से समाज में भय एवं भय का आतंक का माहौल बनाकर आम जनता को आतंकित व भयभीत कर अनाधिकृत रूप से भौतिक, आर्थिक एवं दुनियाबी लाभ प्राप्त किया जा रहा है । उपरोक्त गैंग के सरगनाध् सदस्य पर जनपद के थाना उदयपुर प्रतापगढ़ में हत्या, अपहरण, गैंगस्टर, गुंडा अधिनियम में अभियोग पंजीकृत हैं ।

लोकपाल समाज शेखर बिहार ब्लाक का आज करेंगे भ्रमण

प्रतापगढ़। लोकपाल मनरेगा समाज शेखर बिहार ब्लाक का भ्रमण व निरीक्षण 23 अगस्त को करेंगे। वहीं त्रिलोकपुर सहित अन्य शिकायती ग्रामों का स्थलीय भ्रमण कर मनरेगा कार्यो की जांच करेंगे। मनरेगा सेल में शिकायतों की समीक्षा करेंगे। वहीं 28 अगस्त को लोकपाल समाज शेखर कुंडा ब्लाक क्षेत्र का भ्रमण कर शिकायतों का निवारण करेंगे। लोकपाल समाज शेखर ने अपना सीयूजी नंबर जारी करते हुए वास्तविक शिकायत कर्ताओ से संपर्क करने की अपेक्षा की है।

जिलाधिकारी ने पर्यटन विकास के कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

चित्रकूट। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने गुरूवार को पर्यटन विकास के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। राम वाटिका के निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने बताया कि इस पार्क में बाउंड्री वॉल म्यूरल्स, साउंड सिस्टम, बेंचेज, पाथवे फाउंटेन, लैंड स्कैपिंग, गार्डन का निर्माण कराया जाना, जिसमें बाउंड्री वाल का कार्य चल रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि पुरातत्व विभाग से निर्माण कार्य के लिए जो एनओसी लेना है, उसके लिए ऑनलाइन आवेदन करें। साथ ही गणेश बाग के सौंदर्यीकरण का भी प्रस्ताव बना कर शासन को भेजा जाए। तीर्थ विकास परिषद कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कॉन्फ्रेंस हॉल सहित कक्षों का निरीक्षण किया जाए। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने बताया कि पहले यह म्यूजियम बनाया गया था बाद में तीर्थ विकास परिषद का कार्यालय बनाया गया है। इसी कार्यालय के सामने तीर्थ विकास

परिषद कार्यालय निर्माण के लिए भूमि चिन्हित हो गई है। निर्माण कार्य के लिए टेंडर भी कराया गया है, जिसमें कार्यालय व आवासीय भवनों का निर्माण कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने कोठी तालाब में जो पर्यटन विकास के कार्य कराए जाने हैं, उसका निरीक्षण किया। जिसमें क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने बताया कि बेंचेज, साइनेज, लाइटिंग, लैंड स्क्रैपिंग, रिटेनिंग वॉल, पाथवे, पार्किंग आदि का निर्माण कराया जाना है, जिसका टेंडर हो गया है। जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि रिटेनिंग वॉल जो बनाई जाए, उसमें ग्रिल का भी प्रस्ताव किया जाए। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी से कहा कि पुरातत्व विभाग से एनओसी के लिए आवेदन करें। अटल पार्क के निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को निर्देश दिए कि इसकी साफ सफाई अच्छी तरह से कराया जाए तथा इस पार्क को और डेवलप किया जाए।

जिलाधिकारी ने बेडी पुलिया में गेट निर्माण एवं चौराहे के सौन्दर्यीकरण के कार्य निरीक्षण किया। जिसमें क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने बताया की बेडी पुलिया में गेट निर्माण का कार्य चल रहा है। साइड में दोनों तरफ पाथवे का निर्माण कराया जाएगा। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि पाथवे के निर्माण पर ग्रिल भी लगाई जाए। साथ ही बेडी पुलिया से रामघाट तक बीच के पाथवे में ग्रिल लगाने का भी प्रस्ताव बनाया जाए। जिलाधिकारी ने यात्री सुविधा स्थल चितरा गोकुलपुर के निर्माण कार्य को देखा, जिसमें क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने बताया कि इसका निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। इस पर जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी से कहा कि तीर्थ विकास परिषद को हैंडओवर कराए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने तीर्थ क्षेत्र खोही तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य कराए जाने का स्थल निरीक्षण किया। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने बताया कि इस तालाब के चारों तरफ पाथवे, बेंच, लाइटिंग आदि का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद से कहा कि इस चौराहा पर एक हाई माक्स लाइट भी लगाया जाए।

जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी से कहा कि इस तालाब का अच्छी तरह से प्लान बनाकर कार्य कराया जाए। यह तीर्थ क्षेत्र परिक्रमा मार्ग से जुडा हुआ है। यहां पर आने वाले तीर्थ यात्रियों को बैठने एवं ठहरने की अच्छी सुविधा मिले। इस मौके पर उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लाल जी यादव आदि मौजूद रहे।

शुरू हुआ जेई टीकाकरण का अभियान

चित्रकूटः जनपद में 1-15 वर्ष तक के बच्चों को जेई टीकाकरण से आच्छादित किये जाने के लिए टीकाकरण अभियान 22 अगस्त से 20 सितम्बर तक संचालित किया जा रहा है। टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ शहरी पीएचसी कर्वी के अन्तर्गत गुरूवार को जेएम बालिका इण्टर कॉलिज में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने फीता काटकर किया। बदलते मौसम के चलते धूप और बारिश के कारण स्कूलों में बच्चों की तबियत खराब होने से बचाने के उद्देश्य से जेई टीकाकरण अभियान में कुछ निजी स्कूल लापरवाही कर रहे हैं। हालांकि यह बच्चों के स्वास्थ्य से जुडा हुआ मामला है। इसके चलते सरकार द्वारा अभियान शुरू किया गया है। इस सम्बन्ध में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि अभियान के पहले दिन ही पूरे जिले में लगभग 11343 बच्चों का टीकाकरण किया गया है। उन्होंने अपील की है कि टीकाकरण अभियान में सभी विद्यालय सहयोग करें। जिससे बच्चे दिमागी बुखार समेत अन्य बीमारियों से सुरक्षित रहें।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने अभिभावकों, बच्चो एंव विद्यालय स्टाफ को जेई टीकाकरण के बारे में विस्तार से अवगत कराया। साथ ही प्रदेश से दिमागी बुखार नामक बीमारी को

समाप्त करने के लिए प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जो जेई टीकाकरण अभियान जनपद में शुरू किया गया है। इसमें पूरी जागरूकता से अभियान को सफल बनाने के लिए अनुरोध किया गया। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने विद्यालय के बच्चों से अपील की कि सभी बच्चे टीकाकरण अभियान के बारे में अपने घरों के आसपास, मोहल्लों, अपने दोस्तों से प्रचार-प्रसार करे। ताकि दिमागी बुखार से जनपद को मुक्त किया जा सके। इसी क्रम में जनपद की समस्त ब्लॉक चिकित्सा इकाईयों में जेई टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ शासकीय/प्राइवेट स्कूलों में टीकाकरण सत्र संचालित किया गया। कार्यक्रम का संचालन ज्ञान चन्द्र शुक्ला ने किया। इस मौके पर डब्लूएचओ से एसआरटीएल डॉ हामिद, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ जीआर रतमेले, शहरी सीएचसी कर्वी प्रभारी डॉ शिखर अग्रवाल, एसआरटीएल डब्लूएचओ डॉ हामिद, एसएमओ डब्लूएचओ डॉ श्याम जाटव, डीएमसी यूनीसेफ दिलीप द्विवेदी, डीपीएम आरके करवरिया, डीसीपीएम विकास कुशवाहा, जिला एड्स/टीवी समन्वयक ज्ञानचन्द्र शुक्ला, जिला डाटा सहायक आरआई नरोत्तम सिंह, जिला समन्वयक रूपनारायण यादव, प्रभारी फार्मासिस्ट पीएचसी कर्वी गर्व तिवारी, अभिलाष खरे, हरिष्चन्द्र, राहुल रॉव, रतन धुरिया, अभिषेक करवरिया, प्रबन्धक एंव प्रधानाचार्य जेएम बालिका इण्टर कॉलिज जगमोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

पूर्ति निरीक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

चित्रकूटः खाद्य तथा रसद विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की विभिन्न मांगों के प्रति असंवेदनशील रवैये के सम्बन्ध में सिविल सप्लाई स्पेक्टर्स ऑफीसर्स एसोसिएशन लखनऊ के आवाहन पर गुरूवार को आपूर्ति विभाग के अधिकारी एवं पूर्ति निरीक्षकों ने जिला पूर्ति कार्यालय के सामने काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी आशाराम पाल ने बताया कि विभाग की 10 सूत्रीय मांगों पर विगत कई वर्षों से विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है, किन्तु एक भी मांग पर विचार न कर विभाग एवं शासन

हठधर्मिता व अडियल रूख अपनाये हुए है। पूर्ति निरीक्षक दिलीप कुमार, अनुज कुमार पटेल, कृपाशंकर द्विवेदी एवं प्रदीप त्रिपाठी ने बताया कि विभाग में शत प्रतिशत कम्प्यूटराइजेशन होने के बाद कम्प्यूटर ऑपरेटर व डाटा पैक उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। लगभग 15 वर्ष पुराने कम्प्यूटर सिस्टम है। जिसके लिए बजट आवंटित नहीं किया जा रहा है। सरकार जीरो टॉलरेन्स पर कार्य कराना चाहती है। संसाधनों के अभाव में कार्य कराना पड रहा है। संसाधनों के अभाव में समयबद्ध कार्य न होने पर उत्तरदायित्व निर्धारित किया जा रहा है। जिसके सम्बन्ध में सभी पूर्ति निरीक्षकों द्वारा संसाधनों के अभाव में आक्रोश व्यक्त किया गया। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी एवं पूर्ति निरीक्षकों बताया कि यदि सरकार उनकी मांगों को नहीं मानती है तो आगामी 25 अक्टूबर के बाद प्रदेश बंदी की स्थिति भी आ सकती है।

2 अन्तर्जनपदीय मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तार

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना राजापुर पुलिस टीम ने 2 अन्तर्जनपदीय चोरों को चोरी की 2 मोटरसाइकिल, 1 तमंचा व कारतूस तथा 1900 नकदी के साथ गिरफ्तार किया गया। राजापुर प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि बीते बुधवार की रात्रि उप निरीक्षक इमरान खान अपनी टीम के साथ गस्त पर थे। इस दौरान राजापुर से कर्वी को जाने वाली सडक पर फायर स्टेशन के पास 2 मोटरसाइकिलों पर 2 व्यक्तियों को पकडा। जिसमें पहले व्यक्ति ने अपना नाम रंजीत कुमार उर्फ नरबद लोधी निवासी टेवा थाना मन्झनपुर जिला कौशाम्बी व दूसरा व्यक्ति नसीम निवासी भरसवा थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी बताया। आरोपियों के कब्जे से 2 मोटरसाइकिल, एक तमंचा व 2 कारतूस एवं 1900 रुपये बरामद किये गये। आरोपियों ने दोनों मोटरसाइकिल को बीती 16 अगस्त को टेवा चौराहा थाना पश्चिम शरीर कौशाम्बी से चोरी की थी। पहली मोटरसाइकिल मनोज कुमार त्रिपाठी निवासी बडहरी थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी के नाम है। जिसकी चोरी के सम्बन्ध में थाना मंझनपुर में अभियोग पंजीकृत है। आरोपियों ने बताया कि काफी समय पहले यह मोटरसाइकिल इनके द्वारा मन्झनपुर चौराहे से सिराधू रोड से चोरी की थी।

आईजीआरएस के प्रकरणों का समयसीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्ण कराएं निस्तारण - डीएम

चित्रकूटः जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से जनपद के राजस्व विभाग की योजनाओं की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने भूतत्व एवं खनिकर्म, राज्य कर, स्टांप, आबकारी, मंडी, नगर विकास, परिवहन, राजस्व, वन, लोक निर्माण विभाग, उद्योग, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक, कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार, खाद एवं औषधि प्रशासन, खाद्य एवं रसद आदि विभागों की समीक्षा करते हुए सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग गत से इस माह में कम हुई है, उन बिंदुओं पर प्रगति कराई जाए ताकि जनपद की रैंकिंग अच्छी रहे।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों तथा तहसीलदारों से कहा कि राजस्व विभाग के जिन बिंदुओं पर सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग कम है, उसमें प्रगति कर लगातार इसकी समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि जिन परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने में ड्यूटी लगी है, वहां पर सभी व्यवस्थाएं देख लें, अगर कोई समस्या है तो तत्काल उसका निस्तारण कराया जाए। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस के प्रकरणों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए। प्रार्थना पत्रों में जो निस्तारण आख्या लगाई जाए वह स्पष्ट होना चाहिए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर पंकज वर्मा, उप जिलाधिकारी न्यायिक मोहम्मद जसीम, उपयुक्त राज्य कर अवनीश कुमार चौधरी, जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, एआईजी स्टांप श्याम सुंदर यादव, डिप्टी आरएमओ अविनाश चंद्र झा आदि मौजूद रहे।

बांग्लादेश की घटनाओं से भारत के हिन्दुओं में बढ रहा आक्रोश - रामचन्द्र दास

चित्रकूटः बांग्लादेश में हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के मुद्दे को लेकर गुरूवार को हिन्दू रक्षा समिति ने जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। इस दौरान धर्मनगरी के प्रमुख संत, महंतों ने प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन को सौंपा। सदर तहसील में एकत्रित धर्माचार्यों और हिन्दू वादी संगठनों के पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए तुलसीपीठाधीश्वर जगदुरू स्वामी रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी रामचन्द्रदास ने कहा कि भारत के पडोसी देश बांग्लादेश में हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यकों व उनके पवित्र पूजा स्थलों पर लगातार हमले हो रहे हैं। उत्पीडन, शोषण व मानवीय अत्याचारों से समस्त बांग्लादेशी हिन्दू व अन्य अल्पसंख्यक पीडित हैं। बांग्लादेश में आराजकता तथा निष्प्रभावी कानून व्यवस्था के कारण जातिवादी जिहादी तत्वों द्वारा बडे पैमाने पर हिन्दुओं का आर्थिक व शारीरिक शोषण किया जा रहा है। हिन्दुओं को लक्ष्य मानकर उनके धार्मिक तथा व्यवसायिक स्थलों पर लूट व तोड़ फोड़ की जा रही है। गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने कहा कि ऐसी घटनाएं बांग्लादेश में अक्सर होती रहती थी, किन्तु इस समय ध्वस्त सरकारी व्यवस्था के चलते ऐसी घटनाओं ने विभत्स रूप ले लिया है। कट्टरपंथी जिहादियों द्वारा महिलाओं, बालिकाओं और छोटे बच्चों पर हो रहे अत्याचार से सम्पूर्ण भारतवर्ष का हिन्दू आक्रोशित है। हिन्दू रक्षा समिति तथा अन्य हिन्दू संगठन बांग्लादेश में हो रहे इन अमानवीय अत्याचारों से पीड़ित हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यक परिवारों के व्यवसायिक व धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व संरक्षण की मांग करती है। इस दौरान देश के प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन को सौंपा गया। इस मौके पर भरत मंदिर के महंत दिव्य जीवन दास, संत मदन गोपाल, मत्यगजेन्द्र नाथ मन्दिर के पुजारी प्रदीप त्रिपाठी, निर्मोही अखाडा के मुन्ना शास्त्री, राजेन्द्र त्रिवेदी, शैलेन्द्र सिंह भदौरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, पूर्व सांसद भैरो

फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 30 महोदय प्रतापगढ़
मु0नं0 1759/99
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन तजीमुल निशा बनाम मो0 जमा आदि
बनाम
1/1 मुराद अली उम्र 52 साल 1/2 मो0 मुस्तकीम उम्र 50 साल 1/3 इन्तेजार अहमद उम्र 48 साल सुतगण मो0 जमा 1/4 मदीना बानाम उम्र 47 साल पुत्री मो0 जमा समस्त निवासीगण ग्राम तौकलपुर परगना पट्टी वर्तमान तहसील रानीगंज जिला प्रतापगढ़ 4/2/1 वाहिद अली उम्र 42 साल 4/2/2 आरिफ अली उम्र 36 साल 4/2/3 सामुद अली उम्र 32 साल 4/2/4 सरवर अली उम्र 30 साल 4/2/5 महताब अली उम्र 25 साल 4/2/6 नदीम अली उम्र 20 साल सुतगण शौकत अली 4/2/7 परवीन बानो आयु 34 साल 4/2/8 सहरीन बानो उम्र 28 साल 4/2/9 पुष्पुन निशा उम्र 38 साल पुत्रीगण शौकत अली 4/4/1 मो0 जावेद उम्र 32 साल 4/4/2 मो0 हसीन उम्र 27 साल 4/4/3 मो0 शमीम उम्र 24 साल 4/4/4 मो0 गुफरान उम्र 22 साल 4/4/5 मो0 परवेज उम्र 20 साल पुत्रगण फुल्लन 4/4/6 शहनाज उम्र 32 साल 4/4/7 रानी उम्र 20 साल 4/4/8 शहजादी उम्र 18 साल पुत्रीगण फुल्लन समस्त निवासीगण ग्राम नरसिंहगढ़ पर0 पट्टी तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 28.08.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवारा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 28.08.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन–पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 16 महोदय प्रतापगढ़
प्रकीर्ण वाद सं0 144/23
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन सगीर आदि
बनाम जफरूल हसन आदि
बनाम
जफरूल हसन उम्र लगभग 60 साल सुत वहाजुद्दीन मृतक दौरान मुकदमा परिवादी 1/1 मु0 जैनब वर्तमान उम्र लगभग 40 साल विधवा जफरूल हसन 1/2 खुशनूद वर्तमान उम्र लगभग 29 साल 1/3 रजा हसनैन वर्तमान उम्र लगभग 27 साल सुतगण जफरूल हसन 1/4 कु0 गुड़िया वर्तमान उम्र लगभग 24 साल 1/5 कु0 सीफा वर्तमान उम्र लगभग 22 साल पुत्रीगण जफरूल हसन निवासीगण ग्राम मेढ़ौली कला, पर0 व तह0 पट्टी जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 06.09.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवारा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 06.09.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन–पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कोर्ट नं0 16 महोदय प्रतापगढ़
म0मु0 150/2019
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन राजाराम आदि
बनाम अशोक कुमार आदि
बनाम
1. अशोक कुमार 2. रामानन्द 3. भारत 4. सुखेदव सुतगण बच्चूलाल नि0ग्रा0 सडंवाचन्द्रिका प0 व त0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 05.11.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवारा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 05.11.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन–पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
मु0नं0 617/2024
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन श्रीमती शिव कुमारी बनाम तारकेश्वर आदि
बनाम
1. तारकेश्वर उम्र लगभग 63 वर्ष सुत राम यज्ञ मिश्र 3. श्रीमती कमला देवी उम्र लगीाग 90 वर्ष पत्नी स्व0 रामयज्ञ मिश्र 4. राकेश मिश्र उम्र लगभग 42 वर्ष 5. मुकेश मिश्र उम्र लगभग 39 वर्ष 6. महेश मिश्र उम्र लगभग 35 वर्ष सुतगण नर्वदेश्वर मिश्र निवासीगण ग्राम भवसरनपुर पर0 तह0 पट्टी जनपद प्रता. पगढ़
तारीख पेशी 14.10.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवारा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 14.10.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन–पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय महोदय प्रतापगढ़
याचिका सं0 320/2024
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन अमित कुमार बनाम श्रीमती कामिनी सोनी
बनाम
श्रीमती कामिनी सोनी आयु करीब 22 वर्ष पत्नी अमित कुमार सोनी पुत्री शीतला प्रसाद सोनी निवासी अजीत नगर (पड़ाव वार्ड) तहसील सदर थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़
अं0धारा 13 हि0वि0अधि0
तारीख पेशी 23.08.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवारा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 23.08.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन–पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 16 महोदय प्रतापगढ़
म0मु0 246/2020
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन भारत बनाम जयनाथ आदि
बनाम
1. जयनाथ सुत श्रीपति 2. अशोक कुमार सुत श्रीपति 3. मनोज कुमार 4. प्रमोद कुमार सुतगण जयनाथ समस्त नि0 ग्राम सोनबरसा प0 व त0 पट्टी प्रतापगढ़
तारीख पेशी 26.11.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवारा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 26.11.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन–पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

कार्यालय नगर पंचायत चरवा, जनपद-कौशाम्बी

पत्रांक : 210/न0पं0चरवा/कौशा0/2024–25 दिनांक 22.08.2024

ई–निविदा सूचना

समस्त इच्छुक ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत शासनादेश संख्या–23/284 मु0मं0न0सृ0यो0/9–2–2024/ई0–1822758 नगर विकास अनुभाग–2 लखनऊ दिनांक 31 जुलाई, 2024 के माध्यम से नगर पंचायत चरवा को प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यो हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in से डाउनलोड कर अथवा नगर पंचायत चरवा कार्यालय से सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

निविदा पेपर में प्रकाशित होने की तिथि	23.08.2024	
ऑनलाईन निविदा प्रकाशित होने की तिथि	24.08.2024	12.00 बजे अपराहन से
निविदा डाउनलोड व अपलोड की तिथि	24.08.2024 अपरान्ह 12.00 बजे से 13.09.2024 समय 12.00 बजे अपरान्ह तक	
निविदा खुलने की तिथि	13.09.2024	02.00 बजे अपरान्ह

1. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
2. अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साइट http//etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत चरवा
कौशाम्बी

अध्यक्ष
नगर पंचायत चरवा
कौशाम्बी

आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मो. असपाक पुत्र मो. हमीद ग्राम रघईपुर पोस्ट रतापुर भादर जिला अमेठी का निवासी हूं। मेरी जीवन बीमा पॉलिसी संख्या 313486137 में मेरा नाम मो. नसरत पुत्र मो. हमीद दर्ज है, जो गलत है। मेरा सही व वास्तविक नाम मो. असपाक पुत्र मो. हमीद है। अब मुझे इसी नाम और पते से जाना व समझा जाए।

प्रार्थी
मो. असपाक
पुत्र मो. हमीद
ग्राम रघईपुर,
पोस्ट रतापुर भादर
जिला अमेठी 227406

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

जिलाधिकारी ने पर्यटन विकास के कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

चित्रकूट। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने गुरूवार को पर्यटन विकास के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। राम वाटिका के निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने बताया कि इस पार्क में बाउंड्री वॉल म्यूरल्स, साउंड सिस्टम, बेंचेज, पाथवे फाउंटेन, लैंड स्कैपिंग, गार्डन का निर्माण कराया जाना, जिसमें बाउंड्री वाल का कार्य चल रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि पुरातत्व विभाग से निर्माण कार्य के लिए जो एनओसी लेना है, उसके लिए ऑनलाइन आवेदन करें। साथ ही गणेश बाग के सौंदर्यीकरण का भी प्रस्ताव बना कर शासन को भेजा जाए। तीर्थ विकास परिषद कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कॉन्फ्रेंस हॉल सहित कक्षों का निरीक्षण किया जाए। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने बताया कि पहले यह म्यूजियम बनाया गया था बाद में तीर्थ विकास परिषद का कार्यालय बनाया गया है। इसी कार्यालय के सामने तीर्थ विकास

परिषद कार्यालय निर्माण के लिए भूमि चिन्हित हो गई है। निर्माण कार्य के लिए टेंडर भी कराया गया है, जिसमें कार्यालय व आवासीय भवनों का निर्माण कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने कोठी तालाब में जो पर्यटन विकास के कार्य कराए जाने हैं, उसका निरीक्षण किया। जिसमें क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने बताया कि बेंचेज, साइनेज, लाइटिंग, लैंड स्क्रैपिंग, रिटेनिंग वॉल, पाथवे, पार्किंग आदि का निर्माण कराया जाना है, जिसका टेंडर हो गया है। जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि रिटेनिंग वॉल जो बनाई जाए, उसमें ग्रिल का भी प्रस्ताव किया जाए। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी से कहा कि पुरातत्व विभाग से एनओसी के लिए आवेदन करें। अटल पार्क के निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को निर्देश दिए कि इसकी साफ सफाई अच्छी तरह से कराया जाए तथा इस पार्क को और डेवलप किया जाए।

जिलाधिकारी ने बेडी पुलिया में गेट निर्माण एवं चौराहे के सौन्दर्यीकरण के कार्य निरीक्षण किया। जिसमें क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने बताया की बेडी पुलिया में गेट निर्माण का कार्य चल रहा है। साइड में दोनों तरफ पाथवे का निर्माण कराया जाएगा। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि पाथवे के निर्माण पर ग्रिल भी लगाई जाए। साथ ही बेडी पुलिया से रामघाट तक बीच के पाथवे में ग्रिल लगाने का भी प्रस्ताव बनाया जाए। जिलाधिकारी ने यात्री सुविधा स्थल चितरा गोकुलपुर के निर्माण कार्य को देखा, जिसमें क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने बताया कि इसका निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। इस पर जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी से कहा कि तीर्थ विकास परिषद को हैंडओवर कराए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने तीर्थ क्षेत्र खोही तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य कराए जाने का स्थल निरीक्षण किया। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने बताया कि इस तालाब के चारों तरफ पाथवे, बेंच, लाइटिंग आदि का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद से कहा कि इस चौराहा पर एक हाई माक्स लाइट भी लगाया जाए।

जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी से कहा कि इस तालाब का अच्छी तरह से प्लान बनाकर कार्य कराया जाए। यह तीर्थ क्षेत्र परिक्रमा मार्ग से जुडा हुआ है। यहां पर आने वाले तीर्थ यात्रियों को बैठने एवं ठहरने की अच्छी सुविधा मिले। इस मौके पर उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लाल जी यादव आदि मौजूद रहे।

शुरू हुआ जेई टीकाकरण का अभियान

चित्रकूटः जनपद में 1-15 वर्ष तक के बच्चों को जेई टीकाकरण से आच्छादित किये जाने के लिए टीकाकरण अभियान 22 अगस्त से 20 सितम्बर तक संचालित किया जा रहा है। टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ शहरी पीएचसी कर्वी के अन्तर्गत गुरूवार को जेएम बालिका इण्टर कॉलिज में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने फीता काटकर किया। बदलते मौसम के चलते धूप और बारिश के कारण स्कूलों में बच्चों की तबियत खराब होने से बचाने के उद्देश्य से जेई टीकाकरण अभियान में कुछ निजी स्कूल लापरवाही कर रहे हैं। हालांकि यह बच्चों के स्वास्थ्य से जुडा हुआ मामला है। इसके चलते सरकार द्वारा अभियान शुरू किया गया है। इस सम्बन्ध में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि अभियान के पहले दिन ही पूरे जिले में लगभग 11343 बच्चों का टीकाकरण किया गया है। उन्होंने अपील की है कि टीकाकरण अभियान में सभी विद्यालय सहयोग करें। जिससे बच्चे दिमागी बुखार समेत अन्य बीमारियों से सुरक्षित रहें।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने अभिभावकों, बच्चो एंव विद्यालय स्टाफ को जेई टीकाकरण के बारे में विस्तार से अवगत कराया। साथ ही प्रदेश से दिमागी बुखार नामक बीमारी को

समाप्त करने के लिए प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जो जेई टीकाकरण अभियान जनपद में शुरू किया गया है। इसमें पूरी जागरूकता से अभियान को सफल बनाने के लिए अनुरोध किया गया। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने विद्यालय के बच्चों से अपील की कि सभी बच्चे टीकाकरण अभियान के बारे में अपने घरों के आसपास, मोहल्लों, अपने दोस्तों से प्रचार-प्रसार करे। ताकि दिमागी बुखार से जनपद को मुक्त किया जा सके। इसी क्रम में जनपद की समस्त ब्लॉक चिकित्सा इकाईयों में जेई टीकाकरण अभियान का शुभारम्भ शासकीय/प्राइवेट स्कूलों में टीकाकरण सत्र संचालित किया गया। कार्यक्रम का संचालन ज्ञान चन्द्र शुक्ला ने किया। इस मौके पर डब्लूएचओ से एसआरटीएल डॉ हामिद, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ जीआर रतमेले, शहरी सीएचसी कर्वी प्रभारी डॉ शिखर अग्रवाल, एसआरटीएल डब्लूएचओ डॉ हामिद, एसएमओ डब्लूएचओ डॉ श्याम जाटव, डीएमसी यूनीसेफ दिलीप द्विवेदी, डीपीएम आरके करवरिया, डीसीपीएम विकास कुशवाहा, जिला एड्स/टीवी समन्वयक ज्ञानचन्द्र शुक्ला, जिला डाटा सहायक आरआई नरोत्तम सिंह, जिला समन्वयक रूपनारायण यादव, प्रभारी फार्मासिस्ट पीएचसी कर्वी गर्व तिवारी, अभिलाष खरे, हरिष्चन्द्र, राहुल रॉव, रतन धुरिया, अभिषेक करवरिया, प्रबन्धक एंव प्रधानाचार्य जेएम बालिका इण्टर कॉलिज जगमोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

पूर्ति निरीक्षकों ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

चित्रकूटः खाद्य तथा रसद विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की विभिन्न मांगों के प्रति असंवेदनशील रवैये के सम्बन्ध में सिविल सप्लाई स्पेक्टर्स ऑफीसर्स एसोसिएशन लखनऊ के आवाहन पर गुरूवार को आपूर्ति विभाग के अधिकारी एवं पूर्ति निरीक्षकों ने जिला पूर्ति कार्यालय के सामने काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी आशाराम पाल ने बताया कि विभाग की 10 सूत्रीय मांगों पर विगत कई वर्षों से विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है, किन्तु एक भी मांग पर विचार न कर विभाग एवं शासन

हठधर्मिता व अडियल रूख अपनाये हुए है। पूर्ति निरीक्षक दिलीप कुमार, अनुज कुमार पटेल, कृपाशंकर द्विवेदी एवं प्रदीप त्रिपाठी ने बताया कि विभाग में शत प्रतिशत कम्प्यूटराइजेशन होने के बाद कम्प्यूटर ऑपरेटर व डाटा पैक उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। लगभग 15 वर्ष पुराने कम्प्यूटर सिस्टम है। जिसके लिए बजट आवंटित नहीं किया जा रहा है। सरकार जीरो टॉलरेन्स पर कार्य कराना चाहती है। संसाधनों के अभाव में कार्य कराना पड रहा है। संसाधनों के अभाव में समयबद्ध कार्य न होने पर उत्तरदायित्व निर्धारित किया जा रहा है। जिसके सम्बन्ध में सभी पूर्ति निरीक्षकों द्वारा संसाधनों के अभाव में आक्रोश व्यक्त किया गया। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी एवं पूर्ति निरीक्षकों बताया कि यदि सरकार उनकी मांगों को नहीं मानती है तो आगामी 25 अक्टूबर के बाद प्रदेश बंदी की स्थिति भी आ सकती है।

फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 30 महोदय प्रतापगढ़
मु0नं0 1759/99
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन तजीमुल निशा बनाम मो0 जमा आदि
बनाम
1/1 मुराद अली उम्र 52 साल 1/2 मो0 मुस्तकीम उम्र 50 साल 1/3 इन्तेजार अहमद उम्र 48 साल सुतगण मो0 जमा 1/4 मदीना बानाम उम्र 47 साल पुत्री मो0 जमा समस्त निवासीगण ग्राम तौकलपुर परगना पट्टी वर्तमान तहसील रानीगंज जिला प्रतापगढ़ 4/2/1 वाहिद अली उम्र 42 साल 4/2/2 आरिफ अली उम्र 36 साल 4/2/3 सामुद अली उम्र 32 साल 4/2/4 सरवर अली उम्र 30 साल 4/2/5 महताब अली उम्र 25 साल 4/2/6 नदीम अली उम्र 20 साल सुतगण शौकत अली 4/2/7 परवीन बानो आयु 34 साल 4/2/8 सहरीन बानो उम्र 28 साल 4/2/9 पुष्पुन निशा उम्र 38 साल पुत्रीगण शौकत अली 4/4/1 मो0 जावेद उम्र 32 साल 4/4/2 मो0 हसीन उम्र 27 साल 4/4/3 मो0 शमीम उम्र 24 साल 4/4/4 मो0 गुफरान उम्र 22 साल 4/4/5 मो0 परवेज उम्र 20 साल पुत्रगण फुल्लन 4/4/6 शहनाज उम्र 32 साल 4/4/7 रानी उम्र 20 साल 4/4/8 शहजादी उम्र 18 साल पुत्रीगण फुल्लन समस्त निवासीगण ग्राम नरसिंहगढ़ पर0 पट्टी तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 28.08.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवारा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 28.08.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन–पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 16 महोदय प्रतापगढ़
प्रकीर्ण वाद सं0 144/23
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन सगीर आदि बनाम जफरूल हसन आदि
बनाम
जफरूल हसन उम्र लगभग 60 साल सुत वहाजुद्दीन मृतक दौरान मुकदमा परिवादी 1/1 मु0 जैनब वर्तमान उम्र लगभग 40 साल विधवा जफरूल हसन 1/2 खुशनूद वर्तमान उम्र लगभग 29 साल 1/3 रजा हसनैन वर्तमान उम्र लगभग 27 साल सुतगण जफरूल हसन 1/4 कु0 गुड़िया वर्तमान उम्र लगभग 24 साल 1/5 कु0 सीफा वर्तमान उम्र लगभग 22 साल पुत्रीगण जफरूल हसन निवासीगण ग्राम मेढ़ौली कला, पर0 व तह0 पट्टी जनपद प्रतापगढ़
तारीख पेशी 06.09.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवारा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 06.09.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन–पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

2 अन्तर्जनपदीय मोटरसाइकिल चोर गिरफ्तार

चित्रकूटः पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना राजापुर पुलिस टीम ने 2 अन्तर्जनपदीय चोरों को चोरी की 2 मोटरसाइकिल, 1 तमंचा व कारतूस तथा 1900 नकदी के साथ गिरफ्तार किया गया। राजापुर प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि बीते बुधवार की रात्रि उप निरीक्षक इमरान खान अपनी टीम के साथ गस्त पर थे। इस दौरान राजापुर से कर्वी को जाने वाली सडक पर फायर स्टेशन के पास 2 मोटरसाइकिलों पर 2 व्यक्तियों को पकडा। जिसमें पहले व्यक्ति ने अपना नाम रंजीत कुमार उर्फ नरबद लोधी निवासी टेवा थाना मन्झनपुर जिला कौशाम्बी व दूसरा व्यक्ति नसीम निवासी भरसवा थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी बताया। आरोपियों के कब्जे से 2 मोटरसाइकिल, एक तमंचा व 2 कारतूस एवं 1900 रुपये बरामद किये गये। आरोपियों ने दोनों मोटरसाइकिल को बीती 16 अगस्त को टेवा चौराहा थाना पश्चिम शरीर कौशाम्बी से चोरी की थी। पहली मोटरसाइकिल मनोज कुमार त्रिपाठी निवासी बडहरी थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी के नाम है। जिसकी चोरी के सम्बन्ध में थाना मंझनपुर में अभियोग पंजीकृत है। आरोपियों ने बताया कि काफी समय पहले यह मोटरसाइकिल इनके द्वारा मन्झनपुर चौराहे से सिराधू रोड से चोरी की थी।

फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
मु0नं0 617/2024
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन श्रीमती शिव कुमारी बनाम तारकेश्वर आदि
बनाम
1. तारकेश्वर उम्र लगभग 63 वर्ष सुत राम यज्ञ मिश्र 3. श्रीमती कमला देवी उम्र लगीाग 90 वर्ष पत्नी स्व0 रामयज्ञ मिश्र 4. राकेश मिश्र उम्र लगभग 42 वर्ष 5. मुकेश मिश्र उम्र लगभग 39 वर्ष 6. महेश मिश्र उम्र लगभग 35 वर्ष सुतगण नर्वदेश्वर मिश्र निवासीगण ग्राम भवसरनपुर पर0 तह0 पट्टी जनपद प्रता. पगढ़
तारीख पेशी 14.10.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवारा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 14.10.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन–पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय महोदय प्रतापगढ़
याचिका सं0 320/2024
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन अमित कुमार बनाम श्रीमती कामिनी सोनी
बनाम
श्रीमती कामिनी सोनी आयु करीब 22 वर्ष पत्नी अमित कुमार सोनी पुत्री शीतला प्रसाद सोनी निवासी अजीत नगर (पड़ाव वार्ड) तहसील सदर थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़
अं0धारा 13 हि0वि0अधि0
तारीख पेशी 23.08.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवारा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 23.08.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन–पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

आईजीआरएस के प्रकरणों का समयसीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्ण कराएं निस्तारण - डीएम

चित्रकूटः जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से जनपद के राजस्व विभाग की योजनाओं की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने भूतत्व एवं खनिकर्म, राज्य कर, स्टांप, आबकारी, मंडी, नगर विकास, परिवहन, राजस्व, वन, लोक निर्माण विभाग, उद्योग, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक, कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार, खाद एवं औषधि प्रशासन, खाद्य एवं रसद आदि विभागों की समीक्षा करते हुए सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग गत से इस माह में कम हुई है, उन बिंदुओं पर प्रगति कराई जाए ताकि जनपद की रैंकिंग अच्छी रहे।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों तथा तहसीलदारों से कहा कि राजस्व विभाग के जिन बिंदुओं पर सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग कम है, उसमें प्रगति कर लगातार इसकी समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि जिन परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने में ड्यूटी लगी है, वहां पर सभी व्यवस्थाएं देख लें, अगर कोई समस्या है तो तत्काल उसका निस्तारण कराया जाए। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस के प्रकरणों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए। प्रार्थना पत्रों में जो निस्तारण आख्या लगाई जाए वह स्पष्ट होना चाहिए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर पंकज वर्मा, उप जिलाधिकारी न्यायिक मोहम्मद जसीम, उपयुक्त राज्य कर अवनीश कुमार चौधरी, जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, एआईजी स्टांप श्याम सुंदर यादव, डिप्टी आरएमओ अविनाश चंद्र झा आदि मौजूद रहे।

फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 16 महोदय प्रतापगढ़
म0मु0 246/2020
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन भारत बनाम जयनाथ आदि
बनाम
1. जयनाथ सुत श्रीपति 2. अशोक कुमार सुत श्रीपति 3. मनोज कुमार 4. प्रमोद कुमार सुतगण जयनाथ समस्त नि0 ग्राम सोनबरसा प0 व त0 पट्टी प्रतापगढ़
तारीख पेशी 26.11.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवारा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 26.11.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन–पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

बांग्लादेश की घटनाओं से भारत के हिन्दुओं में बढ रहा आक्रोश - रामचन्द्र दास

चित्रकूटः बांग्लादेश में हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के मुद्दे को लेकर गुरूवार को हिन्दू रक्षा समिति ने जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। इस दौरान धर्मनगरी के प्रमुख संत, महंतों ने प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन को सौंपा। सदर तहसील में एकत्रित धर्माचार्यों और हिन्दू वादी संगठनों के पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए तुलसीपीठाधीश्वर जगदुरू स्वामी रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी रामचन्द्रदास ने कहा कि भारत के पडोसी देश बांग्लादेश में हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यकों व उनके पवित्र पूजा स्थलों पर लगातार हमले हो रहे हैं। उत्पीडन, शोषण व मानवीय अत्याचारों से समस्त बांग्लादेशी हिन्दू व अन्य अल्पसंख्यक पीडित हैं। बांग्लादेश में आराजकता तथा निष्प्रभावी कानून व्यवस्था के कारण जातिवादी जिहादी तत्वों द्वारा बडे पैमाने पर हिन्दुओं का आर्थिक व शारीरिक शोषण किया जा रहा है। हिन्दुओं को लक्ष्य मानकर उनके धार्मिक तथा व्यवसायिक स्थलों पर लूट व तोड़ फेड़ की जा रही है। गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने कहा कि ऐसी घटनाएं बांग्लादेश में अक्सर होती रहती थी, किन्तु इस समय ध्वस्त सरकारी व्यवस्था के चलते ऐसी

घटनाओं ने विभत्स रूप ले लिया है। कट्टरपंथी जिहादियों द्वारा महिलाओं, बालिकाओं और छोटे बच्चों पर हो रहे अत्याचार से सम्पूर्ण भारतवर्ष का हिन्दू आक्रोशित है। हिन्दू रक्षा समिति तथा अन्य हिन्दू संगठन बांग्लादेश में हो रहे इन अमानवीय अत्याचारों से पीड़ित हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यक परिवारों के व्यवसायिक व धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व संरक्षण की मांग करती है। इस दौरान देश के प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन को सौंपा गया। इस मौके पर भरत मंदिर के महंत दिव्य जीवन दास, संत मदन गोपाल, मत्यगजेन्द्र नाथ मन्दिर के पुजारी प्रदीप त्रिपाठी, निर्मोही अखाडा के मुन्ना शास्त्री, राजेन्द्र त्रिवेदी, शैलेन्द्र सिंह भदौरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा, शिवेन्द्र प्रताप सिंह, अतुल प्रताप, लोकेन्द्र, सतीष पाण्डेय, श्याम सिंह, कमलाकान्त, संगीता करवरिया, सकुंतला, सूरज परिहार, अभय, अर्चना, माया, आशीष सिंह, अंकित, नीतेश, रवि

आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मो. असपाक पुत्र मो. हमीद ग्राम रघईपुर पोस्ट रतापुर भादर जिला अमेठी का निवासी हूं। मेरी जीवन बीमा पॉलिसी संख्या 313486137 में मेरा नाम मो. नसरत पुत्र मो. हमीद दर्ज है, जो गलत है। मेरा सही व वास्तविक नाम मो. असपाक पुत्र मो. हमीद है। अब मुझे इसी नाम और पते से जाना व समझा जाए।
प्रार्थी
मो. असपाक
पुत्र मो. हमीद
ग्राम रघईपुर,
पोस्ट रतापुर भादर
जिला अमेठी 227406

कार्यालय नगर पंचायत चरवा, जनपद-कौशाम्बी

पत्रांक : 210/नपंचरवा/कौशा0/2024–25 दिनांक 22.08.2024

ई–निविदा सूचना

समस्त इच्छुक ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में मुख्यमंत्री नगर सुधार गोजना-तर्गत शास-ादेश संख्या–23/284 मु0म0-10सु0गो0/9–2–2024/ई0–1822758 नगर विकास अनुभाग–2 लखनऊ दिनांक 31 जुलाई, 2024 के माध्यम से नगर पंचायत चरवा को प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों हेतु ई–निविदा आमन्त्रित की जाती है। ई–निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in से डाउनलोड कर अथवा नगर पंचायत चरवा कार्यालय से सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

निविदा पेपर में प्रकाशित होने की तिथि	23.08.2024	
ऑनलाईन निविदा प्रकाशित होने की तिथि	24.08.2024	12.00 बजे अपराह्न से
निविदा डाउनलोड व अपलोड की तिथि	24.08.2024 अपराह्न 12.00 बजे से 13.09.2024 समय 12.00 बजे अपराह्न तक	
निविदा खुलने की तिथि	13.09.2024	02.00 बजे अपराह्न

1. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज 9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
2. अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत चरवा
कौशाम्बी

अध्यक्ष
नगर पंचायत चरवा
कौशाम्बी

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित
सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

सत्ता संरक्षित भूमाफियाओं के इशारे पर किया जा रहा परेशान- अमर नाथ मौर्य

मेरी निजी भूमि की बाउंड्री वाल नगर निगम ने गिराया, उल्टे मुझ पर ही मुकदमा कायम किया जा रहा

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के नेता, फूलपुर लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी अमरनाथ सिंह मौर्य ने आज पत्रकार वार्ता कर सत्ता संरक्षित भूमाफियाओ, नगर निगम के अधिकारियों की मिलीभगत से उन्हें परेशान किये जाने का आरोप लगाया। श्री मौर्य ने कहा कि शहर के हरवरा मोहल्ले में आराजी संख्या 154, 155 में कुल 150 वर्ग गज मेरी निजी भूमि है। उस बहुत पहले से ही लगभग 2-3फिट की बाउंड्री वाल बनी थी जिसे विगत 20अगस्त को नगर निगम के अधिकारियों एवं सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी में तोड़ दिया गया और ईंट भी उठा ले गये। उस दिन मै फूलपुर विधानसभा क्षेत्र में एक कार्यक्रम में मौजूद था। बाउंडी वाल गिरने की जानकारी मेरे घर वालों द्वारा फोन पर दी गई। सूचना पाते ही इस बात की शिकायत मैंने तत्काल प्रशासनिक अधिकारियों, एस डी एम सदर थानाध्यक्ष धूमनगंज आदि को फोन पर दिया। जब तक मै अपने प्लाट पर पहुंचा तब तक मेरी बाउंड्री वाल गिराई जा चुकी थी और ईंट भी गायब

थी। उन्होंने कहा कि मै वहां मौजूद सुरक्षा कर्मियों से पूंछा कि ईंट कौन कहाँ ले गए तो उन्होंने जिधर इशारा किया मै उसी तरफ भागा यह पूंछने के लिये आखिर मेरी बाउंड्री क्यों गिराई गई मेरी ईंट कहाँ गई लेकिन वहां बुलडोजर खड़ा मिला। मेरे हाथ में सुरक्षा वश मेरी लाइसेंसी राइफल थी उसे अपनी गाड़ी में रखकर बुलडोजर के सामने मैं धरने पर बैठ गया। मौके पर आये थाना धूमनगंज मुझे थाने बुला लाये और यह कहाँ कि चलिए वही नगर निगम के अधिकारियों को बुलाते हैं। थोड़ी देर बाद थाने पर स्थानीय नायब तहसीलदार एवं नगर निगम के अभियंता आये जिन्हें मैंने अपने जमीन के कागजात दिखाए तो उन लोंगो ने कहाँ गलती हो गई है आपका ईंट वापस कर दिया जायेगा। श्री मौर्य ने कहा कि मै घर वापस आ आगया तो पता चला कि थाने पर अनुज सिंह जो अपने आप को किसान यूनियन का नेता बताते है, तारा चंद्र गुप्ता, विनोद कुमार कुशवाहा आदि प्रदर्शन कर रहे हैं। जब मैं अपनी जमीन बचाने के लिए दौड़ा तो उसी समय इन लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया मौके पर मुझसे न किसी व्यक्ति से कहासुनी हुई और ना मैंने किसी को डराया धमकाया और ना ही सरकारी काम में बाधा डाला जब नगर निगम द्वारा अपनी गलती मानकर मेरा ईंट वापस कर दिया गया तो मैंने सरकारी काम में कहा बाधा डाला। उक्त समस्त कार्रवाई कुछ माफियाओं और नगर निगम के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की मिलीभगत से सत्ता के इशारे पर की जा रही है। चूँकि में समाजवादी पार्टी का नेता हूँ लोकसभा का चुनाव लड़ चुका हूँ यह सब मेरी छवि खराब करने के लिये कोशिश की जा रही है।

पत्रकार वार्ता के दौरान एमएलसी डॉ मानसिंह यादव, जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेख़ार हुसैन, रविन्द्र यादव , मीडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर सहित पार्टी के कई नेतागण मौजूद रहे।

सपा नेता अमरनाथ की रायफल का लाइसेंस होगा निरस्त!

पुलिस कार्रवाई करने में जुटी

प्रयागराज। फूलपुर लोकसभा सीट के प्रत्याशी रहे सपा नेता अमरनाथ मौर्या की रायफल का लाइसेंस निरस्त होगा। धूमनगंज थाने में मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने इस दिशा में कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया गया है कि अमरनाथ मूलरूप से कौशांबी के रहने वाले हैं और वहीं के पते पर उन्होंने रायफल का लाइसेंस लिया है।

ऐसे में सभी तथ्यों और साक्ष्यों को संकलित करते हुए लाइसेंस को निरस्त कराने की कार्रवाई की जाएगी। अमरनाथ पर नगर निगम के कर्मचारियों को रायफल लेकर दौड़ाने का आरोप है। इस घटना को वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर खूब प्रसारित हो रहा है।

महाकुंभ को प्लास्टिक मुक्त करने की शिवसेना की पहल

शिवसेना प्रदेश सचिव ने उपेक्षित मुसहर समाज के उत्थान व रोजगार की बड़ी पहल

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। शिवसेना के प्रदेश सचिव एवं क्षेत्र के जेवनियाँ की पूर्व प्रधान श्रीमती रुचि अभिषेक तिवारी ने गुरुवार को मेला प्रबंधक विवेक शुक्ल के साथ मिलकर महाकुंभ मेले को प्लास्टिक मुक्त करने का संकल्प लिया है। शहर के मुठ्ठीगंज ओम नमः शिवाय आश्रम में जेवनियाँ के मुसहर परिवारों को सम्मानित कर उनके रोजगार व उत्थान के लिए एक अनूठी पहल की है।संगम की रेती पर लगने वाले विश्व प्रसिद्ध महाकुंभ मेले में मेला प्रबंधन टीम लीक से हटकर कुछ अलग करना चाहती है।

शिवसेना की प्रदेश सचिव रुचि तिवारी के प्रस्ताव पर देश की लोक परम्पराओं को संजोने व ग्रामीण क्षेत्र की कई जातियों के परम्परा गत पेशे को बढ़ावा देने के लिए मुसहर, कुम्हार, नाई एवं अन्य जो दोना पत्तल, कुल्हड़, कटोरा बना कर अपने जीवन यापन करते है, उन्हे गुरुवार को ॐ नमः शिवाय महाराज जी के आश्रम गऊघाट में, मेलाधिकारी कुम्भ प्रयागराज के नेतृत्व में सम्मानित करा कर उन्हें मेले से जोड़ने पर चर्चा की गई।

जेवनियाँ प्रधान के रूप में श्रीमती रुचि तिवारी ने मुसहर, बनटंगिया, नाई, कुम्हार जैसे लोगों को जो परम्परागत पेशे से जुड़कर जीवन बसर करते रहे हैं,उनके पेशे और उत्पाद के जरिए मेले को प्रदूषण मुक्त करने के साथ उनके लिए रोजगार की जमीन तैयार की जा रही है। उन्होने इनके सामाजिक उत्थान, रोजगार एवं सम्मान हेतु प्रयास जो मुहिम शुरू की थी वह महाकुंभ के जरिए आगे बढ़ाना चाहती हैं। उन्होने पँचायत में मुसहर बस्ती के लोगों के लिए आवास, बिजली, पानी और सड़क के जरिये उन्हें जीवन की मुख्यधारा से जोड़ने का अभूतपूर्व प्रयास किया था। उनके इस प्रयास को तत्कालीन मुख्य विकास अधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी ने खूब सराहा था। जेवनियाँ मुशहर बस्ती को मॉडल के रूप में पेश किया गया था। अब महाकुंभ में दोना पत्तल तैयार कराकर रोजगार के द्वारा आर्थिक उन्नति का प्रयास किया जा रहा है।

मेला प्राधिकारी द्वारा रुचि अभिषेक तिवारी के प्लास्टिक मुक्त महाकुंभ की मांग स्वीकार करते हुए यह घोषणा की गई है। मुसहर, कुम्हार एवम् इस कारोबार से जुड़े साथियों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिल सके। कार्यक्रम में ओम नमः शिवाय आश्रम के महाराज जी, महामण्डलेश्वर किन्नर अखाड़ा कौशल्या नंद गिरी उर्फ टीना माँ ,अपर मेला अधिकारी कुम्भ दयानन्द प्रसाद, मेला प्रबंधक विवेक शुक्ला, उप जिलाधिकारी मेला अभिनव पाठक, शिवसेना के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

यमुनापार विशाल सांस्कृतिक गणपति महोत्सव समिति की बैठक संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो

नैनी(प्रयागराज)। यमुनापार विशाल सांस्कृतिक गणपति महोत्सव समिति की एक बैठक श्रमिक बस्ती स्थित एक गेस्ट हाउस में कार्यक्रम के अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें आगामी 07 सितंबर से प्रारंभ होने वाले सप्त दिवसीय यमुनापार विशाल सांस्कृतिक गणपति महोत्सव की रूपरेखा तय की गई। समस्त पदाधिकारियों ने अपने-अपने कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया एवं आगे की योजना के बारे में बताया।

कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता महेश मधुकर मंगरूलकर ने बताया कि यह गणेशोत्सव का 27 वां वर्ष है।लगातार इतने वर्षों से गणेशोत्सव का आयोजन होते आना यह गणेश जी की कृपा है और आप लोगों का सहयोग है। कार्यक्रम के सह संयोजक रवि करण सिंह ने सभी पदाधिकारियों को अपने कार्यों में तेजी लाने को कहा।

आयोजन समिति ने युवा मंडल के अध्यक्ष आनंद सिंह, कार्यवाहक अध्यक्ष जतिन ठाकुर एवं उनकी टीम के योगदान की सराहना की।

महिला मंडल अध्यक्ष रेखा श्रीवास्तव ने बैठक का संचालन किया एवं राजकुमार तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

बैठक में प्रमुख रूप से निखिल तिवारी , यश शर्मा, सौरभ मिश्रा, अलका विश्वकर्मा, सरोज सिंह, मंजू तिवारी, ममता श्रीवास्तव, पिंकी गुप्ता, शिवानी जायसवाल, पूजा जायसवाल, उत्कर्ष शर्मा, अनुराग शर्मा आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी आरके शुक्ला ने दी।

गांव में हाई-लो वोल्टेज, बिजली कटौती से जनजीवन अस्त -व्यस्त

लेड़ियारी (प्रयागराज)।गांव में इन दिनों हाई - लो वोल्टेज और लगातार बिजली कटौती ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है । जहां एक तरफ भारी उमस व गर्मी से लोगों को छुटकारा नहीं मिल पा रहा है । वहीं दूसरी ओर बिजली विभाग भी लोगों पर कहर बरसा रही हैं । जिसके कारण जहां लोगों की गर्मी व उमस का सामना करना पड़ रहा है । वहीं पेयजल संकट से जुझना पड़ रहा है । वहीं आएं दिन घरों में लगे उपकरण जलकर खराब होने से दिक्कत उठानी पड़ रही है।गर्मी में बिजली का हाल यह है कि वकायदा फैन भी चलना मुश्किल हो गया है। इतना ही नहीं सौ वांट का बल्ब चिमनी जैसी रोशनी मिल रही है। वहीं बिजली आने और जाने का कोई रोस्टर बिजली विभाग द्वारा लागू होता नहीं दिख रहा है । पूर्व में जहां 20 से 22 घंटे बिजली मिलती रही । वहीं प्रदेश सरकार के मुखिया आदित्य नाथ योगी जी ने 18 घंटे का फरमान जारी किया है । लेकिन चौबीस घंटे में छह घंटे भी बिजली मिलना मुश्किल है । अब चिलमिलाती धूप में दिनभर बिजली कटौती से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है । सुबह पांच बजे विद्युत आपूर्ति ठप जाने के बाद दस बजे तक बिजली आने की संभावना रहती है। किसी न किसी दिन तैंतीस हजार फाल्ट कहकर पल्ला झाड़ दिया जाता है। जबकि शाम आठ बजे बिजली तो चालू किया जाता है । उस पर भी हर पांच मिनट पर कटौती की जाती है । सुबह पांच बजे से रात आठ बजे तक लगातार कटौती जारी है । इसी प्रकार रात में बिजली का आना और जाना लगा रहता है । जून व जुलाई मरम्मतीकरण के नाम पर दो माह पूरे महीने दिनभर बिजली ठप रहा। रात आठ बजे सप्लाई चालू किया जाने के बाद हर पांच मिनट में कटौती की जाती है। जबकि इन दिनों मच्छरों के प्रकोप से लोगों काफी बेहाल हो रहे हैं । बिजली लो वोल्टेज होने से कूलर पंखा केवल शोपीस साबित हो रहा है। जिससे घरों में कैद सोना हराम हो गया है। जबकि जनहित मच्छरों से तरह - तरह की बीमारियों का डंस झेल रहे हैं। इस संबंध में लेड़ियारी में तैनात संविदा कर्मचारी ने बताया कि मंडी तिराहे में लगा सौ केवीए का ट्रांसफार्मर की एक। फेश की खूंटी जली है । एक माह हो गया है। उसे लगाने के लिए तैनात संविदा को जेई ने लगाने के लिए दिया है। लेकिन उसके लापरवाही से आज तक नहीं लगाया गया। जिससे यह समस्या बनी है। इस संबंध जब उच्चाधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया जाता है तो हमेशा उनका मोबाइल या व्यस्त बताएगा या फिर स्विच आफ जिससे आजिज आकर ग्रामीणवासियों ने उच्चाधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए बिजली व्यवस्था सुधारने की मांग की है ।

यातायात नियमों का मजाक बना रहे ई-रिक्शा चालक

लेड़ियारी (प्रयागराज)। विगत एक दो वर्षों से ई - रिक्शा का संचालन लेड़ियारी में शुरू हुआ है। आज कस्बों में सैकड़ों की तादाद में चलने वाले बैटरी वाले वाले ई - रिक्शा से लोगों को जितनी रहता मिली । उससे अधिक इसकी मनमानी से यातायात नियम व्यवस्थित हो रहा है। ऐसे में सुबह से शाम तक जाम की स्थिति बनी रहती है। लेड़ियारी में ई - रिक्शा का प्रचलन दो वर्ष पहले हुआ था। शुरुआत में यहां यहां एक दर्जन ई - रिक्शा ही थे । लेकिन धीरे-धीरे इसकी तादाद बढ़कर लगभग 100 हो गई । आज हर गली मोहल्ले और चौराहे पर बेतरतीब ढंग से खड़े दर्जनों की संख्या में ई - रिक्शा यातायात व्यवस्था को मुंह चिढ़ाते नज़र आते हैं। ई - रिक्शा का इस्तेमाल न सिर्फ सवारियों के ढोने में किया जा रहा है। बल्कि सीमेंट , सरिया,एंगल, अनाज से लेकर तमाम अन्य व्यावसायिक कारोबार भी किया जा रहा है । ई-रिक्शा वजूद में आने से पैडल वाले वाले रिक्शा का अस्तित्व समाप्त होने के साथ इसको चलाने वालों के समक्ष बेरोजगारी का संकट उत्पन्न हो गया है ।ई-रिक्शा संचालकों की मनमानी आलम यह है कि वह चार की जगह सात सवारियों को बिठा कर धड़ल्ले से चल रहे हैं। जिनके चलते आए दिन रिक्शा पलटने की वारदात होती रहती है। लेड़ियारी , रतेवरा, खीरी स्थित टैक्सी व बस स्टैंड के अलावा अन्य गांवों में और चौराहों पर ई - रिक्शा चालकों द्वारा सवारी बैठने के लिए आड़े तिरछे खड़ा कर आगे पीछे करने से हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। ई - रिक्शा के पंजीकरण न होने व इसके संचालन पर प्रशासन का किसी तरह अंकुश न होने से पुलिस भी इनके खिलाफ किसी तरह की एक्शन नहीं लेती है। जिससे इनके हौसले बुलंद हैं।

हरदिहा के नई गढ़ी को कब मिलेंगी बुनियादी सुविधाएं

मुख्य मार्ग से बस्ती तक पहुंचने के लिए बनी कच्ची सड़क की हालत खस्ता

➢जन प्रतिनिधियों व लोकनिर्माण विभाग ने मांग को किया अनसुना

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। देश के कई ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ आजादी के अर्से बाद भी बुनियादी सुविधाओं का अकाल है। ग्रामीण क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी स्वास्थ्य और शिक्षा को लेकर हाय तौबा मची रहती है। क्षेत्र से जुड़े जनप्रतिनिधि भी कुर्सी पाने के साथ लोगों को अपने हाल पर छोड़ देते हैं। कमोवेश यही हालत क्षेत्र के हरदिहा ग्राम पंचायत के नई गढ़ी मजरे की है, जहां मुख्य सड़क से दो किलोमीटर कीचड़ युक्त रास्ते से गुजरने के लिए मजबूर हैं।

विकास खण्ड मेजा के ग्राम सभा हरदिहा के नई गढ़ी मजरा के लोगों को आजादी का मतलब समझ से परे है।करीब दो किलोमीटर कीचड़ युक्त

रास्ते से होकर गुजरना उनकी नियति बन गयी है। लगभग दो किलोमीटर जाने के बाद पक्की सड़क मिलती है। गांव के लोगों ने बताया लगभग 800 की आबादी में मुसहर जाति की बहुलता है। यहाँ सुविधा के नाम पर कुछ भी नही है। ग्राम प्रधान हरदिहा द्वारा नरेगा द्वारा मिट्टी का काम करा दिया गया था।यह कच्ची सड़क वरसात के दिनों में पानी व कीचड़ से भरी रहती है, जिससे रोजमर्रा की जिंदगी में लोगों को जूझना पड़ता है। यदि कोई बीमार हो गया तो चारपाई द्वारा पक्की सड़क तक लाया जाता है। लोगों द्वारा कई बार शिकायत की गई। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। जिससे गांव के लोगों में काफी आक्रोश है गांव वालें ने जनप्रतिनिधियों के साथ पी डब्ल्यू डी विभाग के उच्च अधिकारियों से पक्की सड़क की कई बार मांग कर चुके हैं,फिलहाल इस पर किसी ने गम्भीरता नही दिखाई है।

इनकी भी सुनें

जब से देश आजाद हुआ है तब से आज तक इस गांव में रोड नहीं बन पाई है।चार महीने बारिश में नारकीय जीवन जीने पर मजबूर हैं।

राजेश पाल

गांव में पक्की सड़क न होने से कोई मरीज गांव में सिरियस हों जाता है ,उस वक्त चारपाई द्वारा दो किलोमीटर दूर पक्की सड़क तक ले जाया जाता है।

श्यामजी गुप्ता

ग्राम प्रधान व गांव के लोगों ने कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

राजेश्वरी कोल

गरीब का एक कमरे का मकान पड़ोसी ने किया कब्जा

घूरपुर (प्रयागराज)। घूरपुर थाना क्षेत्र के सेमरा कल्वना गांव निवासी राजेश कुमार पुत्र जवाहर लाल भारतीया ने मेहनत मजदूरी कर कुछ पैसे जुटा कर घूरपुर- करमा रोड़ पर लगभग 3 साल पहले एक कमरे का बना बनाया मकान खरीदा था। लगभग साल भर से रोजी रोटी के लिए परिवार सहित घर में ताला लगा बाहर चला गया था। रक्षा बंधन पर वापस घर आया तो देखा कि घर की दीवार तोड़कर पड़ोस के एक व्यक्ति ने कब्ज़ा कर लिया। वह जब अपने मकान को देखने गया तो बाहर लगा उसका ताला गायब था बगल की दीवार तोड़कर दबंग ने अंदर कब्ज़ा कर लिया था और अंदर से शटर में ताला लाक कर दिया था। विरोध करने पर कब्ज़ा धारक मारपीट पर आमादा हो भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़ित ने घूरपुर थाने पर शिकायती पत्र देकर अपना मकान वापस दिलाने की गुहार लगाई।

डॉक्टरों की हड़ताल 11वें दिन भी जारी

सादे कागज पर ओपीडी चलाने का निर्देश, धरने ओर बैठे रेजिडेंट डॉक्टर

प्रयागराज। कोलकता कांड के बाद प्रयागराज में रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल 11वें दिन भी जारी रही। डॉक्टरों की हड़ताल से एसआरएन की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से बेपटरी हो गयी हैं। पिछले कई दिनों से अस्पताल में मरीज को नही देखा गया है। दूर-दराज से आने वाले मरीज या तो प्राइवेट अस्पताल पहुंच रहे है या फिर या मजबूर होकर घर वापस लौट रहे है।

बता दें कि प्रयागराज में डॉक्टरों की हड़ताल को लेकर दस दिनों से चल रही हड़ताल गयारहवें दिन भी जारी रही। डॉक्टरों ने साथी डॉक्टरों के साथ धरने पर बैठे रहे। रेजिडेंट डॉक्टर लगातार प्रदर्शन कर रहे है। अस्पताल में नए मरीज नहीं देखे जा रहे हैं। दूर-दराज से आने वाले मरीज परेशान हो रहे हैं। मरीज अस्पताल में डिजिटल एक्सरे, एमआरआई, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड व पैथोलॉजी की जांचो के लिए परेशान हैं। अस्पताल में सिर्फ गंभीर मरीजों का इलाज किया जा रहा हैं। भर्ती मरीजों को देखने के लिए कोई डॉक्टर राउंड पर नही आ रहे है। मरीजों को काफी समस्या से जूझना पड़ रहा है। जूनियर व सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल लगातार 11वें दिन भी जारी रही। सुबह से ही अस्पताल परिसर में लगाए गए पंडाल में चिकित्सक मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए। इसकी वजह से एक भी पर्चा नहीं बन सका। ओपीडी में बैठे सीनियर कंसल्टेंट ने पुराने मरीजों को ही देखा और दवाइयां लिखी।

अस्पताल में भर्ती मरीजों की जांचें कराई जा रही है। हालांकि अब एसआरएन अस्पताल से अब नए मरीज वापस नहीं जाएंगे। हड़ताल तक उन्हें सादे कागज पर चिकित्सीय सुविधाएं मिलेंगी। यह आदेश एमएलएन मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ.वत्सला मिश्रा ने सभी सीनियर कंसल्टेंट को दिया है। उन्होंने कहा है कि सादे कागज पर मरीज को देखें और दवाएं लिखें।

संभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य ने किया सम्मानित

सरदार पटेल इण्टरमीडिएट कालेज सिकरो के छात्र छात्राओं ने लहराया परचम

कोरांव (प्रयागराज)। शासन के निर्देश पर छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है जिससे एक ओर जहां बच्चों को स्वास्थ्य लाभ मिलता है तो दूसरी ओर बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार सही मार्ग प्रशस्त किया जाता है। गुरुवार को क्षेत्र के राम चरन इण्टर कालेज कैथवल लेड़ियारी में संभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जहां पर क्षेत्र के तमाम कालेजों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सरदार पटेल इण्टरमीडिएट कालेज सिकरो कोरांव के जांबाज खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए कालेज का परचम लहराया। सरदार पटेल की छात्रा सौम्या केशरी ने जहां अंडर 19 सिंगल में प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं प्रियंका द्विवेदी ने अंडर 17 सिंगल में



प्रथम स्थान दर्ज किया। सौम्या केशरी और प्रियंका द्विवेदी ने अंडर 19 डबल में भी प्रथम स्थान हासिल कर कालेज के गौरव को चार चांद लगा दिया। कालेज के छात्र अशोक पाल ने भी अंडर 14 सिंगल में प्रथम स्थान हासिल किया। इतना ही नहीं सरदार पटेल इण्टरमीडिएट कालेज सिकरो के छात्र इन्दर गुप्ता शुभम शर्मा प्रियांशु सिंह अभय द्विवेदी व आदित्य सिंह ने अपने वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर कालेज को गौरवान्वित किया है। संभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में कालेज के छात्र छात्राओं द्वारा कालेज को गौरवान्वित किए जाने पर प्रधानाचार्य डॉ अवधेश कुमार सिंह ने विजेता प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता अभयराज सिंह ने विजयी छात्र छात्राओं को निरंतर परिश्रम कर इसी तरह से आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया गया।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के नौ न्यायमूर्ति गण को आज दिलाई जाएगी शपथ

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। केंद्र सरकार ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के नौ अतिरिक्त जजों को स्थायी करने की सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश पर मुहर लगा दी है।

कानून मंत्रालय ने बुधवार को इन जजों को स्थायी न्यायाधीश नियुक्त करने की अधिसूचना भी जारी कर दी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के नौ अस्थायी जजों को स्थायी जज के रूप में शुक्रवार को शपथ दिलाई जाएगी। शपथ ग्रहण समारोह मुख्य न्यायाधीश के न्यायकक्ष में सुबह 9.40 बजे शुरू होगा। कानून मंत्रालय की अधिसूचना के मुताबिक जस्टिस सैयद कमर हसन रिजवी, जस्टिस मनीष कुमार निगम, जस्टिस अनीश कुमार गुप्ता, जस्टिस नंद प्रभा शुक्ला, जस्टिस क्षितिज शैलेंद्र, जस्टिस विनोद दिवाकर, जस्टिस प्रशांत कुमार, जस्टिस मंजीव शुक्ला और जस्टिस अरुण कुमार सिंह देशवाल को इलाहाबाद हाईकोर्ट में स्थायी जज बनाया गया है। इन सभी न्यायमूर्ति गण को मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली शपथ दिलाएंगे।

युवक ने फांसी लगाकर दी जान

लोकमित्र ब्यूरो

होलागढ़(प्रयागराज)। स्थानीय थाना क्षेत्र के काशीपुर निवासी स्व. विदेशी लाल का 20 वर्षीय बेटा राहुल सरोज बुधवार की रात कालोनी वाले पक्के घर में फांसी लगाकर जान दे दी। आत्महत्या का कारण एकपक्षीय प्रेम प्रसंग बताया जा रहा है। वह किसी लड़की को लेकर परेशान था। इसी के चलते पक्के घर के

चुल्हे में रस्सी से फांसी लगा लिया। सुबह परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो वह लटक रहा था। ग्राम प्रधान राजू सचान ने पुलिस को सूचना दी।पुलिस ने शव कब्जे में लेकर चीर घर भेज दिया। बताया गया कि वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था।सऊदी अरब में रह रहे बड़े के पास से एक माह पूर्व ही घर लौटा था। सभी भाई अलग अलग रहते थे। मृतक राहुल अपनी मां के साथ रहता था।

अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

घायल की हालत बतायी गयी चिंताजनक

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन में घायल को अस्पताल भिजवाया। दुर्घटना में घायल युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। थाना क्षेत्र के नगर पंचायत सिरसा के गुडहट्टी मोहल्ला निवासी वैभव जायसवाल ने मेजा थाने में तहरीर देकर बताया कि उनके चाचा हीरालाल जायसवाल उर्फ बबलू पुत्र स्वर्गीय लखन लाल जायसवाल अतरसुईया प्रयागराज रहते हैं।20 अगस्त की सुबह तकरीबन 10 बजे के आसपास स्कूटी से वह अपने पैतृक घर सिरसा प्रयागराज आ रहे थे। जैसे ही वह मेजा थाना क्षेत्र के टिकुरी, समहन गांव के समीप पहुंचे ही थे कि अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे परिजन आनन- फानन में इलाज के लिए अस्पताल ले गए जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना पर मेजारोड चौकी के उप निरीक्षक सचिन गुप्ता क्षतिग्रस्त स्कूटी को चौकी पर ले आए।परिजनों ने गुरुवार को अज्ञात वाहन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है।

जनता से सरकारी योजनाओं का फीड बैक लें

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की मंडलीय समीक्षा बैठक
- जनता की समस्याओं का ससमय कराएं समाधान, सुनिश्चित करें हर किसी को मिले सरकारी योजनाओं का लाभ

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ/ सहारनपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को सहारनपुर में जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मंडलीय समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री गुरुवार को पूर्वाह्न पुलिस लाइन पहुंचे। यहां हेलीपैड पर उनका स्वागत जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। सीएम योगी ने सबसे पहले पुलिस लाइन में मंत्री, विधायकों समेत अन्य जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जनप्रतिनिधियों को जनता और प्रशासन के साथ आपसी समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अगर इस दौरान उन्हे कोई समस्या आती है तो वह इसकी जानकारी दें। उसका समाधान कराया जाएगा। सीएम ने जनप्रतिनिधियों से जनता के बीच अधिक से अधिक समय बिताने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वह जनता से सरकार की योजनाओं और मूलभूत सुविधाओं के विषय में फीड बैक प्राप्त करें। उन्होंने इस फीड बैक को मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी समस्याएं सीएम के साथ साझा की। इस पर सीएम ने उसके निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सहारनपुर में जल्द ही प्रभारी मंत्री की नियुक्ति की जाएगी, जो उनकी समस्याओं को सुनने के साथ उसका समाधान करेंगे। इतना ही नहीं, सीएम योगी ने जनप्रतिनिधियों से कहा कि वह अगली बार सहारनपुर में रात्रि विश्राम भी करेंगे और जनता से संवाद भी करेंगे। समीक्षा बैठक में मंत्री बृजेश सिंह, योगेंद्र उपाध्याय, जशवंत सैनी, विधायक राजीव गुंबर, देवेंद्र निम, मुकेश चौधरी और किरत चौधरी आदि उपस्थित थे।

मेरिट के आधार पर राजस्व वादों को किया जाएगा निस्तारण

सीएम योगी ने सर्किट हाउस में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सरकारी योजनाओं, विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सरकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने के निर्देश दिये। साथ ही विकास कार्य को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने नगर निगम की सुविधाओं को बेहतर करने और जनता से फीड बैक लेने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने राजस्व वादों का निस्तारण, मुकदमा, पैमाइश की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि 1 से 3 वर्ष, 3 से 5 वर्ष व 5 वर्ष से अधिक लम्बित मुकदमों का निस्तारण समयबद्धता के साथ मेरिट के आधार पर किया जाए। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नही है, अन्यथा की स्थिति में संबंधित की जवाबदेही तय करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जनता की समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाए। साथ ही अधिकारी जनसुनवाई के कार्यक्रमों को प्राथमिकता दें और गंभीरता से जनता की समस्या का निस्तारण करें। इस दौरान लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक करते हुए पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाए। पीड़ित की तरफ से एफआईआर दर्ज करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होंने महिला सुरक्षा के लिए निर्देशित किया कि भीड़ वाले स्थानों पर वर्दी में तथा बिना वर्दी में पुलिस की तैनाती की जाए। उन्होने निरंतर पेट्रोलिंग करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को आगामी त्योहारों को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाएं, इसको लेकर पहले से योजना तैयार कर ली जाए। महिला पुलिस बीट अधिकारी और सिपाही नियमित रूप से अपने क्षेत्रों में भ्रमण करें। इसके अलावा ग्राम सचिवालय में ग्रामीण महिलाओं से समन्वय स्थापित करने के साथ उन्हे सरकारी योजनाओं के बारे में बताएं। सीएम ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को महिला और बच्चियों से संबंधित अपराधों में शत प्रतिशत अंकुश लगाने और अपराधियों को कोर्ट में प्रभावी पैरवी कर जल्द से जल्द कठोर सजा दिलाने के निर्देश दिये। बैठक के बाद सीएम योगी ने सर्किट हाउस परिसर में पौधरोपण भी किया। इस दौरान सहारनपुर मंडलायुक्त डॉ. हरिकेश भास्कर यशोद, डीआईजी अजय साहनी, डीएम मनीष बंसल, एसएसपी रोहित सिंह सजवाण और सीडीओ सुमित महाजन आदि उपस्थित थे।

मनरेगा श्रमिकों के पारिश्रमिक का समयबद्ध तरीके किया जा रहा भुगतान

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में उत्तर प्रदेश में मनरेगा श्रमिकों के पारिश्रमिक का भुगतान समयबद्ध तरीके से किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि श्रमिकों की मजदूरी का भुगतान समय से कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम अंतर्गत हुए कार्यो के समयबद्ध मजदूरी भुगतान को लेकर उल्लेखनीय कार्य किये गये हैं। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में समयबद्ध मजदूरी भुगतान 96 फीसदी पहुंच गया है जो कि अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस साल प्रदेश में अब तक मजदूरी भुगतान के लिए 96 प्रतिशत फंड ट्रांसफर आर्डर एफटीओ समय-सीमा में जारी किया गये हैं। मुख्यालय स्तर पर मनरेगा की सतत मानीटरिंग की जा रही है जिसके परिणाम स्वरूप उत्तर प्रदेश ने समयबद्ध मजदूरी भुगतान में निरंतर प्रगति हो रही है। आयुक्त ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी द्वारा बताया गया कि प्रदेश में मांग के अनुसार अधिक से अधिक श्रमिकों को कार्य उपलब्ध कराये जा रहे हैं ताकि ग्रामीणों को ज्यादा रोजगार के अवसर मिल सके।ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार समयबद्ध मजदूरी भुगतान बीते 5 वर्षों की बात करें ,तो मनरेगा अंतर्गत कराये गये कार्यो के समयबद्ध मजदूरी भुगतान को लेकर 2024-25 में ऐतिहासिक प्रगति देखने को मिली है। वर्ष 2019-20 में 85 फीसदी समयबद्ध मजदूरी भुगतान किया गया। 2020-21 में 87 फीसदी, 2021-22 में 86 फीसदी, 2022-23 में 80 फीसदी तो, वहीं वित्तीय वर्ष 2023-24 में 92 फीसदी से ज्यादा का समयबद्ध मजदूरी भुगतान किया गया।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 बच्चे 25 को सम्मानित किये जायेंगे: जयवीर

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। पर्यटन विभाग ईको टूरिज्म के माध्यम से यूपी की जैव विविधता एवं प्राकृतिक संसाधनों तथा वन्य जीवों को संरक्षित करने के लिए छात्र-छात्राओं को जागरूक करने की एक अनोखी पहल की है। लखनऊ के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 250 बच्चों द्वारा दुधवा नेशनल पार्क, पीलीभीत टाइगर रिजर्व समेत अन्य महत्वपूर्ण ईको पर्यटन स्थलों पर आधारित आर्ट एवं क्राफ्ट प्रतियोगिता कराई जा रही है।

यह छात्र आर्ट एण्ड क्राफ्ट के माध्यम से बतायेंगे कि कैसे वन्य जीवों को संरक्षित रखा जा सकता है। इसके तहत ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 विद्यार्थियों को 25 अगस्त को सम्मानित किया जायेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड ने उत्तर प्रदेश के पारिस्थितिकी पर्यटन के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के लिए अच्छी शुरुआत है। विद्यार्थी आर्ट एंड क्राफ्ट के माध्यम से बताएंगे कि कैसे वन्य जीवों को बचाया जाए और प्रदेश में ईको टूरिज्म को बढ़ावा मिले। यूपी विविधताओं से भरा राज्य है। पर्यटन की दृष्टि से प्रदेश को प्रकृति का आशीर्वाद प्राप्त है। यहां 16 हजार 582 वर्ग किलोमीटर के वन क्षेत्र के साथ अनेक अति सुंदर परिदृश्य, नदियां, सुंदर झरने हैं। लुप्तप्राय पक्षियों और वन्य जीवों की उपलब्धता है। पर्यटन विभाग का प्रयास है कि, देश-दुनिया से जो भी पर्यटक उत्तर प्रदेश आ रहे हैं, वे आध्यात्मिक और धार्मिक स्थलों के साथ नैसर्गिक सौंदर्य का आनंद लें। प्रकृति की गोद में कुछ दिन बिताएं। यहां के सुंदरतम स्थल अवश्य ही पर्यटकों आगंतुकों के तन-मन को आनंद प्रदान करेगी। पारिस्थितिकी पर्यटन के समावेशी और सर्वांगीण विकास के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश ईको-टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड का गठन किया गया है।

अगले दो साल में दो लाख नौजवानों को देंगे सरकारी नौकरी

लोकमित्र ब्यूरो

मुजफ्फरनगर/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश सरकार अगले दो साल में दो लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देगी। उन्होंने कहा कि पहले नौकरियां निकलती थीं तो पश्चिमी यूपी के युवाओं को उससे वंचित रखा जाता था, मगर आज यहां के युवा और बेटियां नौकरियां प्राप्त कर रही हैं। सीएम योगी ने कहा कि शुक्रवार से प्रदेश में पुलिसकर्मियों की 60 हजार से अधिक नौकरियों के लिए भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निकलने वाली सरकारी नौकरियों में यहां के युवाओं को बढ़चढ़ कर भाग लेना होगा। कोई माई का लाल युवाओं की योग्यता पर प्रश्न नहीं खड़ा कर पाएगा। उन्होंने आगाह किया कि किसी ने भी युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने की कोशिश की तो उसे जेल भेजने के साथ ही उसकी संपत्तियों को जब्त करके गरीबों में बांट दिया जाएगा।

सीएम योगी गुरुवार को यहां बीआईटी कॉलेज में आयोजित जनपद स्तरीय वृहद रोजगार एवं ऋण मेला में शामिल हुए। इस दौरान 5 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। साथ ही विभिन्न योजनाओं में चयनित पात्रों एवं एमएसएमई उद्यमियों में ₹30 करोड़ का ऋण वितरित किया गया। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत एक हजार से अधिक छात्र-छात्राओं को टैबलेट भी वितरित किया गया। उन्होंने बताया कि प्रदेश के जनपदों में हर तीन माह में रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा।

दंगामुक्त हो चुका है मुजफ्फरनगर

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न चौधरी चरण सिंह को नमन करते हुए कहा कि मुजफ्फरनगर को सैकड़ों करोड़ रुपए की परियोजनाओं की सौगात मिल रही है। खासकर मीरापुर विधानसभा क्षेत्र को इससे सबसे ज्यादा लाभ मिलने जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर वही स्थान है, जो 10 साल पहले दंगों की आग में झुलसता था। आज ये दंगामुक्त हो चुका है और यहां धूमधाम से कांवड़ यात्रा निकलती है। सीएम ने कहा कि यहां की नई पहचान विकास, सुरक्षा, नौजवानों को काम, सरकारी नौकरी के रूप में बन रही है। मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया कि प्रदेश सरकार मवाना चीनी मिल का विस्तारीकरण कराने जा रही है। इसके लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर सरकार आगे बढ़ रही। उन्होंने कहा कि बहुत कम क्षेत्र को पौराणिक स्थलों से जुड़ने का सौभाग्य मिलता है। यहां शुकतीर्थ को मां गंगा की धारा से जोड़ने का कार्य हुआ है। आज यहां के गुड़ की मिठास पूरी दुनिया में फैल रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की ताकत बन चुका है।

विपक्ष पर निशाना- क्या हुआ एक लाख के बॉन्ड का

सीएम योगी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उन लोगों से पूछा जाना चाहिए कि उनके उस बॉन्ड का क्या हुआ, जिसमें एक लाख रूपए देने के लिए भरवाया गया था। मुख्यमंत्री ने सपा मुखिया को लेकर कहा कि उनके लोग प्रदेश की बेटियों के साथ दुष्कर्म करते हैं और वह दुष्कर्मियों के साथ खड़े रहते हैं। सीएम योगी ने इसे सपा का मॉडल बताया। सीएम ने आश्वस्त किया कि बेटियों की सुरक्षा के साथ कोई खिलवाड़ करेगा तो अगले चौराहे पर उसका इंतजार यमराज करते मिलेंगे।

देश के लिए मेडल जीतो, देंगे सरकारी नौकरी

मुख्यमंत्री ने बताया कि मुजफ्फरनगर के 38 मार्गों के लिए यहां के विधायकगणों ने प्रस्ताव दिया है। यहां मिनी स्टेडियम का शिलान्यास किया गया है। हमारी सरकार ने कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड लाने वाली यूपी की बेटी पारुल चौधरी को डिप्टी एसपी की सीधी नौकरी दी है। प्रदेश के युवाओं की खेल प्रतिभा को आकार देने के लिए मेरठ में प्रदेश का पहले स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का निर्माण हो रहा हैं। जब ये बनकर तैयार होगा तो यहां का नौजवान ओलम्पिक में गोल्ड और सिल्वर लेकर आएगा। सीएम ने कहा कि हमने प्रदेश के 500 खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी है।

निवेश मित्र पोर्टल ने 15.40 लाख से अधिक आवेदनों को सफलतापूर्वक किया निस्तारित

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को देश का इकोनॉमिक पावर हाउस बनाने में जुटी योगी सरकार ने तकनीक को अपना प्रमुख हथियार बनाया है। इसमें सबसे बड़ी भूमिका सिंगल विंडो सिस्टम निवेश मित्र पोर्टल निभा रहा है। इस पोर्टल ने उत्तर प्रदेश में निवेश के इच्छुक निवेशकों एवं उद्यमियों की भागदौड़ को समाप्त कर दिया है। इसी का परिणाम है कि निवेश मित्र पोर्टल ने एनओसी/ लाइसेंस के 15.40 लाख से अधिक आवेदनों को सफलतापूर्वक निस्तारित किया है।

सीएम योगी का कहना है कि आज का समय उत्तर प्रदेश का है, क्योंकि किसी प्रदेश में उद्योग के लिए आवश्यक बेहतरीन कानून व्यवस्था, पर्याप्त लैंड बैंक, 96 लाख एमएसएमई इकाइयां और सस्ता श्रम आज देश में सिर्फ उत्तर प्रदेश में उपलब्ध है। ये बड़े निवेश के बैकबोन हैं। वहीं जब हम इसमें तकनीक को जोड़ते हैं तो प्रदेश में निवेश के इच्छुक निवेशकों की राह और आसान हो जाती है। निवेशकों को एनओसी/लाइसेंस के लिए विभागों के चक्कर नहीं काटने पड़ते हैं। साथ ही भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगती है।

इसी का परिणाम है कि 8 लाख से अधिक उद्यमियों ने निवेश मित्र पोर्टल के विषय में संतुष्टि का फीडबैक दिया है। इस पोर्टल पर अब तक 10 लाख से अधिक पंजीकृत उपयोगकर्ता हैं। योगी सरकार का यह सिंगल विंडो सिस्टम पर 42 से अधिक विभागों की 491 से अधिक लाइसेंस संबंधी सेवाएं उपलब्ध हैं। विगत 6 वर्षों में इस पोर्टल को उत्तर प्रदेश में निवेश के इच्छुक उद्यमियों की तरफ से एनओसी/लाइसेंस के लिए 15.90 लाख से अधिक आवेदन मिले हैं, जिसमें से पोर्टल द्वारा 97 प्रतिशत आवेदनों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया जा चुका है। उत्तर प्रदेश का निवेश मित्र पोर्टल आज देश का सबसे अधिक सेवा देने वाला सिंगल विंडो का प्लेटफार्म बन गया है।

लक्ष्य जीरो पावर्टी: घुमंतू समुदाय को सरकारी सुविधाओं से जोड़ रही राज्य सरकार

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को देश का जीरो पावर्टी वाला राज्य बनाने की दिशा में जुटी योगी सरकार प्रदेश के सभी वंचित एवं गरीब तबके को तेजी के साथ सरकारी सुविधाओं से जोड़ रही है।

इसमें घुमंतू समुदाय भी शामिल है, जो उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में घूम-घूमकर जीवन यापन करते हैं। इसी क्रम में सरकार ने लखनऊ के कलंदरखेड़ा में झुग्गी बनाकर निवास करने वाले घुमंतू समुदाय के परिवारों को जल्द ही बिजली, पानी, आवास आदि मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने का फैसला किया है। सरकार के इस कदम से घुमंतू समुदाय को प्रधानमंत्री आवास, वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह जैसी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सकेगा। सरकार की इस मुहिम के तहत, प्रदेश के गरीब एवं वंचित तबके को सरकारी सुविधाओं का लाभ मिल सके, इसके लिए विभिन्न विभागों के अधिकारी मिलकर उन्हें सभी आवश्यक प्रमाणपत्र उपलब्ध करवा रहे हैं। सरकार के निर्णय से घुमंतू समुदाय के नागरिक काफी खुश हैं। उन्हें उम्मीद है कि सभी सरकारी सुविधाएं प्राप्त होने से उनके जीवन स्तर में भी सुधार आएगा।

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने अधिकारियों के साथ कलंदरखेड़ा बस्ती का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय नागरिकों को आश्वस्त किया कि सरकार सभी को प्रधानमंत्री आवास का लाभ जल्द प्रदान करेगी, ताकि सभी परिवार बेहतर जीवन यापन कर सकें। साथ ही प्रदेश मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए जीरो पावर्टी के लक्ष्य को प्राप्त कर सके। असीम अरुण ने कुछ दिनों पहले इस बस्ती का निरीक्षण किया था और अधिकारियों को कैंप लगाकर यहां रहने वाले परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिए जाने का निर्देश दिया था।

इस अवसर पर कलंदरखेडा में देश के कई राज्यों से आए घुमंतू जाति के नागरिकों ने मंत्री असीम अरुण से मुलाकात भी की थी और समुदाय की बेहतरी के लिए घुमंतू आयोग बनाने की मांग की थी।

इस मौके पर असीम अरुण ने बताया कि यहां समाज कल्याण सहित दूसरे कई विभाग के अधिकारी कैंप लगाकर पिछले कई दिनों से सर्वेक्षण का कार्य कर रहे हैं। सर्वेक्षण के दौरान वृद्धावस्था पेंशन, पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह जैसी सरकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए नागरिकों को चिन्हित किया जा रहा है।

यूपी में महिला सुरक्षा का हाल बेहाल: मायावती

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में भी महिला सुरक्षा का हाल बेहाल है। आगरा में सदर बाजार थाना क्षेत्र में एक नाबालिग दलित लड़की के साथ दुष्कर्म की हुई घटना अति-दुखद व अति-निंदनीय है। सरकार दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करे और साथ ही ऐसे उपाय भी करे जिससे ऐसी वारदातें आगे न हो पाएं।

मायावती ने सोशल मीडिया एक्स पर गुरुवार को लिखते हुए कहा है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, जिससे ऐसी घटनाएं कम हो सकें। इसके साथ ही उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के एससी-एसटी आरक्षण के वर्गीकरण व क्रीमीलेयर के फैसले से उत्पन्न रोष को लेकर बुधवार को हुए भारत बंद में बसपा की प्रभावी भागीदारी व एकजुटता के लिए उन्होंने बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस-सपा आदि का इसके प्रति उदासीन रवैया इनकी जातिवादी सोच प्रमाणित करता है।

उन्होंने कहा है कि बंद के दौरान पटना में निर्दोष लोगों पर हुआ पुलिस लाठीचार्ज, बर्बरता अति-दुखद व निंदनीय है। सरकार दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करे। साथ ही केंद्र सरकार 'भारत बंद के आयोजन के मद्देनजर आरक्षण के मुद्दे की संवेदनशीलता को गंभीरता से लेकर इसका शीघ्र उचित समाधान भी करे।

मुजफ्फरनगर में लगा रोजगार मेला

- युवाओं को रोजगार से जोड़ने पर राज्य सरकार का खास ध्यानः कपिल देव

लोकमित्र ब्यूरो



लखनऊ। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने मुजफ्फरनगर में रोजगार मेला को संबोधित करते हुए कहा कि योगी सरकार मिशन रोजगार को नए आयाम देते हुए इसे गति प्रदान कर रही है।17 अगस्त को अंबेडकरनगर और 18 अगस्त को अयोध्या में आयोजित वृहद रोजगार मेलों के बाद अब मुजफ्फरनगर में भी इसी प्रकार का आयोजन किया गया है। अंबेडकरनगर और अयोध्या में 12,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए गए थे, वहीं मुजफ्फरनगर में 15,000 से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं।कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए राज्य सरकार निरंतर गतिविधियों का आयोजन कर रही है। प्रदेश सरकार का उद्देश्य युवाओं को न केवल रोजगार उपलब्ध कराना है, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। कौशल विकास मिशन के अंतर्गत दीन दयालउपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना और अन्य योजनाओं के माध्यम से लाखों युवाओं को निरूशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। पिछले सात वर्षों में इस मिशन के तहत 16.50 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें से 6.70 लाख से अधिक को रोजगार मिला है। कपिल देव अग्रवाल ने ष्प्रोजेक्ट प्रवीणष् का उल्लेख करते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत पिछले दो वर्षों में लगभग 65,000 विद्यार्थियों को निरूशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। वर्ष 2024 से इस योजना का विस्तार करते हुए प्रदेश के प्रत्येक जिले के प्रमुख स्कूलों में कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी।राज्य में 305 राजकीय और 2932 निजी आईटीआई के माध्यम से 5.50 लाख से अधिक सीटें युवाओं के लिए उपलब्ध कराई गई हैं। पिछले छह वर्षों में 90 से अधिक नए राजकीय आईटीआई की स्थापना की गई है, जिनमें से कुछ पीपीपी मॉडल पर संचालित हो रहे हैं।

हिंडनबर्ग रिपोर्ट प्रकरण को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, पुलिस से नोकझोंक

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) की प्रमुख माधवी बुच के त्यागपत्र और अडाणी समूह से जुड़े मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की मांग को लेकर बृहस्पतिवार को यहां प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की अगुवाई में बड़ी संख्या में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राजभवन के सामने प्रदर्शन किया और हिंडनबर्ग की हाल की रिपोर्ट पर जेपीसी के गठन और सेबी प्रमुख माधवी बुच के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन के दौरान पुलिस से कांग्रेसियों की झड़प भी हो गई। कांग्रेस के प्रान्तीय प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने बताया कि पार्टी कार्यकर्ता राजधानी स्थित प्रवर्तन निदेशालय की ओर जा रहे थे मगर पुलिस ने उन्हें राजभवन के पास रोक लिया। इस पर कार्यकर्ताओं ने राजभवन के सामने प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राय ने कहा कि हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट से भ्रष्टाचार की पोल पूरी तरह खुल गयी है। जिस तरह से घोटाले का खुलासा हुआ है, उसके मद्देनजर सेबी प्रमुख माधवी बुच को त्यागपत्र देना चाहिये या फिर उन्हें बर्खास्त कर दिया जाना चाहिये। अजय राय ने यह भी कहा कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से अडाणी समूह के 'घोटालों' की कलई खुल गयी है, लिहाजा इस अति गम्भीर मामले की जेपीसी से जांच कराया जाना बेहद जरूरी हो गया है।

यूपी में भाजपा को रोकने में सपा ही एकमात्र विकल्प

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश में 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़नी है। जनता ने लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी का साथ दिया अब भविष्य की तैयारी का समय है। देश में भाजपा को रोकने की ताकत समाजवादी पार्टी में है। उत्तर प्रदेश में वही एक मात्र विकल्प है। पीडीए ही भाजपा को मात देगा। अखिलेश यादव ने गुरुवार को समाजवादी पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक में यह बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि भाजपा के कारण संविधान खतरे में है। वह आरक्षण लागू नहीं करना चाहती है। इसलिए समाजवादी पार्टी की लड़ाई खत्म नहीं हुई है। भविष्य में नई पीढ़ी के लिए काम करना ही होगा।

सपा प्रमुख ने कहा कि पीडीए से भाजपा घबराई हुई है। इसलिए वह षडयंत्र करने से बाज नहीं आ सकती है। समाजवादी पार्टी के नेतृत्व को बदनाम करने और निर्दोषों को झूठे मुकदमों में फंसाने का काम भाजपा कर रही है। सत्ता लोलुप भाजपा नई-नई चालें चलती रहेगी। उससे सावधान रहना है।

अखिलेश यादव ने आवहान् किया कि प्रदेश में 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़नी है। भाजपा ने प्रदेश को दशकों पीछे धकेल दिया है। समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर ही जीवन में बदलाव आएगा और गांव की तस्वीर में भी परिवर्तन आएगा। भाजपा जनता के प्रति ईमानदार नहीं हैं। वृक्षारोपण के नाम पर भारी भ्रष्टाचार हुआ। भाजपा ने पूरी व्यवस्था को तहत नहस कर दिया है।

अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी कार्यकर्ताओं को और भी ज्यादा मेहनत से जुटे रहना हैं। समाजवादी पार्टी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उसका मानना है कि किसान खुशहाल होगा और नौकरी रोजगार के रास्ते खुलेंगे तभी विकास सार्थक होगा।

कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे प्राणपण से जुटकर 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार प्रदेश में बनाएंगे।

संक्षिप्त खबरें

पत्नी से झगड़े के बाद कारपेंटर फंदे पर झूला

लखनऊ। गुड़ंबा के कल्याणपुर में पत्नी से कहासुनी के बाद कारपेंटर सत्य प्रकाश शर्मा (26) ने फांसी लगा ली, जबकि सआदतगंज में नीरज (30) ने फांसी लगा जान दे दी। कल्याणपुर निवासी ज्ञान प्रकाश के मुताबिक भाई कारपेंटर सत्य प्रकाश शर्मा बुधवार रात नशे में घर आया तो पत्नी रानी से उसका झगड़ा हो गया। इसके बाद उसने कमरे में जाकर दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। कुछ देर बाद रानी ने खाने के लिए आवाज दी पर जवाब नहीं मिला। काफी प्रयास के बावजूद दरवाजा नहीं खुलने पर पत्नी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिसकर्मी दरवाजा तोड़कर भीतर गए तो सत्य प्रकाश पंखे के कुंडे से दुपट्टे के फंदे से लटके थे। आनन-फानन में उतारकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत करार दिया। मूलरूप से गोंडा के करनैलगंज निवासी नीरज मौअज्जमनगर में परिवार के साथ किराये पर रहकर कपड़े की दुकान पर काम करते थे। पत्नी मोहिनी के मुताबिक बुधवार रात नीरज नशे में घर लौटे। खाना खाने के बाद वह सो गए। सुबह उठी तो देखा कि पति नीरज कमरे में नहीं थे। बगल वाले कमरे में गई तो नीरज का शव पंखे के कुंडे से दुपट्टे के फंदे के सहारे लटका था। इंस्पेक्टर सआदतगंज के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्रवाई होगी।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर द्वारा चलाए जा रहे अभियान में अपराधियों की धर पकड़ में राजधानी लखनऊ (दक्षिणी) क्षेत्र में, थाना बिजनौर पुलिस को वादिनी पीड़िता ने थाना स्थानीय पर तहरीर दी गई जिसमें आरोपी राहुल कनौजिया उर्फ रिंकू, निवासी सेक्टर एम किला मोहम्मदी नगर थाना आशियाना लखनऊ, शादी का झांसा देकर डक कम कारित किया, इस घटना के संबंध में पीड़िता की उक्त तहरीर के आधार पर थाना बिजनौर लखनऊ में मुकदमा पंजीकृत कराया, आरोपी नामजद राहुल कनौजिया उर्फ रिंकू, फरार चल रहा था, मुखबिर की सूचना पर आरोपी को नटपुर पुलिया के पास से पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया, इसी क्रम में (दक्षिणी) डीसीपी, द्वारा दिशा-निर्देश पर गठित की पुलिस टीम लगातार अपराधियों को धर पकड़ कर रही है। जिसमें आज थाना बिजनौर प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राणा के नेतृत्व में आरोपी को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई है।

राजधानी में डॉक्टरों की हड़ताल वापस, आज से काम पर लौटेंगे

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में केजीएमयू और लोहिया संस्थान के रेजीडेंट डॉक्टरों ने हड़ताल वापस ले लिया है। 10 दिन से चल रहा धरना गुरुवार की शाम को खत्म कर दिया। बांह पर काली पट्टी बांधकर काम करेंगे। कोलकता की घटना को लेकर ये डॉक्टर प्रदर्शन कर रहे थे। डॉक्टरों के प्रदर्शन के बाद रोजाना बड़ी संख्या में मरीजों को बिना इलाज वापस लौटना पड़ रहा था। हड़ताल का सबसे ज्यादा असर एसजीपीजीआई और लोहिया संस्थान के मरीजों पर पड़ा था। यहां ओपीडी में नए मरीजों का इलाज पूरी तरह से ठप रहा। यहां ऐसे मरीजों की बड़ी संख्या थी, जो दूर दराज से इलाज के लिए पहुंच रहे थे। आज यानि गुरुवार को भी केजीएमयू, पीजीआई और लोहिया संस्थान में प्रदर्शन का असर देखने को मिला था। जबकि, जिला अस्पताल के रेजिडेंट डॉक्टरों ने अपने उच्च अधिकारी को लिखित ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद गुरुवार से आधे से अधिक डॉक्टर ड्यूटी पर वापस आ गए थे। उधर सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा था कि अगर कोई डॉक्टर अस्पताल में नहीं आ रहा है तो उसे गैर हाजिर माना जाएगा। हड़ताल से सबसे ज्यादा लोहिया संस्थान के मरीज प्रभावित रहे। यहां 300 के करीब रेजिडेंट डॉक्टर हैं। ओपीडी समेत नॉन एसेंशियल सर्विसेज पूरी तरह से प्रभावित थे। एमबीबीएस इंटर्न समेत अन्य मेडिकल स्टूडेंट्स भी रेजिडेंट डॉक्टरों के प्रदर्शन में शामिल थे।

छात्र ने खुद को कमरे में बंद किया, 2 राउंड फायरिंग की

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के गुडंबा इलाके में माता-पिता से नाराज छात्र ने खुद को कमरे में बंद करके गोली मारने की धमकी दे रहा है। मौके से कई तीन थाने की पुलिस मौजूद है। पुलिस लड़के को लगातार समझाने का प्रयास कर रही है। पिछले तीन घंटे से खुद को कमरे में कैद कर रखा है। बता दें, गुडंबा कुर्सी रोड शुलभ आवास इलाके में करीब 3 बजे कृष्णा नाम के लड़के ने खुद को घर में बंद कर लिया। लड़का 12वीं का छात्र है। माता-पिता से नाराज होकर छात्र कमरे में बंदकर खुद को गोली मारने की धमकी दे रहा। बताया जा रहा है कि छात्र दो-तीन राउंड फायर कर चुका है।

मौके पर गुडम्बा पुलिस, इन्दिरा नगर पुलिस और एसीपी गाजीपुर अनिंग्ध्य विक्रम सिंह फोर्स के साथ मौके पर मौजूद हैं। छात्र को समझाने का प्रयास किया जा रहा है।

निगोहां पुलिस ने एक वारण्टी को किया गिरफ्तार

लखनऊ। निगोहां पुलिस ने आर्म्स एक्ट के मुकदमे में न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद से फरार चल रहे एक वारण्टी को गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया 2009 में आर्म्स एक्ट के दर्ज मुकदमें में न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद से फरार चल रहे अभियुक्त अनीस कुमार निवासी मदापुर थाना निगोहां को उपनिरीक्षक राजेश कुमार दीक्षित ने पुलिस टीम के साथ गुरूवार को उसके घर पर दाबिश देकर गिरफ्तार किया। जिसके बाद वारण्टी को न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

30 लीटर अवैध कच्ची शराब और 90 किलो ग्राम लहन बरामद

लखनऊ। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 3, लखनऊ की टीम द्वारा आज केसरीखेड़ा तथा भीलमपुर अंतर्गत थाना मोहनलालगंज में संदिग्ध स्थलों पर दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान सघन तलाशी में 30 लीटर अवैध कच्ची शराब तथा 90 किलोग्राम लहन बरामद हुई। शराब को कब्जे में लेते हुए लहन को मौके पर नष्ट करा दिया गया। आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत 03 अभियोग पंजीकृत किये गये। लखनऊ के जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन एवं आबकारी आयुक्त के आदेश के क्रम में पुलिस आयुक्त एवं जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री तस्करी के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है।

यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने का दावा

टेलीग्राम से मांगे गए पैसे, मुकदमा दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। 23 अगस्त से शुरू होने वाली यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने का दावा करते हुए टेलीग्राम पर दो चैनल बनाए गए। जिनके जरिए फर्जी तरीके से सॉल्वड पेपर दिए जाने के बदले रुपयों की मांग की गई। यह जानकारी सामने आने पर लखनऊ के हुसैनगंज कोतवाली में पुलिस एवं भर्ती बोर्ड में तैनात इंस्पेक्टर ने मुकदमा दर्ज कराया है।

रुपये ऐंठने के लिए ई-वॉलट का इस्तेमाल

इंस्पेक्टर सतेंद्र कुमार के मुताबिक टेलीग्राम पर यूपी पुलिस पेपर लीक 2024 और वेनम नाम से दो चैनल बनाए गए। जिनमें दावा किया गया है कि रुपये जमा करने वालों को पेपर उपलब्ध कराया जाएगा। भरोसा हासिल करने के लिए फर्जी प्रश्न पत्र की फोटो भी अपलोड की गई। आरोपियों ने अपने चैनल पर कुछ क्यूआर कोड भी शेयर किए। जिनके जरिए पेपर के बदले रुपये ट्रांसफर कराने का प्रयास किया गया। इंस्पेक्टर सतेंद्र के मुताबिक परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। टेलीग्राम के जरिए पेपर देने के बदले रुपये मांगे जाने की सूचना पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

दलालों की सूचना देने पर मिलेगा 25 हजार का इनाम

यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने के दावे के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। पुलिस ने सुरक्षा-व्यवस्था कड़ी कर दी है। साथ ही जालसाजों को पकड़ने के लिए भी पुलिस ने जाल बिछा दिया है। टेलीग्राम समेत विभिन्न चैनलों पर 23 अगस्त को परीक्षा शुरू होने से कुछ देर पहले ही पर्चा उपलब्ध कराने का दावा किया गया तो पुलिस ने भी बड़ा ऐलान कर दिया। पुलिस ने बताया कि दलालों के बारे में सही सूचना देने वाले को 25 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा।

दलालों के झांसे में न आएं अभ्यर्थी

बलिया पुलिस ने कहा है, दिनांक 23, 24, 25 और 30, 31 अगस्त 2024 को होने वाली पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले सभी उम्मीदवारों को सचेत किया जाता है कि बहुत से दलाल टाइप के लोग आपको यह झांसा दे सकते हैं कि इतने रुपये दे दो, तो तुम्हारा एग्जाम पास करवा देंगे या पेपर आउट कराने का जुगाड़ हमारे पास है। इतने रुपये दो, तो पेपर एग्जाम से पहले मिल जाएगा। ऐसे फ्रॉड और दलालों के झांसे में ना आएं। ये आपको धोखा देंगे। ऐसे फ्रॉड और दलालों के बारे में तुरंत पुलिस को सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा और सूचना सही होने पर उसे 25 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा। किसी भी प्रकार की सूचना इन नंबरों पर कॉल कर या व्हाट्सऐप कर उपलब्ध कराई जा सकती है - 945440314 , 9454403018 , 9454400655 प्रदेश के 67 जिलों में पुलिस आरक्षी के 60,244 पदों पर चयन के लिए लिखित परीक्षा होने जा रही है।

पत्नी की मौत, पति ने मां-पिता पर दर्ज कराया केस

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। तेलीबाग में बुधवार को विवाहिता का शव ससुराल में फंदे से लटकता मिला। पति ने अपने ही माता-पिता समेत परिवार के पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पति ने पत्नी से मारपीट और घर के हिस्से पर पथराव का भी आरोप लगाया है। पीजीआई पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। तेलीबाग के वृन्दावन योजना सेक्टर-सात निवासी फास्ट फूड की दुकान पर काम करने वाले विशाल गौतम के मुताबिक एक वर्ष पहले उनकी शादी बाराबंकी के माती निवासी प्रियंका गौतम से हुई थी। विशाल का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से घर वाले पत्नी प्रियंका को परेशान करने लगे थे। बात-बात पर मारपीट करते थे। पिता मेवालाल, माता शीला देवी समेत परिवार के अन्य लोग ऊपर वाले मंजिल पर रहते हैं। वह पत्नी प्रियंका के साथ भूतल पर रह रहा था। विशाल ने आरोप लगाया कि मंगलवार रात पिता, माता, बहन सविता, नीति, बहनोई प्रताप सिंह वर्मा ने गालियां देते हुए घर पर पथराव कर दिया। शिकायत उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम पर की पर कार्रवाई नहीं की गई। बुधवार दोपहर वह काम से बाहर निकले थे। कुछ देर बाद मोहल्ले वालों ने फोन कर बताया कि प्रियंका की मौत हो गई है। भागकर वह घर पहुंचे तो देखा कि प्रियंका का शव पंखे के कुंडे से फंदे के सहारे लटका था। माता-पिता समेत अन्य लोग घर छोड़कर भाग गए थे। जिस दुपट्टे से फांसी लगी थी, वह भी प्रियंका नहीं, बल्कि उनकी बहन का था। इंस्पेक्टर पीजीआई ब्रजेश तिवारी के मुताबिक बहनोई प्रताप सिंह वर्मा, पिता मेवालाल, माता सिला देवी, बहन सविता, निति पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

कार ने स्कूटी में मारी टक्कर,दो अधिवक्ता घायल

लखनऊ। लखनऊ के अलीगंज निवासी अधिवक्ता प्रतीक शुक्ला ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया बीते बुद्धवार को अपनी अधिवक्ता साथी के साथ काम से अपनी स्कूटी से रायबरेली जा रहे थे जैसे ही वो निगोहां के दखिना टोल प्लाजा पर पहुंचे ही थे कि तभी टोल से तेज स्पीड में निकली अनियंत्रित कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी।दुर्घटना के बाद स्कूटी समेत दोनो अधिवक्ता गिरकर घायल हो गये।दुर्घटना के बाद कार चालक ने गंदी गंदी गालिया देते हुये जान से मारने की धमकी भी दी।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़ित अधिवक्ता की तहरीर पर कार समेत चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

सांसद संजय सिंह की सजा पर रोक

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। वर्ष 2001 में सुल्तानपुर जनपद में सड़क जाम कर धरना प्रदर्शन के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को बड़ी राहत देते हुए उन्हें सुनाई गई तीन माह कारावास की सजा पर रोक लगा दी है। न्यायालय ने कहा कि मामले में प्रथम दृष्टया विधि विरुद्ध जमावड़ा और सदोष अवरोध का अपराध गठित करने के तथ्य नहीं हैं।

इसके साथ न्यायालय ने संजय सिंह की ओर से दाखिल पुनरीक्षण याचिका भी सुनवाई के लिए स्वीकार कर निचली अदालत का रिकॉर्ड तलब कर लिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति करुणेश सिंह पवार की एकल पीठ ने संजय सिंह की पुनरीक्षण याचिका पर पारित किया। संजय सिंह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चन्द्र मिश्रा ने दलील दी कि निचली अदालत द्वारा उन्हें वर्ष 2001 के मामले में दोषसिद्ध करार देते हुए तीन माह कारावास की सजा सुनाई। इसके विरुद्ध उन्होंने अपील दाखिल की।

मगर सत्र अदालत ने उनकी अपील खारिज कर दी। कहा गया कि अभियोजन से पेश गवाहों के बयानों में भी भारी विरोधाभास है। स्वयं अभियोजन के एक गवाह ने याची को पहचानने से इनकार कर दिया है। सुनवाई के दौरान याचिका का राज्य सरकार की ओर से विरोध किया गया।

दो अभियान में 69 करोड़ की कब्जा भूमि मुक्त

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देशानुसार नगर में अवैध कब्जेदारों पर कार्यवाही एवं सरकारी भूमियों,संपत्तियों को कब्जा मुक्त करवाये जाने हेतु लगातार सघन अभियान चलाए जा रहे हैं। अभी तक करोड़ो रुपयों की विभिन्न सरकारी भूमि,संपत्ति, जो विगत लंबे समय से कब्जे में थीं, उन्हें खाली करवाया जा चुका है।

आज नगर निगम की टी ने दो जगहों पर सरकारी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए अभियान चलाया इसमें बिजनौर क्षेत्र में लगभग 40 करोड़ की जमीन और बरावकला में अभियान के दौरान 73.331 वर्गफीट जमीन को नग निगम की टीम ने अवैध कब्जे से मुक्त कराया। उक्त अवैध कब्जें से मुक्त कराई गई भूमि की बाजारू कीमत लगभग 29 करोड़ होगी।

यानि आज निगम टीम 69 करोड़ की जमीन को कब्जा मुक्त कराने में सफल रही। मण्डलायुक्त, लखनऊ मण्डल लखनऊ के आदेशों पर इन्द्रजीत सिंह, नगर आयुक्त व पंकज श्रीवास्तव अपर नगर आयुक्त के निर्देशानुसार संजय यादव प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति एवं तहसीलदारअरविन्द कुमार पाण्डेय के निर्देश के क्रम में ग्राम-बिजनौर, तहसील सरोजनी नगर व जिला-लखनऊ की खसरा संख्या-69, 372, 542, 545, 600, 603, 604, 608, 614, 634, 635, 2447 व 2450 क्षेत्रफल 3.045 हेक्टयर राजस्व अभिलेखों में क्रमशः बंजर, ऊसर, नवीन परती व पुरानी परती के रूप में दर्ज नगर निगम, लखनऊ में निहित भूमि पर कतिपय भू-माफिाओं एवं प्रापर्टी डीलरों द्वारा निजी भूमियों से बैनामा करके नगर निगम की उपरोक्त शासकीय भूमियों पर अवैध रूप से कब्जा कर विकसित किये गये आवासीय प्लाट को नायब तहसीलदार व राजस्व निरीक्षकके नेतृत्व में लेखपाल व तहसील सरोजनी नगर के क्षेत्रीय लेखपाल जितेन्द्र प्रकाश की उपस्थिति में थानाध्यक्ष थाना-बिजनौर द्वारा उपलब्ध करायी गयी पर्याप्त पुलिस बल व नगर निगम की ईटीएफटीम की उपस्थिति में शांतिपूर्ण ढंग से 327642.00 वर्गफुट भूमि से कब्जा हटवा दिया गया।उक्त अवैध कब्जों से मुक्त कराई गई भूमि की बाजारू कीमत लगभग रू0 40 करोड़ होगी।

इसी तरह इन्द्रजीत सिंह, नगर आयुक्त के आदेशानुसार ग्राम-बरावनकलां, लालजी टंडन वार्ड तहसील व जिला-लखनऊ की खसरा संख्या-1334 क्षेत्रफल 0.212 हेक्टयर, खसरा संख्या-1351 क्षेत्रफल-0.525 हेक्टयर राजस्व अभिलेखों में खाद गड्ढे व खलिहान के रूप में दर्ज भूमि के 79.331.00 वर्गफुट भूमि पर किये गये अवैध कब्जे को नायब तहसीलदार रवेश कुमार के नेतृत्व में लेखपाल सैफुल हक, अरूण कुमार गौतम, अजीत तिवारी व अनुपम मिश्रा द्वारा नगर निगम की ईटीएफटीम की उपस्थिति में शांतिपूर्ण ढंग से कब्जा हटवा दिया गया।

दखिना में निः शुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। निगोहाँ के दखिना स्थित अपना ढाबा पर गुरूवार को इंदिरा गांधी निरूशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लखनऊ से आए आठ चिकित्सकों और सहयोगियों की टीम ने लगभग 150 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया। शिविर का आयोजन समाजसेवी उमाशंकर त्रिवेदी की अगुवाई में किया गया।

उप-सहयोगी राजेश मिश्रा पश्चिम गांव ने आए हुए सभी चिकित्सकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और सामाजिक कार्य के लिए उनका धन्यवाद किया। समाजसेवी उमा शंकर त्रिवेदी ने कहा कि आंखें इंसान के जीवन का मूलभूत अंग हैं, जिनके बिना पूरा संसार काला लगता है। इसलिए सामाजिक कार्य में सभी को आगे आना चाहिए और गरीब एवं बेसहारों की आंखें बनकर उनका सहयोग करना चाहिए। इस अवसर पर कैंप कोऑर्डिनेटर सतीश मिश्र, डॉ. रुबीना, शालिनी सिंह, बशीर खान, शिखा विश्वकर्मा, शिल्पा उपाध्याय, कल्पना, मोहित विश्वकर्मा समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

रोजगार मेले में 140 अभ्यर्थी चयनित: अलीगंज स्थित राजकीय आईटीआई में गुरुवार को आयोजित रोजगार मेले में कम्पनियों ने 140 अभ्यर्थियों का चयन कर जॉब का ऑफर दिया। सहायक निदेशक एवं प्रभारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में नौ कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। मेले में 380 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। अभ्यर्थियों का ट्रेनी, लोन ऑफिसर, फ्रेशर, मशीन आपरेटर समेत पदों पर चयन किया गया।

कोरोना काल में जान जोखिम में डालकर किया काम, अब निकाल दिया

संविदा कर्मियों ने घेरा डिप्टी सीएम का आवास

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। संविदा कर्मचारियों ने गुरुवार को डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के आवास का घेराव किया। सड़क पर उतरे संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने स्थायी नौकरी की मांग की है। उनका कहना है कि कोविड महामारी में उन लोगों ने जान जोखिम में डालकर मरीजों की सेवा की।

अब उन्हें नौकरी से हटा दिया गया। कहीं समायोजित भी नहीं किया जा रहा है। सेवा विस्तार की मांग के समर्थन में संविदा स्वास्थ्य कमर्चारी गुरुवार सुबह करीब आठ बजे डिप्टी सीएम के आवास के बाहर पहुंचे और प्रदर्शन शुरू कर दिया।

कर्मचारियों से डिप्टी सीएम ने मुलाकात नहीं की। इन कर्मचारियों के साथ ही एनएचएम के 17 हजार संविदा भर्ती वेटिंग को लेकर भी अभ्यर्थी प्रदर्शन करने पहुंचे और घेराव किया। डिप्टी सीएम के आवास के बाहर जाने के बाद ही इन कर्मचारियों को करीब पौने 12 बजे पुलिस बसों में भरकर आलमबाग गीतापल्ली के पास ईको गार्डेन पार्क ले गए। वहां इन कोविड काल के कर्मचारियों ने आंदोलन जारी रखा।

नौकरी जाने से हम हो गए बेरोजगार

डिप्टी सीएम के आवास के बाहर प्रदर्शन कर रहे संविदा कर्मचारियों ने बताया कि नौकरी से निकाले जाने के बाद वह लोग यहां करीब 15 बार आ चुके हैं, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। कर्मचारियों ने बताया कि नौकरी जाने से वह लोग बेरोजगार हो गए हैं। स्थानीय स्तर पर भी उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से मिलने के लिए लखनऊ आ रहे हैं, लेकिन फिर भी कोई समाधान नहीं निकल पाया।

लखनऊ के श्रवण साहू मर्डर केस में 8 को उम्रकैद

7 साल बाद सभी आरोपियों को मिली सजा, बेटे के मर्डर केस में कर रहे थे पैरवी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ के व्यापारी श्रवण साहू मर्डर केस में सीबीआई कोर्ट ने 8 दोषियों उम्रकैद की सजा सुनाई है। मामले में हिस्ट्रीशीटर अकील अंसारी, सत्यम पटेल, अमन सिंह, विवेक वर्मा, बाबू खान, फैसल, अजय पटेल, रोहित मिश्रा को उम्रकैद की सजा मिली है। कोर्ट ने सभी पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। सआदतगंज में रहने वाले व्यापारी श्रवण साहू की हत्या 1 फरवरी 2017 को उनके घर के सामने गोली मारकर कर दी गई थी। वह अपने बेटे के हत्यारों के खिलाफ अदालत में केस लड़ रहे थे। श्रवण के बेटे आयुष साहू की हत्या साल 2013 में कर दी गई थी, जिसके वह इकलौते गवाह थे।

कोर्ट के फैसले पर श्रवण साहू की पत्नी निर्मला और बड़े बेटे सुनीत साहू ने कहा कि अकील और सत्यम को फांसी दी जाए इनके लिए उम्रकैद की सजा सही नहीं है। उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ से भी मांग करते हुए कहा कि परिवार की मदद करें और अकील अंसारी और सत्यम को फांसी की सजा दिलवाएं।

पिता और भाई की हत्या के बाद अभी भी हम लोगों में खौफ रहता है। अकील अंसारी को प्रदेश के बाहर जेल में शिफ्ट किया जाए और हम लोग को जो सुरक्षा दी गई है वह बरकरार रखी जाए। अकील जेल से अपना गिरोह अभी भी चला रहा है।

एक फरवरी 2017 की रात करीब 8 बजे सआदतगंज के बड़े चौराहे पर तेल कारोबारी श्रवण कुमार साहू अपनी दुकान पर हिसाब किताब कर रहे थे, तभी एक बाइक से दो शूटर पहुंचे और श्रवण साहू को ताबड़तोड़ पांच गोलियां मारी। जिसमें एक गोली श्रवण साहू के सिर में लगी। घटना को अंजाम देकर दोनों उसी बाइक से फरार हो गए। श्रवण साहू को आनन-फानन में ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था।

श्रवण साहू के छोटे बेटे आयुष साहू की हत्या 16 अक्टूबर 2013 को कैंपवेल रोड पर एक बीयर शॉप में हुई थी। घटना के दिन आयुष अपने दोस्तों आकाश और नितिन के साथ बीयर पीने के लिए कैंपबेल रोड स्थिति बीयर शॉप पर गया था। शॉप में बीयर की एक ही ठंडी बोतल बची थी। आयुष ने बीयर ले ली और पैसा सेल्समैन को दे दिया।

तभी हिस्ट्रीशीटर अकील भी बीयर शॉप पर पहुंचा और वह भी उसी बोतल के लिए सेल्समैन पर दबाव बनाने लगा। इसको लेकर आयुष और अकील में विवाद हो गया, जिसमें अकील अंसारी ने गोली मार कर आयुष की हत्या कर दी। फायरिंग में आयुष के दोनों साथियों को भी गोली लगी थी। ठाकुरगंज का रहने वाला हिस्ट्रीशीटर अकील लखनऊ के सीरियल किलर भाइयों (सलीम, सोहराब और रुस्तम) का करीबी था और पहले उन्हीं के इशारे पर व्यापारियों से वसूली करता था। बाद में अकील माफिया मुख्तार गैंग में शामिल हो गया। पिस्टल निकाल कर धमकी देना उसकी आदत में शुमार था।

आयुष साहू की हत्या के मामले में ठाकुरगंज पुलिस ने अकील को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। कुछ महीने जेल में रहने के बाद वह जमानत पर बाहर आ गया था।

नीली शर्ट, काली टी-शर्ट और चेक शर्ट पहने तीनों आरोपी। घटना के बाद पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार किया था।

नीली शर्ट, काली टी-शर्ट और चेक शर्ट पहने तीनों आरोपी। घटना के बाद पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार किया था। श्रवण साहू अपने बेटे आयुष साहू की हत्या की मजबूती से पैरवी कर रहे थे। जेल से बाहर के बाद अकील ने कई बार उन्हें पैरवी नहीं करने के लिए धमकी भी दी। लेकिन, श्रवण साहू पीछे हटने को तैयार नहीं थे। आखिरकार, अकील ने अपने करीबी लखनऊ पुलिस के एसओजी प्रभारी धीरेंद्र शुक्ला और पारा थाने के सिपाहियों से मिल कर श्रवण साहू को फंसाने की प्लानिंग बनाई।

10 जनवरी 2017 को दरोगा धीरेंद्र शुक्ला ने चार युवकों (कामरान, अफजल, तमीम और अनवर) को आर्म्स एक्ट में पकड़ा। अकील ने साजिश करते हुए आरोप लगाया कि श्रवण साहू उसे मरवाना चाहते हैं। पकड़े गए चारों युवकों को श्रवण साहू ने 20 लाख की सुपारी दी थी।

लोहिया में कर्मचारियों की फौज, तीमारदार खींच रहे स्ट्रेचर

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। लोहिया संस्थान में कर्मचारियों की फौज है। इसके बावजूद तीमारदार स्ट्रेचर खींचने को मजबूर हैं। सबसे ज्यादा अड़चन उन मरीज-तीमारदारों को झेलनी पड़ रही है जिनके साथ एक-दो लोग ही होते हैं। लोहिया में करीब 1000 बेड हैं। सैकड़ों की संख्या में वार्ड ब्वॉय, वार्ड आया और अटेंडेंट तैनात हैं। इन पर मरीजों को एक से दूसरे वार्ड व विभाग में ले जाने की जिम्मेदारी भी है। इसके लिए बाकायदा जगह-जगह नोटिस बोर्ड भी लगाए गए हैं। फिर भी कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे हैं। इसका खामियाजा तीमारदारों को भुगतना पड़ रहा है।

गुरुवार को इमरजेंसी से तीमारदार अपने मरीज को स्ट्रेचर से लेकर विभाग की ओर जा रहे थे। तीमारदार स्ट्रेचर और व्हील चेयर से मरीजों को एक से दूसरे विभाग ले जाने को मजबूर हैं। यह हाल ओपीडी से लेकर इमरजेंसी, मेडिसिन, हड्डी, समेत दूसरे विभागों में देखने को मिल रहा है। इससे दूरदराज से आने वाले तीमारदारों को खासी दुश्वारियां झेलनी पड़ रही हैं।

अफसरों ने मूंदीं आंखें: तीमारदारों को स्ट्रेचर खींचता देखने के बावजूद लोहिया के अफसर खामोश हैं। उन्होंने आंखें मूंद रखी हैं। इससे हालात और भी बदतर हो गए हैं। कर्मचारी तीमारदारों की फरियाद नहीं सुन रहे हैं।

बीएनआई नोएडा ने व्यापार विकास और कनेक्शन को बढ़ावा देने के 10 साल मनाए

लोकमित्र ब्यूरो

नोएडा। बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल (बीएनआई), दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे सफल बिजनेस नेटवर्किंग संगठन, अपने नोएडा क्षेत्र के 10 साल के मील के पत्थर की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहा है। 70+ देशों में फैले विश्व स्तर पर 325,000 से अधिक सदस्यों के साथ,बीएनआई रेफरल के माध्यम से अपने सदस्यों के लिए अरबों डॉलर का राजस्व उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है।

भारत में, बीएनआई की 1250 + अध्यायों में 60,000 से अधिक सदस्यों के साथ 130 शहरों में भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में योगदान देने वाली महत्वपूर्ण उपस्थिति है। बीएनआई नोएडा, देश के अग्रणी क्षेत्रों में से एक, अपने सदस्यों के लिए व्यावसायिक कनेक्शन और विकास को बढ़ावा देने में सबसे आगे रहा है। 625 से अधिक सदस्यों के साथ, बीएनआई नोएडा ने कई व्यावसायिक अवसरों की सुविधा प्रदान की है, जिसके परिणाम स्वरूप इसके सदस्यों के लिए पर्याप्त राजस्व वृद्धि हुई है।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए, बीएनआई नोएडा 24 अगस्त, 2024 को एक्सपो इन, ग्रेटर नोएडा में एक भव्य उत्सव की मेजबानी कर रहा है। यह आयोजन नोएडा क्षेत्र, अन्य क्षेत्रों के सदस्यों और पूरे भारत के सम्मानित बीएनआई गणमान्य व्यक्तियों सहित 600 से अधिक प्रतिनिधियों को एक साथ लाएगा। कार्यक्रम गर्व से सीआरसी ग्रुप नोएडा द्वारा प्रायोजित है, और अन्य प्रायोजकों के बीच ओरिआना पावर लिमिटेड और सॉइल सर्च द्वारा सह प्रायोजित है। इस उत्सव में मनोरंजक नृत्यों, गीतों की एक आकर्षक लाइनअप और भारतीय अर्थव्यवस्था को .5 ट्रिलियन आकार की ओर ले जाने में एमएसएमई उद्यमों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रख्यात व्यापारिक नेताओं द्वारा एक विचारोत्तेजक समूह चर्चा होगी।

प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के शुभारंभ के लिए उद्घाटन सत्र का किया गया आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में विद्या भारती द्वारा आयोजित प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के शुभारंभ के लिए उद्घाटन सत्र का आयोजन किया गया। अतिथियों का स्वागत विद्यालय की छात्राओं द्वारा घोष ध्वनि की प्रस्तुति के साथ किया गया। विद्या भारती के ब्रज प्रदेश के प्रांत संगठन मंत्री हरिशंकर, कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि उप क्रीड़ा अधिकारी पूजा भट्ट ,अध्यक्ष नगर पालिका सुधा गुप्ता, स्वामी विवेकानंद शिक्षा प्रसार समिति के अध्यक्ष क्षेत्रपाल उपाध्याय, मंत्री बृजनंदन माहेश्वरी ,सरस्वती विद्या मंदिर के अध्यक्ष सुधीर गुप्ता,प्रबंधक वीरेंद्र वार्ष्णेय , क्षेत्रीय संयोजक शारीरिक शिक्षा होडिल सिंह, प्रांत सह मंत्री भारतीय श्री विद्या परिषद ब्रज प्रदेश श्वेता बंसल, प्रदेश निरीक्षक एवं प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार वर्मा आदि ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इसके उपरांत प्रांतीय खेलकूद प्रमुख प्रेम शंकर के द्वारा प्रस्ताविकी प्रस्तुत की गई एवं क्षेत्रीय संयोजक शारीरिक

शिक्षा होडिल सिंह के द्वारा उपस्थित खिलाड़ियों को प्रतिज्ञा कराई गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत शिव स्तुति एवं लोकगीत प्रस्तुत किए गए। मुख्य वक्ता प्रांत सह मंत्री श्वेता बंसल द्वारा खिलाड़ियों को पाथेय प्रस्तुत करके उत्साहित किया गया। उन्होंने कहा कि शारीरिक खेलकूद आत्मविश्वास को बढ़ावा देता है, शक्तिशाली बनाता है। जब नागरिक शक्तिशाली होंगे तो राष्ट्र भी शक्तिशाली होगा। लेकिन शक्ति के साथ संस्कार भी महत्व रखता है । इसलिए शक्ति में वृद्धि के साथ-साथ संस्कार पक्ष भी प्रबल होना चाहिए । शक्ति से स्वाभिमान की भावना भी बढ़ती है किंतु यह चिंतनीय है कि वर्तमान में मोबाइल के आधिकाधिक प्रयोग ने बच्चों की रुचि शारीरिक खेलों के प्रति कम कर दी है । जो बच्चों के विकास के लिए बाधक है। इसलिए अभिभावकों को जागरूकता के साथ शारीरिक खेलों को बढ़ावा देते हुए बच्चों को प्रोत्साहित करना चाहिए । शारीरिक खेल स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं । इसके साथ-साथ खेलों से बौद्धिक क्षमता का भी विकास होता है क्योंकि खेलते समय मस्तिष्क भी अधिकाधिक सक्रिय होता है। हमारे जीवन में संकल्प का भी बहुत बड़ा योगदान होता है। हम जिस कार्य को संकल्प के साथ करते हैं उसमें हमें जल्दी और अच्छी सफलता मिलती है। इससे हमारी योग्यता और दक्षता में वृद्धि होती है। किसी भी प्रकार की सफलता को प्राप्त करने के लिए निरंतरता का भी बहुत बड़ा योगदान होता है। निरंतर अभ्यास से लक्ष्य की प्राप्ति जल्दी हो जाती है। हमें कभी निराश नहीं होना चाहिए बल्कि सफलता प्राप्त करने तक निरंतर प्रयत्नशील रहना चाहिए । लक्ष्य और सफलता के बीच जो सेतु होता है, उसे अनुशासन कहते हैं। हमें अपने जीवन में अनुशासन का भी पालन करना चाहिए तभी हम सभ्य नागरिक बन सकते हैं। प्रांत संगठन मंत्री हरिशंकर ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि ज्ञान के क्षेत्र में प्राचीन भारतीय शिक्षा प्रणाली का इतिहास गौरवशाली रहा किंतु अंग्रेजों ने हमारी शिक्षा प्रणाली को बहुत नुकसान पहुंचा हमारे ज्ञान के भंडार पुस्तकालयों को नष्ट कर दिया इसके साथ-साथ उन्होंने गुलामी की मानसिकता तैयार करने वाली शिक्षा प्रणाली लागू कर दी जिससे विद्या शिक्षा में बदलकर मंत्र नौकरी प्राप्त करने का साधन बनकर रह गई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन विद्या भारती ने अंग्रेजों द्वारा लागू शिक्षा प्रणाली को चुनौती देते हुए पांच आधारभूत शिक्षा प्रणाली लागू की और भारतीयता से ओतप्रोत, भारतीय मूल्यों को संरक्षित , संवर्धित करने का प्रण लिया जो की 1952 से अभी तक विद्या भारती से संबंधित शिक्षण संस्थानों के रूप में क्रियान्वित हो रहा है और जिसका सकारात्मक प्रभाव भारतीय समाज पर दिखाई दे रहा है विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यालयों में पांच आधारभूत शिक्षा प्रणाली के आधार पर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जाता है जिसका उद्देश्य केवल साक्षर नहीं बल्कि संस्कार युक्त शिक्षित नागरिक बनाना है जो भारत के विकास में अपना योगदान कर सकें। खेल सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। शारीरिक, बौद्धिक क्षमता में वृद्धि करते हैं। खिलाड़ियों को सदैव प्रतिस्पर्धी बनकर प्रयत्नशील बने रहना चाहिए। हमें राष्ट्रवादी भावना को अपने मन में धारण करके जीवन यापन करना चाहिए। समाज हित का कार्य करने की भावना भी अपने स्वभाव में रखनी चाहिए। अध्यक्ष नगर पालिका एटा एवं कार्यक्रम अध्यक्ष सुधा गुप्ता ने सभी का आभार प्रकट करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किये। इस अवसर पर प्रभारी खो खो विष्णु कुमार , प्रभारी कबड्डी लोकेंद्र नाथ शर्मा प्रभारी शतरंज डॉक्टर सुरेंद्र पाल सिंह एवं भिन्न-भिन्न विद्यालयों से पधारे प्रतिभागी विद्यार्थियों, संरक्षक शिक्षकों , निर्णायकों, डॉ चेतन देव शर्मा डॉक्टर संजीव पांडे, मनमोहन राठी ,अतुल राठी, पंकज गुप्ता ,आशुतोष मिश्रा, डॉक्टर राजेश सक्सेना, हरी बाबू गुप्ता ,सुबोध वर्मा ,संजीव गोयल, शिव शंकर ,नीरज मिश्रा, भूपेंद्र मिश्रा, राहुल, शिवानी मिश्रा,विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारीगण एवं सहयोगी शिक्षकों आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन छात्रा यशिका द्वारा किया गया।

राजीव गांधी सामान्य ज्ञान निबंध प्रतियोगिता में शशि पाण्डेय ने जीता प्रथम पुरस्कार

अमेठी। भेटुआ ब्लॉक में आयोजित राजीव गांधी सामान्य ज्ञान निबंध प्रतियोगिता में जगदम्बा प्रसाद शुक्ल इंटर कॉलेज की छात्रा शशि पाण्डेय ने प्रथम पुरस्कार जीता। उन्हें कांग्रेस सांसद किशोरी लाल शर्मा ने बैग, अंगवस्त्र और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में 80 छात्र और छात्राओं ने भाग लिया, लेकिन शशि पाण्डेय ने अपनी प्रतिभा से जीत हासिल की। जगदम्बा प्रसाद शुक्ल इंटर कॉलेज के प्रबंधक सुनील कुमार शुक्ल को भी कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने सम्मानित किया। शशि पाण्डेय को बधाई देने वालों में कांग्रेस कमेटी भेटुआ ब्लॉक अध्यक्ष अजित कुमार यादव, कांग्रेस वरिष्ठ नेता सूर्य भान तिवारी और अन्य ने शामिल हुए।

पेड़ से लटका मिला युवक का शव, फैली सनसनी

लोकमित्र ब्यूरो

एटा/अलीगंज। थाना नायगांव क्षेत्र में 18 वर्षीय युवक का पेड़ पर शव लटके मिलने से क्षेत्र में अहाकार मच गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेज दिया।

थाना नयागांव के दुर्गा कॉलोनी सरायगत निवासी 18 वर्षीय परमजीत उर्फ नन्हे पुत्र विनोद शाम को घर से बाजार जाने की कहकर निकाला था लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद घर नहीं पहुंचा तो परिवारिजनों नें काफ़ी तलाश की लेकिन परमजीत का कुछ भी पता ना लगा। मंगलवार को सुबह सूचना मिली कि परमजीत का शव पेड़ से लटका हुआ है सूचना मिलने पर परिवारिजनों में आहाकर मच गया। पुलिस को सूचना दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पेड़ से उतरावाकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिवारिजनों ने आरोप लगाते हुए बताया कि परमजीत की हत्या कर गमछे से बांधकर पेड की टहनी पर लटकाया गया है। बरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा पुलिस जांच करवाई कर रही है।

ग्रह कलेश के चलते पति ने पत्नी का फोड़ा सिर, गंभीर घायल

लोकमित्र ब्यूरो

अलीगंज/एटा। थाना जसरथपुर में घरेलू विवाद के चलते पति ने पत्नी का सिर फोड़ दिया और महिला के भाई के साथ मारपीट की। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज में भर्ती कराया।थाना जसरथपुर के गांव बढ़ापुर निवासी गोपाल अपनी पत्नी संतोष देवी से किसी काम के लिए रुपए मांग रहा था। पत्नी द्वारा रुपए न देने पर गोपाल ने मारपीट शुरू कर दी इसी बीच गोपाल ने अपनी पत्नी के सिर पर बार कर दिया जिससे उसके सिर पर काफी गंभीर चोट आ गई बीच बचाव करने आए शाहबाजपुर हरदोई के नगला वरसुया निवासी भाई मंजीत के साथ भी हाथापाई कर दी। भाई ने पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज में भर्ती कराया डॉक्टर ने महिला की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायल महिला के भाई मंजीत नें बताया कि जो रुपए अपनी बहन को अकाउंट में दिए गए थे वह अब खत्म हो गए लेकिन गोपाल अतिरिक्त रूपयों की मांग कर रहा था जिसको लेकर मेरी बहन के साथ मारपीट की जब मैं बचाने गया तो मेरे साथ भी हाथापाई कर दी। एस एच ओ जसरथपुर ओमप्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि गृह क्लेश के चलते आपसी में मारपीट हुई।

शिव मंदिर की दूसरी वर्षगांठ मनायी गई

लोकमित्र ब्यूरो

अलीगंज/एटा। शिव मंदिर के दो वर्ष पूरे होने पर एसएसआर ग्रुप की ओर से विशाल भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। भजन संध्या कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग भजन सुनने पहुंचे।

कार्यक्रम में विख्यात भजन गायकों ने अपनी आवाज का खूब जादू बिखेरा। कलाकारों ने लेजर लाइट के माध्यम से अनेको प्रकार की भजन स्तुतियां प्रस्तुत की जो श्रद्धालुओं के मन को लुभाई और थिरकते नजर आये।विकासखंड अलीगंज क्षेत्र के ग्राम दहेलिया पूठ मे स्थित शिव मंदिर के दो वर्ष पूर्ण होने पर वर्षगांठ का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन पंडित विष्णु शर्मा द्वारा कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अलीगंज सत्यपाल सिंह राठौर ने किया। वही सुजीत गुप्ता उर्फ़ बॉबी प्रतिनिधि चेयरमेन ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। शिव भजन सम्राट अतुल पंडित ने लोगों पर अपनी आवाज का जादू बिखेरा और लोगों ने जमकर भजनों का आनंद लिया। खाटू श्याम सिंगर अनुष्का शर्मा और अधिष्ठा शर्मा भजन गायिका के साथ शिव भजनों से जमकर धूम मचाई। इसी के साथ शिव तांडव, और कन्हैया जी के भजनों को बड़े पर्दे के माध्यम से भव्य रूप से दिखाया गया।

कार्यक्रम समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विधायक सत्यपाल सिंह राठौड़, चेयरमैन प्रतिनिधि सुजीत गुप्ता उर्फ़ बॉबी, प्रधान ललित मोहन मिश्रा, राघव मिश्रा, सुभाष शर्मा, विधायक पुत्र सूरज राठौर, बिट्टू राठौर, संदीप राठौर, मयंक राठौर, विनोद शर्मा, सत्य प्रकाश शर्मा, सत्यपाल शर्मा, सुशील शर्मा, अनुज शर्मा, विकास शर्मा, गौतम शर्मा मौजूद रहे।

पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने को सौंपा ज्ञापन

» गदनपुर हत्याकांड की घटना का एक सप्ताह में पुलिस करे खुलासाः सुधीर सिंह राघव

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। पश्चिम बंगाल (कोलकाता) में एक महिला डॉक्टर मोमिता देवनाथ की गैंगरेप कर की गई निर्मम हत्या के संबंध में पश्चिम बंगाल राज्य की ममता बनर्जी की सरकार को हटाकर राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने को एवं जनपद एटा के थाना कोतवाली देहात के गदनपुर में 16 वर्षीय किशोरी की घर में घुसकर निर्मम हत्या करने को लेकर भारतीय हलधर किसान यूनियन के बैनर तले सुधीर सिंह राघव राष्ट्रीय प्रवक्ता के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष अजय वर्मा ने कलेक्ट्रेट जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर एडीएम प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में डॉक्टर की हुई निर्मम हत्या जैसे जघन्य अपराधिक घटनाओं से पूरे देश में सभी राज्यों के समाजिक संगठनों के द्वारा लोग एक स्वर में जगह-जगह विरोध प्रदर्शन करते हुए न्याय की गुहार लगा रहे हैं। पश्चिम बंगाल की भारतीय हलधर किसान यूनियन किसान संगठन देश में आए दिन हो रहे महिलाओं के साथ छेड़छाड़, दुष्कर्म निर्मम हत्या जैसे अपराधों को लेकर बहुत चिंतित मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार द्वारा महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों को लेकर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है।

जिससे देश के हर राज्य में डॉक्टरों के द्वारा देश व्यापी हड़ताल की गई है। जिस कारण देश के निर्दोष लोगों समय से इलाज नहीं मिल पाने के कारण जान गवां रहें हो रहीं हैं। वहीं देश के सभी राज्यों में महिला एवं सामाजिक संगठनो द्वारा देश में जगह जगह विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस से पूर्व कोलकाता में महिला डॉक्टर मोमिता देवनाथ के साथ हुई

दरिंदगी की घटना सामने आई है, जिसने पूरे देश को स्तब्ध करके रख दिया है, जिस दिन पूरे देश को स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाना चाहिए था, उस दिन पूरा देश महिला डॉक्टर मोमिता देवनाथ के शोक में डूबा था। कोलकाता में महिला डॉक्टर की दरिंदगी के साथ गैंगरेप जघन्य हत्या जैसी घटनाओं को अंजाम देने वाले दुराचारियों एवं हत्यारों को भारत सरकार द्वारा ऐसे दरिंदों को जल्द से जल्द फांसी दी जाए। महामहिम राष्ट्रपति से मांग की है कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार को हटाकर राष्ट्रपति शासन लागू किया जाना चाहिए।

वहीं एसएसपी को संबोधित एक एक ज्ञापन एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश को सौंपा है। जनपद एटा के थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम गदनपुर में घर में अकेली नाबालिग किशोरी की स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पूर्व 14 अगस्त को समय करीब दोपहर 2 बजे घर में घुसकर निर्मम हत्या कर दी गई। जिसे देखकर जनपद की हर बेटी एवं उसके परिवार की रूह कांप गई है।

जनपद एटा की पुलिस घटना का खुलासा नहीं कर पा रही है। एटा की बेटियों के साथ हो रहीं निर्मम हत्या जैसी विभिन्न घटनाओं के कारण आज पूरे जनपद में सभी लोग एक स्वर में जगह-जगह विरोध प्रदर्शन के साथ न्याय की गुहार लगा रहे हैं। नाबालिग किशोरी की दरिंदगी के साथ निर्मम हत्या की घटना का जल्द ही एक सप्ताह में खुलासा किया जाना चाहिए। यदि एक सप्ताह में घटना का खुलासा नहीं किया जाता है तो भारतीय हलधर किसान यूनियन आंदोलन करने को बाध्य होगी।

जिसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने के दौरान सुधीर सिंह राघव राष्ट्रीय प्रवक्ता, महेंद्र कुमार प्रजापति अलीगढ़ मण्डल अध्यक्ष मजदूर प्रकोष्ठ, रवीश कुमार जिला मीडिया प्रभारी एटा, अजय कुमार वर्मा जिलाध्यक्ष एटा, रमाशंकर जिला संगठन मंत्री, निशांत सिंह जिला महासचिव, सीता राम कश्यप जिला उपाध्यक्ष, सरवर माही, विश्वनाथ प्रताप सिंह तहसील अध्यक्ष, जयप्रकाश यादव जिला उपाध्यक्ष, सचिन कुमार, सतीश चन्द्र, अतुल मिश्रा, हेमंत कुमार, रविकांत आर्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एसडीएम अलीगंज सदेरा विद्यालय का किया निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

अलीगंज/एटा। विकासखंड अलीगंज क्षेत्र के उप जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खामियां मिलने पर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उप जिलाधिकारी अलीगंज जगमोहन गुप्ता द्वारा प्राथमिक विद्यालय सदेरा का निरीक्षण किया गया। उप जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पाया कि छात्रों की संख्या कम है जिसके संबंध में प्रधानाध्यापक को अभिभावकों की बैठक बुलाकर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने हेतु प्रयास करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सभी अध्यापक उपस्थित रहे साथ ही विद्यालय में साफ सफाई भी संतोषजनक नहीं पाई गई जिस पर आक्रोश जताते हुए समुचित साफ सफाई हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

आज जन-कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किये जाने हेतु शिविर का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने सूचित किया है कि जनपद में निवासरत पात्र व्यक्तियों को विभागों द्वारा संचालित जन- कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किये जाने के सन्दर्भ में उनके नवीन आवेदन कराये जाने एवं उनकी समस्याओं के निदान हेतु प्रत्येक विकासखंड परिसर में शिविरों का आयोजन किया जायेगा।उन्होनें बताया है कि दिव्यांगजन विभाग द्वारा संचालित योजनायें- दिव्यांगजन पेंशन योजना,कृत्रिम अंग एंव सहायक उपकरण (ट्राई साईकिल, छोटी बड़ी व्हीलचेयर, बैसाखी, कान की मशीन, दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों के लिए सेंसर वाली छड़ी/सामान्य छड़ी, मानसिक रूप से दिव्यांगजनों के लिए दैनिक जीवन के किया-कलापों एवं लिखने-पढ़ने हेतु एम0आर0किट एवं विशेष कुर्सी, कुष्ठ रोग के कारण दिव्यांगता की श्रेणी में आने वाले दिव्यांगजनों के दैनिक जीवन के क्रिया-कलापों हेतु ए0डी0एल0 किट) योजना, दुकान संचालन/निर्माण योजना, शादी प्रोत्साहन योजना, यू0डी0आई0डी0 कार्ड योजना आदि।समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनायें- वृद्धावस्था पेंशन योजना, पारिवारिक लाभ योजना, सामूहिक विवाह योजना,स्ट/स्ज अत्याचार उत्पीडन योजना, अभ्युदय योजना आदि। प्रोबेशन विभाग द्वारा संचालित योजनायें- निराश्रित महिला पेंशन, कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, वन स्टॉप सेंटर आदि।उन्होनें बताया है कि 23 अगस्त 2024 को विकास खण्ड निधौलीकलां के नगर क्षेत्र निधौलीकलां हेतु खण्ड विकास अधिकारी निधौलीकलां को, दिनांक 24 अगस्त 2024 को विकास खण्ड अलीगंज के नगर क्षेत्र अलीगंज, राजा का रामपुर हेतु खण्ड विकास अधिकारी अलीगंज को, 28 अगस्त 2024 को विकास खण्ड शीतलपुर के नगर क्षेत्र एटा हेतु खण्ड विकास अधिकारी शीतलपुर को, 29 अगस्त 2024 को विकास खण्ड सकीट के नगर क्षेत्र सकीट हेतु खण्ड विकास अधिकारी सकीट को, 30 अगस्त 2024 को विकास खण्ड मारहरा के नगर क्षेत्र मिरहची, मारहरा हेतु खण्ड विकास अधिकारी मारहरा को, 31 अगस्त 2024 को विकास खण्ड जैथरा के नगर क्षेत्र जैथरा हेतु खण्ड विकास अधिकारी जैथरा को नोडल अधिकारी बनाया है।

मूर्तियां खंडित करने वालों पर जल्द से जल्द हो कार्रवाई, दिया ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो

अलीगंज/एटा। विकासखंड अलीगंज क्षेत्र में शिव परिवार की मूर्तियाँ खण्डित कर मंदिर परिसर में फेंक देने एवं प्राचीन शिवलिंग पर पत्थर मारकर प्रतिमा खंडित को लेकर एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम उप जिलाधिकारी अलीगंज जगमोहन गुप्ता व क्षेत्राधिकार अलीगंज सुधांशु शेखर और विधायक अलीगंज सत्यपाल सिंह राठौड़ को दिया गया है।

ज्ञापन में सनातन विरोधियों को जल्दी से जल्द पकड़ने व जेल भेजनें की मांग की है। आपको बताते चलें कि थाना जसरथपुर के ग्राम दहेलिया पूठ मे 18/19 अगस्त की रात अज्ञात सनातन विरोधियों द्वारा लगभग 100 वर्ष प्राचीन शिव मंदिर स्वामी सत्यदेव कुटीर पर शिव परिवार की मूर्तियाँ खण्डित कर मंदिर परिसर में फेंक दी गयी एवं प्राचीन शिवलिंग पर पत्थर मारकर प्रतिमा खंडित कर दी गयी चूँकि कार्य अधर्मियों द्वारा सावन के अंतिम सोमवार को किया गया जिसके कारण समस्त क्षेत्रवासियों में भारी रोष व्याप्त है। स्थानीय पुलिस द्वारा आज तक किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गयी है। इस घटना से सभी क्षेत्रवासी आहत होकर स्थानीय विधायक सत्यपाल सिंह राठौर का घेराव करेंगे यदि दो दिन के अन्दर मूर्ति तोड़ने वालों का खुलासा नहीं हुआ तो सभी ग्रामीण भूख हड़ताल पर बैठकर अनशन करेंगे।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट चैम्बर में सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट चैम्बर में सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डीएम ने समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि लोक निर्माण विभाग द्वारा पुलिस विभाग, परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग से बेहतर सामंजस्य स्थापित कर जनसामान्य को बेहतर यातायात उपलब्ध कराया जाए। शहर को जाम से निजात दिलाने हेतु ईरिक्शा को व्यवस्थिति रूप में संचालन कराया जाए। रेलवे पुल पर लोक निर्माण विभाग द्वारा रेन कट को ठीक कराते हुए रैलिंग, साइनेज इत्यादि की व्यवस्था की जाए, जिससे कि सड़क दुर्घटना न हो। जिन ब्लेक स्पॉट पर कार्य अवशेष है, वहां अतिशीघ्र कार्य को पूर्ण कराया जाए। डीएम ने कहा कि शहर में ऑटो, ईरिक्शा संचालक अपने वाहन में लाइटें इत्यादि को क्रियाशील करें। शहर में विद्युत पोलों को एक बार चैक कराया जाए, जिन स्थानों पर पोल झुक गए हैं, या क्षतिग्रस्त है उन्हें ठीक कराया जाए। हाईवे, वाईपास पर रात्रि में लाइटें आवश्यक रूप से जलाई जाए, जिससे कि वाहन चालकों को कोई समस्या न हो। एआरटीओ, टीएसआई संयुक्त रूप से शहर में बेहतर यातायात जनसामान्य को उपलब्ध कराने हेतु कार्ययोजना तैयार करें। शहर में जाम की स्थिति न रहे, इसके लिए व्यापक इंतजाम करें। राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गो पर गढ्ढों के भराव व मरम्मत, रोड पेंटिंग व साईन बोर्ड लगाए जाने की कार्यवाही की जाए। शहरी क्षेत्र में डिवाइडरों में बने कटों पर रिफलेक्टिव टेप, डेलीनेटर लगाया जाए, जिससे कि दुर्घटनाओं में कमी आ सके। रोडबेज बस स्टैण्ड पर सड़क किनारे बसें खड़ी न होने दी जाए, बस स्टैण्ड के अंदर ही रोडबेज बसें खड़ी होनी चाहिए।

बैठक में डिप्टी कलेक्टर विमल कुमार, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग ललित अग्रवाल, आदर्श कुमार वर्मा, अधिशासी अभियंता विद्युत शहरी, टीएसआई अनिल वर्मा, आरआई नगर पालिका आदि मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

पत्रकार के निधन पर शोक

उन्नाव। वयोवृद्ध पत्रकार श्रीकृष्ण कनौजिया के निधन पर पत्रकारों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहाकि श्रीकृष्ण कनौजिया ने अपनी लेखनी के माध्यम से दबे कुचले शोषित समाज को न्याय दिलाने का काम किया। लम्बी बीमारी के चलते बुधवार को सायंकाल उनका देहान्त हो गया। उनके निधन पर पत्रकारों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहाकि हमारे बीच से एक कलमकार चला गया। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में प्रेस क्लब अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह राठौर, कमल सिंह राठौर, भगवती प्रसाद, शुभम श्रीवास्तव, योगेन्द्र प्रताप सिंह, मनोज सिंह, अंजनी कुमार पाठक, सुभाष सिंह, अरमान सिद्दीकी, अरूण दीक्षित, सत्यम बाजपेई, राजीव सिंह, अंकुर तिवारी आदि लोग रहे।

शिक्षक ने ग्रामीणों की मदद से श्रमदान कर ठीक किया रास्ता

पाटन (उन्नाव)। शिक्षक की पहल पर विद्यालय आने जाने वाले रास्ते को ग्रामीणों की मदद से श्रमदान कर ठीक करवाया। जिससे बच्चों को आने जाने के लिए रास्ता चलने लायक हो सका। विकास खण्ड सुमेरपुर की ग्राम पंचायत बक्सर के मजरे मलयपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय को जाने वाला कच्चा मार्ग पर बरसात के दिनों मे खरपतवार व मिट्टी आदि बह जाने के कारण खराब हो गया था। जिससे बच्चों व शिक्षकों को लगभग एक किलोमीटर से अधिक दूरी तय कर स्कूल पहुचना पड़ता था। कच्चे मार्ग को दुरुस्त करने के लिए गुरुवार को विद्यालय के सहायक शिक्षक आशीष कुमार दीक्षित ने ग्रामीणों की मदद से श्रमदान कर लगभग 500 मीटर कच्चे मार्ग को दुरुस्त करवाया है। जिससे बच्चों को आने जाने मे अधिक दूरी नही तय करनी पड़ेगी। श्रमदान मे प्रमुख रुप से प्रधान शिक्षक अजीत कुमार सिंह, श्री प्रताप सिंह, शैलेष, महेश, नीलेश, सूरज, सौरभ, हिमांशू, आंशू पाल सहित लगभग आधा सैकड़ा ग्रामीण उपस्थित रहे।

पुष्पांजलि अर्पित कर मनायी गई महाविद्यालय के पूर्व प्रबंधक की पुण्यतिथि

बीघापुर (उन्नाव)। महाप्राण निराला डिग्री कॉलेज के पूर्व प्रबंधक नीरज अवस्थी की पुण्यतिथि उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई। कॉलेज के प्रबंधक तनुज अवस्थी में उनका स्मरण करते हुए कहा महाविद्यालय की प्रगति व सामाजिक सरोकारों से जोड़ के रखने के उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने का कार्य किया जाएगा। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर सुरेंद्र सिंह ने कहा आज भी उनके द्वारा दिए गए बताये गये मार्ग पर अपना कार्य कर रही है और गरीब परिवार की बेटियों को उच्च शिक्षा देने का कार्य जारी रखा जाएगा। इसमें मीनाक्षी सिंह, राधा रानी गुप्ता, केपी यादव, मनीष दीक्षित, शिवाकांत शुक्ला, राकेश वर्मा, अनिल शुक्ला, प्रमोद मिश्रा, उदय सिंह राजकुमार त्रिपाठी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

पेड़ से लटका मिला महिला का शव

उन्नाव। असोहा थाना क्षेत्र के असावर गांव की रहने वाली महिला का गुरुवार सुबह संदिग्ध हालात में बाग में आम के पेड़ पर फंदे से शव लटका मिला। मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जांच बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताते चलें कि असावर गांव के रहने वाले राज नारायण चौरसिया किसानी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। गुरुवार सुबह 40 वर्षीय पत्नी सुमन खेत को गई थीं। घर न लौटने पर परिजन उनकी खोजबीन करने लगे। इसी दौरान खेतों पर काम कर रहे ग्रामीणों ने बाग में आम के पेड़ पर दुपट्टे के सहारे फंदे से शव लटका देखा तो हड़कंप मच गया। पहचान के बाद ग्रामीणों ने परिजन और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर जांच पड़ताल की। सुमन के पति राज नारायण ने तहरीर देकर बताया बीमारी से परेशान होकर पत्नी ने जान दी है। सुनम अपने पीछे बेटी नैंसी (20), ज्योति (13) और बेटा विशाल (16) को छोड़ गई है। थाना प्रभारी विमल कांत गोयल ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जांच पड़ताल की जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। परिजनों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है।

महिला के संग लूट, कप्तान से लगाई न्याया की गुहार

उन्नाव। शहर के भीड़-भाड़ वाले इलाके में भी अब लुटेरों का खौफथमने का नाम नहीं ले रहा है। आए-दिन शहर में लूटपाट की घटनायें घट रही हैं। पुलिस पीड़ितों को चलता करने से बाज नहीं आ रही है। ताजा मामला आईबीपी टंकी चौराहे का है, जहां बीती 21 अगस्त की शाम को ऑटो रिक्शा में बैठी महिला को शिकार बनाते हुए बदमाशों ने कीमती जेवरात लूट लिये। बताते चलें कि थाना दही क्षेत्र के ग्राम कूमेदान खेड़ा निवासिनी सीमा पत्नी अनिल ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि बीती 21 अगस्त को वह अपने मायके से ससुराल जाने के लिए एक ऑटो रिक्शा में बैठी। उक्त ऑटो चालक के साथ मौजूद दो अन्य लोगों ने आईबीपी चौराहे के पास उसके कान के झुमके, चांदी की अंगूठी, सोने की लॉकेट छीन लिया और ऑटो लेकर भाग गये। पीड़िता ने सारी घटना सीसीटीवी में रिकार्ड होने की बात कही है और पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस अधीक्षक ने पीड़िता को जांच कराने का भरोसा दिलाया है।

विकास सिंह ठाकुर यूथ एसोसिएशन के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी मनोनीत

सफीपुर (उन्नाव)। सफीपुर कस्बा निवासी वरिष्ठ पत्रकार विकास सिंह ठाकुर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विशेष कार्य अधिकारी डॉ सरवन सिंह बघेल के मार्गदर्शन में संचालित ''यूपी यूथ एसोसिएशन'' में सह-मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया। युवाओं के उत्थान एवं उन्हें स्वावलंबी तथा रोजगार दिलाने के उद्देश्य से बनाए गए संगठन यूपी यूथ एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष शिवम श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित सिंह के निर्देशानुसार सफीपुर कस्बे की मूल निवासी वरिष्ठ पत्रकार विकास सिंह ठाकुर को संगठन में प्रदेश सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। बताते चले कि यूपी यूथ एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ओएसडी (जनसम्पर्क अधिकारी) डॉ सरवन सिंह बघेल के मार्गदर्शन पर उन्हीं के निर्देशानुसार युवाओं और जरूरतमंदो के लिए कार्य कर रही है विकास सिंह ठाकुर के मनोनयन पर भाजपा नेता सौरभ बाजपेई राजा बेटा, जिला पंचायत सदस्य दिलीप मिश्रा, सद्गुरु प्रकाश मिश्रा, भारत विकास परिषद के सफीपुर महामंत्री, समाजसेवी हरिपाल सिंह, सौरभ तिवारी, रामबाबू यादव, विक्रम सिंह सूर्या, अनुराग तिवारी, अभिषेक सिंह, विवेक सिंह, प्रेमनारायण तिवारी, विनोद मिश्रा, अनुराग मोहन सिंह, नीरज सैनी, समाज सेवी सुनील चौरसिया सहित सैकड़ो लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

अमेठी में रोजगार की नई उम्मीदः 30 अगस्त को निःशुल्क रोजगार मेला

अमेठी। जनपद में 30 अगस्त को एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा भाग लिया जाएगा। यह मेला जिला सेवायोजन कार्यालय अमेठी, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज एवं कौशल विकास मिशन अमेठी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में 12वीं, स्नातक तथा आई0टी0आई0 उत्तीर्ण एवं अन्य तकनीकी योग्यताधारक अभ्यर्थी रोजगार के लिए भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थी अपना पंजीकरण कर अपने योग्यता के अनुरूप इच्छुक कंपनी में आवेदन कर सकते हैं। इस मेले में भाग लेने के लिए कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा। यह मेला इन्दिरा गांधी पी0जी0 कालेज गौरीगंज में आयोजित किया जाएगा और पूर्वान्ह 10:30 बजे से शुरू होगा। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि इस मेले का उद्देश्य युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना है और उन्हें अपने कौशल के अनुसार रोजगार प्राप्त करने में मदद करना है। इस मेले में भाग लेने वाले युवाओं को अपने बायोडाटा और फोटो के साथ उपस्थित होना होगा। मेले में भाग लेने के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

डांट के डर से बच्चियों ने बोला झूठ, गढ़ दी झूठी अपहरण की कहानी

- सीओ ने बताई घटना की सच्चाई
- ई रिक्शा चालक ने बच्चियों की बताई हकीकत

स्कूल से खुद ई रिक्शा से चारों बच्चियां पहुंची तिर्वा क्रॉसिंग

लोक मित्र संवाद

कन्नौज। जिले में एक दिन पूर्व कथित अपहरण के संदिग्ध मामले पर आज सदर क्षेत्राधिकारी डॉ कमलेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कल चार बच्चियों के अपहरण के प्रयास की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसमे बच्चियों द्वारा घर देरी से पहुंचने के कारण परिवार से डांट पड़ने के डर से झूठ बोलने की बात सामने आई है। प्रकाश में आया है।

सीओ सिटी कमलेश कुमार ने बताया कि थाना कोतवाली कन्नौज पर नेतराम राजपूत पुत्र रामेश्वर दयाल निवासी मो0 लुधपुरी थाना कोतवाली जिला कन्नौज ने सूचना दी कि चार बच्चियों को चाकू लगाकर मो0 बालापीर से आटो चालक उठा ले गया और रास्ते मे पैट्रोल पंप पर पैट्रोल भरवाने लगा ,मौका पाकर बच्चे भाग गये और अपने घर पहुँचे।

पुलिस ने मामले का तत्काल संज्ञान लेकर विभिन्न टीमे लगाकर मो0 बालापीर से सरायमीरा तिर्वा क्रासिंग तक विभिन्न स्थानो पर लगे सीसीटीवी कैमरो को चैक कराया गया जिसमें घटना के सम्बन्ध मे कोई आटो बच्चो को लेकर जाता नही दिखाई दिया एवं बच्चो द्वारा बताये गये घटना स्थल मो0 बालापीर से लेकर भारत पैट्रोल पंप तक राहगीर एवं दुकानदारों से पूछताछ की गयी तो घटना के संबंध में कोई तथ्य प्रकाश में नही आया। भारत पैट्रोल पंप के सामने स्थित कबाड़ी की दुकान के पास लगे कैमरे को भी चैक किया गया तो कोई आटो/ई-रिक्शा कबाडी की दुकान के सामने न तो आया और न तो रुका हैं ,जबकि कैमरे मे देखा गया है कि वही बच्चे तिर्वा क्रासिंग की ओर से खेलते हुये जा रहे है तथा चारों बच्चे सकुशल परिजन के पास मौजूद है।

सीओ डा कुमार ने बताया कि आज पुनः चारों बच्चियों व उनके परिजनों से घटना के बारे में पूछताछ की गयी तो बच्चों ने बताया कि कल वह अपने स्कूल सुशीला देवी इंटर कॉलेज की छुट्टी होने के बाद अपने ही मोहल्ले के ई-रिक्शा में बैठकर तिर्वा क्रोसिंग चली गयी और वहीं उतर गयी। तिर्वा क्रोसिंग से हम सब पैदल पैदल घर जा रहे थे। हमे घर पहुँचने में देरी हो गयी थी। परिवार के लोगों के डर की वजह से हमनें ये सब झूठ बोला था। थाना कन्नौज पर बच्चियों के साथ मे आये उनके चाचा व पिता ने बताया कि कल रात के समय सबसे छोटी बेटी ने बताया कि हमारे साथ अपहरण जैसी कोई घटना नही हुई है।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

- काम की कमी के कारण मानसिक तनाव में रहता था, जांच में जुटी पुलिस

लोक मित्र संवाद

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में के बिंदा नगर चौकी इलाके के आदर्श नगर में एक युवक का फांसी के फंदे पर लटकने से मौत हो गई है। पुलिस को फांसी की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची टीम ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, आदर्श नगर निवासी गंगा दुलारी के 25 वर्षीय बेटे नीरज गौतम की मौत की खबर ने परिवार और मोहल्ले में हड़कंप मचा दिया। नीरज के बड़े भाई दीपक के अनुसार, नीरज की अचानक तबीयत बिगड़ी, जिसके बाद उसे शुक्लागंज के दो निजी अस्पतालों में ले जाया गया। अस्पतालों ने उसकी हालत को गंभीर मानते हुए कानपुर कैंट स्थित ओईएफ अस्पताल भेजने की सलाह दी। वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने नीरज को मृत घोषित कर दिया। दीपक ने बताया कि नीरज की मौत के बाद से परिवार में गहरा दुख और चिंताओं का माहौल है। पिता लक्ष्मीनारायण की मौत के बाद मां को उनकी जगह नौकरी मिली थी। नीरज, अपने बड़े भाई दीपक, सूरज और बहन कोमल से सबसे छोटा था। लोहे के शटर लगाने का काम करता था। हाल ही में काम की कमी के कारण वह मानसिक तनाव का सामना कर रहा था। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मृतक के शरीर को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच के अनुसार, नीरज की मौत फांसी से हुई प्रतीत हो रही है। लेकिन परिजनों का कहना है कि नीरज को कभी-कभी मिर्गी का दौरा पड़ता था। फांसी जैसी घटना की संभावना से इनकार किया है। पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। ताकि मौत के कारणों की सही जानकारी मिल सके। इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस अब इस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

अण्डर ट्रॉयल रिव्यू कमेटी की बैठक, कैम्पेन के तहत होगी बंदियों की रिहाई

कन्नौज। जनपद न्यायालय कन्नौज के मीटिंग हाल में अण्डर ट्रॉयल रिव्यू कमेटी की बैठक जनपद न्यायाधीश चन्द्रोदय कुमार की अध्यक्षता में की गई। बैठक में जिलाधिकारी शुभान्त कुमार शुक्ला, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय मो0 अकरम खान, जेल अधीक्षक, जिला कारागार कन्नौज ने प्रतिभाग किया।

बैठक में जेल अधीक्षक द्वारा सूची प्रस्तुत की गयी जिनकी जमानतदारों के अभाव में जमानत नहीं हो पा रही। सचिव/अपर जिला जज लवली जायसवाल ने बताया कि नवंबर तक जारी कैम्पेन के तहत उक्त बदियों की रिहायी कराई जाएगी।

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विकासखंड स्तर पर ज्ञान कुंभ प्रतियोगिता का आयोजन, 891 छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा विकासखंड स्तर पर ज्ञान कुंभ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 99 न्याय पंचायतों के 891 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में कक्षा 6, 7 और 8 के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रत्येक विकास खंड से 3-3 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया, जो अगस्त माह के अंतिम सप्ताह में प्रस्तावित तहसील स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता में क्विज और जस्ट ए मिनट गतिविधि शामिल थीं। विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था की जांच, पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में और अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में, जनपद के थानों द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था की जांच के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत, विभिन्न बैंक शाखाओं, एटीएम और ग्राहक सेवा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया है।

पुलिस ने बैंकों के अंदर-बाहर और आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी और नई उम्र के लड़कों की चेकिंग और पूछताछ की है। इसके अलावा, बैंक प्रबंधक से सीसीटीवी कैमरा, सायरन और सुरक्षागार्ड आदि के बारे में जानकारी ली गई है।

बैंक ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देश दिए गए हैं। यह अभियान बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और अपराधियों पर निगरानी रखने के लिए चलाया गया है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह अभियान नियमित रूप से चलाया जाएगा ताकि बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस बैंकों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

क्षेत्रवासियों ने की राष्ट्रीय राजमार्ग पर कट बनाए जाने की मांग

लोक मित्र संवाद

पाटन (उन्नाव)। उन्नाव लालगंज राष्ट्रीय राजमार्ग पर गनेशी खेड़ा के सामने पुराने सड़क मार्ग पर कट न बनाए जाने से ग्रामीणों को लगभग दो किलोमीटर से अधिक दूरी तय करना पड रहा है। परिवहन निगम की बसों पकड़ने के लिए यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र वासियों ने सड़क परिवहन मन्त्री भारत सरकार को पत्र भेजकर सड़क मार्ग पर कट बनाए जाने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार उन्नाव लालगंज राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण पर तहसील बीघापुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिहार में बाईपास बनाया गया है। किंतु पुराने मार्ग पर पड़े वाले ग्राम गनेशीखेड़ा के पास कट न बनाए जाने से यात्रियों को आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। कस्बा बिहार में कई इण्टर कॉलेज व प्राथमिक विद्यालय, रेलवे स्टेशन, डाकखाना, पुलिस स्टेशन, सोसाइटी, बाजार आदि स्थित है। वहीं पुराने मार्ग से ही पोखरी, बेहटा, गौरा, लंगड़ा खेड़ा व पडोसी जनपद रायबरेली के खीरों गुरुबक्शगंज को जाने का रास्ता है। क्षेत्रीय लोगों की मांग के बाद भी विभागीय उदासीनता व अनदेखी के चलते उक्त मार्ग पर गनेशीखेड़ा के पास कट नहीं बनाया गया है। कट न बनाए जाने से विद्यालयों सहित अन्य संस्थाओं मे आने जाने वाले बुजुर्गो, महिलाओं, बच्चों आदि को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बाईपास पर रात के समय महिलाओं व लडकियों को खतरा बना रहता है और आए दिन कोई ना कोई दुर्घटना होती रहती है। क्षेत्रीय लोगों ने उक्त समस्या को लेकर सांसद साक्षी महाराज के माध्यम से सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र भेजकर कट बनवाए जाने की मांग की है।

बच्चों का सर्वांगीण विकास हमारा मुख्य उद्देश्य :वीसी अवस्थी

- सेंट मारिया पब्लिक स्कूल में हुआ रंगारंग कार्यक्रम

लोक मित्र संवाद

छिबरामऊ, कन्नौज। नगर में फर्रुखाबाद रोड स्थित सेंट मारिया पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर मेधावी बच्चों को पुरुस्कृत किया गया। विद्यालय के डायरेक्टर वीसी अवस्थी ने कहा बच्चों का सर्वांगीण विकास करके भविष्य की चुनौतियों के लिए उन्हें तैयार करना हमारा मुख्य उद्देश्य है ताकि वे अपने सहित शहर व देश का भी नाम रोशन करके सफल नागरिक बन सकें। उन्होंने कहा हमारे विद्यालय का हर विद्यार्थी हमारे लिए महत्वपूर्ण है तथा उसका सर्वांगीण विकास करना हमारा उत्तरदायित्व है। बड़े शहरों की भांति यहां पर भी सुविधाओं का विस्तार किया गया है। उन्होंने कहा सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में यहां का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए समय-समय पर शैक्षिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास करने के लिए प्रार्थना के दौरान प्रेरक कहानियां सुनाई जाती हैं। प्रत्येक माह शिक्षक अभिभावक सभा का आयोजन किया जाता है। यहां एक्टिविटी क्लास भी हैं जहां बच्चे अनेक शैक्षिक गतिविधियों से नई बातें सीखते हैं। बच्चों के आने जाने के लिए वाहनों की व्यवस्था है। मुख्य अतिथि जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार ने अनुशासन पर जोर देते हुए कहा अनुशासित बच्चे ही अपना भविष्य बनाने में सफल होते हैं। यहां प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया यह हर्ष की बात है। छात्र अनीशा वर्मा एवं आयुषी अग्निहोत्री के संचालन में हुए कार्यक्रम में कक्षा 10 के बच्चों ने सरस्वती वंदना, कक्षा 11 के बच्चों ने मोटिवेशन सॉन्ग और कक्षा 9 के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके अलावा बच्चों ने नृत्य गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति दी। सभी कक्षाओं में विशेष स्थान प्राप्त करने वाले एवं बोर्ड एग्जाम में सफलता प्राप्त करने वाले बच्चों सहित आईआईटी एडवांस्ड के लिए चयनित मृदुल द्विवेदी एवं आईआईटी मेंस में चयनित सवी खान को पुरुस्कृत किया गया।

मोहम्मद साहब पर अभद्र टिप्पणी से मुस्लिम समुदाय में रोष

- न्यायिक मजिस्ट्रेट को दिया ज्ञापन

लोक मित्र संवाद

छिबरामऊ, कन्नौज। गंगागिरी महाराज द्वारा इस्लाम धर्म के पैगम्बर मोहम्मद साहब पर की गई अभद्र टिप्पणी से मुस्लिम समाज में रोष व्याप्त है। हजरत मौलाना पीर सैय्यद अनस मुस्तफा बास्ती साहब की सरपरस्ती में फातहे बिलग्राम मिशन शाखा तालग्राम के पदाधिकारियों ने कार्रवाई की मांग करते हुए न्यायिक मजिस्ट्रेट अवनीश गौतम को ज्ञापन सौंपा है।

राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में कहा गया है कि गंगागिरी महाराज संस्थान सराला धीरामपुर जिला अहमद नगर (महाराष्ट्र) के महंत रामगिरी महाराज ने इस्लाम धर्म के पैगम्बर मोहम्मद साहब की शान में अपशब्द का इस्तेमाल करते हुए वीडियो रिकॉर्डिंग की और वायरल किया। भारतीय न्याय संहिता की धारा 299/302 के अनुसार कोई भी व्यक्ति या संस्थान धार्मिक भावनाओं को बोलकर, लिखकर या इलेक्ट्रॉनिक्स मीडिया द्वारा ठेस पहुंचाता है तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाती है। उक्त संस्थान के महंत ने इस्लाम धर्म के पैगम्बर के व्यक्तित्व व निजी जिन्दगी पर टिप्पणी की है, जिससे धार्मिक भावनाओं का उल्लंघन हुआ है। यह अभद्र टिप्पणी करके महंत रामगिरी महाराज ने अपराध किया है, जो संज्ञेय है। इसलिए उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज करना आवश्यक है। इसके अलावा पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब की शान में गुस्ताखी के खिलाफ कानून भी बनाया जाए, जिससे कोई भी व्यक्ति ऐसा दुस्साहस दोबारा करने की भी न सोच सके।

इस दौरान मुफ्ती चांद आलम मंजरी, तालग्राम नगर पालिका अध्यक्ष मोहसिन खान उर्फ जानू, सलीम एडवोकेट, कारी अखलाक अहमद, मेराज, समाज सेवी रेहान खान, मुस्लिम रजा खान, हाफिज इरफान वाहिदी, हाफिज निहाल अंसारी, सलमान राइन, शहजाद, सद्दाम एडवोकेट, इमरान अहमद, नदीम अख्तर व राजू मौजूद रहे।

पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त को 30 वर्ष का कारावास

कन्नौज। थाना गुरसहायगंज में पॉक्सो एक्ट के तहत पंजीकृत अभियोग में न्यायालय ने अभियुक्त को 376एबी/323 भादवि व 5एम/6 पॉक्सो एक्ट में दोषी पाते हुये 30 वर्ष का कारावास व 30,500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। सादर अवगत कराना है कि अभियुक्त द्वारा वादी की पुत्री को गलत नियत से पकडकर गलत काम करने की कोशिश करने के सम्बन्ध में थाना गुरसहायगंज पर मु0अ0सं0-544/23 धारा 376एबी/323 भादवि व 5एम/6 पॉक्सो एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ था। मामले में कन्नौज पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा मॉनीटरिंग सेल व कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी से न्यायालय स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट अलका यादव ने अभियुक्त गोपाल सिंह पुत्र उदयवीर नि0 ग्राम भंवरगाढा थाना गुरसहायगंज कन्नौज को 30 वर्ष का कारावास व 30,500 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया।

शांति पूर्ण ढंग से पुलिस परीक्षा कराने के लिए तैयारियां पूरी

लोक मित्र संवाद

उन्नाव। उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा को शांति पूर्ण ढंग से कराने के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। केन्द्रों पर परीक्षा के दौरान सुरक्षा के इंतजाम और सतर्कता बरतने के लिए बुधवार को ट्रेजरी में इसके लिए रिहर्सल भी कराया जा चुका है। एडीएम नरेन्द्र सिंह की निगरानी में रिहर्सल कराकर मजिस्ट्रेट के साथ परीक्षा सामग्री को सीसीटीवी से लैस गाड़ियों में भेजी गई। परीक्षा पर निगरानी रखने के लिए पुलिस लाइन में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम बनाया गया है। पुलिस परीक्षा के लिए 9 केन्द्रों बनाए गए है। जिसमें 30240 परीक्षार्थी परीक्षा का हिस्सा बनेंगे। 23, 24, 25, 30 और 31 अगस्त तक सुबह 10 से 12 और दोपहर 3 से शाम पांच बजे तक परीक्षा कराई जाएगी। सीसीटीवी, पुलिस की कड़ी चौकसी के बीच परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा को सुचारू एवं नकलविहीन सम्पन्न कराने के लिए प्रत्येक स्तर पर नोडल एजेन्सियों एवं अधिकारियों को दायित्वों के निर्वहन किए जाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। 9 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 9 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व प्रत्येक केन्द्र पर सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गयी है। बुधवार के परीक्षा के सकुशल संचालन के लिए पुलिस बल की मौजूदगी में ड्यूटी में लगाने गए मजिस्ट्रेट ने हकीकत परखी। सुरक्षा व्यवस्था के साथ विद्युत व्यवस्था, लाइट की व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था, साफ-सफाई आदि का जायजा लिया। नकलविहीन परीक्षा के दृष्टिगत आस-पास फोटो कॉपी, कम्प्यूटर व मोबाइल की दुकानें बंद रखी जाएगी।

संक्षिप्त खबरें

सिर पर बोतल मारकर वर्कशॉप कर्मचारी को किया लहूलुहान

साहिबाबाद। मोहननगर स्थित प्यारेलाल कॉलोनी के सामने दोस्त को पिटाई से बचाने गए वर्कशॉप कर्मचारी के सिर पर युवकों ने बोतल फोड़कर उसे लहूलुहान कर दिया। हमले में घायल होने के बाद आरोपियों ने जेब से नकदी समेत कागजात व पर्स भी निकाल लिए। साहिबाबाद गांव में रहने वाले आशु ने बताया कि वह राजेंद्र नगर के एक वर्कशॉप में काम करते हैं। रविवार की शाम करीब 7 बजे वह पैदल ही मंदिर जा रहे थे। मोहननगर में प्यारेलाल कॉलोनी के सामने सुमित, कमल, रोशन, गोलू और सूरज के साथ अन्य लोग उनके साथी सोनू को पीट रहे थे। उन्होंने बीच बचाव का प्रयास किया तो आरोपियों ने उनके सिर पर बोतल फोड़ दी। पुलिस ने बताया कि नामजद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

संपत्ति मेला लगा ग्राहकों को फ्लैटों का कराया जाएगा भ्रमण

साहिबाबाद। आवास विकास परिषद ने अपनी योजनाओं की खाली पड़ी संपत्तियों को बेचने के लिए तीसरे चरण का पंजीकरण शुरू कर दिया है। अब विभाग जल्द ही संपत्ति मेला लगाकर लोगों को अपनी योजनाओं में बने हुए फ्लैटों का भ्रमण कराएगी। इसके लिए आविप की ओर से विज्ञापन सेल गठित की जाएगी। संपत्ति विभाग प्रभारी नृपेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि अक्सर ग्राहक बिना योजना देखे दूर की बात कहकर पंजीकरण कराने से कतराते हैं। ऐसे में विभाग के विज्ञापन सेल की टीम लोगों को मंडोला, सिद्धार्थ विहार एवं वसुंधरा योजना के खाली संपत्तियों का भ्रमण कराएगी। प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को कार्यालय पर संपत्ति मेला लगाया जाएगा। यहां आने वाले लोगों विभाग की टीम अपनी गाड़ी में अपनी योजना पर लेकर जाएंगी

फौजी ने नशे मे पुत्र को मारी गोली,मौके पर ही दम तोड़ा

आगरा। जनपद आगरा के थाना सदर के राजपुर चुंगी स्थित रामविहार कॉलोनी में पिता ने अपने ही 14 वर्षीय पुत्र की गोली मारकर हत्या कर दी। डॉक्टरों ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से आरोपी पिता फरार है। आरोपी पिता हमेशा नशे की हालात में टुन्न रहता था। नशे की हालात में ही आरोपी पिता ने अपने बेटे को गोली मार दी। गोली मारने के बाद आरोपी पिता मौके से फरार हो गया। परिजनों द्वारा किशोर को अस्पताल ले जाया गया जहाँ डॉक्टरों में उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर मौके पर थाना सदर पुलिस और एसीपी सुकन्या शर्मा पहुँच गईं और मामले की तत्काल जाँच शुरू कर दी है। आरोपी पिता की तलाश में टीम गठित कर दी गई है। जल्द आरोपी को गिरफ्त में ले लिया जाएगा। मौके पर थाना पुलिस मौजूद है। हत्याकांड में 14 वर्षीय मृतक किशोर की घटना से क्षेत्रीय लोगो की आँखें नम हैं।

फेलिक्स हॉस्पिटल द्वारा आयोजित मेगा हेल्थ चेकअप कैम्प का नोएडा सीईओ ने किया उद्घाटन

नोएडा। फेलिक्स हॉस्पिटल और नोएडा एंप्लाइज एसोसिएशन के संयुक्त प्रयास से गुरुवार को इंदिरा गांधी कला केंद्र, सेक्टर-6 नोएडा में फ्री हेल्थ कैंप और डॉक्टर टॉक (कैंसर जागरुकता) का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन नोएडा प्राधिकरण के सी.ई.ओ. डॉ. लोकेश एम, आई.ए.एस. ने किया। शिविर में नोएडा प्राधिकरण के लगभग 380 कर्मचारीयों की जांच की गई। शिविर में डॉ. डी. के. गुप्ता (चेयरमैन, फेलिक्स हॉस्पिटल) के साथ डॉ. रश्मि गुप्ता (मैनेजिंग डायरेक्टर, फेलिक्स हॉस्पिटल) और विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मुफ्त परामर्श सेवाएं प्रदान की गईं जिनमें हड्डी रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, कार्डियोलॉजिस्ट, यूरोलॉजिस्ट, ऑन्कोलॉजिस्ट, फ़िज़िओ थेरपिस्ट, ऑप्थल्मो लॉजिस्ट और गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट शामिल थे। इसके अलावा, शिविर में मुफ्त बी.पी., शुगर, ई.सी.जी. पी.एफ. टी., वेट-हाइट और बी.एम.आई. जाँच के अलावा विज़न टेस्टिंग (मोतियाबिंद एवं काला मोतिया बिंद सहित), बोन मिनरल डेंसिटी (बीएमडी) टेस्ट की सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं।

नोएडा प्राधिकरण के सी.ई.ओ. डॉ. लोकेश एम ने कैंप की सराहना की और कहा हम सभी को स्वस्थ रहने के लिए समय-2 स्वास्थ्य जाँच करानी चाहिए ताकि भविष्य में होने वाली बीमारियों से बच सकें। फेलिक्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. डी.के. ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें समय पर सही परामर्श देना है। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में ऐसे और भी शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की जांच की और उन्हें स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण सलाह दी। शिविर में ष्टश्चह्र आईएएस संजय कुमार खत्री, ह्रस्ष्ठ आईएएस महेंद्र प्रताप सिंह, ष्टश्चह्र आईएएस वंदना त्रिपाठी, ष्टश्चह्र आईएएस सतीश पाल जी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इसके अलावा राजकुमार सिंह(अध्यक्ष), जितेंद्र कुमार (महा सचिव), नीरज राना, अमित कुमार (सचिव) एवं सुभाष कुमार कोषाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों ने शिविर की शोभा बड़ाई 7 शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें समय पर जांच की सुविधा प्रदान करना था, ताकि वे गंभीर बीमारियों से बच सकें।

दिव्यांगजनों को निशुल्क मिलेंगे कृत्रिम अंग, जिले में आठ स्थलों पर लगेंगे शिविर

डीएम ने जारी किया रोस्टर, दिव्यांगों को मुख्य धारा से जोड़ने की कोशिश

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। दिव्यांगजनों के लिए एडिप योजना के तहत कृत्रिम अंग (कृत्रिम हाथ, कृत्रिम पैर एवं कैलीपर) निःशुल्क प्रदान किये जाने के लिए ऑन द स्पॉट निःशुल्क चिन्हाकन/वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने दिव्यांगजनों की सुविधा की दृष्टिगत जिलेभर में आठ स्थलों पर 05 सितंबर से 13 सितंबर तक ब्लाकों में लगने वाले शिविरो का रोस्टर जारी किया है। डीएम ने सहायक विकास अधिकारी (स0क0) को शिविर का नोडल अधिकारी नामित किया है, जो शिविरों के सफल शिविर संचालन सुनिश्चित करेगें।

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अभय कुमार सागर ने बताया कि एसआर ट्रस्ट, रतलाम, मध्य प्रदेश द्वारा एडिप योजना के तहत दिव्यांगजन को ऑन द स्पॉट निःशुल्क

क0सं0	तिथि	शिविर स्थल	शिविर मे सम्मिलित विकास खण्ड एवं सम्बन्धित नगरीय क्षेत्र
1	05.09.2024	विकास खण्ड परिसर लखीमपुर	लखीमपुर, नकहा, फूलबेहड
2	06.09.2024	विकास खण्ड परिसर गोला	गोला, बिजुआ, बॉकेगज
3	07.09.2024	विकास खण्ड परिसर मोहम्मदी	मोहम्मदी, पसगवॉ
4	09.09.2024	विकास खण्ड परिसर मितौली	मितौली, बेहजम
5	10.09.2024	विकास खण्ड परिसर निघासन	निघासन, रमिया बेहड
6	11.09.2024	विकास खण्ड परिसर पलिया	पलिया
7	12.09.2024	विकास खण्ड परिसर धौरहरा	धौरहरा, ईसानगर
8	13.09.2024	जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र मिश्राना, लखीमपुर	शिविरो मे छूटे हुए दिव्यांगजन (सम्पूर्ण जनपद)

चिन्हाकन/वितरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह संस्था भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) कानपुर के सहयोग से दिव्यांगजन को उच्चकोटि के कृत्रिम हाथ, कृत्रिम पैर एवं कैलीपर इत्यादि उपकरण निःशुल्क प्रदान करेगी। इस शिविर मे चिन्हाकन के साथ ही उसी दिन कृत्रिम अंग/कैलीपर प्रदान किये जायेगे।

जारी रोस्टर के अनुसार 05 सितंबर को लखीमपुर, नकहा, फूलबेहड ब्लॉक/सम्बन्धित नगरीय क्षेत्र के लिए ब्लॉक लखीमपुर में शिविर लगेगा। 06 सितंबर को गोला, बिजुआ, बॉकेगज ब्लॉक/सम्बन्धित नगरीय क्षेत्र के लिए कुंभी ब्लॉक में शिविर का आयोजन होगा। 07 सितंबर को ब्लॉक परिसर मोहम्मदी में मोहम्मदी, पसगवॉ ब्लॉक/सम्बन्धित नगरीय क्षेत्र के लिए शिविर आयोजित होगा। 09 सितंबर को ब्लॉक परिसर मितौली में मितौली, बेहजम के लिए शिविर लगेगा। 10 सितंबर को निघासन, रमियाबेहड ब्लॉक/सम्बन्धित नगरीय क्षेत्र के लिए ब्लॉक परिसर निघासन में शिविर का आयोजन होगा।

11 सितंबर को ब्लॉक परिसर पलिया में ब्लॉक एवं नगरीय क्षेत्र पलिया के लिए शिविर लगेगा। 12 सितंबर को ब्लॉक परिसर धौरहरा में धौरहरा, ईसानगर ब्लॉक एवं संबंधित नगरीय क्षेत्र के लिए शिविर लगेगा। वही 13 सितंबर को जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र मिश्राना में सम्पूर्ण जनपद में आयोजित शिविरों में छूटे हुए दिव्यांगजन के लिए शिविर लगेगा।

अध्यक्ष अब्बास नकवी, महामंत्री आकाश सैनी और कोषाध्यक्ष देवरंजन मिश्रा हुए निर्वाचित

लोकमित्र ब्यूरो

मोहम्मदी-खीरी। प्रेस क्लब मोहम्मदी की बैठक एम.बी.ए.मेमोरियल स्कूल में हुई,जिसमे नयी 2024-25 की कार्य काणी धोषित की गई, जिसमें मुख्य चुनाव अधिकारी वरिष्ठ पत्रकार डॉ सुभाष गुप्ता व संरक्षक डॉक्टर जेड खान ने सभी निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारी को प्रमाण पत्र वितरित किए ,जिसमें प्रमुख रूप से मोहम्मद अब्बास नकवी अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इरफान अहमद शिबलू, महामंत्री आकाश सैनी, कोषाध्यक्ष देवरंजन मिश्रा ,उपाध्यक्ष मो.शावेज खा,मुन्ना ,रवि उल्ला खान, मोहम्मद आसिफ उर्फ सीबू, संगठन मंत्री उत्कर्ष शुक्ला, मंत्री इंतजार खा, सोशल मीडिया प्रभारी मोहम्मद साहिल, विधिक सलाहकार वरिष्ठ अधिवक्ता कमल गुप्ता, रवि शुक्ला ,मोहम्मद हसन नकवी, जियाउल्लाह खान ,सदस्य सदीप गुप्ता,किशन निषाद ,अरुण कुमार राठौर, जावेद खा,फरीद खान निर्वाचित किए गए,सभी सदस्यों ने एक दूसरे को बधाई दी, अध्यक्ष अब्बास नकवी ने सभी पदाधिकारियों से सगठन को और मजबूत करने पर बल दिया और कहा सकारात्मक सोच के साथ साथ जनहित के मुद्दे प्राथमिकता के आधार पर उठाएं।

किसानों को समय पर मिले योजनाओं का लाभ, अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत ने कृषि, उद्यान, मत्स्य, लघु सिंचाई, सहकारिता और दुग्ध विकास विभागों के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में जिलाधिकारी ने विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों के हितार्थ चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ किसान भाइयों को समय से मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लाभार्थीपरक योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने और पात्रों को लाभ देने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने कृषि, उद्यान, मत्स्य, लघु सिंचाई, दुग्ध विकास और सहकारिता विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सप्ताह में एक दिन विकास भवन में संयुक्त बैठक कर किसानों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। इसके अलावा, दुग्ध विकास अधिकारी सुनील कुमार भदौरिया को कारण बताओ नोटिस जारी करने और जिला कृषि अधिकारी राजेश कुमार को माह अगस्त का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए।



गोवंशों की मृत्यु की प्रसारित सूचना का संज्ञान लेकर डीएम ने त्वरित स्थलीय जाँच के दिये निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। पसगवां ब्लॉक के अब्बासपुर ग्राम पंचायत के मजरे निजामपुर में संचालित गो आश्रय स्थल में गोवंशों की मृत्यु की प्रसारित सूचना का संज्ञान लेकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एसडीएम विनीत उपाध्याय, बीडीओ मोहित कौशिक, सीवीओ डॉ जगदीश प्रसाद को स्थलीय जांच के लिए भेजा।

अफसरों ने जांच में पाया कि गत दिवस शाम 05 बजे 09 गोवंश के बीमार होने की सूचना थी, जिनका पशु चिकित्सकों ने उपचार किया। छह गोवंश रिकवर हो गए। तीन की मृत्यु हो गई, जिनका पोस्टमार्टम प्रक्रियाधीन है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर तदनुसार कार्यवाही की जाएगी। पोस्टमार्टम के उपरांत सम्मानजनक तरीके से मृत गोवंशो का अंतिम संस्कार कराया जाएगा।

इस मामले को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने गंभीरता लेकर संबंधित ग्राम के ग्राम सचिव जितेंद्र कुमार को स्पष्टीकरण तलब किया। ग्राम प्रधान सर्वेश कुमार को 95-जी का नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

वृद्धावस्था पेंशन लाभार्थी को किया था अपात्र

- कमीशन खोरी में लिप्त पंचायत सहायक का कारनामा
- जांच में दोषी पाए गए हैं महोदय
- ग्राम प्रधान के नाम पत्र जारी कर मांगी माफ़ी

लोकमित्र, संतोष पाण्डेय

धौरहरा-खीरी। विकास खण्ड ईसानगर के एक गांव निवासी बुजुर्ग व्यक्ति को शासन द्वारा मिल रही बृद्धावस्था पेंशन में गांव के ही पंचायत सहायक द्वारा विलेन बनकर अपात्रों की श्रेणी में करने से बुजुर्ग द्वारा विकास खण्ड से लेकर जिला मुख्यालय तक अपनी गरीबी की गाथा का प्रचार प्रसार किया। जिला प्रशासन द्वारा बुजुर्ग व्यक्ति के द्वारा की गई फरियाद की गहनता से जांच कराने के उपरांत गांव में तैनात पंचायत सहायक को दोषी ठहराया गया। उपरोक्त प्रकरण में नौकरी खतरे में पडती देख पंचायत सहायक द्वारा अपनी गलती स्वीकार करते हुए ग्राम प्रधान के नाम पत्र लिखा है।

ज्ञात हो उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में बृद्धावस्था,बिधवा, विकलांग व अन्य प्रकार से कमजोर तबके के लिए पेंशन योजना लागू की गई है।शाशन व उच्चाधिकारियो के निर्देश पर जिम्मेदार अधिकारियों के निर्देशन में जिन लोगों को पेंशन योजना का लाभ मिल रहा था उनका सत्यापन हेतु टीम गठित कर पुनः जांच शुरू हो गई। विकास खंण्ड ईसानगर की ग्राम पंचायत लखपेडा में उपरोक्त प्रकरण की जांच पंचायत सहायक सुरेन्द्र कुमार द्वारा की गई। जिससे महोदय द्वारा गांव निवासी शम्भूदयाल पुत्र रघुनंदन का पेन्सन कृमाकं 312812008721 को जाच में अपात्र घोषित कर दिया गया।शिकायत कर्ता द्वारा विकास खंण्ड से लेकर जिला मुख्यालय तक अपनी फरियाद की गई मामले ने मीडिया की सुर्खियां भी बटोरी।

ग्रामीणों के अनुसार पंचायत सहायक द्वारा सत्यापन कार्य में धन उगाही करने का खेल खेला। जिम्मेदारो की जांच में आवेदक शम्भूदयाल पात्र मिलने से हरक़त में आये ग्राम प्रधान द्वारा पंचायत सहायक को पत्र जारी किया गया।जिसके जवाब में सहायक महोदय द्वारा माफी नामा जारी कर अपनी भूल स्वीकार करते त्रुटिवस गतली से अपात्र लिख गया। ग्राम प्रधान को संबोधित पत्र में क्षमा याचना करने का पत्र भी जारी हुआ है जो कि मीडिया के हाथ लगा।

पशु से टक्कर के बाद पेट में सींग घुसने से युवक की मौत

लोकमित्र ब्यूरो

साहिबाबाद। टीला मोड़ थाना क्षेत्र में ऑक्सी होम्स सोसायटी के पास मंगलवार रात बाइक सवार निखिल सक्सेना (21) की पशु से टक्कर हो गई। हादसे में उसके पेट में सींग घुसने से वह घायल हो गया। दो दोस्त उसे घायल हालत में दिल्ली के जीटीबी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

दिल्ली के हर्ष विहार निवासी निखिल सक्सेना (21) अपनी मौसी के पास बिजली बिल के पेपर रोल बनाने का काम करता था। वह दसवीं कक्षा तक पढ़ाई कर चुका था। पिता विजय कुमार के देहांत के बाद वह अपनी मां आरती सक्सेना के साथ घर को संभालता था। परिवार में 15 साल की बहन प्राची दसवीं कक्षा की छात्रा है। मामा संजय ने बताया कि मंगलवार दोपहर 12 बजे करीब निखिल अपने दोस्त गौरव के साथ किसी काम से बाइक पर बाहर गया था। ढाई बजे करीब कुछ देर के लिए घर लौटा था लेकिन पानी पीकर वह दोबारा से गौरव के साथ चला गया। उसके बाद रात आठ बजे तक उसका कुछ पता नहीं चला। मां आरती ने उन्हें निखिल के घर वापस न आने की जानकारी दी तो वह अन्य लोगों के साथ भांजे को तलाश करने लगे। रात करीब नौ बजे दिल्ली जीटीबी अस्पताल में निखिल के भर्ती होने की सूचना मिली। वहां पता चला कि निखिल लहूलुहान हालत में दोस्त गौरव और शिवकुमार को ऑक्सी होम्स के पास सड़क पर पड़ा मिला था। उसके पेट में गहरा घाव था। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जिले में शुरू हुआ घर-घर मतदाताओं का सत्यापन, 18 अक्टूबर तक चलेगा अभियान

- डीएम ने घर-घर मतदाताओं का सत्यापन में लगाए 2890 बीएलओ
- वोटरलिस्ट का 29 अक्टूबर को आलेख्य प्रकाशन, 06 जनवरी 2025 को होगा अंतिम प्रकाशन

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। मतदाताओं का घर-घर जाकर बीएलओ सत्यापन काम में लगे है। यह 20 अगस्त से 18 अक्टूबर तक फोटोयुक्त मतदाता सूची का सत्यापन करेगे। जिले में फोटोयुक्त मतदाता सूची सत्यापन के लिए 2890 बीएलओ को लगाया गया है। वोटर आईडी की गड़बड़ी दूर कराने का निर्वाचन आयोग ने एक और मौका दिया है।

मंगलवार से फोटोयुक्त मतदाता सूची का सत्यापन कार्य किया जा रहा है। बीएलओ मतदाता सूची का घर-घर जाकर सत्यापन करने में लग गए हैं। मतदाता सूची एवं वोटर आईडी कार्ड की विसंगतियों को दूर किया जाएगा। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता दिनांक 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण और विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के पूर्व की विभिन्न गतिविधियों/कार्यक्रम के सम्बन्ध में तिथियां निर्धारित की गयी हैं, जिसके अनुसार 20 अगस्त से 18 अक्टूबर तक बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा प्रत्येक मतदाताओं का सत्यापन घर-घर किया जाना है। तद्पश्चात् 29 अक्टूबर 2024 को निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन एवं 06 जनवरी 2025 को अंतिम प्रकाशन किया जाना है। डीएम ने जिले के सभी मतदाताओं से घर-घर सत्यापन के कार्य में बीएलओ का सहयोग प्रदान करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि यदि मतदाता सूची में नाम शामिल नहीं है, तो फार्म-6 भरकर सम्मिलित कराने के लिए आवेदन करें। यदि निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित है और उसके नाम, पिता का नाम, आयु अथवा पते आदि में कोई संशोधन है, तो उसके लिये फार्म-8 भरकर संशोधन की कार्यवाही करायी जा सकती है। फार्म-8 के माध्यम से एक ही विधानसभा में एक मतदेय स्थल से दूसरे मतदेय स्थल पर नाम स्थानान्तरित किये जाने हेतु आवेदन किया जा सकता है। ऐसे मतदाता जिनकी मृत्यु हो चुकी है अथवा स्थायी रूप से स्थान परिवर्तन कर चुके हैं, वे फार्म-7 भरकर आवेदन कर अपमार्जन की कार्यवाही करा सकते हैं।

50 लाख से ऊपर लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा की, गुणवत्ता और समय पर कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ 50 लाख से ऊपर लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें और समय पर कार्य पूर्ण कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यदि अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्माण में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता जांच के बाद ही निर्माण कार्य में प्रयुक्त किए जाएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, परियोजन निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग शैलेंद्र सिंह, सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पिटबुल को घुमाने का विरोध करने पर डॉक्टर पर किया हमला, घर में की तोड़फोड़

लोकमित्र ब्यूरो

साहिबाबाद। कोतवाली क्षेत्र के राजबाग में पिटबुल को खुला छोड़कर घुमाने का विरोध करने पर पिटबुल के मालिक व अन्य कई लोगों ने निजी अस्पताल के डॉक्टर पर हमला कर घर में तोड़फोड़ की। आरोप है कि बचाव करने आए दो लोगों को भी आरोपियों ने लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। घटना पास में लगे सीसीटीवी में कैद है। साहिबाबाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बावजूद घायलों का मेडिकल नहीं कराया।

दिल्ली के निजी अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड के डॉक्टर दीपक विश्वकर्मा ने बताया कि वह परिवार के साथ राजबाग में रहते हैं। कॉलोनी में रहने वाले विकास ने दो पिटबुल कुत्ते पाल रखे हैं। उनका आरोप है कि विकास आए दिन उनके घर के पास दोनों कुत्तों को खुला छोड़कर घुमाते हैं। इस दौरान लोग कुत्तों के हमला करने के डर से बाहर निकलने में घबराते हैं जबकि, एक कुत्ता उन पर कई बार हमला करने का प्रयास कर चुका है। उन्होंने घर में भाग कर अपनी जान बचाई थी।

सोमवार की रात उन्होंने विकास से दोनों पिटबुल को चेन में बांधकर घुमाने के लिए कहा तो उनकी आपस में कहासुनी हो गई। विरोध करने के बाद वह अपने घर चले गए। आरोप है कि रात करीब 11:40 बजे विकास ने सात-आठ लोगों के साथ मिलकर उनके घर में तोड़फोड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। दो किरायेदारों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया तो हमलावरों ने लाठी-डंडों से उनकी भी पिटाई की। बताया कि साहिबाबाद कोतवाली पुलिस को हमले की शिकायत देकर मुकदमा दर्ज कराया लेकिन, पुलिस ने तीनों घायलों का मेडिकल नहीं कराया।

एसीपी रजनीश उपाध्याय ने बताया कि घटना की शिकायत पर तुरंत मुकदमा दर्ज कर पिटबुल के मालिक पर कार्रवाई की गई है।

नशे में शराब के गिलासों को सिर पर रखकर युवती का डांस करने का वीडियो वायरल

लोकमित्र ब्यूरो

साहिबाबाद। सोशल मीडिया पर बुधवार को एक हुक्का बार की छह वीडियो वायरल हुई। वायरल वीडियो में एक युवती बॉलीवुड गाने पर अपने सिर पर शराब से भरे गिलासों को रखकर डांस करती दिख रही है। वायरल वीडियो शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र के 80 फुटा रोड पर क्रिस्टल हुक्का एवम बार का बताया जा रहा है। वीडियो में डांसर के अलावा अन्य युवक-युवतियां भी हुक्के का धुआं उड़ाती नजर आईं। पुलिस ने वायरल वीडियो को संज्ञान लेकर प्रशासन को रिपोर्ट भेजी है।वायरल वीडियो में बार के अंदर युवक और युवतियां अलग-अलग जोड़ा बनाकर टेबल पर बैठे दिख रहे हैं। सभी हाथ में शराब के गिलास और हुक्का पीते दिख रहे हैं। दूसरे वीडियो में बॉलीवुड गाने पर एक युवती शराब के गिलास के साथ कई युवकों के बीच डांस कर रही है जबकि, अन्य वीडियो में युवतियां-युवकों के साथ छोटे-छोटे केबिन में बैठकर मस्ती करते दिख रही हैं। इसके अलावा एक वीडियो में दो-तीन युवतियां नशे में धुत दिख रही हैं।

क्रिस्टल बार के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस अधिकारी हरकत में आ गए और तुरंत मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस जांच में आया कि बार संचालक के खिलाफ पूर्व में प्रशासन को रिपोर्ट भेजी गई थी। इसके बाद अब शालीमार गार्डन थाने से दोबारा कार्रवाई के लिए रिमाइंडर भेजा गया है। शालीमार गार्डन एसीपी सिद्धार्थ गौतम का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर प्रशासन को कार्रवाई के लिए रिपोर्ट का रिमाइंडर भेजा है।

सदर इलाके में नाबालिग से दुष्कर्म

इलाका पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज, आरोपी फरार

लोकमित्र ब्यूरो

आगरा। कोलकाता की बेटी से दुराचार के बाद हत्या का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ है कि अब आगरा और आसपास के पास के क्षेत्र में और जिले और प्रदेश के आसपास में भी लगातार जनपदों में महिला और बेटियों के खिलाफ अत्याचार और शोषण के मामले सामने आने से बस सवाल खड़े हुए आए हैं आगरा कमिश्नर क्षेत्र में एक ऐसी ही सनसनीखेज वारदात सामने आई है जिसमें सभी को झकझोर दिया है

बताया जा रहा है की थाना सदर क्षेत्र के बडा ताल फिरोज खान में एक मासूम बच्ची के साथ सामूहिक दुराचार किया गया है सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची पीड़ित के परिजनों मैं बताया कि घर के पास ही एक बड़ा है जिसमें गाड़ियां खड़ी होती है पास में रहने वाले प्रेमचंद का ड्राइवर भीमा जबराल बेटी को बाड़े में ले गया जहां पर उसके साथ रेप किया । इसके बाद वहां से भाग गया । पीड़िता में परिजनों को बताया। महिलाओं का आरोप है कि बेटियों को अब ट्यूशन स्कूल भेजने में भी डर लगने लगा है उन्होंने सीधे-सीधे प्रशासन से कहा की बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया है जिन्होंने भी यह अपराध किया है उन्हें फांसी की सजा मिलनी चाहिए।

पीड़िता एवं प्रत्यक्षदर्शी महिलाओं ने बताया कि जब हमें बेटी बदहवास हालत में मिली तो उसे लेकर सीधे अस्पताल जाने लगे तभी सूचना पर एसीपी सदर सुकन्या व सदर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। पीड़िता का मेडिकल के लिए लेडी लाइन अस्पताल भेजा गया है परिजनों की तेहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में मुकदमा पंजीकृत करके अधिकारियों द्वारा आरोपी के गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ दबिशे जारी थी नाबालिक के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी भीमा को गिरफ्तार कर लिया गया है दुष्कर्म के आरोपी को कोर्ट में पेश किया जाएगा जहां से उसे जेल भेज दिया जाएगा।

महिला जिला अस्पताल की समस्याओं पर आखिर कब ध्यान देगी सरकार?

मरीजों से वसूली से लेकर दलाली तक के आरोपों से जूझ रहा महिला अस्पताल

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। प्रदेश की योगी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने तथा हर गरीब व वंचित समाज को मुफ्त में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए भले ही प्रतिबद्ध नजर आ रही हो,परन्तु वर्षों से लगी ऊपरी कमाई का चस्का भुला ना पाने वाले कुछेक स्वास्थ्य कर्मियों की करतूतों के चलते योगी सरकार की मंशा तार-तार होती नजर आ रही है,इतना ही नही बल्कि शासन-प्रशासन में बैठे मंत्री व अधिकारी गण भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसने में पूरी तरह नाकाम नजर आ रहे हैं।इसी क्रम में बताते चलें कि रायबरेली जिले के महिला अस्पताल में भी योगी सरकार की मंशा को जम कर पलीता लगाया जा रहा है,शासन द्वारा प्रदान की जा रहीं मुफ्त सेवाओं की खुलेआम सौदेबाजी की जा रही है,प्रसव से लेकर ऑपरेशन तक का रेट फिक्स होना बताया जा रहा है,इतना ही नही बल्कि अवैध वसूली में नाकाम होने पर चिढ़ कर मरीजों के तीमारदारों के साथ मारपीट तक किये जाने के आरोप लगते रहे हैं,वहीं वर्षो से विवादित रहीं महिला चिकित्सक जिनको वर्तमान में सीएमएस का चार्ज दिया गया है वह अपने ही अधिनस्थों के पक्ष में खड़ी नजर आती हैं।

आखिर वर्तमान सीएमएस पर क्यों लगते रहते हैं गंभीर आरोप?

बताया जाता है कि वर्तमान सीएमएस महिला जिला अस्पताल में वर्षो से महिला चिकित्सक के पद पर तैनात थीं,अपनी बतौर महिला चिकित्सक तैनाती के दौरान अपने इर्द-गिर्द दलालों की टोली रखने का आरोप इन पर हमेशा से लगता रहा है। कहने वाले तो यहाँ तक कहते हैं कि वर्तमान समय में आउट सोर्सिंग के जरिये जिस ब्यक्ति को सुपरवाईजर नियुक्त किया गया है,वह ब्यक्ति वर्षो से महिला जिला अस्पताल में मंडराता रहता था,सबसे बड़ी बात वर्षो से महिला जिला अस्पताल में मंडराने वाले ब्यक्ति को सीएमएस का पद मिलते ही सुपरवाईजर का पद मिलना मात्र संयोग नही हो सकता है।लोगों के बीच चर्चा है कि वर्तमान सीएमएस का कार्यकाल शुरू होते ही अस्पताल में गुप्त रूप से विभिन्न मुफ्त सेवाओं का भी अलग अलग मूल्य तय किया गया है।जिसमें सामान्य प्रसव से लेकर ऑपरेशन तक की वसूली उसी मूल्य सूची के हिसाब से वसूला जाता है जिसका आपसी बंटवारा अगले दिन राउंड के समय ईमानदारी के साथ किया जाता है।

...तो क्या मरीजों को डर दिखा कर झांसे में लेने का चलता है खेल?

लोगों के बीच होने वाली चर्चाओं के मुताबिक अगर रात में कोई प्रसव पीड़ित महिला मरीज महिला अस्पताल पहुंचती है तो उसको देखते ही चिकित्सक यह कह कर डराने का प्रयास करना शुरू कर देती हैं कि मामला बिगड़ा हुआ है,जल्दी ऑपरेशन करना पड़ेगा,जहाँ ऑपरेशन में देरी होने पर खतरे का संकेत दिया जाता है तो वहीं लखनऊ रिफर की बात बोल कर तीमारदारों की मति-भ्रष्ट करने का प्रयास किया जाता है,जब तीमारदार को कुछ नही सूझता तो वह चिकित्सकों के आगे हाथ जोड़ कर गिड़गिडाते हुए जच्चा-बच्चा की जान बचाने की गुहार लगाने लगता है,फिर यहीं से सारे खेल की शुरूआत हो जाती है,फिलहाल ये चर्चाएं कहाँ तक सही हैं यह तो जाँच का विषय है परन्तु आम जन मानस महिला अस्पताल प्रबंधन की कार्यशैली से परेशान दिख रहा है।

इस मामले में महिला जिला अस्पताल की मुख्य चिकित्साधीक्षिका डॉ. निर्मला साहू से उनका पक्ष जानने के लिए उनके सीयूजी मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क स्थापित करने का प्रयास किया गया,लेकिन उनका फोन नही उठा।

सीआरपीएफकी रैपिड एक्शन फोर्स ने किया फ्लैग मार्च

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। गुरुवार को भी सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स का स्थानीय सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जनपद मे भ्रमण का कार्य जारी रहा।केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा जनसुरक्षा को पहली प्राथमिकता दिए जाने के आलोक में तथा केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर मनोज कुमार गौतम कमांडेंट 101 बटालियन आर.ए.एफ प्रयागराज के दिशा निर्देश में सी।101रैपिड एक्शन फोर्स ने ऑफिसर कमांडिंग रामसरन(असिस्टेंट कमांडेंट) के नेतृत्व में परिचितिकरण अभ्यास के लिए जनपद रायबरेली के थाना प्रभारी ऊंचाहार निरीक्षक अनिल कुमार सिंह तथा आर. ए.एफ के निरीक्षक आदित्य झा, निरीक्षक मीता की अगुवाई में ऊंचाहार कस्बे में दंगा नियंत्रण के विशेष उपकरण के साथ पैदल फ्लैग मार्च किया गया । कमांडेंट मनोज कुमार गौतम ने आम जन से बात कर उनको सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया और सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त भी किया गया ।

मनोज कुमार गौतम (कमांडेंट 101 आर. ए.एफ) ने बताया कि प्राकृतिक आपदा के समय पैदा होने वाली विषम परिस्थितियों पर कारगर ढंग से नियंत्रण करने , भविष्य के कानून व्यवस्था की चुनौतियों को जानने तथा क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति से परिचय के लिए यह अभ्यास किया जाता है।

इसी कड़ी में आज रायबरेली जिले के थाना भदोखर, थाना सलोन,थाना जगतपुर में भी परिचितिकरण अभ्यास किया गया। बुधवार को भी आरएएफने कई थाना क्षेत्र में अभ्यास किया था।

सीएम डैशबोर्ड की बैठक संपन्न

डीएम ने रैंकिंग में सुधार लाने के लिए दिए निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बचत भवन कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत विकास कार्यों, राजस्व संबंधी कार्यक्रमोध् योजनाओं और निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक का उद्देश्य विभिन्न विभागों द्वारा संचालित सेवाओं, योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति जाना रहा। उन्होंने बारी-बारी से सभी विभागों के विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि कार्य को समय से और गुणवत्तापरक पूरा किया जाए।

जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड में जिन विभागों की रैंकिंग ठीक नहीं है उन विभागीय अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। निर्देश दिया कि जो भी विभागीय अधिकारी अपने कार्यों में उदासीनता दिखा रहे हैं, उनकी जवाबदेही सुनिश्चित कराई जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि विभागीय अधिकारी आईजीआरएस पोर्टल पर मिल रही शिकायतों का ससमय निस्तारण भी कराते रहे।

योजनाओं का लाभ आम जनता को मिलता रहे यह सरकार की प्राथमिकता में शामिल है।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय सहित अन्य विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

संघ कार्यकर्ता को हुआ मातृ शोक

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लालगंज खंड कार्यवाह निर्भय सिंह की माता जी के निधन पर स्वयंसेवकों में शोक की लहर दौड़ गई है। बताते चलें कि निर्भय सिंह की मां सावित्री सिंह की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। उनका अंतिम संस्कार निर्भय सिंह के द्वारा मुखाग्नि देकर हिंदू रीति रिवाज के साथ गेगासों गंगा घाट पर किया गया है। सावित्री सिंह के निधन पर आरएसएस के जिला प्रचारक आशुतोष, धर्म जागरण के जिला सहसंयोजक सुशील शुक्ला, विभाग कार्यवाह ऊधम जायसवाल,जिला कार्यवाह अनंत ,व्यवस्था प्रमुख सतीश त्रिवेदी, रवि शंकर बाजपेई, गणेश वाजपेई ,राणा गुप्ता,इंद्रेस सिंह, अनिल शर्मा, बृजदेव सिंह, धर्मेंद्र सिंह, विवेक सिंह ,हरिओम सिंह, योगेंद्र सिंह ,प्रदीप सिंह ,शिव ओम सिंह, रघुराज सिंह, विनय सिंह आदि लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

एक ही सप्ताह में दूसरी बार रेल कोच की आवासीय कॉलोनी में हुई सनसनीखेज चोरी की वारदात

बदमाशों ने दस घरों के ताले तोड़कर आरपीएफऔर पुलिस को दी चुनौती

आक्रोशित कर्मचारियों ने महाप्रबंधक कार्यालय का किया घेराव

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। रेल कोच के आवासीय परिसर में अभी 15 घरों में चोरी की वारदात होने के एक सप्ताह भी नहीं बीते हैं कि फिर से बदमाशों ने आरपीएफ और पुलिस को चुनौती देते हुए 10 घरों में सनसनी खेज चोरी की वारदात की है। बताते चलें कि रविवार की रात रेल कोच कर्मचारी के घरों में बदमाशों ने धावा बोलकर करोड़ो का माल उड़ा दिया था । बुधवार की रात फिर से चोरी की वारदात हो जाने से रेल कोच की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है। कर्मचारियों ने एडमिन बिल्डिंग पहुंचकर जीएम ऑफिस का घेराव भी किया है। बुधवार की रात आधुनिक रेलडिब्बा कारखाना के आवासीय परिसर स्थित टाईप फोर में दस घरों के चोरों ने ताले तोड़ दिए और कीमती सामान लेकर फरार हो गए। चोर घरो में सामान बीनते रहे और सुरक्षा में तैनात आरपीएफ को इसकी भनक तक नही लग सकी। चोरों ने आवास संख्या 4207डी जयराम मीना, 4230सी दिलीप कुमार, 4218बी सुनील, 4215बी रामवृक्ष यादव, 4226सी अमनदीप चतुर्वेदी, 4227सी ब्रजनंदन सोनकर के आवास में चोरी की वारदात की है।अन्य जिन आवासो के ताले टूटे हैं उनमें 4205सी, 4213सी, 4203ए खाली पड़े थे।उल्लेखनीय है कि तीन दिन पहले टाईप टू कालोनियो में 15 आवासो में चोरी की घटना हुई थी। इसके बावजूद आरपीएफ ने चोरी की वारदात को गंभीरता से नहीं लिया और बंद घरों के आसपास ना तो सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई और नहीं गस्त बढाई जिसके कारण फिर से चोरी की वारदात हो गई है। गुस्साए कर्मचारियों के साथ उनके घरों की महिलाएं व बच्चे प्रशासनिक भवन पहुंच गए और महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव किया। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी संजय कुमार कटियार ने शीघ्र सीसी कैमरे लगवाए जाने, चहारदीवारी ऊंची कराए जाने, बेरीकेटिंग कराए जाने समेत आवासो में लोहे के दरवाजे लगवाने का काम शीघ्र करवाए जाने का आश्वासन दियाहै।घटना की जानकारी मिलते ही एडिशनल एसपी नवीन कुमार सिंह, कोतवाल संजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली और फिर से चोरी की घटनाओं का जल्द से जल्द खुलासा किये जाने की बात कही है।

पुलिस भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत डीएम-एसपी ने केंद्रों का किया निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के साथ कल से शुरू होने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी परीक्षा 2023 के शांतिपूर्ण सम्पादन के लिए विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कक्षाओं, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, सीसीटीवी कैमरों, फर्नीचर, विद्युत,पेयजल,शौचालय आदि की व्यवस्थाओ को देखा। उन्होंने निर्देश दिया की परीक्षा के दिन किसी प्रकार की अव्यवस्था ना हो इसके लिए सुरक्षा एजेंसियों के साथ सामंजस्य स्थापित कर लिया जाए। केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हो इसके लिए जरूरी दिशा निर्देशों का कठोरता से पालन कराया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ केंद्र के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का फीता काटकर किया शुभारम्भ

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज, ऑडिटोरियम के परिसर में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा आयोजित राणा बेनी माधव बक्श सिंह के जीवन एवं जनपद के महत्वपूर्ण स्थलों व प्रदेश सरकार के विकास कार्यों पर आधारित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ कर प्रदर्शनी का अवलोकन किया।जिलाधिकारी ने कहा कि राणा बेनी माधव बक्श सिंह के जीवन व जनपद के महत्वपूर्ण स्थलों एवं प्रदेश सरकार के महत्वपूर्ण नीतियों, निर्णयों, उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा 22 से 24 अगस्त तक फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज के परिसर में तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। यह प्रदर्शनी सुबह 09 बजे से सायं 06 बजे तक आमजन मानस के लिए खुली रहेगी। जिसमें आम जनमानस आकर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी से सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार होता है और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभपरक व जन कल्याणकारी योजनाओं संबंधित जानकारी लोगों को मिलती है।इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल, राणा बेनी माधव बख्श सिंह स्मारक समिति के संरक्षक इंद्रेश विक्रम सिंह, महेंद्र अग्रवाल, गजाधर सिंह, रविंद्र सिंह, राकेश सिंह भदौरिया, शिवप्रसाद सिंह, व्यापार मंडल की तरफ से व्यापार मंडल से जीसी चौहान सहित सूचना विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (उत्पादन इकाई) ने आरेडिका एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट का किया दौरा

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट रायबरेली का दिनांक-22.08.2024 को रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (उत्पादन इकाई) संजय कुमार पंकज ने दौरा किया। श्री पंकज ने कोच एवं फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन के संबंध में आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान दीन दयालु कोचों के उत्पादन को गति देने के लिए आरेडिका के उच्च अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया क्योंकि रेलवे का ध्येय सामान्य कोचों में यात्रियों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने का है। अपर सदस्य ने फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन को 35 हजार से बढाकर 50 हजार एवं आगे 70 हजार फोर्ज्ड व्हील वार्षिक करने हेतु प्लाण्ट की अवसंरचना का विकास के संबंध में उच्च अधिकारियों से विचार विमर्श किया एवं बताया कि आने वाले समय में फोर्ज्ड व्हीलों की मांग बढेगी इसलिए उत्पादन बढाने के लिए जरूरी कदम उठाए जाने का सुझाव दिया। रेलवे बोर्ड का सहयोग आप लोगों को हमेशा मिलता रहेगा। आरेडिका के व्हील निर्माण से फोर्ज्ड व्हीलों के विदेशी आयात से भी राहत मिल रही है। अपर सदस्य ने कारखाना परिसर का दौरा किया एवं आरेडिका में प्रथम निर्माणाधीन टीआरएस एवं टीआरएससी कोचों का निरीक्षण किया। सभी विभागों के कार्य की समीक्षा की एवं कार्य प्रगति से प्रसन्न हो कर रु0 50 हजार के समूह पुरस्कार की घोषणा की। इस अवसर पर आरेडिका के सीएओ संजय कुमार कटियार, पीसीएमई, विवेक खरे, पीसीएमएम राजीव खण्डेलवाल, पीसीईई हरीश चंद्र, पीसीई सत्य प्रकाश यादव, पीसीपीओ रूपेश श्रीवास्तव एवं व्हील फैक्ट्री के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु बैठक संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व तरुण सक्सेना, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के दिशा-निर्देशन में 14 सितम्बर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु समस्त तहसीलदार के न्यायालयों में लम्बित मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण की रुप-रेखा तय किये जाने हेतु बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आहूत की गयी। उक्त बैठक की अध्यक्षता माननीय अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अनुपम शौर्य के द्वारा की गयी। बैठक में अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये जिससे अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। बैठक में पिछलें लोक अदालत की सफलता को दोहराने व उसे और सफल बनाने के लिए उठाये जाने वाले कदमों पर विचार-विमर्श किया गया जिसमें सभी ने अपने-अपने सुझाव साझा किये।बैठक में मिथलेश त्रिपाठी उपजिलाधिकारी सदर, अभिषेक वर्मा उपजिलाधिकारी सलोन, नवदीप शुक्ला उपजिलाधिकारी लालगंज, सिद्धार्थ चौधरी उपजिलाधिकारी ऊँचाहार, उपजिलाधिकारी महराजगंज, मनोज कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी डलमऊ, प्रज्ञा द्विवेदी तहसीलदार सलोन, मंजुला मिश्रा तहसीलदार लालगंज, उमेश चन्द्र तहसीलदार डलमऊ, अनिल कुमार पाठक तहसीलदार सदर, सुजीत कुमार सिंह नायब तहसीलदार ऊँचाहार व सत्या राज नायब तहसीलदार महराजगंज उपस्थित रही।

वरिष्ठ जनों के विधिक अधिकार विषय पर आयोजित किया गया शिविर

लोकमित्र

रायबरेली। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तरुण सक्सेना के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,रायबरेली के तत्वाधान में वृद्धजन आवास (वृद्धाश्रम), आई0टी0आई0 कैम्पस दूरभाष नगर, रायबरेली में आवासित वृद्धजनों के देख-रेख, खानपान, रहन-सहन आदि हितों से सम्बन्धित मामलों के सम्बन्ध में अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा वृद्धजन आवास का निरीक्षण किया गया। दौरान निरीक्षण सचिव द्वारा वृद्धजनों से उनको होने वाली समस्याओं व मिलने वाली सुविधा के बाबत जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। अपर जिला जज/सचिव द्वारा आवासित वृद्धजनों से उनके आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड व वृद्धावस्था पेंशन/विधवा पेंशन के बाबत जानकारी ली गयी कई वृद्धजनों द्वारा आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड व वृद्धावस्था पेंशन/विधवा पेंशन न होने का कथन किया गया जिसके सम्बन्ध में सचिव द्वारा अधीक्षक को आधार कार्ड व आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के संदर्भ में आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण उपरांत वृद्धजनों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य के द्वारा उपस्थित वृद्धजनों को यह बताया गया कि कैसे आप अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहे। इस अवसर पर वृद्धजनों को उनके निःशुल्क अधिकारों के विषय पर जानकारी दी गयी एवं बताया गया कि किसी भी प्रकार की निःशुल्क विधिक सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली के कार्यालय में किसी कार्यदिवस में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज कराकर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उक्त शिविर में उक्त शिविर में वृद्धाश्रम के अधीक्षक धनजंय सिंह, सेवादार नीलम श्रीवास्तव, पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

राम नगरी मे आवासीय व कामर्शियल भूखण्ड उपलब्ध कराएगा विकास प्राधिकरण

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राम नगरी के निवासियों या फिर राम नगरी मे अन्य शहरों या प्रांतों से आकर यहां बसने की इच्छा रखने वाले लोगों के लिए विकास प्राधिकरण एक बड़ी सौगात देने जा रहा है। राम नगरी मे अपना आवास बनाने के इच्छुक लोगों को विकास प्राधिकरण आवासीय भूखण्ड उपलब्ध कराने जा रहा है। इसके लिए प्राधिकरण ने वशिष्ठ कुंज नाम से एक आवासीय योजना की कवायद प्रारम्भ कर दी है।राष्ट्रीय राजमार्ग 27 लखनऊ अयोध्या मार्ग पर शहर से आठ किलोमीटर दूर योजना को विकसित किया जा रहा है। वशिष्ठ कुंज योजना को मूर्तरूप देने के लिए सोहावल तहसील के फिरोजपुर उपरहार गांव को चिन्हित किया गया था। इस योजना पर लगभग 200 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसके लिए करीब 75.785 एकड़ जमीन किसानों से खरीदी जा रही है। आवासीय योजना में आवासीय भूखण्डों के साथ कमर्शियल भूखंड भी आवंटित किए जाएंगे। अयोध्या विकास प्राधिकरण इसे विकसित कर रहा है। योजना से 10000 से अधिक लोगों को फायदा पहुंचेगा। 75.785 एकड़ जमीन के सापेक्ष प्राधिकरण अब तक 65.901 एकड़ भूमि किसानों से खरीदने चुका है। विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि प्राधिकरण इस योजना को विकसित करके आम जनता के लिए भूखंड आवंटन शुरू करेगा। वशिष्ठ कुंज योजना का शुभारंभ 16 मार्च 2024 से ही प्रारम्भ हो चुका है। इस योजना को पूरा करने के लिए 15 दिसम्बर 2024 की तिथि निश्चित की गई है।

भूखण्ड आवंटन से पूर्व प्राधिकरण उपलब्ध कराएगा ये सुविधाएं

वशिष्ठ कुंज आवासीय योजना मे लोगों को आवासीय भूखण्ड आवंटित करने से पूर्व विकास प्राधिकरण स्थल पर सीवर, सड़क, नाली, वाटर लाइन, बाउंड्री वाल व अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। पहुंच मार्ग के लिए पर्यटन विभाग से विनिमय की कार्रवाई की जा रही है।

पूर्वांचल एक्सप्रेस- वे पर तेज रफ्तार कार पलटी

लोकमित्र ब्यूरो

मिल्कीपुर-अयोध्या। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे माइलेज स्टोन 79.2 के पास तेज रफ्तार मारुति सुजुकी ईको कार अनियंत्रित होकर अचानक पलट गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे यूपीडा के सुरक्षा कर्मियों ने सभी घायलों को किसी तरीके से बाहर निकाल कर पड़ोस स्थित सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने 2 वर्ष की बच्ची वंशिका को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप से घायल एक महिला समेत दो लोगों की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल अयोध्या रेफर कर दिया है। वही कार चालक और 3 साल की गुड़िया का इलाज अस्पताल में चल रहा है। कार सवार सभी लोग पटना बिहार से शादी में शामिल होकर शाहजहांपुर वापस जा रहे थे। मिली जानकारी के मुताबिक शाहजहांपुर के थाना जैतीपुर क्षेत्र के करकौर गांव निवासी संतोष कुमार पुत्र भूप राम 30 वर्ष, जूही पत्नी संतोष कुमार 25 वर्ष, गुड़िया 3 वर्ष, वंशिका 2 वर्ष पुत्री संतोष कुमार व विजय कुमार पुत्र नाथू राम 42 वर्ष, अमित कुमार पुत्र संजीव गुप्ता 20 वर्ष, राजेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश 42 वर्ष कार डीएल -8 सीएएम 5373 से पटना बिहार में शादी समारोह से शामिल होकर शाहजहांपुर वापस जा रहे थे। हलियापुर थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस- वे माइलेज स्टोन 79.2 पर पहुंचे ही थे कि तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे की जानकारी पर पहुंचे यूपीडा के सुरक्षाकर्मियों ने सभी घायलों को एम्बुलेंस से उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। जहां मौजूद डॉ अरविंद कुमार मौर्य, डॉ दुर्ग विजय ने देखने के बाद 2 वर्षीय वंशिका को मृत्यु घोषित कर दिया तथा गंभीर रूप से घायल जूही, राजेश कुमार व अमित कुमार का प्राथमिक उपचार करते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

वही कार चालक सलमान खान, और विजय कुमार संतोष व 3 वर्षीय गुड़िया का इलाज अस्पताल में चल रहा है डॉक्टरों ने बताया की ये लोग खतरे से बाहर हैं। कार सवार लोगों की माने तो कार चालक सलमान शराब के नशे में गाड़ी को 90 से 95 की स्पीड में चल रहा था। मना करने पर भी नहीं मान रहा था अचानक गाड़ी मोड़ दिया। जिससे कार पलट गई और हादसा हो गया।

जिलाधिकारी ने किया एनएचएआई का औचक निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

जौनपुर। जिलाधिकारी श्री रविंद्र कुमार मांदड के द्वारा कार्यालय एनएचएआई का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा गहनता से पत्रावलियों और अभिलेखों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एनएचएआई द्वारा भुगतान संबंधी पत्रवालियां संदिग्ध पाई गई जिसपर उन्होंने इन पत्रवालियों की विस्तृत जांच कराने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रथम दृष्टया कानूनगो संतोष तिवारी, कंप्यूटर ऑपरेटर हिमांशु और क्लर्क अनिल यादव और बेसिक शिक्षा विभाग के अध्यापक राहुल सिंह की भूमिका संदिग्ध पाई गयी है। जिसपर कानूनगो संतोष कुमार तिवारी को कलेक्ट्रेट से संबद्ध करने और कंप्यूटर ऑपरेटर हिमांशु और अनिल यादव की सेवा समाप्त करने के निर्देश तथा राहुल सिंह को नोटिस जारी करने के निर्देश मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद सिंह को दिए गए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, जॉइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, नगर मजिस्ट्रेट इंद्र नन्दन सिंह, उपजिलाधिकारी मड़ियाहूं कुणाल गौरव, ज्ञानप्रकाश सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

पुलिस भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत डीएम-एसपी ने केंद्रों का किया निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के साथ कल से शुरू होने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी परीक्षा 2023 के शांतिपूर्ण सम्पादन के लिए विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कक्षाओं, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, सीसीटीवी कैमरों, फर्नीचर, विद्युत,पेयजल,शौचालय आदि की व्यवस्थाओ को देखा। उन्होंने निर्देश दिया की परीक्षा के दिन किसी प्रकार की अव्यवस्था ना हो इसके लिए सुरक्षा एजेंसियों के साथ सामंजस्य स्थापित कर लिया जाए। केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हो इसके लिए जरूरी दिशा निर्देशों का कठोरता से पालन कराया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ केंद्र के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

अयोध्या सामूहिक दुष्कर्म मामला-आरोपी के मल्टी कॉम्प्लेक्स पर चला योगी सरकार का बुलडोजर नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी सपा नेता के खिलाफ योगी सरकार सख्त

»सरकारी भूमि और तालाब की जमीन पर बने अवैध मल्टी कॉम्प्लेक्स को ढहाने की कार्रवाई

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। भदरसा कस्बे में नाबालिग बच्ची के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म को लेकर योगी सरकार पूरे एक्शन में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कड़े फरमान के बाद जिला प्रशासन ने घटना के मुख्य आरोपी सपा नेता मोईद खान के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सरकारी भूमि व तालाब पर बनाए गए मल्टी कॉम्प्लेक्स पर बुलडोजर की कार्रवाई हुई। बताया जा रहा है कि गुरुवार रात तक आरोपी का आधा साम्राज्य ढहा दिया जाएगा। इससे पहले तहसील प्रशासन की जांच मे आरोपी की बेकरी तालाब की भूमि पर पाए जाने के बाद तहसील प्रशासन ने बेकरी निर्माण इकाई पर बुलडोजर चलवाकर उसे ध्वस्त करा दिया था। अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येंद्र सिंह ने बताया कि इस बिल्डिंग का निर्माण अवैध ढंग से तालाब की जमीन पर और चकरोड की जमीन पर कब्जा करके किया गया था। विकास प्राधिकरण के द्वारा पूर्व में कई बार नोटिस दी जा चुकी थी। उसके बाद उनके द्वारा मानचित्र नहीं दाखिल किया गया। न तो किसी प्रकार की रुचि ही दिखाई गई। इसके ध्वस्तीकरण का आदेश जून में ही पारित कर दिया गया था। इस आदेश का तामीला कराते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को एक्टिवेट कराया गया है। एसडीएम के द्वारा आगे जांच की जा रही है, आगे भी जो अवैध संपत्ति पाई जाएगी उस पर भी कार्रवाई की जाएगी। अयोध्या सीओ आशुतोष मिश्रा ने बताया की सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था की गई थी। आसपास के क्षेत्र को खाली कराया गया है। आवश्यकता अनुसार ट्रैफिक को भी डायवर्ट किया गया है।

अवध विवि की निहारिका का पेड़, पौधों के प्रति अद्भुत लगाव

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की वरिष्ठ लिपिक निहारिका श्रीवास्तव का अद्भुत प्रेम पेड़ पौधों के प्रति देखते ही बन रहा है। उन्होंने अपने कार्यालय में अगल बगल सुन्दर सुन्दर पेड़-पौधें लगा रखे है। उन्होंने मानना है कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने व स्वस्थ्य रखने के लिए अपने आस-पास हरे पेड़ों को आवश्यक है। जो हमें शुद्ध आक्सीजन प्रदान करते है। निहारिका ने बताया कि विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल की प्रेरणा से हम सभी को विश्वविद्यालय को हरा भरा व रोग मुक्त रखना है। सभी को अपने घरों के आसपास पौधरोपण अवश्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि कुलसचिव डॉ अंजनी कुमार मिश्र ने भी स्वच्छता व पेड़ पौधे लगाने को लेकर सबसे अपील की हैं। विवि के उप कुलसचिव मोहम्मद सहील ने कहा कि हरियाली हमारे जीवन को सुन्दर व स्वच्छ वातावरण प्रदान करती है। निहारिका श्रीवास्तव से प्रेरणा लेकर सभी को एक पौधा जरुर लगाना चाहिए। विश्वविद्यालय की वरिष्ठ लिपिक निहारिका श्रीवास्तव के इस कदम से विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों एव कर्मचारियों ने अपील की है कि सभी एक वृक्ष जरुर लगाये।

अमेजिंग इंडियन अवार्ड 2024 से नई दिल्ली में सम्मानित किए जाएंगे खाकी वाले गुरूजी रणजीत यादव

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या । जनपद के पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में नियुक्त उत्तर प्रदेश पुलिस के सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव द्वारा अपनी ड्यूटी को वरीयता देते हुए अयोध्या के जयसिंह वार्ड की मलिन बस्ती के गरीब असहाय और भिक्षावृत्ति से जुड़े बच्चों को 2021 से निशुल्क शिक्षण प्रदान करने के साथ ही उन्हें कॉपी, किताब, पेंसिल, रबर, कटर, पेन, झोला, वस्त्र, चप्पल इत्यादि भी लोगों के सहयोग से निःशुल्क प्रदान किया जाता है। समाजसेवी दारोगा रणजीत ने घाटों और मंदिरों के आस-पास बड़े बुजर्गो के साथ छोटे-छोटे बच्चों को भी अपने हाथों में कटोरा लेकर भिक्षावृत्ति करते हुए देखा तो इन बच्चों की जिंदगी बदलने का संकल्प लिया और इनकी बस्ती में पहुंचकर इन्हें शिक्षित करने की शुरूआत किया। रणजीत ने शिक्षा की इस मुहिम को अपना स्कूल नाम दिया है।रणजीत यादव ने मलिन बस्ती के बच्चों के माता-पिता को जागरूक करके 28 बच्चों का एडमिशन नजदीक के सरकारी स्कूल में करवा दिया है अब वह सब रोजाना स्कूल जाते हैं। पुलिस की व्यस्ततम ड्यूटी से समय निकाल कर वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा देने के कारण अयोध्या वासी प्यार से इन्हें÷खाकी वाले गुरुजी÷ नाम से बुलाते हैं। रणजीत यादव द्वारा मलिन बस्ती के विकास,संवर्धन एवं शिक्षा क्षेत्र में किये जा रहे इस अनुकरणीय प्रयास के लिए देश की राजधानी नई दिल्ली में अमेजिंग इंडियन अवार्ड 2024 से सम्मानित करने लिए आवागमन हेतु हवाई जहाज का टिकट प्रदान करते हुए आमंत्रित किया गया है।रणजीत यादव ने कहा कि ÷यह पुरस्कार माता-पिता और गुरुजनों के आशीर्वाद एवं मित्रों के सहयोग तथा स्वयं के कठिन परिश्रम का परिणाम है! अपना स्कूल के सहयोगी ऋषभ शर्मा और अंशिका सिंह को विशेष धन्यवाद!÷

विधानसभा भ्रमण पर पहुंचे विद्यार्थियों ने की विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात

रुदौली के एलएसडीपी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने विधानसभा का किया भ्रमण

लोकमित्र ब्यूरो

रुदौली- अयोध्या। सीबीएसई से सम्बद्ध एल.एस.डी.पी पब्लिक स्कूल, गौरियामऊ के विद्यार्थियों को उत्तर प्रदेश विधानसभा का दौरा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। विद्यार्थियों को विधानसभा के इतिहास, संस्कृति, और कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी गई।विद्यार्थियों ने विधानसभा के पोर्टिको में चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के सामने सामूहिक रूप से तस्वीर ली और उनके बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद, विद्यार्थियों को विधानसभा पुस्तकालय के अंदर पूरे राज्य में सरकारी पांडुलिपियों, समाचार पत्रों की कतरनों और दुर्लभ पुस्तकों के सबसे समृद्ध संग्रह को देखने का अवसर मिला।विद्यार्थियों ने ग्रीन स्क्रीन रूम सेल्फी पॉइंट, लाइट एंड साउंड शो, वीआर-संचालित हेलीकॉप्टर और 3डी के माध्यम से सदन के बारे में अधिक जानने के लिए अभूतपूर्व तकनीक के प्रत्यक्ष उपयोग का अनुभव किया।विद्यालय के प्रबंधक अनिल पाठक और प्रधानाचार्य आदित्य पाठक ने विधानसभा भ्रमण की अनुमति देने के लिए मोमेंटो व अंग वस्त्र देकर विधानसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान बालिकाओं ने विधानसभा अध्यक्ष को राखी भी बाँधी। विधानसभा भ्रमण के दौरान बच्चे काफी खुश और सेल्फी लेते हुए दिखे।

इस दौरान प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे उपप्रधानाचार्य आर. बी सिंह,आदित्य शर्मा, सलोनी सिंह, अंजली शुक्ला, रंजीत शर्मा, प्रवीण गिरी, कृष्णा तिवारी सहित अन्य अध्यापक उपस्थित रहे।

विधानसभा स्पीकर ने विधानसभा कार्यप्रणाली से बच्चों को कराया अवगत

विधानसभा स्पीकर सतीश महाना ने विद्यार्थियों से बातचीत की और विधानसभा की जटिलताओं और कार्यप्रणाली से अवगत कराया।

विधानसभा अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि, सभी विद्यार्थियों को विधायिका की संरचना और उसकी कार्य प्रणाली को करीब से जानना चाहिए। ये आने वाले समय में उन्हें मदद करेगी। विधायिका, लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। यह नागरिकों को अपनी आवाज उठाने और सरकार के कामकाज में भाग लेने का अवसर प्रदान करती है। विधायिका की संरचना और कार्य प्रणाली को समझने से विद्यार्थी सक्रिय नागरिक बन सकते हैं और अपनी ज़िम्मेदारियों को बेहतर ढंग से निभा सकते हैं।विधानसभा अध्यक्ष ने बच्चो के साथ डेमोक्रेसी व बालिका सुरक्षा सम्बंधित विषयो पर भी चर्चा की व अपना मार्गदर्शन दिया।

प्रबंधक ने मेघावी छात्राओं को पुरस्कृत किया

लोकमित्र ब्यूरो

पूरा बाजार अयोध्या कामता सिंह बालिका इंटर कॉलेज राजेपुर पूरा बाजार के मेघावी छात्राओं को कॉलेज के प्रबंधक भगवान बक्श सिंह ने पुरस्कृत कर उनका मनोबल बढ़ाया । इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्रबंधक भगवान बक्श सिंह ने कहा कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं है हमारा दायित्व है कि हम प्रतिभाओं को निखारने में सहयोग कर उनका मनोबल बढ़ाएं प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में पुरस्कार की अहम भूमिका होती है उन्होंने छात्राओ के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि छात्राएं उच्च शिक्षा ग्रहण कर उच्च पदों पर आसीन होकर कालेज के साथ-साथ अपने माता-पिता का नाम रोशन करे। प्रबंधक ने कक्षा 12 की छात्राओ में सानिया फातिमा, कविता यादव, निशा कुमारी व हाई स्कूल की छात्राओ में रितु ,श्रद्धा गुप्ता ,पारुल जूनियर हाई स्कूल की छात्राओं में मुस्कान रावत, मानवी निषाद, अशिका यादव व प्राइमरी की छात्राओं में आराधना, सिजरा व प्रिया को क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया छात्राओ को साइकिल पंखा प्रेशर कुकर व अन्य सामग्री व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया छात्राओ के चेहरे पर पुरस्कार पाने की खुशी झलक रही थी

इस अवसर पर प्रबंध समिति के पदाधिकारी राजेंद्र सिंह वीरेंद्र सिंह अश्वनी सिंह डॉ रफीक अहमद व पूर्व ब्लाक प्रमुख धर्मराज हरिशंकर राय कामता कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाध्यापिका स्नेहलता जूनियर हाई स्कूल की प्रधानाध्यापिका सुधा सिंह प्राइमरी स्कूल की प्रधानाध्यापिका सची सिंह सहित क्षेत्रीय गणमान्य लोग व अभिभावक तथा स्कूल की छात्राएं मौजूद थी ।

जन-जन तक निशुल्क चिकित्सा का लाभ पहुंचाना हमारा उद्देश्य- आशीष कुमार सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

पूरा बाजार -अयोध्या। राजकीय डॉ बृज किशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज देवकाली अयोध्या के तत्वाधान में चिकित्सकों ने मणि पर्वत अयोध्या धाम पर निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर रोगियों का निशुल्क परीक्षण एवं उपचार किया । राजकीय डॉ बृज किशोर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ आशीष कुमार सिंह ने कहा कि निशुल्क चिकित्सा का लाभ जन जन तक पहुंचाना हमारा उद्देश्य है निशुल्क चिकित्सा शिविर के माध्यम से हमारे चिकित्सक गरीब असहाय और दिव्यांगों का इलाज करते हैं जो लोग आर्थिक रूप से कमजोर हैं उन्हें भी निशुल्क चिकित्सा का लाभ देते हैं उन्होंने कहा कि निशुल्क चिकित्सा शिविर जिले के विभिन्न स्थानों पर लगाकर रोगियों का इलाज करने का कार्यक्रम जारी रहेगा ।चिकित्सा शिविर में डॉ माधुरी गौतम डॉ नेमा डॉ अंजू सिंह डॉ आईपी पटेल सहित अन्य चिकित्सकों ने मरीजों का परीक्षण कर उनका निशुल्क उपचार किया डॉ नेमा ने बताया कि निशुल्क चिकित्सा शिविर में 126 मरीजो का उपचार किया गया उन्होंने कहा कि गंभीर रोगों से ग्रसित मरीजों को होमियो मेडिकल कॉलेज देवकाली में लगातार निशुल्क इलाज की सुविधा दी जाएगी ।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या । जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों को लेकर जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी। जिलाधिकारी ने बैठक में राष्ट्रीय नियमित टीकाकरण अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि नवजात शिशु (0 वर्ष) से 5 वर्ष तक सभी बच्चों का समय से टीकाकरण किया जाय साथ ही यू-विन के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर सेशन क्रिएशन शत प्रतिशत किया जाय तथा बाल विकास पुष्टाहार व शिक्षा विभाग से समन्वय कर नियमित टीकाकरण कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि ऐसे सभी पात्र बच्चों का सही से हेड काउंट सर्वे करा कर उनका शत प्रतिशत टीकाकरण से आच्छादित किया जाय।जिलाधिकारी ने क्षय रोग मुक्त अभियान की समीक्षा करते हुये टी0बी0 टास्क फोर्स तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत टास्क फोर्स का गठन करते हुये 9 सितम्बर 2024 से 19 सितम्बर 2024 (10 दिन) एक्टिव केस फाइंडिंग प्रोग्राम्स चलाया जाए, जिसमें टी0बी0 के एक्टिव मरीजों के खोज की जाएगी। क्षय रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत जनपद को क्षय रोग से मुक्त करने के अभियान के अंतर्गत कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। जनपद को क्षय रोग से मुक्त करने के लिए और भी सघन प्रयास करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दियजिलाधिकारी ने जिला स्वास्थ्य समिति बैठक की समीक्षा करते हुये जनपद के राजकीय चिकित्सालयों में कार्यरत विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दी जा रही सेवाओं/सर्जरी की समीक्षा में और भी गुणवत्तापरक सेवाओं सहित सर्जरी को बढ़ाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत संस्थागत प्रसव में और भी प्रगति लाने के निर्देश के साथ साथ लाभार्थियों का भुगतान शत प्रतिशत सुनिश्चित कराया जाए एवं जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत संस्थागत प्रसव में और भी प्रगति लाने के निर्देश के साथ साथ लाभार्थियों का पेमेंट समय से किया जाय। जो ब्लॉक समय से पेमेंट नहीं कर रहे है, उनको नोटिस दिया जाए। जिलाधिकारी ने टेली कंसल्टेंसी सेवाओं में और भी विस्तार किए जाने के निर्देश दिए तथा आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान मित्र जहां पर कार्य नहीं कर रहे है वहा पर डाटा ऑपरेटर को प्रशिक्षित कर काम लिया जाय एवं गोल्डन कार्ड का लक्ष्य पूर्ण न करने वाले संबंधित अधिकारियों एवं सभी ब्लॉक अधीक्षकों को चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि सभी ब्लॉक अधीक्षक अपने आयुष्मान डाटा ऑपरेटर से लक्ष्य के अनुरूप कार्ड बनवाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सीएचओ के कार्यो का मूल्यांकन कर उनके कार्यो के आधार पर सभी अधीक्षक पेमेंट करें। उन्होंने निर्माण कार्यो की समीक्षा में सभी निर्माण कार्य करने वाली एजेंसी को समय से सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये तथा पीएम एसएमए के अंतर्गत 2/3 ट्रायमेस्टर की गर्भवती महिलाओं का एक बार अल्ट्रासाउंड अवश्य कराये जाने के निर्देश दिये तथा जिले के सभी अल्ट्रासाउंड सेंटर को पी.एम. एस.एम.ए. योजना से जोड़ा जाय, जिससे सभी गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड सुगमता से हो सके।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज, मुख्य चिकित्सा अधिकार संजय जैन, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डीपीओ, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, संबंधित विभागों के जनपदीय अधिकारी, नोडल अधिकारी, सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक आदि सहित संस्थाओं के प्रतिनिधि, डीपीएम, डीसीपीएम एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित हुए।

हिन्दू महासभा त्रिदंडी के राष्ट्रीय व प्रान्तीय अधिवेशन की तैयारी पूरी

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। आगामी 25 अगस्त को राम नगरी अयोध्या में अखिल भारत हिन्दू महासभा त्रिदंडी के होने जा रहे राष्ट्रीय व प्रान्तीय अधिवेशन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। अम्बर पैलेस में हो रहे इस अधिवेशन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए आज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी अयोध्या पहुंचे। इस दौरान तैयारियों में जुटे पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक की और अधिवेशन में होने वाले मिनट टू मिनट कार्यक्रम पर चर्चा की। ये जानकारी आज जारी बयान में हिन्दू महासभा के प्रदेश मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने दी। राकेश दत्त मिश्र ने आगे बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अखिल भारत हिंदू महासभा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी आज दोपहर लगभग दो बजे रामनगरी अयोध्या पहुंचे। जहां जिला व नगर इकाई के प्रमुख पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इसके तुरंत बाद आयोजन स्थल अम्बर पैलेस पर पहुंच कर अधिवेशन की तैयारियों को देखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस मौके पर पार्टी के प्रमुख लोगो में चंद्रमौली शुक्ला प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, भावना ठाकुर, मुकेश गुप्ता, प्रमोद त्रिवेदी, मनु सिंह, जयकांत दुबे, प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर सिंह , राजेश सिंह, प्रदेश महामंत्री हिंदू महिला सभा आरती यादव , जिलाध्यक्ष रामधन निषाद, महामंत्री भानु प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष अधिवक्ता विनोद कुमार, मुकेश वर्मा, राहुल निषाद फौजी, जिला मंत्री मुकेश निषाद, जिला महामंत्री हिंदू महिला सभा रेनू सिंह सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

ढह गया मायंग का किला, भाजपा ने ब्लॉक प्रमुख की कुर्सी पर जमाया कब्जा

आजादी के बाद से लगातार भद्र परिवार का था कब्जा

धनपतगंज/सुलतानपुर। जिले की चर्चित धनपतगंज विकास खंड पर हो रहे उपचुनाव में भाजपा अपनी रणनीति में कामयाब हो गई। लोकतंत्रीय व्यवस्था लागू होने के बाद से लगातार ब्लॉक प्रमुख की सीट पर कब्जा जमाए भद्र परिवार को शिकस्त देते हुए भाजपा के घोषित प्रत्याशी ने 03 मतों से जीतकर ब्लॉक प्रमुख की कुर्सी पर कब्जा जमा लिया।

बता दे कि पंचायती राज व्यवस्था लागू होने के बाद से लगातार धनपतगंज ब्लॉक प्रमुख के पद पर भद्र परिवार व उनके करीबियों का ही कब्जा रहा है। 2021 में हुए आम चुनाव में भद्र परिवार के छोटे बेटे यशभद्र सिंह मोनू निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। वर्ष 2023 में कोर्ट से सजा का आदेश हो जाने के बाद शासन ने मोनू सिंह की ब्लॉक प्रमुख की कुर्सी बर्खास्त कर दिया था। सप्ताह भर पहले चुनाव आयोग द्वारा उपचुनाव की घोषणा होते ही शहर विधायक विनोद सिंह लगातार सक्रिय हो गए। उनकी बढ़ी सक्रियता को देखते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष डा आरए वर्मा ने भौंसा गांव निवासी दलित महिला पार्वती सरोज को पार्टी समर्थित प्रत्याशी घोषित कर मैदान में उतार दिया। भाजपा की नाकेबंदी को देखते हुए समाजवादी पार्टी ने भद्र ब्रदर्स की मां उषा सिंह को पार्टी समर्थित उम्मीदवार घोषित कर दिया।

गुरुवार को सुबह 10 बजे 02 बजे तक सहायक निर्वाचन अधिकारी हृदयराम तिवारी की देखरेख में विकास खंड के सभी 81 क्षेत्र पंचायत सदस्यो ने विकास खंड मुख्यालय पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग किया। 3 बजे के बाद हुई मतों की गिनती में भाजपा प्रत्याशी पार्वती सरोज को 42 मत प्राप्त हुए वही सपा प्रत्याशी उषा सिंह को 39 मत हासिल हुए। 03 मतों से भाजपा प्रत्याशी विजई घोषित हुई। 03 मतों से विजय प्राप्त कर भाजपा प्रत्याशी ने दशको से अभेद किला भेद कर भद्र परिवार से सीट छीन ली।

'ड्रोन कैमरे से की गई निगरानी'

सुल्तानपुर। धनपतगंज ब्लॉक मुख्यालय पर हो रहे उपचुनाव में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई थी। पूरे विकास खंड मुख्यालय व उसके अगल बगल ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही थी। कही किसी भी प्रकार से सुरक्षा में चूक प्रशाशन द्वारा नही की गई।

'काफी दूर से ही की गई थी बैरिकेटिंग'

सुल्तानपुर। धनपतगंज ब्लॉक पर ब्लॉक प्रमुख मुख्यालय पर हो रहे उपचुनाव की सुरक्षा व्यवस्था के कूरेभार की तरफ 04 किमी व हरौरा बाजार में 03 किमी पहले से आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया गया था। प्रशासन, मीडिया व क्षेत्र पंचायत सदस्यो के वाहनों के अलावा किसी के भी वाहन को अंदर जाने की अनुमति नहीं थी। जिन वाहनों को प्रवेश दिया गया उन्हे भी सघन तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया गया। सुरक्षा की दृष्टि से धनपतगंज बाजार पूरी तरह बंद रहा।

'भाजपा प्रत्याशी ने बीडीसी सदस्यो को के जाकर कराया मतदान'

सुल्तानपुर। धनपतगंज ब्लॉक मुख्यालय पर मतदान करने भाजपा प्रत्याशी पार्वती सरोज अपने दो दर्जन क्षेत्र पंचायत सदस्यो के साथ मतदान करने पहुंची थी। उन्होंने काफी संख्या में बीडीसी सदस्यो को अपने साथ ले जाकर मतदान कराया। जबकि सपा प्रत्याशी उषा सिंह सुबह मतदान केंद्र पहुंच गई और उनके समर्थक बीडीसी सदस्यो को पहुंचाते रहे।

'कड़ी सुरक्षा के बीच बीडीसी सदस्यो ने किया मतदान'

सुल्तानपुर। मतदान करने पहुंचने वाले बीडीसी सदस्यो के साथ ब्लॉक मुख्यालय से कुछ दूर पर बने बैरियर से ही पुलिस के जवान मतदेय स्थल तक पहुंचा रहे थे। ब्लॉक गेट पर नायब तहसीलदार दुर्गेश द्वारा सभी के प्रमाण पत्र व पहचान पत्र के मिलान के बाद ही प्रवेश दिया गया। अभी क्षेत्र पंचायत सदस्यो को लाइन लगवाकर क्रमबद्ध प्रवेश कराया गया। मतदान के बाद क्षेत्र पंचायत सदस्यो को प्रशाशन द्वारा वहा रुकने नही दिया गया उन्हे बैरियर तक पहुंचा कर उनके घर भेज दिया गया।

14 सितम्बर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

सुलतानपुर। जनसामान्य को त्वरित, सस्ता, सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 14 सितम्बर 2024 दिन शनिवार को प्रातः 10 बजे से जनपद न्यायालय परिसर सुलतानपुर व जनपद सुलतानपुर के सभी वाह्य न्यायालयों, तहसील मुख्यालयों, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सुलतानपुर, कलेक्ट्रेट एवं अन्य संबंधित विभागों तथा जनपद अमेठी के मुसाफिरखाना, गौरीगंज व अमेठी तहसील मुख्यालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुलतानपुर विजय कुमार गुप्ता ने बताया है कि त्वरित, सस्ता, सुलभ न्याय प्रत्येक भारतीय नागरिक का नैतिक अधिकार है। राष्ट्रीय लोक अदालत में तहसील न्यायालय से लेकर मा0 सर्वोच्च न्यायालय के स्तर पर किसी भी न्यायालय अथवा विभागीय मामलों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किए जाने हेतु आवेदन पत्र देकर अन्तिम आदेश व निर्णय प्राप्त कर सदैव के लिए लंबित मामले से छुटकारा पाया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि लोक अदालत में पक्षों के मध्य आपसी सुलह समझौते के आधार पर विवाद का निस्तारण पक्षकार व्यक्तिगत स्तर पर स्वयं पहल कर सकते हैं। लोक अदालत में वाद निस्तारण हेतु किसी भी प्रकार का शुल्क देय नहीं है। लंबित मामले के लोक अदालत में निस्तारण पर न्यायालय शुल्क वापसी की व्यवस्था है। इसके निर्णय के विरूद्ध कोई अपील नहीं की जा सकती है। कानूनी जटिलताओं से परे लोक अदालत की प्रक्रिया सहज और आपसी समझौते पर आधारित है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के शमनीय आपराधिक/ सुलह समझौते से निस्तारित होने वाले वाद, उत्तराधिकार से सम्बन्धित सिविल मामले, वाद वापसी के मामले, बैंक ऋण वसूली, प्री-लिटिगेशन वाद, पारिवारिक एवं वैवाहिक मामले, नगर निगम/ नगर पालिका अधिनियम, श्रम सम्बन्धी वाद, भूमि अधिग्रहण सम्बन्धी मामले, राजस्व सम्बन्धित मामले, सर्विस मैटर्स, मनरेगा वाद, वाद, यातायात चालानी वाद आदि का निस्तारण कराया जा सकता है। व्यापार कर वाद, वजन व माप तौल अधिनियम, वन अधिनियम उपभोक्ता फोरम वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, एन0 आई0 एक्ट के वाद, विद्युत एवं जल संबंधी अन्य वाद, आर्बिट्रेशन वाद, आपदा राहत। अतः समस्त जनपद वासियों से अपील है कि यदि आप अपने उपरोक्त प्रकृति के लंबित वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराना चाहते है, तो कृपया सम्बन्धित न्यायालय के पीठासीन अधिकारी अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुलतानपुर के कार्यालय से सम्पर्क कर अपने वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में नियत करा कर दिनांक 14.09.2024 को उनका निस्तारण करा सकते हैं।

जुलूस में सबसे ऊँचा अलम आकर्षण का केन्द्र रहा

सुल्तानपुर। अंजुमन असगरिया अमहट की तरफसे हर साल की तरह इस साल भी बुधवार को रात 9बजे हुसैनिया नौतामीर अमहट में एक मजलिस का आयोजन किया गया। जिसमें सबसे पहले पेशखानी कलीम बिजनौरी ने किया और मजलिस मौलाना सैयद सिब्तैन अब्बास रिजवी हौजये इलमिया कुम ईरान ने पढ़ी दौराने मजलिस उन्होंने हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के छःमाह के बच्चे का दर्द नाक मसायब पढ़ा, उन्होने कहा कि करबला के मैदान में हुसैन का 6माह का बच्चा इतना प्यासा था कि जिस तरीके से मछली को पानी से निकाल कर बाहर कर दिया जाय तो मछली तड़पते-तड़पते मुँह को बन्द करती और खोलती है वही हालत हुसैन के बच्चे की थी जिसे हुसैन लेकर मैदान में आये और यजीदी फौज से बच्चे के लिए पानी माँगा लेकिन यजीदी फौज के एक सिपाही ने बच्चे के गले पर तीर मार कर शहीद कर दिया। बच्चा बाप के हाथों पर शहीद हो गया इसके बाद शबीह गहवारा 'झूला'हजरत अली असगर अलैहिस्सला निकाला गया और रात भर शब्बेदारी हुई। संचालन अनीस जायसी ने किया और मुकामी अंजुमनों के अलावा बाहरी अंजुमन गुलशने इस्लाम भौंरा अम्बेडकरनगर दस्तये मासूमिया घोसी मऊ ने नौहा मातम किया। वृहस्पतिवार को सुबह 5बजे18बनी हाशिम के शबीह ताबूत हुसैनिया नौतामीर से उठकर हुसैनिया शेख खानी पर जा कर समाप्त हुआ दौराने जुलूस मौलाना सैयद नदीम रजा जैदी फैजाबाद मौलाना अली रिजवान लखनऊ ने तकरीर की जोहैर सुलतानपुरी आरिफ सुलतानपुरी आबिस सुलतानपुरी ने नौहा पेश किया और दुनिया के सबसे ऊँचे अलम की जियारत के लिए दूर दराज से लोगों ने भाग लिया जो हुसैनिया नौतामीर इमाम बाड़े के सामने लोहे के मीनार पर सजाया गया था जिसकी ऊँचाई 110फिट थी । यह अलम अमन और शान्ति का प्रतीक है।

जमीन दिलाने के नाम पर ठग लिए 24 लाख रुपए

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। प्रयागराज में जमीन दिलाने के नाम पर अस्पताल के निदेशक के साथ 24 लाख रुपए की ठगी की गई है और न ही जमीन दिलाई गई और न ही रुपए दिया गया रुपए मांगने पर धमकी दी जा रही है। अस्पताल के निदेशक की तहरीर पर अक्टूबर 2023 में ठगी करने वाले के खिलाफ कीडगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। उसके बाद उक्त ठगी करने वाले ने कई किश्तों में रुपए देने की बात कही। जो लिखापढ़ी में है। वहीं निदेशक राकेश कुमार यादव का आरोप है कि रुपए मांगने पर उक्त ठगी करने वाला व्यक्ति धमकी दे रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार अस्पताल के निदेशक पीड़ित राकेश कुमार यादव पुत्र केशव प्रसाद यादव निवासी शिववंश राय का पूरा थाना मेजा जिला प्रयागराज ने बताया कि ग्राम मवैया निकट प्रयागराज विकास प्राधिकरण नैनी प्रयागराज में 168 वर्गमीटर आवासीय भूमि विक्रय करने का सौदा ग्लोबल इन्फ्रा इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड सिविल लाईन्स प्रयागराज के निदेशक/प्रबन्धक कृष्ण कुमार यादव पुत्र राजधर यादव निवासी इरवानी नगर पी.डी.ए. कालोनी निकट महर्षि चौराहा नैनी प्रयागराज ने गंगोत्री हास्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर कीडगंज प्रयागराज में 24 लाख नगद प्राप्त किया। आरोप है कि पीड़ित से उपरोक्त कृष्ण कुमार यादव ने 15 लाख आरटीजीएस के द्वारा एवं 7 लाख नगद धोखाधड़ी करके प्राप्त किया। वहीं 21 अक्टूबर 2023 को करीब 7 बजे गंगोत्री हास्पिटल के सामने मिल गये तो पीड़ित ने उनसे जमीन देने की बात किया तो वह गाली गलौज करने लगा। और जब धनराशि मांगा तो वह धनराशि एवं जमीन दोनों देने से मना कर दिया। पुनः जब वह अगस्त 2024 में उक्त ठगी करने वाले से अपने रुपए मांगे तो वह धमकी देने लगा। मजे की बात तो यह है कि उक्त ठगी करने वाले के खिलाफ मुकदमा लिखे जाने के बाद भी पुलिस ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

सीमाएं खोल दें, संत और हिंदू समाज कर लेगा बांग्लादेश के अपने भाइयों की रक्षा

प्रयागराज। बांग्लादेश में हिंदुओं पर सामूहिक रूप से की जा रही लक्षित हिंसा एवं दमन चक्र से क्षुब्ध हजारों हिन्दुओं ने सडक पर निकल कर हिंदू रक्षा समिति के तत्वावधान में आक्रोश रैली निकाली। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष कवीद्र प्रताप सिंह ने भारत सरकार से मांग की कि कूटनीतिक उपाय के अलावा हिंदुओं की रक्षा के लिए जरूरत पड़ने पर सेना का उपयोग करें।जबकि कुछ संतों ने मांग की कि सीमाएं खोल दी जाए संत एवं हिंदू समाज मिलकर अपने हिंदू भाइयों की रक्षा करेंगे।

हल्की बूंदाबांदी के बीच केपी ग्राउंड से गुरुवार को आक्रोश रैली की शुरुआत हुई। विहिप के काशी प्रांत अध्यक्ष केपी सिंह, उपाध्यक्ष विनोद कुमार अग्रवाल, संगठन मंत्री नितिन आदि की अगुवाई में हजारों हिंदू हाथों में तिरंगा एवं केसरिया ध्वज लिए एम जी रोड से सिविल लाइन की ओर आगे बढ़े। हाथों में वी वांट जस्टिस हिंदुओं को भी जीने का अधिकार है आदि नारे लिखी तख्तियों को हाथों में पकडे हिंदुओं का यह समूह मेडिकल चौराहे से सी ए वी कॉलेज के सामने से हनुमान मंदिर चौराहे पर पहुंचे ।वहां से आगे बढ़ते हुए सुभाष चौराहे पर पहुंचे। चौराहे पर मूर्ति के समक्ष आतंकवाद का पुतला फूंका तथा मुर्दाबाद के नारे लगाए। आक्रोश रैली में बड़ी संख्या में अधिवक्ता शिक्षक व्यापारी छात्र तथा महिलाएं शामिल थी।

चौराहे पर क्षुब्ध युवकों ने रैली में शामिल अपने आक्रोश का प्रगटीकरण किया। रैली में महापौर गणेश केसरवानी, करछना विधायक पीयूष रंजन निषाद, विहिप के अंशुमान सिंह, मीडिया प्रमुख अश्विनी मिश्रा, बजरंग दल से जुड़े अन्य कार्यकर्ताओं के अलावा संघ के सह प्रांत कार्यवाह डॉ राज बिहारी, सेवा प्रमुख सत्य विजय, समरसता प्रमुख आलोक मालवीय, प्रचार प्रमुख मुरारजी त्रिपाठी, संपर्क प्रमुख घनश्याम अग्रहरि शिव प्रकाश मुकेश, समेत विविध संगठनों के कार्यकर्ता अनेक संत महात्मा व्यापारी शिक्षक तथा छात्र- छात्राएं शामिल थे।

सुभाष चौराहे पर संपन्न हुई विशाल जनसभा में विश्व हिंदू परिषद काशी प्रांत के अध्यक्ष कवींद्र प्रताप सिंह ने संपूर्ण हिंदू समाज का आह्वान किया कि वे जेहादी तत्वों के खिलाफ आगे आएंअन्यथा हिंदुस्तान में भी शांति के साथ हिंदुओं का रहना दूभर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी हिंदुओं के खिलाफ जिस तरह जुल्म ढाए जा रहे हैं उसे हम अब मौन होकर नहीं सहेंगे।

पुलिस भर्ती परीक्षा-2023 के दृष्टिगत सभी कोचिंग संस्थान एवं लाइब्रेरी रहेंगी बन्द

सुलतानपुर। जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा-2023 का आयोजन दिनांक-23, 24, 25, 30 व 31 अगस्त, 2024 तक की अवधि में सम्पादित होना है, जिसके दृष्टिगत सभी कोचिंग संस्थान एवं लाइब्रेरी उक्त तिथियों में बन्द रहेंगे। उन्होंने अवगत कराया कि उक्त अवधि में यदि कोई कोचिंग संस्थान एवं लाइब्रेरी संचालित होती पायी गयी, तो उसके विरूद्ध तत्काल विधिक कार्यवाही की जायेगी।

उन्होंने सभी कोचिंग संस्थान एवं लाइब्रेरी संचालकों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने संस्थानों को तत्काल प्रभाव से बन्द करना सुनिश्चित करें।

पुलिस पेंशनर कल्याण संस्थान की त्रैमासिक बैठक आयोजित

एडिशनल सीपी एन कुलांची ने पेंशनर्स को किया भरपूर सहयोग का वादा

प्रयागराज। आज प्रयागराज पुलिस लाइन सभागार में पुलिस पेंशनर्स कल्याण संस्थान की त्रैमासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में अनेक बिंदुओ पर वार्ता की गई जिसे मुख्य रूप से पेंशनर्स के इलाज से संबंधित दावा प्रपत्र का बिल निस्तारण, पुलिस पेंशन कल्याण संस्थान के लिए कक्ष की व्यवस्था, अपने क्षेत्र के थानों में पुलिस पेंशनर्स की सुनवाई इत्यादि रहे।अध्यक्ष ओ पी दुबे ने कहा कि वर्तमान में जो कक्ष पुलिस पेंशनर संस्थान के लिए दिया गया है वह बहुत छोटा है। उसी में कुछ कांस्टेबल और पुलिस कार्यालय के बाबू बैठते हैं। जब वहां कभी बैठक करनी होती है तो बैठने में दिक्कत होती है। इस पर एन कुलांची, एडिशनल सीपी ने कहा कि आपके लिए कक्ष की व्यवस्था कर दी जाएगी। इसके अलावा एक पेंशनर्स ने यह बात उठाई की पूर्व में आदेश दिया गया था कि यदि किसी पेंशनर की मृत्यु हो जाती है तो स्थानीय थाने का एक स्टाफ वहां उपस्थित रहेगा। अतिरिक्त अपर पुलिस कमिश्नर ने कहा कि इसके लिए आदेशित कर दिया जाएगा पुलिस पेंशनर्स के दवा पर प्र पत्तों बिल के निस्तारण की कार्यालय के बड़े बाबू ने बताया कि जून 2024 तक के में लगभग सारे बिलों का निस्तारण किया जा चुका है जो भी बिल बचे हैं वह जुलाई और अगस्त के हैं जिनका निस्तारण शीघ्रकर दिया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं पूर्व पुलिस महानिरीक्षक एवं विश्व हिंदू परिषद के काशी प्रांत अध्यक्ष कविंद्र प्रताप सिंह ने कहा की आज हिंदू रक्षा समिति की तरफ से एक जुलूस निकाला जाएगा जिसमें पुलिस पेंशनर्स की भागीदारी होना आवश्यक है।

फिल्म फेस्टिवल में फिल्मों की स्क्रीनिंग 27 व 28 तथा पुरस्कार वितरण 29 अगस्त को

प्रयागराज का छोरा मुम्बई के बालीबुड में कर रहा है कमाल

प्रयागराज। सिने ड्रीम्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की प्रेस कॉन्फ्रेंस आज़ादी की 78 वीं वर्षगांठ पर 15 अगस्त को आयोजित की गई। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में ब्राइट आउटडोर मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के निर्देशक योगेश लखानी, फिल्म निर्माता, निर्देशक, प्रोड्यूसर सिने ड्रीम्स के संस्थापक अयूब खान जो प्रयागराज के तहसील फूलपुर स्थित इसीपुर मालवा खुर्द के निवासी है जिनकी एक डाक्यूमेंट्री फ़िल्म फेमिली फस्ट चार चार अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर चुकी है और मुंबई के बालीबुड में प्रयागराज यानी गंगा के किनारे का एक छोरा अमिताभ बच्चन के बाद धमाल मचा दिया है। प्रेस कांफ्रेंस में गेस्ट एक्टर राकेश बेदी और आयोजक सईद अहमद, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स (सीएमडी रसाज) से रईस अहमद और जूरी मेंबर्स से पराग चप्पकर भी मौजूद थे। फेस्टिवल की स्क्रीनिंग 27 और 28 अगस्त को आईनॉक्स पीवीआर सिनेमा जुहू मुंबई में होगी। पुरस्कार समारोह 29 अगस्त को आईनॉक्स पीवीआर में होगा।

करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत घर में मचा कोहराम

लोकमित्र ब्यूरो

उतराव। उतराव थाना क्षेत्र के बसगित गांव में करंट की चपेट में आने से एक मजदूर की मौत हो गई। मजदूर की मौत से परिजनो में कोहराम मच गया। वहीं परिजनों द्वारा इसकी जानकारी पुलिस को नहीं दी गई है। बसगित दरियापट्टी थाना उतराव निवासी मोतीलाल हरिजन जो वृद्धावस्था में है। उनका बेटा लाल जी हरिजन 27 वर्ष जो मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बुधवार देर शाम वह अपने कमरे में खाना खाने के लिए बैठा था। खाना तेज गर्म था जिसके कारण वह टेबल फैन को अपनी तरफ घूमने लगा इसी दौरान करंट की चपेट में आ गया

तथा उसकी मौके पर ही मौत हो गई।कुछ देर बाद जब उसकी पत्नी घर के अन्य सदस्यों को खाना देकर कमरे में आई तो लाल जी टेबल फैन लेकर जमीन पर मृतक पड़ा मिला तो उसके होश उड़ गए।शोर गुल हुआ आसपास के लोग इकट्ठा हुए मृतक के दो बच्चे एक बेटा व एक बेटी है।मृतक तीन भाईयो में सबसे छोटा था।मृतक के मां की पहले ही मौत हो चुकी है।

लालजी वर्मा की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनो ने इसकी जानकारी पुलिस को बिना दिए ही दाह संस्कार कर दिया।

खो-खो प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को ग्राम प्रधान ने सम्मानित बढ़ाया हौसला

बहरिया । विकास खण्ड बहरिया के मीरकपुर गांव में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के विजेता खिलाड़ियों का गुरुवार को ग्राम प्रधान द्वारा सम्मानित किया गया । अभईपुर ग्रामप्रधान नरेश कुमार भारतीया ने विद्यालय के खिलाड़ियों का स्वागत करते हुये उन्हे बधाई दी । विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने खो-खो प्रतियोगिता में भाग लिया । यह प्रतियोगिता प्रयागराज खो-खो संघ द्वारा जिला स्तरीय सीनियर खो-खो प्रतियोगिता के आयोजन 17-18 अगस्त को बेनी माधव सिंह पीजी कालेज माधव नगर बिगहिंया में सम्पन्न हुआ । जिस प्रतियोगिता में बालक/बालिका वर्ग मीरकपुर क्लब तृतीय स्थान प्राप्त किया बालक वर्ग में रविकुमार, सेबू, सूर्या प्रजापति, रवि गुप्ता, प्रियारंष यादव, दिपांषू, सूरज, अमन, षिवम्, सचिन, रित्यन्त, अरविन्द, शनि, लकी, शिशु सोनकर वही बालिका वर्ग में अनामिका राधा, राधा सरोज, प्रीती, किरन, नीलम सरोज, रिमा प्रजापति, खुशी, रीतू, साक्षी, आंचल, रहे, जिसे मुख्य अतिथि द्वारा सभी विजेता को उचित पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक चन्द्रप्रकाश शुक्ल, प्रधानाध्यापिका अतिया अंजुम, शिखर श्रीवास्तव, संगीता श्रीवास्तव, मदन पाल, साजदा बेगम, अंजली मौर्या, रामअभिलाष, कृष्ण कुमार, वात्सल प्रजापति, शुभम् सरोज, मयूर प्रजापति, सुनील कुमार धुरिया आदि लोग मौजूद रहे ।

इंडियन बैंक कल्याणी देवी शाखा में ग्राहक संगोष्ठी का आयोजन

प्रयागराज। आज इंडियन बैंक की कल्याणी देवी शाखा में ग्राहक दिवस के अवसर पर ग्राहक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

प्रबंधक कांति प्रसाद चतुर्वेदी ने गोष्ठी का संचालन किया। प्रबंधक श्रीमती सपना रवि ने डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के लिए ग्राहकों को प्रोत्साहित किया। ग्राहक बंधुओं में अभय श्रीवास्तव , त्रिवेणी सिंह , जावेद उर्फी इत्यादि ने अपने अनुभव और सुझाव साझा किए। शाखा प्रबंधक सौरभ ने गोष्ठी में सम्मिलित सभी ग्राहकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर आशीष मेहरोत्रा, योगेंद्र कुमार, संतोष कुमार, कविता कौर, रमा खन्ना, श्याम मेहरोत्रा, विशाल, नमन, धर्मेंद्र, कन्हैया, दिनेश आदि उपस्थित रहे।

गंगा नदी में नहाने गए वेदपाठी छात्र की डूबने से हुई मौत

लोकमित्र ब्यूरो

झूंसी। स्थानीय थाना क्षेत्र के झूंसी घाट रेलवे ब्रिज के नीचे साथियों के साथ गंगा स्नान करने गए वेदपाठी का छात्र की डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जल पुलिस की टीम ने गोताखोर की मदद से शव बरामद किया शव को कब्जे में ले लिया।जानकारी के अनुसार शिवांशु त्रिपाठी उम्र 18 वर्ष निवासी रीवा मध्य प्रदेश का रहने वाला है। जो योगानंद आश्रम में 10वीं का छात्र है। यह पर रह कर वेदपाठ की पढ़ाई करता था। बृहस्पतिवार को छात्रों के साथ झूंसी घाट रेलवे ब्रिज के नीचे नदी में नहाने गया। नहाते नहाते गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा जब तक कोई जतन करते वह पानी में समा गया। छात्रों की चीख पुकार सुन वहा पर लोगो की भीड इकट्ठा हो गई। लोगो ने जल पुलिस को सूचना दी। पहुंची जल पुलिस की टीम ने गोताखोरों की यथक प्रयास के बाद शव को बरामद कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

बरसात में गिर गया कच्चा मकान, गरीब झोपड़ी में रहने को मजबूर

लोकमित्र ब्यूरो

हंडिया। हंडिया तहसील के धनूपुर ब्लॉक अंतर्गत कसौंझा उर्फ पूरे रघई गांव में बरसात की वजह से कच्चा मकान गिर जाने से एक गरीब परिवार झोपड़ी में रहने को मजबूर हो गया है। गरीब परिवार को एक अदद आवास की दरकार है। इस गांव में पात्र महिला को आवास न दिए जाने से

कुनबा मायुस है। कसौंझा उर्फ पूरे रघई गांव निवासिनी रंजना पटेल पत्नी संजय कुमार पटेल कच्चे मकान और छप्पर में रहती थी। लेकिन तेज बरसात की वजह से मकान धराशाई हो गया। जिससे रंजना पटेल अब कुनबे के साथ छप्पर में रहने को मजबूर हो गई है । पीड़ित रंजना पटेल को एक अदद आवास की दरकार है। आवास की पात्र रंजना पटेल को आवास न मिलने से वह हताश और निराश है। पीड़िता बीडियो धनूपुर और जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए आवास की मांग की है।